समझै, अर पलट जावै, अर मै उन्नै चंगा करूँ।' 16 पर धन्य सै थारी आँख, के वे देखै सै; अर थारे कान के वे सुणै सै| 17 क्यूँकै मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के घण खरे नब्बियाँ नै अर धर्मिया नै चाहया के जो बात थम देक्खो सो, देखै, पर नी देक्खीं; अर जो बात थम सुणो सो, सुणै, पर नी सुणी| 18 "इब थम बोण आळे के उदाहरण का मतलब सुणो : 19 जो कोए राज्य का बचन सुणकै कोनी समझदा, उसकै मन म्ह जो कीमे बोया गया था, उस ताही दुष्ट आकै खोस ले जावै सै| यो वो ए सै जो राही कै कंठारै बोया गया था| 20 अर जो पथरीली धरती पै बोया गया, यो वो सै, जो वचन सुणकै जिब्बे खुशी कै गेल्या मान लेवै सै| 21 पर आपणे म्ह जड़ नी राखण कै कारण वो माड़े से दिन का सै, अर जिब्ब वचन कै कारण क्लेश या संकट होवै सै, तो जिब्बे ठोकर खावै सै| 22 जो झाड़ियाँ म्ह बोया गया, यो वो सै, जो वचन ताही सुणै सै, पर इस दुनिया की फ़िक्र अर धन का धोक्खा वचन ताही दाबै सै, अर वो फळ न्ही ल्यांदा| 23 जो बढ़िया धरती पै बोया गया, यो वो सै, जो वचन ताही सुणकै समझै सै, अर फळ ल्यावै सै; कोए सौ गुणा, कोए साठ गुणा, अर कोए तीस गुणा|" 24 यीशु नै उन ताही एक और उदाहरण दिया : "सुर्ग का राज उस माणस के जिसा सै जिसनै आपणै खेत मै बढ़िया बीज बोया| 25 पर जिब्ब माणस सोवै थे तो उसका बैरी आकै गेहू कै बिच्चाळै जंगली बीज बोकै चल्या गया| 26 जिब्ब अंकुर लिकड़े अर बाल लाग्गी, तो जंगली दाण्या के पौधे भी दिखण लाग्गे| 27 इस पै घरेलू नौकरा नै आकै उसतै कह्या, 'हे मालिक, के तन्नै आपणे खेत म्ह बढ़िया बीज कोनी बोया था? फेर जंगली दाण्या के पौधे उसम्ह कित तै आए?' 28 उसनै उनतै कह्या, "यो किसे बैरी का काम सै|' नौकरां नै कह्या, "के तेरी मर्जी सै के हम जाकै उन ताही कट्ठे करा?" 29 उसनै कह्या, 'ना, इसा ना हो के जगली दाण्या के पौधे कट्ठे करदे हाण थम उनकै गेल्या गेहू नै भी पाड़ ल्यो| 30 लामणी ताही दोनुआ नै एक सेत्ती बधण द्यो, अर लामणी के बखत मै काटण आळा तै कहूँगा के पहल्या जंगळी दाण्या के पौधे कट्ठे करकै बाळण खातर उनके भरोट्टे जुड़ ल्यो, अर गेहू ताही मेरै खत्ते म्ह कट्ठा करो'|" 31 उसनै उन ताही एक और उदाहरण दिया : "सुर्ग का राज राई कै एक दाणै कै जिसा सै, जिस ताही किसे माणस नै लेकै आपणे खेत म्ह बो दिया| 32 वो सारे बिज्जां तै छोट्टा तो होवै सै पर जिब्ब बध जावै सै फेर सारे साग-पात तै बड्डा होवै सै; अर इसा दरख्त हो जावै सै के अकास के पंछी आकै उसकी डाळीयाँ पै बसेरा करै सै|' 33 उसनै एक और उदाहरण उन ताही सुणाया : "सुर्ग का राज खमीर कै जिसा सै जिस ताही किसे लुगाई नै लेकै तीन पसेरी चून म्ह रळाया अर होंदे-होंदे वो सारा खमीरा बणग्या|" 34 ये सारी बात यीशु नै उदाहरणा म्ह माणसां तै कहीं, अर बिना उदाहरण वो उनतै कीमे न्ही कहवै था, 35 के जो वचन नब्बी कै जरिये कहया गया था, वो पूरा होवै: "मै उदाहरण कहण नै आपणा मुँह खोल्लुँगा: मै उन बात्तां नै जो दुनिया की पैदाईस तै लुह्की होई सै, प्रगट करूँगा|" 36 फेर वो भीड़ नै छोड़ कै घरा आया, अर उसके चेल्यां नै उसकै धोरै आकै कह्या, "खेत म्ह जंगली दाणै का उदाहरण म्हारै ताही समझा दे|" 37 उसनै उन ताही जबाब दिया, "बढ़िया बीज का बोण आळा माणस का बेट्टा सै| 38 खेत दुनिया सै, बढ़िया बीज राज्य की ऊलाद, अर जंगली बीज दुष्ट की ऊलाद सै| 39 जिस बैरी नै उन ताही बोया वो शैतान सै; लामणी दुनिया का खात्मा सै, अर काटण आळे सुर्गदुत सै| 40 आखर म्ह जिस तरिया जंगली दाणे कट्ठे करे जावै अर बाळे जा सै उस्से तरिया दुनिया का खात्मा होवैगा| 41 माणस का बेट्टा आपणे सुर्गदुता नै खन्दावैगा, अर वे उसकै राज्य म्ह तै सारे ठोकरा के कारणा नै अर भुन्डे काम करणीयां नै कट्ठे करैगें| 42 अर उन्नै आग कै कुण्ड म्ह गेरैगें, जड़ै रोणा, अर दाँत पिसना होवैगा| 43 उस बखत धर्मी आपणे बाप कै राज्य म्ह सूरज की ढाळ चमकैगें| जिसके कान हो वो सुण लेवै| 44 सुर्ग का राज्य खेत म्ह लुके होड़ धन की ढाळ सै, जिस ताही किसे माणस नै पाया अर लको दिया, अर मारे खुशी कै आपणा सारा कीमे बेच दिया अर उस खेत ताही मोल ले लिया| 45 "फेर सुर्ग का राज्य एक ब्योपारी की तरिया सै जो आच्छे मोतियां की टोह म्ह था| 46 जिब्ब उसनै एक घणा महंगा मोती मिल्या तो उसनै जाकै आपणा सारा कीमे बेच दिया अर उस ताही मोल ले लिया| 47 "फेर सुर्ग राज्य उस बड्डे जाळ की ढाळ सै जो समुन्दर म्ह गेरया जावे, अर हरेक ढाळ की मच्छी ताही समेट ल्यावै| 48 अर जिब्ब जाळ भरग्या, तो मछियारे उस ताही कंठारै पै खींच ल्यावै, अर बैठकै बढ़िया-बढ़िया तो बासणा म्ह कट्ठा करी अर बेकार बगा दीं| 49 दुनिया के अन्त म्ह इस तरिया ए होवैगा| सुर्गदुत आकै दुष्टा नै धर्मिया तै न्यारे करैगें, 50 अर उन्नै आग कै कुण्ड म्ह गेरैगें| जड़ै रोणा, अर दाँत पिसना होवैगा| 51 "के थम नै ये सारी बात समझीं?" उन्नै उसतै कह्या, "हम्बै|" 52 यीशु नै उनतै कह्या, "इसकरकै हरेक शास्त्री जो सुर्ग कै राज्य का चेल्ला बणया सै, उस घरवासे की तरिया सै जो आपणे भण्डार तै नयी अर पुराणी चीज काड्ढै सै|" 53 जिब्ब यीशु नै ये सारे उदाहरण कह लिये, तो ओड़ै तै चल्या गया| 54 अर आपणे नगर म्ह आकै उनकै आराधनालय म्ह उन्नै इसा उपदेश देणं लाग्या के वे हैरान होकै कहण लाग्ये, "इसनै यो ज्ञान अर सामर्थ के काम कित तै मिले? 55 के यो खात्ती का छोरा कोनी? अर के इसकी माँ का नाम मरियम अर इसके भाईयां के नाम याकूब, युसूफ, शमौन अर यहूदा कोनी? 56 अर के इसकी सारी बेब्बे म्हारै बिच्चाळै कोनी रह्न्दी? फेर इसनै यो सारा कित तै मिल्या?" 57 इस तरिया उन्नै उसकै कारण ठोकर खाई, पर यीशु नै उनतै कह्या, "नब्बी का आपणे देश अर घर नै छोड़ और कीते निरादर कोनी होन्दा|" 58 अर उसनै ओड़ै उनके अबिश्वास कै कारण घणे सामर्थ्य के काम कोन्या करै।

14 उस टैम चौथाई देश के राजा हेरोदेस नै यीशु का जिक्रा सुणया, 2 अर उसनै आपणे नौकरा तै कह्या, "यो युहन्ना बपतिस्मा देण आळा सै! वो मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या सै, ज्यांतै उसतै सामर्थ के काम प्रगट होवै सै 3 क्यूँकै हेरोदेस नै आपणे भाई फिलिपुस की बीरबान्नी हेरोदियास कै कारण, युहन्ना ताही पकड़ कै जुड़या अर जेळ म्ह गेर दिया था| 4 क्यूँकै युहन्ना नै उसतै कहया था के इस ताही राखणा तेरै खातर ठीक कोनी सै| 5 ज्यांतै वो उसनै मारणा चाहवै था, पर माणसां तै डरै था क्यूँकै वे उसनै नब्बी मान्नै थे| 6 पर जिब्ब हेरोदेस का जन्म-दिन आया, तो हेरोदियास की बेट्टी नै त्यौहार म्ह नाच दिखाकै हेरोदेस ताही राज़ी करया| 7 इस पै उसनै सूंह खाकै बचन भर लिया, "जो कीमे तू माँगैगी, मै तन्नै द्युँगा|" 8 वा आपणी माँ कै उकसाण तै बोल्यी, "युहन्ना बपतिस्मा देणआळै का सिर थाळ म्ह उरै मन्नै मँगवा दे|" 9 राजा घणा दुखी होया, पर आपणी सूंह कै, अर गेल्या बैठणीया कै कारण, हुक्म दिया के दे दिया जावै| 10 अर उसनै जेळ म्ह माणसां ताही खन्दाकै युहन्ना का सिर कटवा दिया; 11 अर उसका सिर थाळ म्ह ल्याया गया अर छोरी ताही दिया गया, जिस ताही वा आपणी माँ धोरै ले गयी| 12 फेर युहन्ना के चेल्ले आए अर उसकी लाश ताही ले जाकै गाड़ दिया, अर जाकै यीशु ताही खबर दी| 13 जिब्ब यीशु नै सुणया, तो वो किस्ती पै चढ़कै ओड़ै तै किसे सुनसान जंगहा ताही, एकान्त म्ह चल्या गया| माणस न्यू सुणकै नगर-नगर तै पांये-पांया उसकै पाच्छै हो लिये| 14 उसनै लिकड़कै एक बड्डी भीड़ देक्खी अर उन पै तरस खाया, अर उनके बिमारां ताही चंगा करया| 15 जिब्ब साँझ होई तो उसकै चेल्यां नै उसकै धोरै आकै कह्या, "या सुनसान जंगहा सै, अर वार होरी सै; माणसां ताही बिदा करया जावै के वे मोह्ल्यां म्ह जाकै आपणे खातर खाणा मोल लियावै|" 16 पर यीशु नै उनतै कह्या, "उनका जाणा जरूरी कोनी! थम ए इन्नै खाण नै द्यो|" 17 उन्नै यीशु तै कह्या, "उरै म्हारै धोरै पाँच रोट्टी अर दो मच्छिया नै छोड़ कै और कीमे कोनी सै|" 18 यीशु बोल्या, "उन ताही उरै मेरै धोरै लियावो|" 19 फेर यीशु नै माणसां ताही घास पै बैठण नै कहया, उन पाँच रोट्टी अर दो मच्छिया ताही लिया; सुर्ग कान्नी देखकै धन्यवाद करया अर रोटिया तोड़-तोड़कै चेल्यां ताही दीं, अर चेल्यां नै आदमिया ताही| 20 जिब्ब सारे खाकै छिकगें, तो चेल्यां नै बचे होए टुकड़यां तै भरी होई बारहा टोकरियाँ ठाई| 21 अर खाण आळे लुगाइयाँ अर बाळका नै छोड़कै, पाँच हजार माणसां कै करीबन थे| 22 फेर उसनै जिब्बे आपणे चेल्यां ताही किस्ती पै चढ़ाण कै खातर बेबस करया के वे उसतै पहल्या पार चले जावै, जिब्ब ताही वो आपणे माणसां ताही बिदा करै| 23 वो माणसां ताही बिदा करकै, प्रार्थना करण नै न्यारा पहाड़ पै चल्या गया; अर साँझ ताही वो ओड़ै एकल्ला था| 24 उस बख्त किस्ती झील कै बिच्चाळै झाल्लां तै हाल्लण लागरी थी, क्यूँकै बाळ स्याम्ही की थी| 25 अर यीशु रात कै चौथे पहर झील पै चाल्दे होए उनकै धोरै आया| 26 चेल्ले उस ताही झील पै चाल्दे होए देख कै घबरागे| अर बोल्ले, "यो भूत सै!" अर भय कै मारे किल्की मारण लाग्गे| 27 फेर यीशु नै जिब्बे उन तै बात करी अर बोल्या, "ढेठ बाँधो! मै सूं, डरो

मतना!" 28 पतरस नै उसतै जबाब दिया, "हे प्रभु, जै तू ए सै, तो मन्नै आपणे
धोरै पाणी पै चालकै आण का हुक्म दे|" 29 यीशु बोल्या, "आ!" फेर पतरस
किस्ती पै तै उतरकै यीशु कै धोरै जाण ताही पाणी पै चाल्लण लाग्या| 30 पर
बाळ नै देखकै डरग्या, अर जिब्ब डूब्बण लाग्या तो किल्की मारकै बोल्या, "हे
प्रभु, मन्नै बचा!" 31 यीशु नै जिब्बे हाथ बढ़ाकै थाम लिया अर उसतै बोल्या,
"हे अल्पबिश्वासी, तन्नै क्यांतै शक करया?" 32 जिब्ब वे किस्ती पै चढ़गे, तो
बाळ थमगी| 33 इस पै उन्नै जो किस्ती पै थे, उसताही मुद्दे पड़ कै बोल्ले,
"साच्चए, तू पणमेशर का बेट्टा सै|" 34 वे पार उतर कै गन्नेसरत म्ह पहोच्चे|
35 ओड़ै के माणसां नै उस ताही पिच्छाण लिया अर वोरै-धोरै के सारे देशां
म्ह खबर खन्दाई, अर सारे बिमारां नै उसकै धोरै ल्याए, 36 अर उस तै
बिनती करण लाग्गै के वे उन्हण आपणे लत्ते ए के कोर नै छुण दे अर
जितन्या नै उस ताहि छुआ वे चंगे होगेI 36 फेर यरूशलेम तै कीमे फरीसी
अर शास्त्री यीशु कै धोरै आकै बोल्ले,

15 फेर यरूशलेम तै कीमे फरीसी अर शास्त्री यीशु कै धोरै आकै बोल्ले,
2 "तेरे चेल्ले बुढ्यां के रित-रिवाजां ताही क्यांतै टाळै सै, के बिना
हाथ धोए रोट्टी खावै सै?" 3 उसनै उन ताही जबाब दिया, "थम भी आपणी
रित-रिवाज कै कारण क्यांतै पणमेशर का हुक्म टाळौ सो?" 4 क्यूँके पणमेशर
नै कह्या, 'आपणे बाप अर आपणी माँ का आद्दर करणा', अर जो कोए बाप या
माँ ताही भूंडा कहवे, वो मार दिया जावै|' 5 पर थम कहो सो के जै कीमे तेरै
ताही मेरै तै फैयदा होणा था, वो पणमेशर ताही भेंट चढाया जा लिया', 6 तो
वो पिता का आद्दर ना करै, इस तरिया थमनै आपणी रीत-रिवाज कै कारण
पणमेशर का वचन टाळ दिया| 7 हे कपटियो, यशायाह नै थारै बाबत या
भविष्यवाणी ठीक करी सै : 8 ये माणस होट्ठां तै तो मेरा आद्दर करै सै, पर
उनका मन मेरै तै दूर सै| 9 अर वे खांम-खा मेरी भगति करै सै, क्यूँके
माणसां के तरीकयां नै धर्म उपदेश करकै सिखावै सै|'" 10 फेर उसनै माणसां
ताही आपणे धोरै बुलाकै उनतै कह्या, "सुणो, अर समझो : 11 जो मुँह म्ह
जावै सै, वो माणस नै अशुद्ध कोनी करदा, पर जो मुँह तै लिकड़ै सै, वोए
माणस नै अशुद्ध करै सै|" 12 फेर चेल्यां नै आकै उसतै कह्या, "के तन्नै बेरा
सै के फरिसियाँ नै यो वचन सुणकै ठोकर खाई?" 13 उसनै जबाब दिया,
"हरेक पौधा जो मेरै सुर्गीय पिता नै न्ही लाया, उखाड़ा जावैगा| 14 उन ताही
जाण द्यो; वे आंधे राह बताणीये सै अर आंधा जै आंधे नै राह दिखावै, तो
दोन्नु ए घड्ढै म्ह गिरैगें|" 15 न्यू सुणकै पतरस नै उसतै कह्या, "यो उदाहरण
म्हारै ताही समझा दे|" 16 यीशु बोल्या, "के थम भी इब ताही बेअकले सो?
17 के थमनै न्ही बेरा के जो कीमे मुँह म्ह जावै वो पेट म्ह पड़ै सै, अर संडास
कै जरिये लिकड़ जावै सै? 18 पर जो कीमे मुँह तै लिकड़ै सै, वो मन तै
लिकड़ै सै, अर वोए माणस ताही अशुद्ध करै सै| 19 क्यूँके भुन्डे बिचार,
हत्या, दूसरी लुगाई धोरै जाणा, जारी, चोरी, झूठी गवाही अर बुराई मन तै ए
लिकड़ै सै| 20 ये ए सै जो माणस ताही अशुद्ध करै सै, पर हाथ बिना धोए
खाणा खाना माणस ताही अशुद्ध कोनी करदा|" 21 यीशु ओड़ै तै लिकड़कै,
सूर अर सैदा कै प्रदेश कै कान्नी चल्या गया| 22 उस प्रदेश तै एक कनानी
लुगाई लिकड़ी, अर किल्की मारकै कहण लाग्गी, "हे प्रभु! दाऊद की
ऊलाद, मेरै पै दया कर! मेरी बेट्टी ताही औपरी आत्मा घणी सतावै सै|"
23 पर यीशु नै उसतै कीमे जबाब कोनी दिया| फेर उसके चेल्यां नै आकै
उसतै बिनती करी, "इस ताही बिदा कर, क्यूँके वा म्हारै पाच्छै किल्की
मारदी आवण लागरी सै|" 24 यीशु नै जबाब दिया, "इस्राएल कै कुन्बे की
खोई होड़ भेडडा नै छोड़ मै किसे कै धोरै कोनी खन्दाया गया|" 25 पर वा
आई, अर यीशु ताही प्रणाम करकै बोल्ली, "हे प्रभु, मेरी मदद कर|" 26 यीशु
नै जबाब दिया, "छोरया की रोट्टी लेकै कुत्त्या कै आगै गेरना ठीक कोनी|"
27 उसनै कह्या, "साच्ची सै प्रभु, पर कुत्ते भी वो चूर-चार खावै सै, जो उनकै
मालिकां की मेज्ज़ां तै पड़ै सै|" 28 इस पै यीशु नै उसताही जबाब दिया, "हे
नारी, तेरा बिश्वास बड्डा सै| जिसा तू चाहवै सै, तेरै खातर उसाए हो|" अर
उसकी बेट्टी उस्से घड़ी तै चंगी होग्यी| 29 यीशु ओड़ै तै गलील की झील कै
धोरै आया, अर पहाड़ पै चढ़कै बैठग्या| 30 फेर भीड़ पै भीड़ उसकै धोरै
आई| वे आपणे गेल्या लंगड़ा नै, आंधा नै, गूंगया नै, टुंडया नै अर दुसरे घणा
ए नै उसकै धोरै ल्याए, अर उन ताही उसके पांया म्ह गेर दिया, अर उसनै
उन ताही चंगा करया| 31 जिब्ब माणसां नै देख्या के गूँगे बोल्लै सै, अर टुंडे
चंगे होवै सै, अर लंगड़े चाल्लै सै, अर आंधे देखै सै तो हैरान होकै इस्राएल के
पणमेशर की बड़ाई करी| 32 यीशु नै आपणे चेल्यां ताही बुलाया अर कह्या,
"मन्नै इस भीड़ पै तरस आवै सै, क्यूँके वे तीन दिनां तै मेरै गेल्या सै अर
उनकै धोरै कीमे खाण नै कोनी सै| मै उन्नै भूक्खा बिदा करणा न्ही चाह्न्दा,
कदे इसा ना हो राह म्ह थक हार कै रह जावै|" 33 चेल्ले उसतै बोल्ले, "हमनै
इस बण म्ह कित तै इतनी रोट्टी मिलैगी के हम इतनी बड्डी भीड़ ताही
छिकावा?" 34 यीशु नै उनतै बुझ्झया, "थारै धोरै कितनी रोट्टी सै?" वे बोल्ले,
"सात, अर माड़ी-सी छोट्टी मच्छी|" 35 फेर उसनै माणसां ताही धरती पै
बैठण का हुक्म दिया| 36 अर उन सात रोट्टी अर मच्छिया ताही लिया,
धन्यवाद करकै तोड़या, अर आपणे चेल्यां ताही देन्दा गया, चेल्ले आदमिया
ताही| 37 इस तरिया सारे खाकै छिकगे अर चेल्यां नै बचे होड़ टुकड़यां तै
सात टोकरे ठाए| 38 खाण आळे लुगाईयां अर बाळका नै छोड़ कै चार हजार
माणस थे| 39 जिब्ब वो भीड़ नै बिदया करकै किस्ती म्ह चढ़ ग्या अर मगदन
देश की सीम म्ह आयाI

16 फरिसियाँ अर सदुकियाँ नै धोरै आकै उस ताही परखण कै खातर
उसतै कह्या, "हमनै सुर्ग की कोई निशान्नी दिखा|" 2 उसनै उन
ताही जबाब दिया, "साँझ नै थम कहो सो, 'मौसम खुला रहवैगा, क्यांतैके
अकास लाल सै', 3 अर तड़कए नै कहो सो, 'आज आँधी आवैगी, क्यूँके
अकास लाल अर धूळ-भरया सै|' थम अकास के लछण देखकै उसका भेद
बता सको सो, पर टेमा के निशान्ना का भेद कोनी बता सकदे? 4 इस युग के
भुन्डे अर जार आदमी निशान्नी टोहवै सै, पर योना के निशान ताही छोड़ उन्नै
और कोए निशान्नी कोनी देई जावैगी|" अर वो उन्नै छोड़ कै चल्या गया|
5 चेल्ले झील कै परली वोड़ पहोच्चे, पर वे रोट्टी लेणा भूलगे थे| 6 यीशु नै उनतै
कह्या, "देक्खो, फरिसियाँ अर सदुकियाँ कै खमीर तै चौकन्ने रहियो|" 7 वे
आपस म्ह बिचार करण लाग्गे, "हम रोट्टी कोनी ल्याए ज्यांतै वो इस तरिया
कहवै सै|" 8 न्यू सुणकै यीशु नै उनतै कह्या, "हे अल्पबिश्वासियों, थम क्यांतै
बिचार करो सो के म्हारै धोरै रोट्टी कोनी सै? 9 के थम इब ताही न्ही समझे?
के थमनै उन पाँच हजार की पाँच रोटटी याद कोनी, अर ना यो के थमनै
कितनी टोकरियाँ ठाई थी? 10 अर उणनै चार हजार की sat रोट्टी, अर ना
यो के थमनै कितने टोकरे ठाए थे? 11 थम क्यांतै न्ही समझदे के मन्नै थारै तै
रोटियाँ कै बाबत न्ही कहया, पर यो के फरिसियाँ अर सदुकियाँ के खमीर तै
चौकन्ने रहियो|" 12 फेर उनकी समझ आया के उसनै रोट्टी कै खमीर तै न्ही ,
पर फरिसियाँ अर सदुकियाँ की शिक्षा तै चौकन्ने रहण नै कहया था| 13 यीशु
कैसरिया फिलिप्पी के प्रदेश म्ह आया, अर आपणे चेल्यां तै बुझ्झण लाग्या,
"आदमी माणस कै बेट्टे नै के कहवै सै?" 14 वे बोल्ले, "कीमे तो युहन्ना
बपतिस्मा देणीया कहवै सै, अर कीमे एलिय्याह, अर कीमे यिर्मयाह या
नब्बीयां म्ह तै कोए एक कहवै सै|" 15 उसनै उनतै कह्या, "पर थम मन्नै के
कहो सो?" 16 शमौन पतरस नै जबाब दिया, "तू जिन्दे पणमेशर का बेट्टा
मसीह सै|" 17 यीशु नै उस ताही जबाब दिया, "हे शमौन, योना के बेट्टे, तू
धन्य सै; क्यूँके मांस अर लहू नै न्ही , पर मेरै पिता नै जो सुर्ग म्ह सै, या बात
तेरै पै प्रगट करी सै| 18 अर मै भी तेरै तै कहूँ सूं के तू पतरस सै, अर मै इस
पत्थर पै आपणी कलीसिया बणाऊँगा, अर अधोलोक के फाटक उस पै हावी
कोनी होवैगें| 19 मै तन्नै सुर्ग कै राज की ताळी द्युँगा : जो कीमे तू धरती पै
जुड़ैगा, वो सुर्ग म्ह बंधैगा; अर जो तू धरती पै खोलैगा, वो सुर्ग म्ह खुलैगा|"
20 फेर उसनै चेल्यां ताही चिताया के किसे तै ना कहियो के मै मसीह सूं|
21 उस बखत तै यीशु आपणे चेल्यां तै बताण लाग्या, "जरूरी सै के मै
यरूशलेम नै जाऊँ अर पुरनियो, प्रधान याजकां, शास्त्रियाँ के हाथा तै घणा
दु:ख ठाऊँ; अर मार दिया जाऊँ; अर तीसरै दिन जी उठूँ|" 22 इस पै पतरस
उसनै ले जाकै झिड़कण लाग्या, "हे प्रभु, पणमेशर ना करै! तेरै गेल्या इसा
कदे ना होवैगा|" 23 उसनै पलट कै पतरस तै कह्या, "हे शैतान, मेरै स्याम्ही
तै दूर हो! तू मेरै खातर ठोकर का कारण सै; क्यांतैके तू पणमेशर की बात्तां
पै न्ही , पर माणसां की बात्तां पै मन लगावै सै|" 24 फेर यीशु नै आपणे
चेल्यां तै कह्या, "जै कोए मेरै पाच्छै आणा चाहवै तो आपणे आपे तै नाटै या
इंकार करै अर आपणा क्रूस ठावै, अर मेरै पाच्छै हो लेवै| 25 क्यूँके जो
आपणा जी बचाणा चाहवैगा, वो उसनै खोवैगा; अर जो कोए मेरै खातर
ज्यान खोवैगा, वो उसनै पावैगा| 26 जै माणस सारी दुनिया नै पा लेवै, अर

आपणी ज्यान का नुकसान ठावै, तो उसनै के फैयदा होगा? या माणस आपणी ज्यान कै बदले के देवैगा? 27 माणस का बेट्टा आपणे सुर्गदुत्तां कै गेल्या आपणे पिता की महिमा म्ह आवैगा, अर उस बखत 'वो हरेक नै उसकै काम्मां कै मुताबिक प्रतिफळ देवैगा।' 28 मै थारे ते सच कहूँ सूं जो आड़ै खड़े सै उन म्ह तै कुछ इसे सै के जिब्ब तक माणस के बेट्टे नै उसके राज म्ह आंदे होए ना देख लेगें तब ताहि मौत का सवाद कदे भी ना चाक्खैगें।

17 छ: दिनां पाच्छै यीशु नै पतरस अर याकूब अर उसके भाई युहन्ना ताही गेल्या लिया, अर उन ताही एक्कै में किसे ऊँच्चे पहाड़ पै लेग्या। 2 ओड़ै उनकै स्याम्ही उसका रूप म्ह बदलाव होया, अर उसका मुँह सूरज की ढाळ चमक्या अर उसका लत्ता चाँदणै की ढाळ धोल्या होग्या। 3 अर मूसा अर एलिय्याह उसकै गेल्या बात करदे होड़ दिक्खे। 4 इस पै पतरस नै यीशु तै कह्या, "हे प्रभु, म्हारा उरै रहणा ठीक सै। जै तेरी मर्जी हो तो मै उरै तीन मण्डप बणाऊँ; एक तेरै खातर, एक मूसा खातर, एक एलिय्याह खातर।" 5 वो बोल्लणए लागरया था के एक धोल्या बादळ उन पै छाग्या, अर उस बादळ म्ह तै यो बोल लिकड़या, "यो मेरा प्यारा बेट्टा सै; जिसतै मै राज़ी सूं : इसकी सुणो।" 6 चेल्ले न्यू सुणकै मुँह कै बळ गिरगे अर घणे डरगे। 7 यीशु नै धोरै आकै उन ताही छुया, अर बोल्या, "उठो, डरो मतना।" 8 फेर उन्नै आपणी निगांह करी अर यीशु ताही छोड़ और किसे ताही कोनी देख्या। 9 जिब्ब वे पहाड़ पै तै उतरै थे फेर यीशु नै उनतै यो हुक्म दिया, "जिब्ब ताही माणस का बेट्टा मरे होया म्ह तै जिन्दा न्ही उठै, तब ताही जो कीमे थमनै देख्या सै किस्से तै ना कहियो।" 10 इस पै उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, "फेर शास्त्री क्यांतै कहवै सै के एलिय्याह का पहल्या आणा जरूरी सै।" 11 उसनै जबाब दिया, "एलिय्याह जरुर आवैगा, अर सारा कीमे सुधरैगा। 12 पर मै थमनै कहूँ सूं के एलिय्याह आ लिया, अर माणसां नै उस ताही न्ही पिच्छाणा; पर जिसा चाहया उसाए उसकै गेल्या करया। इस तरिया तै माणस का बेट्टा भी उनकै हाथां तै दुःख ठावैगा।" 13 फेर चेल्यां ने समझया के उसनै म्हारै तै युहन्ना बपतिस्मा देणीये कै बाबत कहया सै। 14 जिब्ब वे भीड़ कै धोरै पहोच्चे, तो एक माणस उसकै धोरै आया, अर गोड्डे टेक कै कहण लाग्या, 15 "हे प्रभु, मेरे बेट्टे पै दया कर! क्यूँके उस ताही मिर्गी आवै सै, अर वो घणा दुःख ठावै सै; अर बार-बार आग म्ह अर बार-बार पाणी म्ह पड़ ज्या सै। 16 मै उसताही तेरे चेल्यां धोरै ल्याया था, पर वे उसनै चंगा कोनी कर सके।" 17 यीशु नै जबाब दिया, "हे अबिश्वासी अर जिद्दी माणसों, मै कद ताही थारै गेल्या रहूँगा? कद ताही थारी सहूँगा? उसनै उरै मेरै धोरै ल्यावो।" 18 फेर यीशु नै औपरी आत्मा ताही धमकाया, वा उसम्ह तै लिकड़ग्यी : अर छोरा उस्से टेम चंगा होग्या। 19 फेर चेल्यां नै एक्कै म्ह यीशु कै धोरै आकै कह्या, "हम उसनै क्यांतै न्ही काड सके?" 20 उसनै उनतै कह्या, "आपणे बिश्वास की कमी कै कारण, क्यूँके मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, जै थारा बिश्वास राई कै दाणै कै बराबर भी हो, तो इस पहाड़ तै कह सकोगे, 'उरै तै सरककै ओड़ै चल्या जा', तो वो चल्या जावैगा; अर कोए बात थारै खातर मुश्किल कोनी होवैगी। 21 [पर या जात बिना प्रार्थना अर ब्रत कै कोनी लिकड़दी।]" 22 जिब्ब वे गलील म्ह थे, तो यीशु नै उन तै कह्या, "माणस का बेट्टा माणसां के हाथां म्ह पकड़वाया जावैगा; 23 वे उसनै मार देवैगें, अर वो तीसरे दिन जिन्दा उठैगा।" इस पै वे घणे उदास होए। 24 जिब्ब वे कफरनहूम पहोच्चे, तो मन्दर का कर लेण आळयां नै पतरस कै धोरै आण कै बुझ्झया, "के थारा गुरु, मन्दर का कर कोनी देंदा?" 25 उसनै कह्या, "हम्बै, देवै सै।" जिब्ब वो घरा आया, तो यीशु नै उसकै बुझ्झण तै पहल्या ए उसतै कह्या, "हे शमौन, तू के सोच्चै सै? धरती के राजा महसूल या कर किन तै लेवै सै? आपणे बेट्यां तै या बिगान्याँ तै?" 26 पतरस नै उसतै कह्या "बैगान्या तै"। यीशु नै उसतै कह्या तो बेट्टे बचगे। 27 तोभी इस खात्तर के हम उणनै ठोक्कर ना खुवावा, तू झील कै कंठारे जा कै कांडा गेर,अर जो मच्छी पहलै लिकडै, उसनै ले; उसका मुहँ खोल्लण पै तेरै ताहि एक सिक्का मिलैगा, उस्से नै लेकै मेरै अर आपणे बदलै म्ह दे दिये।"

18 उस घड़ी चेल्ले यीशु कै धोरै आकै बुझ्झण लाग्गे, "सुर्ग कै राज म्ह बड्डा कौण सै?" 2 इस पै उसनै एक बाळक ताही धोरै बुलाकै उनकै बिच्चाळै खड़या करया, 3 अर कह्या, "मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के जिब्ब ताही थम न्ही बदलो अर बाळका की ढाळ न्ही बणो, थम सुर्ग कै राज म्ह बड़ न्ही सकदे। 4 जो कोए आपणे आप नै इस बाळक की ढाळ छोट्टा करैगा, वो सुर्ग कै राज म्ह बड्डा होवैगा। 5 अर जो कोए मेरै नाम तै एक इसे बाळक ताही अपणावै सै वो मन्नै अपणावै सै। 6 "पर जो इन छोट्या म्ह तै जो मेरै पै बिश्वास करै सै एक नै ठोकर खुवावै, उसका खातर भला तो यो होंदा के बड्डी चाक्की का पाट उसकै गले म्ह लटकाया जान्दा, अर वो डून्घे समुन्दर म्ह डबोया जान्दा। 7 ठोकरां कै कारण दुनिया पै हाय! ठोकरां का लागणा जरूरी सै; पर हाय उस माणस पै जिसकै जरिये ठोकर लागै सै। 8 "जै तेरा हाथ या तेरा पैर तन्नै ठोकर खुवावै, तो उसनै काटकै बगा दे; टुंडा या लंगड़ा होकै ज़िन्दगी पै दाखल होणा इसतै भला सै के दो हाथ या दो पैर रहंदे होए तू अनन्त आग म्ह गेरया जावै। 9 जै तेरी आँख तन्नै ठोकर खुवावै, तो उस ताही लिकड़ कै बगा दे; काणा होकै जिन्दगी म्ह बड़ना तेरै खातर भला सै के दो आँख रहंदे होए तू नरक की आग म्ह गेरया जावै। 10 "देक्खो, थम इन छोट्या म्ह तै किसे नै तुच्छ ना जाणीयो; क्यूँके मै थमनै कहूँ सूं के सुर्ग म्ह उनके दूत मेरे सुर्गीय बाप का मुँह सारी हाण देखै सै। 11 [क्यूँके माणस का बेट्टा खोये होया नै बचाण आया सै।] 12 "थम के सोच्चो सो? जै किसे माणस की सौ भेड़ हों, अर उनम्ह तै एक भटक जावै, तो के वो निन्यानबे ताही छोड़कै, अर पहाड़ां पै जाकै, उस भटकी होड़ नै कोनी टोहवैगा? 13 अर जै इसा हो के उसनै पावै, तो मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के वो उन निन्यानबे भेड्डा कै खातर जो भटकी कोनी थीं, इतना आनन्द कोनी करैगा जितना के इस भेड़ कै खातर करैगा। 14 इस्से ढाळ थारे बाप की जो सुर्ग म्ह सै या मर्जी कोनी के इन छोट्यां म्ह तै एक भी नास हो। 15 "जै तेरा भाई तेरै खिलाफ कसूर करै, तो जा अर एक्कै म्ह बतळा कै उसनै समझा, जै वो तेरी सुणै तो तन्नै आपणे भाई ताही पा लिया। 16 जै वो न्ही सुणै, तो एक या दो जणयां नै आपणै गेल्या और ले जा, के 'हरेक बात दो या तीन गवाहा कै मुँह तै पक्की करी जावै।' 17 जै वो उनकी भी न्ही मान्नै , तो कलीसिया तै कह दे, पर जै वो कलीसिया की भी कोनी मान्नै तो तू उसनै दूसरी जात अर महसूल लेणआळे जिसा जाण। 18 "मै थम नै साच्ची कहूँ सूं, जो कीमे थम धरती पै जुड़ोगे, वो सुर्ग म्ह बंधैगा अर जो कीमे थम धरती पै खोल्लोगे , वो सुर्ग म्ह खुलैगा। 19 फेर मै थमनै कहूँ सूं, जै थारै म्ह तै दो जणे धरती पै किसे बात कै खातर एक मन होकै उसतै मांगै, तो वा मेरे पिता की वोड़ तै जो सुर्ग म्ह सै, उनकै खातर हो जावैगी। 20 क्यूँके जड़ै दो या तीन मेरै नाम पै कट्ठा होवै सै, ओड़ै मै उनकै बिच्चाळै म्ह होऊँ सूं।" 21 जिब्ब पतरस नै धोरै आकै उसतै कह्या, "हे प्रभु, जै मेरा भाई कसूर करदा रहवै, तो मै कितनी बै उस ताही बख्शु?" के सात बै ?" 22 यीशु नै उसतै कह्या, "मै तेरै तै यो न्ही कहन्दा के सात बै ताही बल्के सात बै के सत्तर गुणे ताही। 23 "इसकरकै सुर्ग का राज्य उस राजा कै बरगा सै, जिसनै आपणे नौकरां का लेक्खा (ब्यौरा) लेणा चाहया। 24 जिब्ब वो लेक्खा लेण लाग्या, तो एक जणा उसकै स्याम्ही ल्याया गया जो दस हजार तोड़े का कर्जवान था। 25 जिब्ब के चुकता करण नै उसकै धोरै कीमे कोनी था, तो उसकै मालिक नै कह्या, 'यो अर इसकी बीरबान्नी अर बाळ-बच्चे अर जो कीमे इसका सै सारा बेच्या जावै, अर कर्ज चुकता करया जावै।' 26 इस पै उस नौकर नै पड़कै उस ताही प्रणाम करया, अर कह्या, 'हे मालिक धीरज धर, मै सारा कीमे भर द्युँगा।' 27 इस पै उस नौकर कै मालिक नै तरस खाकै उस ताही छोड़ दिया, अर उसका कर्जा भी बख्श दिया। 28 "पर जिब्ब वो नौकर बाहरण लिकड़या , तो उसके गेल्या के नौकरां म्ह तै एक उस तै फेट्या जो उसके सौ दीनार का कर्जदार था; उसनै पकड़कै उसका घेट्टी घोंट्टी अर कह्या, 'जो कीमे तेरै पै कर्ज सै भर दे।' 29 इस पै उसका गेल का नौकर पड़कै उसतै बिनती करणं लाग्या, 'धीरज धर, मै सारा कीमे भर द्युँगा।' 30 वो न्ही मान्या, पर जाकै उस ताही जेळ म्ह गेर दिया के जिब्ब ताही कर्जा ना भर दे, जिद ताही ओड़ैए रहवै। 31 उसके गेल्या के नौकर यो जो होया था देखकै घणे उदास होए, अर जाकै आपणे मालिक ताही पूरा हाल बता दिया। 32 फेर उसकै मालिक नै उस ताही बुलाकै उसतै कह्या, 'हे दुष्ट नौकर, तन्नै जो मेरै तै बिनती करी, तो मन्नै तेरा वो सारा कर्जा बख्श दिया। 33 ज्यांतै जिस ढाळ मन्नै तेरै पै दया करी, उस्से तरिया के तन्नै भी आपणे गेल के नौकर पै दया न्ही करणी चहिये थी?' 34 अर उसकै मालिक नै छोह म्ह आकै उस ताही दण्ड देणआळे के हाथां म्ह सौप दिया, के जिब्ब ताही वो सारा कर्जा भर न्ही देवै, जिद ताही उनकै हाथां म्ह रहवै।

35 “इस्से ढाल जै थारे म्ह तै आपणे भाई नै ना बक्शैगा तो मेरा पिता जो सुर्ग
म्ह सै थारे तै उसा ए करैगा”I

19 जिब्ब यीशु नै ये बात कह ली, तो गलील तै चल्या गया; अर यरदन
कै परली ओड़ यहूदिया कै प्रदेश म्ह आया| 2 फेर बड्डी भीड़ उसकै
पाच्छै हो ली, अर उसनै ओड़ै उन ताही चंगा करया| 3 फेर फरीसी उसनै
परखण खातर धोरै आकै बोल्ले, “के हर एक कारण तै आपणी बीरबान्नी ताही
छोड़ना ठीक सै?” 4 उसनै जबाब दिया, “के थम नै न्ही पढ़या के जिसनै उन
ताही बनाया, उसनै सरूआत तै नर अर नारी बणाकै कह्या, 5 इस कारण
माणस आपणे माँ-बाप तै न्यारा होकै आपणी बीरबान्नी कै गेल्या रहैगा अर वे
दोन्नु एक तन होवैगें?’ 6 आखर इब दो न्ही , पर एक तन सै| इसकरकै जिस
ताही पणमेशर जै जोड़या सै, उस ताही माणस न्यारा ना करै|” 7 उन्नै उसतै
कह्या, “फेर मूसा नै यो क्यातै ठहराया के तलाक देकै उस ताही छोड़ दे?”
8 उसनै उनतै कह्या, “मूसा नै थारै मन की करड़ेपण कै कारण थारै तै
आपणी-आपणी बीरबान्नी ताही छोड़ देण का हुक्म दिया, पर सरूआत म्ह
इसा कोनी था| 9 अर मै थमनै कहूँ सूं, के जो कोए जारी नै छोड़ कै और
किसे कारण तै आपणी बीरबान्नी नै छोड़ कै दूसरा ब्याह करै, वो जारी करै
सै; जो उस छोड्डी होई तै ब्याह करै, वो भी जारी करै सै|” 10 चेल्यां नै यीशु
तै कह्या, “जै माणस का लुगाई कै गेल्या इसा सम्बन्ध सै, तो ब्याह करणा
आच्छा कोनी|” 11 यीशु नै उनतै कह्या, “सारे यो बचन अपणा न्ही सकदे,
सिर्फ वे जिन ताही यो दान दिया गया सै| 12 क्यूँके कीमे हिजड़े इसे सै, जो
माँ के पेट या गर्भ ए तै इसे जन्मे; अर कीमे हिजड़े इसे सै, जिन ताही माणस
नै हिजड़े बणाया; अर कीमे हिजड़े इसे सै, जिन्नै सुर्ग कै राज्य कै खातर खुद
ताही हिजड़ा बणाया सै| जो इस ताही अपणा कर सकदा हो, वो अपणावै|”
13 फेर माणस बाळका ताही उसकै लोवै ल्याए के वो उनकै ऊपर हाथ धरै
अर प्रार्थना करै, पर चेल्यां नै उन ताही धमकाया| 14 यीशु नै कह्या,
“बाळका नै मेरै लोवै आण द्यो, अर उन ताही मना मतना करो, क्यूँके सुर्ग का
राज्य इसाए का सै|” 15 अर वो उन पै हाथ धरकै ओड़ै तै चल्या गया|
16 एक माणस यीशु कै धोरै आया अर उसतै कह्या, “हे गुरु, मै कौण-सा भला
काम करूँ के अनन्त जीवन पाऊँ?” 17 यीशु नै उसतै कह्या, “तू मेरै तै भलाई
कै बाबत क्यातै बुझझै सै? भला तो एकए सै, पर जै तू जीवन म्ह दाखल
होणा चाहवै सै, तो हुकमां नै मान्या कर|” 18 उसनै यीशु तै कह्या, “कौण-से
हुक्म?” यीशु बोल्या, “खून न्ही करणा, जारी न्ही करणा, चोरी न्ही करणा,
झूठी गवाही ना देणा, 19 आपणे बाप अर माँ का आद्दर करणा, अर आपणे
पडौसी तै आपणे जिसा प्रेम राखणा|” 20 उस गाबरू नै कह्या, “इन सारया
ताही तो मन्नै मान्या सै; इब मन्नै किस बात की कमी सै?” 21 यीशु नै उसतै
कह्या, “जै तू सिद्ध होणा चाहवै सै तो जा, आपणा सारा माळ बेचकै कंगाला
ताही दे, अर तन्नै सुर्ग म्ह धन मिलैगा; अर आकै मेरै पाच्छै हो ले|” 22 पर वो
गाबरू या बात सुणकै उदास होकै चल्या गया, क्यूँके वो घणा धनवान था|
23 फेर यीशु नै आपणे चेल्यां तै कह्या, “मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के धनवान का
सुर्ग के राज्य म्ह बड़ना ओक्खा सै|” 24 थारै ताही फेर कहूँ सूं के पणमेशर
के राज्य म्ह धनवान के बड़नै तै ऊँट का सूई कै मोरै म्ह तै लिकड़ना सेल्ला
सै|” 25 न्यू सुणकै चेल्यां नै हैरान होकै कह्या, “फेर किसका उद्धार हो सकै
सै|” 26 यीशु नै उनकी वोड़ लखा कै कह्या, “माणसां तै तो यो कोनी हो
सकदा, पर पणमेशर तै सारा कीमे हो सकै सै|” 27 इस पै पतरस नै उसतै
कह्या, “देख, हम तो सारा कीमे छोड़ कै तेरै पाच्छै हो लिए सा: तो हमनै के
मिलैगा?” 28 यीशु नै उनतै कह्या, “मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के नयी सृष्टी म्ह
जिब्ब माणस का बेट्टा आपणी महिमा के सिंहासन पै बैठैगा, तो थम भी जो
मेरै पाच्छै हो लिए सो, बारहा सिंहासना पै बैठकै इस्राएल के बारहा गोत्रा का
न्याय करोगे| 29 अर जिस किसे नै घर, या भाई, या भाण या बेब्बे, या बाप,
या माँ, या बाळ-बच्चे, या खेत्तां ताही मेरै नाम कै खातर छोड़ दिया सै, उस
ताही सौ गुणा मिलैगा, अर वो अनन्त जीवन का हक्कदार होवैगा| 30 पर भोत
से जो पहल्यै सै, पाच्छले होंगे; अर जो पाच्छले सै, पहल्यै होंगेI

20 “सुर्ग का राज्य” किसे घर के मालिक की ढाळ सै, जो तड़कए
लिकड़या के आपणी दाख की बारी म्ह मजदुरां नै लावै| 2 उसनै
मजदुरां तै एक दीनार रोज पै लाया अर उन्नै आपणी दाख की बारी म्ह
खन्दाया| 3 फेर एक पहर दिन चढ़े पाच्छै उसनै लिकड़कै और माणसां ताही
बजार म्ह खड़े देख्या, 4 अर उसनै कह्या, ‘थम भी दाख की बारी म्ह जावो,
अर जो कीमे सई सै, थमनै द्युँगा|’ आखर वे भी गये| 5 फेर उसनै दुसरे अर
तीसरे पहर कै लोवै लिकड़कै उस्से तरिया करया| 6 दिन बीतण तै एक घंटा
पहल्या उसनै फेर लिकड़कै दूसरयां ताही खड़े पाया, अर उसनै कह्या, ‘थम
क्यांतै सारै दिन उरै बेकार खड़े रहे?’ उन्नै उसतै कह्या, ‘ज्यांतै के किसे नै
म्हारै ताही मजदूरी पै कोनी ल्याया|’ 7 उसनै उनतै कह्या, ‘थम भी दाख की
बारी म्ह जावो|’ 8 “साँझ नै दाख की बारी के मालिक नै आपणे भण्डारी तै
कह्या, ‘मजदुरां ताही बुलाकै पाच्छल्या तै लेकै पहल्या ताही उन्नै मजदूरी दे-
दे|’ 9 जिब्ब वे आये जो घंटा-भर दिन रहे लाए गये थे, तो उन्नै एक-एक
दीनार मिल्या| 10 जो पहल्या आये उन्नै यो समझया के म्हारै ताही घणा
मिलैगा, पर उन्नै भी एक-एक दीनार ए मिल्या| 11 जिब्ब मिल्या तो वे घर कै
मालिक पै बिरड़ाकै कहण लाग्गे, 12 ‘इन पाच्छल्यां नै एक घंटा काम करया,
अर तन्नै उन ताही म्हारै बराबर कर दिया, जिन्नै दिन-भर का बोझ ठाया अर
घाम सहया?’ 13 उसनै उनम्ह तै एक ताही जबाब दिया, ‘हे मित्तर, मै तेरै तै
कीमे अन्याय कोनी करदा| के तन्नै ए मेरै तै एक दीनार कोनी ठहराया था?
14 जो तेरा सै, ठा ले अर चल्या जा; मेरी मर्जी या सै के जितना तन्नै द्युँ उतना
ए इस पाच्छले ताही भी द्युँ| 15 के यो ठीक कोनी के मै आपणे माळ तै जो
चाहूँ वो करूँ? के मेरै भले होण कै कारण तू भुंडी नजर तै देक्खै सै?’ 16 इस
तरिया तै जो पाच्छले सै, वे पहले होवैगें, जो पहले सै, पाच्छले होवैगें|”
17 यीशु यरूशलेम नै जान्दे होए बारहा चेल्यां ताही एक्कै म्ह लेग्या, अर राह
म्ह उनतै बोल्या, 18 “देक्खो, हम यरूशलेम नै जावा सा; अर माणस का बेट्टा
प्रधान याजकां अर शास्त्रियाँ कै हाथां पकड़वाया जावैगा, वे उसनै मारण कै
जोग्गा ठहरावैगें| 19 अर उस ताही गेरजात्तां कै हाथां म्ह सौंपैगें के वे उस
ताही मखौल म्ह उड़ावैगें, अर कोरड़े मारैगें, अर क्रूस पै चढ़ावैगें, अर वो
तीसरै दिन जिन्दा उठैगा|” 20 फेर जब्दी कै बेट्यां की माँ नै, आपणे बेट्यां
कै गेल्या यीशु कै धोरै आकै प्रणाम करया, अर उसतै कीमे माँगण लाग्गी|
21 यीशु नै उसतै कह्या, “तू के चाहवै सै?” वा यीशु तै बोल्ली, “यो बचन दे के
मेरे ये दो बेट्टे तेरै राज्य म्ह एक तेरै सोळै अर एक तेरै ओळै बैठै|” 22 यीशु नै
जबाब दिया, “थमनै न्ही बेरा के माँगो के सो| जो कटोरा मै पीण पै सूं, के
थम पी सको सो?” उन्नै उस ताही कह्या, “पी सका सा|” 23 उसनै उनतै
कह्या, “थम मेरा कटोरा तो पी लोगे, पर आपणे सोळै अर ओळै किसे ताही
बिठाणा मेरा काम कोनी, पर जिन कै खातर मेरै बाप की वोड़ तै त्यार करया
गया, उन्नै खातर सै|” 24 न्यू सुणकै दसो चेल्ले उन दोन्नु भाईयां पै छो करण
लाग्गे| 25 यीशु नै उन ताही धोरै बुलाकै कह्या, “थम जाणो सो के गेरजात्तां
के हाकिम उन पै राज करै सै; अर जो बड्डे सै, वे उन पै हक्क जमावै सै| 26 पर
थारै म्ह इसा कोनी होवैगा; जो कोए थारै म्ह बड्डा होणा चाहवै, वो थारा
सेवक बणै; 27 अर जो थारै म्ह प्रधान होणा चाहवै, वो दास बणै; 28 जिस
ढाळ के माणस का बेट्टा; वो ज्यांतै कोनी आया के उसकी सेवा बाड़ी करी
जावै, पर ज्यांतै आया के खुद सेवा बाड़ी करै, अर घण-खरयां के छुटकारै कै
खातर आपणी ज्यान देवै|” 29 जिब्ब वे यरीहो तै लिकड़ै थे, तो एक बड्डी
भीड़ उसकै पाच्छै हो ली| 30 अर दो आंधे, जो सड़क कै कंठारै बैठे थे, न्यू
सुणकै के यीशु जाण लागरा सै, रूक्का मारकै कहण लाग्गे, “हे प्रभु, हे दाऊद
की ऊलाद, म्हारै पै दया कर|” 31 माणसां नै उन ताही धमकाया के बोल-
बाल्ले रहवै; पर वे और भी किल्की मारकै बोल्ले, “हे प्रभु, दाऊद की ऊलाद,
म्हारै पै दया कर|” 32 फेर यीशु नै खड़े होकै, उन ताही बुलाया अर कह्या,
“थम के चाहवो सो के मै थारै खातर करूँ?” 33 उन्नै उसतै कह्या, “हे प्रभु, यो
के म्हारी आँख खुल जावै|” 34 यीशु नै तरस खाकै उन्हकी आँखे छुई, अर
वे जिब्बे देखण लाग्गे; अर उसकै पाच्छै हो लियेI

21 जिब्ब वे यरूशलेम कै लोवै पहोच्चे अर जैतून पहाड़ पै बैतफगे कै
धोरै आये, तो यीशु नै दो चेल्यां ताही न्यू कहकै खन्दाया,
2 “स्याम्ही कै गाम म्ह जावो| ओड़ै पहोच्दए एक गधी बंधी होई, अर उसकै
गेल्या बच्चा थमनै मिलैगा| उन्नै खोलकै मेरै धोरै ल्याओ| 3 जै थारै तै कोए
कीमे कहवै, तो कहियो के प्रभु नै इनतै काम लेणा सै, फेर वो जिब्बे उन्नै
खिन्दा देवैगा|” 4 यो ज्यांतै होया के जो बचन नब्बी के जरिये कहया गया
था, वो पूरा हो 5 “सिय्योन की बेटटी तै कहो, ‘देख, तेरा राजा तेरै धोरै आवै
सै; वो नम्र सै, अर गधे पै बैठ्या सै; बल्के लादू के बच्चे पै|’” 6 चेल्यां नै

जाकै, जिसा यीशु नै उनतै कहया था, उस्से तरिया करया| 7 अर गधी अर
बच्चे ताही ल्याकै, उनपै आपणे लत्ते गेरे, अर वो उन पै बैठग्या| 8 फेर घण-
खरे माणसां नै आपणे लत्ते राह म्ह बिच्छाये, अर माणसां नै दरख्तां तै
डाळीयां काटकै राह म्ह बिच्छाई| 9 जो भीड़ आगै-आगै जावै अर पाच्छै-
पाच्छै चाल्ली आवै थी, रूक्के मार-मार कै कहवै थी, "दाऊद की ऊलाद को
होशाना, धन्य सै वो जो प्रभु के नाम तै आवै सै, अकास म्ह होशाना|"
10 जिब्ब वो यरूशलेम म्ह बड़या, तो सारे नगर म्ह खलबल्ली माच्गी, अर
माणस कहण लाग्गे, "यो कौण सै?" 11 माणसां नै कह्या, "यो गलील के
नासरत का नब्बी यीशु सै|" 12 यीशु नै पणमेशर कै मन्दर म्ह जाकै उन
सारया ताही, जो मन्दर म्ह लेण-देण कररे थे, काड दिया, अर सर्राफा के
पीढ़े अर कबूतर बेचणीयाँ की चौकियाँ उल्ट दीं; 13 अर उनतै बोल्या,
"लिख्या सै, 'मेरा घर प्रार्थना का घर कुहवावैगा'; पर थम उसनै डाकुवां की
खोह बणावो सो|" 14 फेर आंधे अर लंगड़े, मन्दर म्ह उसकै धोरै आये, अर
उसनै उन ताही चंगा करया| 15 पर जिब्ब प्रधान याजका अर शास्त्रियाँ नै
इन अनोक्खे काम्मां ताही, जो उसनै करे, अर छोरयां ताही मन्दर म्ह
'दाऊद की ऊलाद को होशाना' रूक्के मारदे देख्या, तो वे छो मानगे, 16 अर
उसतै कहण लाग्गे, "के तू सुणै सै के ये के कहवै सै?" यीशु नै उनतै कह्या,
"हम्बै; के थमनै यो कदे कोनी पढ़या : 'बाळका अर दूध पिन्दे बच्या कै मुँह तै
तन्नै घणी स्तुति कराई?" 17 फेर वो उन्नै छोड़कै नगर कै बाहरण आकै
बैतनिय्याह नै गया अर ओड़ै रात बिताई| 18 तड़कए जिब्ब वो नगर नै
बोहड़ण लागरया था तो उसनै भूख लाग्गी| 19 सड़क कै कंठारै अंजीर का
एक दरख्त देखकै वो उसकै धोरै गया, अर पत्या नै छोड़ उसम्ह और कीमे
ना पाकै उसतै कह्या, "इब तै तेरै म्ह फेर कदे फळ कोनी लाग्गै|" अर अंजीर
का दरख्त जिब्बे सूखग्या| 20 न्यू देखकै चेल्या नै हैरानी होई अर उन्नै कह्या,
"यो अंजीर का दरख्त जिब्बे किस तरिया सूखग्या?" 21 यीशु नै उन ताही
जबाब दिया, "मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, जै थम बिश्वास राकखो अर शक ना
करो, तो ना केवल यो करोगे जो इस अंजीर कै दरख्त गेल्या करया गया सै,
पर जै इस पहाड़ नै कहोगे, 'उखड़ जा, अर समुन्दर म्ह जा पड़', तो यो हो
जावैगा| 22 अर जो कीमे थम प्रार्थना म्ह बिश्वास तै माँगोगे वो सारा थमनै
मिलैगा|" 23 वो मन्दर जाकै उपदेश देवै था, तो प्रधान याजकां अर
आदमियां के पुरनियां नै उसकै धोरै आकै बुझझया, "तू ये काम किसकै हक्क
तै करै सै? अर तेरै ताही यो हक्क किसनै दिया सै?" 24 यीशु नै उनताही जबाब
दिया, "मै भी थारै तै एक बात बुझझु सू; जै वो मन्नै बतावोगे, तो मै भी थमनै
बताऊँगा के ये काम किस हक्क तै करूँ सू| 25 युहन्ना का बपतिस्मा कित तै
था? सुर्ग को वोड़ तै या माणसां को वोड़ तै?" फेर वे आपस म्ह बहस करण
लाग्गे, "जै हम कहवा 'सुर्ग की वोड़ तै' तो वो म्हारै तै कहवैगा, 'फेर थमनै
उसका बिश्वास क्यांतै न्ही करया?' 26 अर जै कहवा 'माणसां की वोड़ तै' तो
हमनै भीड़ का भय सै, क्यूँके वे सारे युहन्ना ताही नब्बी मान्नै सै|" 27 आखर
उन्नै यीशु ताही जबाब दिया, "हमनै न्ही बेरा|" यीशु नै भी उनतै कह्या, "तो
मै भी थमनै कोनी बतान्दा के ये काम किस हक्क तै करूँ सूं| 28 "थम के
सोच्चो सो? किसे माणस कै दो बेट्टे थे; उसनै पहलये कै धोरै जाकै कह्या, 'हे
बेट्टे, आज दाख की बारी म्ह काम कर|' 29 उसनै जबाब दिया, 'मै कोनी
जान्दा', पर पाच्छै पसता कै गया| 30 फेर बाप नै दुसरे कै धोरै जाकै न्यू ए
कहया, उसनै जबाब दिया, 'जी हम्बै जाऊं सूं', पर कोनी गया| 31 इन दोनुवां
म्ह तै किसनै बाप की मर्जी पूरी करी?" उन्नै कह्या, "पहलये नै|" यीशु नै
उनतै कह्या, "मै थारै तै साच्ची कहूँ सूं के महसूल लेणआळे अर बेश्याएँ थारै
तै पहल्या पणमेशर के राज्य म्ह बड़ै सै| 32 क्यूँके युहन्ना धर्म की राह
दिखान्दे होए थारे लोवै आया, अर थमनै उसका बिश्वास कोनी करया; पर
महसूल लेणआळे अर बेश्यायाँ नै उसका बिश्वास करया : अर थम न्यू देखकै
पाच्छै पसताए के उसका बिश्वास कर लेन्दे| 33 एक और उदाहरण सुणो :
एक घर का मालिक था, जिसनै दाख की बारी लाई, उसकै चौगर देकै बाड़ा
बाँधया, उसम्ह रस का कुण्ड खोद्या अर बुर्जी बनाई, अर किसानां ताही
उसका ठेका देकै प्रदेश चल्या गया| 34 जिब्ब फळ का बखत लोवै आया, तो
उसनै आपणे नौकरां ताही उसका फळ लेण नै किसानां धोरै खन्दाया|
35 पर किसानां नै उसके नौकरां ताही पकड़ कै, किसे ताही छेत्या, अर किसे
ताही मार दिया, अर किसे पै पत्थर बरसाए| 36 फेर उसनै पहल्या तै घणे
और नौकरां ताही खन्दाया, अर उन्नै भी उस्से तरिया करया| 37 आखर म्ह
उसनै आपणे बेट्टे ताही उनकै धोरै न्यू सोचकै खन्दाया के वे मेरै बेट्टे का
आद्दर करैगें| 38 पर किसाना नै बेट्टे ताही देखकै आपस म्ह कह्या, 'यो तो
वारिस सै, आवो, इसनै मार देवा अर इसकी वसीयत ले लेवां|' 39 आखर
उन्नै उस ताही पकड़या अर दाख की बारी तै बाहरण काडकै मार दिया|
40 इसकरकै जिब्ब दाख की बारी का मालिक आवैगा, तो उन किसानां कै
गेल्या के करैगा?" 41 उन्नै उसतै कह्या, "वो उन भुन्डे माणसां का भूंडी ढाळ
नाश करैगा; अर दाख की बारी का ठेका दुसरे किसानां ताही देवैगा, जो
बखत पै उस ताही फळ दिया करैगें|" 42 यीशु नै उनतै कह्या, "के थमनै कदे
भी पवित्र ग्रन्थ म्ह यो कोनी पढ़या : 'जिस पत्थर ताही राजमिस्त्रियाँ नै
निकम्मा ठहराया था, वोए कुणे के सिरे का पत्थर होग्या? यो प्रभु की वोड़ तै
होया, अर म्हारी निगांह म्ह अनोक्खा सै|' 43 ज्यांतै मै थमनै कहूँ सूं के
पणमेशर का राज्य थारै तै ले लिया जावैगा अर इसी जात ताही, जो उसका
फळ ल्यावै, दिया जावैगा| 44 जो इस पत्थर पै पड़ैगा, वो चकनाचूर हो
जावैगा; अर जिस पै वो पड़ैगा, उसनै पीस देवैगा|" 45 प्रधान याजक अर
फरीसी उसके उदाहरणा नै सुणकै समझगे के वो उनकै बाबत कहवै सै|
46 अर उन्हनै उस ताहि पकड़ना चाह्या, पर माणसां तै डर ग्ये क्यूँके वे उसनै
नब्बी माणन थे I

22 इस पै यीशु फेर उनतै उदाहरणा म्ह कहण लाग्या, 2 "सुर्ग का राज्य
उस राजा की ढाळ सै, जिसनै आपणे बेट्टे का ब्याह करया| 3 अर
उसनै आपणे नौकरां ताही खन्दाया, के न्योंदे होड़ माणसां ताही ब्याह के
जीमणे म्ह बुलावै; पर उन्नै आणा न्ही चाहया| 4 फेर उसनै और नौकरां ताही
न्यू कहकै खन्दाया, 'न्योंदे होड़ माणसां ताही कहो : लखावो, मन्नै जिमणा
त्यार कर लिया सै, अर मेरे बैळद अर पळे होड़ डान्गर मार लि सै : सारा
कीमे त्यार सै; ब्याह के जिमणे म्ह आवो|' 5 पर वे बेपरवाह करकै चले गये,
कोए आपणे खेत्तां म्ह, कोए आपणे धन्धे पै| 6 और माणसां नै जो बचगे थे
उन्नै उसके नौकरां ताही पकड़ कै उनकी बेईज़्ज़ती करी अर उन ताही मार
दिया| 7 राजा छो म्ह आग्या, अर आपणी फ़ौज खन्दाकै उन हत्यारा का
नाश करया, आर उनके नगर फूंक दिए| 8 फेर राजा नै आपणे नौकरां तै
कहया, ब्याह का जिमणा तो त्यार सै, पर के न्योंदे होड़ माणस इस जोग्गे
कोनी ठहरे| 9 इसकरकै चौराहयां पै जावो, अर जितने माणस थमनै मिलै,
सारया ताही ब्याह कै जिमणे म्ह बुला ल्यावो| 10 इस तरिया उसके नौकरां
नै सड़कां पै जाकै के भुन्डे, के आच्छे, जितने मिले सारया ताही कट्ठा करया;
ब्याह का घर मेहमाना तै भरग्या| 11 जिब्ब राजा मेह्माना नै देखण भीत्तर
आया, तो उसनै ओड़ै एक माणस ताही देख्या, जो ब्याह के लत्ते कोनी
पहररया था| 12 उसनै उसतै बुझझया, "हे मित्तर, तू ब्याह के लत्ते पहरे
बिना उरै क्यातै आग्या| उसका मुँह बन्द होग्या| 13 फेर राजा नै नौकरां तै
कह्या, "इसके हाथ-पैर जुड़कै उस ताही बाहरण अन्धेरे म्ह गेर द्यो, ओड़ै
रोणा, अर दाँत पिसणा होवैगा| 14 क्यूँके न्योंदे होड़ तो घणे सै पर छाँटे होये
घाट सै| 15 फेर फरिसियाँ नै आकै आपस म्ह बिचार करया, के उसनै किस
ढाळ बात्तां म्ह फसावा| 16 इस तरिया उन्नै आपण ताही हेरोदिया कै गेल्या
उसकै धोरै न्यू कहण नै खन्दाया, "हे गुरु, हमनै बेरा सै, के तू साच्चा सै, अर
पणमेशर की राह सच्चाई तै सिखावै सै; अर किसे की आंट कोनी मान्दा,
क्यूँके तू माणसां का मुँह देखकै बात कोनी करदा| 17 इसकरकै हमनै बता तू
के सोच्चै सै? कैसर तै कर देणा ठीक सै के न्ही |" 18 यीशु नै उनका
भुन्डापण जाणकै कह्या, "हे कपटीयो, मन्नै क्यांतै परखो सो? 19 कर का
सिक्का मेरै तै दिखावो|" फेर उसकै धोरै एक दीनार लीयाये| 20 उसनै उनतै
कह्या, "या छाप अर नाम किसका सै?" 21 उन्नै उसतै कह्या, "कैसर का|"
फेर उसनै उनतै कह्या, "जो कैसर का सै, वो कैसर ताही; अर जो पणमेशर
का सै, वो पणमेशर ताही द्यो|" 22 न्यू सुणकै उन्नै हैरानी होई, उस ताही
छोड़कै चल्ये ग्ये| 23 उस्से दिन सदुकी जो कहवै सै के मरे होया का दुबारा
जिन्दा उठणा सै ए कोनी, उसकै धोरै आये अर उसतै बुझझया, 24 "हे गुरु,
मूसा नै कहया था के जै कोए माणस बेऊलादा मर जावै, तो उसका भाई
उसकी बीरबान्नी तै ब्याह करकै आपणे भाई कै खातर पीढ़ी पैदा करै| 25 इब
म्हारै उरै सात भाई थे; पहल्ड़ा ब्याह करकै मरग्या, अर ऊलाद ना होण कै
कारण आपणी बीरबान्नी आपणे भाई कै खातर छोड़ग्या| 26 इस्से तरिया

दुसरे अर तीसरै नै भी करया, अर सातुवां तक योए होया| 27 सारया पाच्छै
वा लुगाई भी मरगी| 28 आखर म्ह जिन्दा होण पै वा सातुवां म्ह तै किसकी
बीरबान्नी होवैगी? क्यूँके वा सारया की बीरबान्नी बण ली थी|" 29 यीशु नै उन
ताही जबाब दिया, "थमनै पवित्र ग्रन्थ अर पणमेशर के सामर्थ का कोनी बेरा;
इस कारण भुल म्ह पड़े सो| 30 क्यूँके उठनै पै वे ब्याह कोनी करैगें अर ना
ब्याह म्ह दिये जावैगें पर सुर्ग म्ह पणमेशर के दुत्तां की ढाळ होवैगें| 31 पर
मरे होया के जिन्दे उठनै के बाबत के थमनै यो बचन कोनी पढ़या जो
पणमेशर नै थारै तै कहया : 32 'मै अब्राहम का पणमेशर, अर इसहाक का
पणमेशर, याकूब का पणमेशर सूं? वो मरे होया का न्ही , पर जिन्दा का
पणमेशर सै|" 33 न्यू सुणकै माणस उसके उपदेश तै हैरान होये| 34 जिब्ब
फरिसियाँ नै सुणया के यीशु नै सदुकियां का मुँह बन्द कर दिया, तो वे कट्ठे
होये| 35 उनम्ह तै इन्तजाम करणीये या व्यवस्थापक नै उस ताही परखण कै
खातर उसतै बुझया, 36 "हे गुरु, नियम-कायदा म्ह कौण-सा हुक्म बड्डा सै?"
37 यीशु नै उसतै कह्या, "तू पणमेशर आपणे प्रभु तै आपणे साबतै मन अर
आपणे साबतै जीं अर आपणी सारी समझ कै गेल्या प्रेम राख| 38 बड्डा अर
खास हुक्म तो योए सै| 39 अर उस्से जिसा यो दूसरा भी सै के तू आपणे
पड़ोसी तै आपणे जिसा प्रेम राख| 40 यो दो हुक्म सारे नियम-कायदे अर
नब्बियाँ का निचोड़ (आधार) सै|" 41 जिब्ब फरीसी कट्ठे थे, तो यीशु नै उनतै
बुझया, 42 "मसीह कै बारै म्ह थम के सोच्चो सो? वो किसका बेट्टा सै? उन्नै
यीशु तै कह्या, "दाऊद का|" 43 यीशु नै उनतै बुझया, "तो दाऊद आत्मा म्ह
होकै उसनै प्रभु क्यांतै कहवै सै? 44 'प्रभु नै, मेरै प्रभु तै कहया, मेरै सोळै बैठ,
जिब्ब ताही के मै तेरे बैरियाँ ताही तेरे पाया तळै ना कर द्यूँ|' 45 भला, जिब्ब
दाऊद उसनै प्रभु कहवै सै, तो वो उसका बेट्टा किस ढाळ होया?" 46 अर
उन्हनै उस ताहि पकड़ना चाह्या, पर माणसां तै डर ग्ये क्यूँके वे उसनै नब्बी
माणन थे I

23 फेर यीशु नै भीड़ तै अर आपणे चेल्यां ताही कह्या, 2 "शास्त्री अर
फरीसी मूसा की गद्दी पै बैठे सै; 3 ज्यांतै वे थारै तै जो कीमे कहवै वो
करणा अर मानणा, पर उन जिसे काम मतना करणा; क्यूँके वे कहवै तो सै
पर करदे कोनी| 4 वे एक इसे भारया बोझ ताही जिनका ठाणा ओक्खा सै,
बाँधकै उन्नै माणसां के कंध्या पै धरै सै; पर खुद उस ताही आपणी आन्गळी
तै भी सरकाणा कोनी चाह्न्दे| 5 वे आपणे सारे काम माणसां ताही दिखाण
कै खातर करै सै : वे आपणे ताबिजां नै चौड़ा करै सै अर आपणे लत्या की
झाल्लर बधावै सै| 6 जिमणै की ख़ास-ख़ास जंगहा, अर पंचायता के ख़ास-
ख़ास बैठणया, 7 बजारां म्ह नमस्कार, अर माणसां म्ह रब्बी कुहवाणा उन्नै
भावै सै| 8 पर थम रब्बी ना कुहवाणा, क्यूँके थारा एके गुरु सै, अर थम सारे
भाई सो| 9 धरती पै किसे नै आपणा बाप न्ही कहणा, क्यूँके थारा एके बाप
सै, जो सुर्ग म्ह सै| 10 अर स्वामी भी ना कुहवाणा, क्यूँके थारा एके मालिक
सै, यानिके मसीह| 11 जो थारै म्ह बड्डा हो, वो थारा सेवक या नौकर बणै|
12 जो कोए आपणे आप नै बड्डा बनावैगा, वो छोट्टा करया जावैगा : अर जो
कोए आपणे आप नै छोट्टा बणावैगा, वो बड्डा करया जावैगा| 13 "हे कपटी
शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै हाय! थम माणसां कै खातर सुर्ग का बारणा
बन्द करो सो अर ना उसम्ह बड़ण आळा ताही बड़ण द्यो सो | 14 [हे कपटी
शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै हाय! थम बिधवा के घरा नै खा जावो सो,
अर दिखाण कै खातर घणी वार ताही प्रार्थना करदे रहो सो : ज्यांतै थारै
ताही घणी सजा मिलैगी|] 15 "हे कपटी शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै
हाय! थम एक माणस ताही आपणे मत म्ह ल्याण कै खातर सारे जल अर
थल म्ह हान्डो सो, अर जिब्ब वो मत म्ह आ जावै सै तो उसनै आपणे तै
दुगणा नारकीय बणया द्यो सो| 16 "हे आंधे अगुवो, थारै पै हाय! जो कहो सो
के जै कोए मन्दर की सूह खावै तो किम्मे न्ही , पर जै कोए मन्दर कै सोन्ने की
सूह खावै तो उसतै बन्ध जावैगा| 17 हे बावळौ अर आंध्यो, कौण बड्डा सै;
सोन्ना या वो मन्दर जिसतै सोन्ना पवित्र होवै सै? 18 फेर कहो सो के जै कोए
मंढी की सूह खावै तो किम्मे न्ही , पर जो भेंट उस पै सै, जै कोए उसकी सूह
खावै तो बन्ध जावैगा| 19 हे आंध्यो, कौण बड्डा सै; भेंट या मंढी जिसम्ह भेंट
पवित्र होवै सै? 20 इसकरकै जो मंढी की सूह खावै सै, वो उसकी अर जो
कीमे उस पै सै, उसकी भी सूह खावै सै| 21 जो मन्दर की सूह खावै सै, वो
उसकी अर उसम्ह रहणीया की भी सूह खावै सै| 22 जो सुर्ग सूह खावै सै, वो
पणमेशर कै सिंहासन की अर उसपै बैठण आळै की भी सूह खावै सै| 23 "हे
कपटी शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै हाय! थम पुदीनै, अर सौंफ, जीरै का
दसमा हिस्सा तो द्यो सो, पर थम नै नियम-कायद्या की डून्घी बात्तां ताही
यानिके न्याय, अर दया, अर बिश्वास ताही छोड़ दिया सै; चहिये था के इन्नै
भी करदे अर उन्नै भी न्ही छोड़दे| 24 हे आंधे अगुवो, थम मच्छरां ताही तो
छाण ल्यो सो, पर ऊँट नै निगळ जावो सो| 25 हे कपटी शास्त्रियों अर
फरीसियों, थारै पै हाय! थम कटोरे अर थाळी नै ऊप्पर-ऊप्पर तै तो मांजो
सो पर वे भित्तर अन्धेर अर असंयम तै भरे होये सै| 26 हे आंधे फरीसी,
पहल्या कटोरे अर थाळी नै भीत्तर तै मांज के वे बाहरण तै भी साफ़ हों|
27 "हे कपटी शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै हाय! थम चुन्ने फिरी होई कब्रा
के जिसे सो जो ऊप्पर तै तो सुथरी दिखै सै, पर भीत्तर मुर्द्या की हाड्डीयाँ
अर सारे ढाळ की गन्दगी तै ठुकी होई सै| 28 इस्से रीती तै थम भी ऊप्पर तै
माणसां ताही धर्मी दिक्खो सो, पर भीत्तर अधर्म अर कपट तै भररे सो|
29 "हे कपटी शास्त्रियों अर फरीसियों, थारै पै हाय! थम नब्बियाँ की कब्र
समारो सो अर धर्मिया की कब्र बणावो सो, 30 अर कहो सो, 'जै हम आपणे
बाप-दादया के दिना म्ह होंदे तो नब्बियाँ की हत्या म्ह उनके साझ्झी कोनी
होंदे|' 31 इसतै तो थम आपणे पै आप ए गवाही द्यो सो के थम नब्बियाँ के
ह्त्यारां की ऊलाद सो| 32 आखर थम आपणे बाप-दादया कै पाप का घड़ा
दाऊ ढाळ भर द्यो| 33 हे साँपों, हे करैतों के बाळको, थम नरक की सजा तै
किस ढाळ बचोगे? 34 इसकरकै देक्खो, मै थारै धोरै नब्बियाँ अर समझवान
अर शास्त्रियाँ ताही खन्दाऊँ सूं; अर थम उनम्ह तै कुछा नै मार द्योगे अर
क्रूस पै चढावोगे, अर कुछा नै आपणे मन्दरां म्ह कोरड़े मारोगे अर एक नगर
तै दुसरे नगर ताही भजांदे फिरोगे| 35 जिसम्ह धर्मी हाबील तै लेकै
बिरिक्याह के बेट्टे जकरयाह तक, जिस ताही थमनै मन्दर अर मंढी कै
बिच्चाळै म्ह मार दिया था, जितने धर्मिया का लहू धरती पै बहाया गया सै वो
सारा थारे सिर पै पड़ैगा| 36 मै थम नै साच्ची कहूँ सूं, ये सारी बात इस बखत
के माणसां पै आ पड़ैगी| 37 "हे यरूशलेम, हे यरूशलेम! तू नब्बियाँ नै मार
देवै सै, अर जो तेरै धोरै खिन्दाए गए, उन पै पत्थर बरसावै सै| कितनी ए बै
मन्नै चाहया के जिस तरिया मुर्गी आपणे बच्या ताही आपणे पाखां कै तळै
कट्ठे करै सै, उस्से तरिया ए मै भी तेरे बाळका ताही कट्ठा कर ल्युँ, पर थमनै
कोनी चाहया| 38 देक्खो, थारा घर थारै खातर उजाड़ छोड्या जावै सै|
क्यूँके मै थम नै साच्ची कहूँ सूं के इब तै जिब्ब ताही थम न्ही कहोगे, 'धन्य सै
वो, जो प्रभु कै नाम तै आवै सै' जिद ताही थम मन्नै फेर कदे कोनी देक्खोगे|"
39 क्यूँके मै थमनै कहूँ सू के इब तै जिब्ब तक थम न्ही कहोंगे, 'धन्य सै वो
जो प्रभु कै नाम तै आवै सै' तब तक थम मन्नै कदे न्ही देक्खोगेI"

24 जिब्ब यीशु मन्दर तै लिकड़ कै जाण लागरया था, तो उसके चेल्ले
उस ताही मन्दर की बणावट दिखाण कै खातर उसकै धोरै आये |
2 यीशु नै उनतै कह्या, "थम यो सारा देक्खो सो न! मै थम नै साच्ची कहूँ सूं,
उरै पत्थर पै पत्थर भी कोनी छूटेगा जो गेरया ना जावैगा|" 3 जिब्ब यीशु
जैतून कै पहाड़ पै बैठ्या था, तो चेल्यां नै एकै म्ह उसकै धोरै आकै कह्या,
"हमनै बता, यें बात कद होवैगीं? तेरै आण का अर दुनिया कै अन्त का के
निशान होवैगा?" 4 यीशु नै उन ताही जबाब दिया, "चौकन्ने रहियो! कोए थमनै
भकाण न्ही पावै, 5 क्यूँके घण-खरे इसे होवैगें जो मेरै नाम तै आकै कहवैगें,
"मै मसीह सूं, अर घणा ए ताही भकावैगें| 6 थम रोळे अर लड़ाई अर
लड़ाईया का जिक्रा सुणोगे, तो घबराईयो ना क्यूँके इनका होणा जरूरी सै,
पर उस बखत अंत कोनी होवैगा | 7 क्यूँके जात्तां पै जात, अर राज्य पै
राज्य चढ़ाई करैगें, अर जंगहा-जंगहा काल पड़ैगें, अर हाल्लण आवैगें| 8 ये
सारी बात दुखा की सरूआत होवैगी| 9 फेर वे क्लेश देण कै खातर थम नै
पकड़वावैगें, अर थमनै मार देवैगें, अर मेरै नाम कै कारण सारी जात्तां के
माणस थारै तै बैर राखैगें| 10 फेर घण-खरे ठोकर खावैगें, अर एक-दुसरै नै
पकड़वावैगें, अर एक-दुसरै तै बैर राखैगें| 11 घण-खरे झूठे नब्बी खड़े हो
जावैगें, अर घणा ए ताही भकावैगें| 12 अधर्म कै बंधण तै घणा ए का प्रेम
शीळा पड़जावैगा, 13 पर जो आखर ताही थावस राक्खैगा, उस्से का उद्धार
होवैगा| 14 अर राज्य का यो सुसमाचार सारी दुनिया म्ह प्रचार करया
जावैगा, के सारी जात्तां पै गवाही होवै, फेर अन्त आ जावैगा| 15 "इस करकै
जिब्ब थम उस उजाड़ण आळी हिणी चीज ताही जिसका जिक्रा दानिय्येल

नब्बी कै जरिये होया था, पवित्र जंगहा पै खड़े देक्खो (जो पढ़ै, वो समझै),
16 फेर जो यहूदिया म्ह हो वे पहाड़ा पै भाज जावै| 17 जो छात पै हो, वो
आपणे घर म्ह तै समान लेण नै तळै न्ही उतरै; 18 अर जो खेत म्ह हो, वो
आपणा लत्ता लेण नै पाच्छै न्ही बोहड़ै| 19 उन दिनां म्ह जो गर्भवती अर
दूध पिलान्दी होवैगीं, उन कै खातर हाय, हाय! 20 प्रार्थना करया करो के
थमनै जाडै म्ह या सब्त कै दिन भाजणा ना पड़ै| 21 क्यूँके उस टेम इसा
भारया क्लेश होवैगा, जिसा दुनिया की सरूआत तै ना इब ताही होया ना
कदे होवैगा| 22 जै वे दिन घटाए न्ही जांदे तो कोए जीं कोनी बचता, पर छांटे
होया कै कारण वे दिन घटाए जावैगें| 23 उस जै कोए बखत थम नै कहवै,
'देक्खो, मसीह उरै सै!' या 'ओड़ै सै!' तो बिश्वास ना करियो| 24 क्यूँके झूठे
मसीह अर झूठे नब्बी उठ खड़े होवैगें, अर बड्डी निशान्नी, अर अनोक्खे
कारनाम्मे दिखावैगें के जै हो सक्या तो छांटे होया ताही भी भका देवैगें|
25 देक्खो, मन्नै पहल्या ए थारै तै यो सारा कीमे कह दिया सै| 26 इसकरकै जै
वे थारै तै कहवै, 'देक्खो, वो बण म्ह सै', तो बाहरण ना लिकड़यो; या
'देक्खो, वो कोठड़ीया म्ह सै', तो बिश्वास ना करियो| 27 क्यूँके जिस ढाळ
बिजळी पूरब तै लिकड़ कै पश्चिम ताही चमकै सै, उस्से ढाळ माणस के बेट्टे
का भी आणा होवैगा| 28 जित लाश हो, उड़ै ए गिद्ध कट्ठे होवैगें| 29 "उन
दिनां के क्लेश कै पाच्छै जिब्बे सूरज अँधेरा म्ह हो जावैगा, चाँद का चांदना
जान्दा रहवैगा, अर तारे अकास तै तळै पड़ैगें, अर अकास की सारी शक्ति
हलाई ज्यागी| 30 फेर माणस के बेट्टे का निशान अकास म्ह दीखैगा, अर फेर
धरती के सारे खानदान्ना के माणस छात्ती पिटैगें; अर माणस के बेट्टे ताही
बड्डी सामर्थ अर एश्वर्य कै गेल्या अकास के बादळा पै आंदे देक्खोगे| 31 वो
तुरही की तेज आवाज कै गेल्या आपणे दूत्तां नै खन्दावैगा, अर वे अकास के
इस सिरे तै उस सिरे ताही, च्यारू दिशाया तै उसके छांटे होया नै कट्ठे
करैगें| 32 "अंजीर के दरख्त तै यो उदाहरण सिक्खो : जिब्ब उसकी डाळी
कोमल हो जावै अर पत्ते लिकड़ण लाग ज्या सै, तो थम जाण ल्यो के गर्मी
का टेम लोवै सै| 33 इस्से तरिया तै जिब्ब थम इन सारी बात्तां नै देक्खो, तो
जाण ल्यो के वो लोवै सै, बल्के बारणै ए पै सै| 34 मै थम नै साच्ची कहूँ सूं के
जिब्ब ताही यें सारी बात पूरी ना हो लेवै, जद ताही इस पीढ़ी का अन्त कोनी
होवैगा| 35 धरती अर अकास टळ ज्याँगे, पर मेरी बात कोनी टळैगी|
36 "उस दिन अर उस घड़ी कै बारै म्ह कोए न्ही जाणदा, ना सुर्ग के दूत अर
ना बेट्टा, पर सिर्फ पिता| 37 जिस ढाळ नूह के दिन थे, उस्से तरिया ए
माणस के बेट्टे का आणा होगा| 38 क्यूँके जिस तरिया जल-प्रलय तै पहल्ये
के दिना म्ह, जिस दिन ताही नूह जहाज पै न्ही चढ़या, उस दिन ताही माणस
खावै-पीवै थे, अर उनम्ह ब्याह होवै थे| 39 अर जिब्ब ताही जल-प्रलय आकै
उन सारया ताही बहा न्ही लेग्या, जद ताही उन्नै किम्मे बेरा न्ही पाट्या; इस्से
तरिया ए माणस के बेट्टे का आणा भी होगा| 40 उस बखत दो जणे खेत म्ह
होवैगें, एक ले लिया जावैगा अर दूसरा छोड़ दिया जावैगा| 41 दो लुगाई चक्की
पीसदी रहवैगी, एक ले ली ज्यागी, अर दूसरी छोड़ दी ज्यागी| 42 ज्यातै
जागदे रहो, क्यूँके थमनै न्ही बेरा के थारा प्रभु किस दिन आवैगा| 43 पर न्यू
जाण ल्यो के जै घर का मालिक नै बेरा हो के चोर किस पहर आवैगा तो
जागदा रहन्दा, अर आपणे घर म्ह सेंध लागण न्ही देन्दा| 44 ज्यांतै थम भी
त्यार रहो, क्यूँके जिस घड़ी कै बारै म्ह थम सोचदे भी कोनी सो, उस्से घड़ी
माणस का बेट्टा आ जावैगा| 45 "आखर म्ह वो बिश्वास जोग्गा अर श्याणा
दास कौण सै, जिस ताही मालिक नै आपणे नौकर-चाकरा पर सरदार
ठहराया के बखत पै उन्नै खाणा देवै? 46 धन्य सै वो दास, जिस ताही उसका
मालिक आकै इसा ए करदा पावै| 47 मै थम नै साच्ची कहूँ सूं, वो उसनै
आपणी सारी सम्पति पै सरदार ठहरावैगा| 48 पर जै वो दुष्ट दास सोच्चण
लाग्गै के मेरै मालिक कै आण म्ह वार सै, 49 अर आपणे साथी नौकरां नै
पिट्टण लाग्गै, अर शराबियाँ कै गेल्या खावै-पीवै| 50 तो उस दास का मालिक
इसे दिन आवैगा, जिब्ब वो उसकी बाट न्ही देख्दा हो, अर इसै बखत जिसनै
वो जाणदा ना हो, 51 जिब्ब वो उसनै भारी ताड़ना देगा अर उसका हिस्सा
कपटिया कै गेल ठहरावैगा: ओड़ै रोणा अर दात पिसना होगाI

25 "सुर्ग का राज्य" उन दस कुँवारियाँ के जिसा होगा जो आपणी
मशाल ले कै बन्दड़े तै फेटण लिकड़ी| 2 उनम्ह पाँच बेअक्ल अर
पाँच श्याणी थीं| 3 बेअकली कुवारियाँ नै आपणी मशाल तो ली, पर आपणे
गेल्या तेल कोनी लिया; 4 पर श्याणीयां नै आपणी मशालां कै गेल्या आपणी
कुप्पियां म्ह तेल भी भर लिया| 5 जिब्ब बन्दड़े कै आण म्ह वार होई, तो वे
सारी ऊँघण लाग्गी अर सो गी| 6 "आधी रात नै धूम माच्ची: 'देक्खो, बन्दड़ा
आण लागरया सै! उसतै फेटण नै चाल्लो|' 7 फेर वे सारी कुँवारियाँ उठकै
आपणी मशाल ठीक करण लाग्गी| 8 अर बेअक्लियां नै श्याणीया तै कह्या,
'आपणे तेल म्ह तै कीमे हमनै भी द्यो, क्यूँके म्हारी मशाल बुझ्झण लागरी
सैं|' 9 पर श्याणीया नै जबाब दिया, 'कदे यो म्हारै अर थारै खातर पूरा ना
पड़ै; भला तो योए सै के थम बेचणीयां कै धोरै जाकै आपणे खातर मोल
लियावो|' 10 जिब्ब वे मोल लेण नै जावै थी तो बन्दड़ा आण पहोच्या, अर
जो त्यार थी, वे उसकै गेल्या ब्याह कै घर म्ह चली गई अर बारणा मूंद दिया
गया| 11 इसकै पाच्छै वे दूसरी कुँवारिया भी आकै कहण लाग्गी, 'हे मालिक,
हे मालिक, म्हारै खातर बारणा खोल दे|' 12 उसनै जबाब दिया, 'मै थारै
ताही साच्ची कहूँ सूं, मै थमनै कोनी जाणदा|' 13 इस करकै जागदे रहो, क्यूँके
थम ना उस दिन नै जाणो सो, ना उस घड़ी नै| 14 "क्यूँके या उस माणस की
सी हालत सै जिसनै परदेश जान्दे बखत आपणे नौकरां ताही बुलाकै आपणी
की कीमे सेवा करण नीं देन्दे| 13 इस तरियां थम आपणी रीत-रिवाजां तै,
जिन ताहीं थमनै ठहराया सै, पणमेशर का बचन टाळ द्यो सो; अर इसे-इसे
घण खरे काम करो सो|"

माणस ताहीं अशुद्ध करण आळी बात
(मत्ती 15:10-20)

14 फेर उसनै आदमियां ताहीं आपणे धोरै बुलाकै कह्या, "थम सारे मेरी
सुणो, अर समझो| 15 15 इसी कोए चीज कोनी जो माणस म्ह बाहरण तै
बड़कै उस ताहीं अशुद्ध करै; पर जो चीज माणस कै भीत्तर तै लिकड़ैं सैं, वैए
उस ताहीं अशुद्ध करैं सैं| 16 [जै किसे के सुणन नै कान हो तो सुण ले|]"
17 जिब्ब ओ भीड़ कै धोरै तै घरा गया, तो उसके चेल्यां नै इस उदाहरण कै
बारै म्ह उसतै बुझ्झया| 18 उसनै उनतै कह्या, "के थम भी इसे नासमझ सो?
के थम कोनी समझदे के जो चीज बाहरण तै माणस कै भीत्तर जावै सै वा
उसनै अशुद्ध कोनी कर सकदी? 19 क्यूँके वा उसकै मन म्ह नीं, पर पेट म्ह
जावै सै, अर संडास म्ह लिकड़ जावै सै?" न्यू कहकै उसनै सारी खाणै की
चिज़ां ताहीं शुद्ध ठहराया| 20 फेर उसनै कह्या, "जो माणस म्ह तै लिकड़ै सै,
ओए माणस नै अशुद्ध करै सै| 21 क्यूँके भीत्तर तै, यानिके माणस कै मन तै,
भुन्डे-भुन्डे ख्याल, जारी, चोरी, हत्या, बिगान्नी लुगाई धोरै जाणा, 22 लोभ,
दुष्टता, छळ, लुचपण, भुंडी नजर, बुराई, घमण्ड, अर बेअक्ली लिकड़ैं सैं|
23 ये सारी भुंडी बात भीत्तर तैए लिकड़ैं सैं अर माणस नै अशुद्ध करैं सैं|"

सुरूफिनिकी जात की लुगाई का बिश्वास
(मत्ती 15:32-39)

24 फेर ओ उड़ै तै उठकै सूर अर सैदा के देशां म्ह आया; अर एक घर म्ह
गया अर चाहवै था के किस्से न बेरा नी लागै, पर ओ लुह्क नीं सक्या|
25 अर जिब्बे एक लुगाई जिसकी छोट्टी छोरी म्ह भूंडी औपरी आत्मा थी,
उसका जिक्रा सुण कै आई, अर उसकै पायां म्ह पड़गी| 26 या यूनानी अर
सुरुफिनिकी जात की थी| उसनै उसतै बिनती करी के मेरी छोरी म्ह तै
औपरी आत्मा लिकाड़ दे| 27 उसनै उसतै कह्या, "पह्ल्या छोरयां नै छिक
लेण दे, क्यूँके छोरया की रोट्टी लेकै कुत्यां कै आगै गेरणा सई कोनी|"
28 उसनै उसताहीं जबाब दिया, "साच्ची सै प्रभु; फेरभी कुत्ते भी तो मेज कै
तळै बाळकां की रोट्टी का चूर-चार खा लेवैं सैं|" 29 उसनै उसतै कह्या, "इस
बात कै कारण चली जा; भूंडी औपरी आत्मा तेरी छोरी म्ह तै लिकड़ग्यी
सैं|" क्यूँके वा लुगाई प्रभु यीशु कै श्यामी जमा-ए दीनता दिखाण लाग्गी थी|
30 उसनै आपणे घरा आकै देख्या के छोरी खाट पै पड़ी सै, अर भूंडी औपरी
आत्मा लिकड़ग्यी सैं|

बहरे अर हाक्ळे माणस ताहीं चंगा करणा

31 फेर ओ सूर अर सैदा के देशां तै लिकड़ कै दिकापुलिस तै होंदा होड़
गलील की झील पै पहोच्या| 32 तो आदमियां नै एक बैहरै ताहीं जो हाकळा
भी था, उसकै धोरै आकै उसतै बिनती करी के आपणा हाथ उस पै धरै|
33 फेर ओ उसनै भीड़ तै न्यारा लेग्या, आपणी आन्गली उसकै कान्नां म्ह
सुड़ी, अर थूककै उसकी जीभ ताहीं छुया; 34 अर सुर्ग कान्नी देखकै आह
भरी, अर उसतै कह्या, "इप्फत्तह!" यानिके "खुल ज्या" ! 35 उसके कान
खुलगे अर उसकी जीभ की गाँठ भी खुलगी, अर ओ सुथरी-ढाल बोल्लण
लाग्या| 36 फेर उसनै उनताहीं सोट्टी दुवाकै कहया के किस्से तै ना कहियो;
पर जितना उसनै उन ताहीं चिताया उतना ए वे और प्रचार करण लाग्गे|
37 वे घणे हैराण होकै कहण लाग्गे, "उसनै जो कीमे करया सारा ठीक करया
सै; ओ बैहरया नै सुणन की, गूँगा नै बोल्लण की ताकत देवै सै|"

चार हजार माणसां ताहीं खुवाणा
(मत्ती 15:32-39)

8 उन दिनां म्ह जिब्ब भीड़ कड्डी होई, अर उनकै लोवै कीमे खाण नै
कोनी था, तो उसनै आपणे चेल्यां ताहीं धोरै बुलाकै उनतै कह्या,
2 "मन्नै इस भीड़ पै तरस आवै सै, क्यूँके यें तीन दिनां तै बराबर मेरै गेल्या सैं,
अर उनकै धोरै कीमे खाण नै भी कोनी| 3 जै मै उन्नै भूक्खा खन्दा द्यु, तो
राह म्ह थक हार कै रह ज्यांगें; क्यूँके इन म्ह तै कई दूर तै आरे सैं|" 4 उसकै
चेल्यां नै जबाब दिया, "उरै बण म्ह इतनी रोट्टी कोए कित तै ल्यावै के वे
छिक ज्यां?" 5 यीशु मसीह नै उनतै कह्या, "थारै धोरै कितनी रोट्टी सै?" उन्नै
कह्या, "सात|"
6 फेर उसनै माणसां ताहीं धरती पै बैठण का हुक्म दिया, अर वे सात रोट्टी
लीं अर धन्यवाद करकै तोड़ी, अर आपणे चेल्यां नै देन्दा गया के उनकै आगै
धरै, अर माणसां आगै परोस दिया| 7 उनकै धोरै माड़ी-सी छोट्टी मच्छियां भी
थीं; उसनै धन्यवाद करकै उनताहीं माणसां कै आगै धरण का हुक्म दिया|
8 वे खाकै छिकगें अर चेल्यां नै बचे होड़ टुकड़या के सात टोकरे भरकै ठाए|
9 अर आदमी चार हजार कै करीबन थे; फेर उसनै उनताहीं बिदा करया,
10 अर ओ जिब्बे आपणे चेल्यां कै गेल्या किस्ती पै चढ़कै दलमनूता प्रदेश नै
चल्या गया|

फरिसियाँ कै जरिये सुर्गीय निशान की माँग
(16:1-4)

11 फेर फरीसी आकै उसतै बहस करण लाग्गे, अर उस ताहीं परखण
खातर उसतै कोए सुर्गीय निशान माँग्या| 12 उसनै आपणी आत्मा म्ह आह
भरकै कह्या, "इस टेम के आदमी क्यांतै निशान टोहवैं सैं? मै थमनै साच्ची-
साच कहूँ सूं के इस टेम के आदमियां नै कोए निशान नीं दिया जावैगा|"
13 अर ओ उन्नै छोड़कै फेर किस्ती पै चढ़ग्या अर परली ओड़ चल्या गया|

फरिसियाँ अर हेरोदेस का खमीर
(मत्ती 16:5-12)

14 चेल्ले रोट्टी लेणा भुल गे थे, अर किस्ती म्ह उनकै धोरै एक-ए रोट्टी थी|
15 उसनै उनतै चिताया, "लखाओ, फरिसियाँ के खमीर अर हेरोदेस के
खमीर तै चौकन्ने रहो|" 16 वे आपस म्ह बिचार करकै कहण लाग्गे, "म्हारै
धोरै रोट्टी कोनी सै|" 17 न्यू जाण कै यीशु नै उनतै कह्या, "थम क्यांतै आपस
म्ह यो बिचार कररे सो के म्हारै धोरै रोट्टी कोनी?" के इब ताहीं नीं जाणदे अर
नीं समझदे? के थारा मन करड़ा होग्या सै? 18 के आँख राखदे होये भी कोनी
देखदे, अर कान राखदे होये भी कोनी सुणदे? के थारै याद कोनी| 19 के
जिब्ब मन्नै पाँच हजार कै खातर पाँच रोट्टी तोड़ी थीं तो थमनै टुकड़या के
कितनी टोकरियाँ भरकै ठाई?" उन्नै उसतै कह्या, "बारहा टोकरियाँ|"
20 "अर जिब्ब सात हजार कै खातर सात रोटियाँ थीं तो थमनै टुकड़यां के
कितने टोकरे भरकै ठाए थे?" उन्नै उसतै कह्या, "सात टोकरे|" 21 उसनै
उनतै कह्या, "के थम इब ताहीं नीं समझदे?" 22 वे बैतसैदा म्ह आए; अर
आदमी एक आंधे नै उसकै धोरै ली याये अर उसतै बिनती करी के उसनै
छुवै|

बैतसैदा म्ह एक आंधे ताहीं चंगा करणा

23 ओ उस आंधे का हाथ पकड़कै गाम तै बाहरण लेग्या, अर उसकी
आँखां म्ह थूककै उसपै हाथ धरे, अर उसतै बुझ्झया, "के तू कीमे देक्खै सै?"
24 उसनै निगांह ठाकै कह्या, "मै माणसां नै देक्खूँ सूं; वे मन्नै चाल्दे होये
दरखतां की ढाळ दीक्खैं सैं|" 25 फेर उसनै दुबारा उसकी आँखां पै हाथ
धरे, अर आंधे नै ध्यान तै देख्या| ओ चंगा होग्या, अर सारा कीमे सुथरी-
ढाळ देक्खण लाग्या| 26 उसनै उसताहीं न्यू कहकै खन्दाया, "इस गाम म्ह
पां भी नी धरणा|"

आपणी मौत कै बारै म्ह यीशु की भविष्यवाणी
(मत्ती 16:21-23; लूका 9:22)

27 यीशु अर उसकै चेल्ले कैसरिया फिलिप्पी के गाम्मां म्ह चले गये| राह म्ह
उसनै आपणे चेल्यां तै बुझ्झया, "माणस मन्नै के कहवैं सैं?" 28 उन्नै जबाब
दिया, "युहन्ना बपतिस्मा देण आळा, पर कोई एलिय्याह अर कोई नब्बियाँ म्ह
एक भी कहवैं सैं|" 29 उसनै उनतै बुझ्झया, "पर थम मन्नै के कहो सो?"
पतरस नै जबाब दिया, "तू मसीह सै|" 30 फेर उसनै उन ताहीं सोट्टी दुवा कै

कह्या के मेरै कारण यो किसे तै नीं कहणा| 31 फेर ओ उन्नै सिखाण लाग्या के माणस कै बेट्टे खातर जरूरी सै के ओ घणा दु:ख ठावै, अर पुरनिए अर प्रधान याजक, अर शास्त्री उसनै माड़ा समझ कै मार देवैं, अर ओ तीन दिन म्ह जिन्दा उठै| 32 उसनै या बात उनतै साफ-साफ कह दी| इस पै पतरस उसनै न्यारा ले जाकै झिड़कण लाग्या, 33 पर उसनै पलटकै आपणे चेल्यां कान्नी देख्या, अर पतरस नै झिड़ककै कह्या, "हे शैतान, मेरै श्यामी तै दूर हो; क्यूँके तू पणमेशर की बात्तां पै नीं, पर माणसां की बात्तां पै मन ल्यावै सै|"

यीशु कै पाच्छै चाल्लण का मतलब

(16:24-28; लूका 9:23-27)

34 उसनै भीड़ ताहीं आपणे चेल्यां सुदा बुलाकै कह्या, "जो कोई मेरै पाच्छै आणा चाहवै, ओ आपणै आप्पे तै नाट्टै अर आपणा क्रूस ठाकै, मेरै गेल हो ले| 35 क्यूँके जो कोई आपणी ज्यान बचाणा चाहवै ओ उसनै खोवैगा, पर जो कोई मेरै अर सुसमाचार खातर आपणी ज्यान खोवैगा, ओ उसनै बचावैगा| 36 जै माणस सारी दुनिया नै पा लेवै अर आपणी ज्यान का नुकसान ठावै, तो उसनै के फैयदा होगा? 37 माणस आपणी ज्यान कै बदलै के देवैगा? 38 जो कोए इस जार अर पाप्पी जात कै बिचाळै मेरै तै अर मेरी बात्तां तै सरमावैगा, माणस का बेट्टा भी जिब्ब ओ पवित्र दुत्तां कै गेल्या आपणे पिता की महिमा सुदा आवैगा, फेर उसतै भी सरमावैगा|"

9 अर उसनै उनतै कह्या, "मै थारै तै साच्ची-साच कहूँ सूं के जो उरै खड़े सैं, उनम्ह तै कोए-कोए इसे सैं, के जिब्ब ताहीं पणमेशर के राज नै सामर्थ सुदा आया होया नीं देख लेवैं, जद तक मौत का सुवाद कद्दे भी नीं चाखैगें|"

यीशु का रुपांतर

(मत्ती 17:1-13; लूका 9:28-36)

2 छ: दिन कै पाच्छै यीशु नै पतरस अर याकूब अर युहन्ना ताहीं गेल लिया, अर एक्कै म्ह किसे ऊँच्चै पहाड़ पै लेग्या| ओड़ै उनकै श्यामी उसकी शिक्ल बदल गी, 3 अर उसका लत्ता इसा चमकण लाग्या उरै ताहीं जमां धोळा-धप होया, के धरती पै कोए धोब्बी भी उसा धौळा कोनी कर सकदा| 4 अर उन्नै मूसा कै गेल्या एलिय्याह दिख्या; वें यीशु कै गेल्या बात करैं थे| 5 इस पै पतरस नै यीशु तै कह्या, "हे रब्बी, म्हारा उरै रहणा सई सै : इसकरकै हम तीन मण्डप बणावा; एक तेरै खातर, एक मूसा खातर, एक एलिय्याह खातर|" 6 क्यूँके उसनै कोनी बेरा था, के ओ के जबाब देवै, ज्यांतै के वे घणे डरगे थे| 7 फेर एक बादळ उनपै छाग्या, अर उस बादळ म्ह तै एक बाणी लिकड़ी, "यो मेरा लाडला बेट्टा सै, इसकी सुणो|" 8 फेर उन्नै चाणचक चौगरदे कै निगांह घुमाई, अर यीशु नै छोड़ आपणे गेल्या और कोए कोनी देख्या|

9 पहाड़ तै उतरदे टेम उसनै उनताहीं हुक्म दिया के जिब्ब ताहीं माणस का बेट्टा मरे होया म्ह तै जिन्दा नीं उठै, जद तक जो कीमे थमनै देख्या सै ओ किसे तै ना कहियो| 10 उन्नै इस बात ताहीं याद राख्या; आपस म्ह बहस करण लाग्गे, "मरे होया म्ह जिन्दा उठण का के मतलब सै?" 11 अर उन्नै उसतै बुझ्झया, "शास्त्री क्यांतै कहवैं सैं के एलिय्याह का पहल्या आणा जरूरी सै?" 12 उसनै उनताहीं जबाब दिया, "एलिय्याह साचए पहल्या आकै सारा कीमे सुधारैगा, पर माणस के बेट्टे कै कारण यो क्यांतै लिख्या सै के ओ घणा दु:ख ठावैगा, अर माड़ा गिणया जावैगा? 13 पर मै थारै ताहीं कहूँ सूं के एलिय्याह तो आ लिया, अर जिसा उसकै कारण लिख्या सै, उन्नै जो कीमे चाहया उसकै गेल्या करया|"

बाळक ताहीं चंगा करणा जिसम्ह औपरी आत्मा थी

मत्ती 17:14-21; लूका 9:37-43)

14 जिब्ब ओ चेल्यां कै धोरै आया, तो देख्या के उनकै चौगरदे नै बड्डी भीड़ लागरी सैं अर शास्त्री उनकै गेल्या बहस कररे सै| 15 उस ताहीं देखदे ए सारे घणे हैरान होण लाग्गे, अर उस कान्नी भाज कै नमस्कार करया| 16 उसनै उनतै बुझ्झया, "थम इन तै के बहस कररे सो?" 17 भीड़ म्ह तै एक नै उसतै जबाब दिया, "हे गुरु, मै आपणे बेट्टे ताहीं जिसम्ह गूँगी आत्मा बड़री सै, तेरै धोरै ल्याया था| 18 जित किते वा उसनै पकड़ै सै, उड़ए पटक देवै सै : अर ओ मुँह म्ह तै झाग भर लावै सै, अर दांत पिसदा, अर सुखदा जावै सै| मन्नै तेरे चेल्यां तै कह्या के उस ताहीं काड देवै, पर वे काड नीं सके|" 19 न्यू सुण कै उसनै उनतै जबाब देकै कह्या, "हे अबिश्वासी माणसो, मै कद ताहीं थारै गेल्या रहूँगा? अर कद ताहीं थारी सहूँगा? उस ताहीं मेरै धोरै ल्याओ|" 20 फेर वे उसनै उसकै धोरै लियाये : अर जिब्ब उसनै उस ताहीं देख्या, तो उस आत्मा नै जिब्बे उस ताहीं मरोड़या, अर ओ धरती पै पड़ग्या, अर मुँह तै झाग बगान्दे होये लोट्टण लाग्या| 21 यीशु मसीह नै उसकै पिता तै बुझ्झया, "इसकी या हालत कद तै सै?" उसनै कह्या, "बाळकपण तै| 22 उसनै इस ताहीं नास करण खातर कदे आग अर कदे पाणी म्ह गेरया, पर जै तू कीमे कर सकै, तो म्हारै पै तरस खाकै म्हारा भला कर|" 23 यीशु नै उसतै कह्या, "जै तू कर सकै सै? या के बात सै ! बिश्वास करण आळयां खातर सारा कीमे हो सकै सै|" 24 बाळक कै पिता नै जिब्बे हाड़े खाकै कह्या, "हे प्रभु, मै बिश्वास करूं सूं, मेरै अबिश्वास का उपाय कर|" 25 जिब्ब यीशु नै देख्या के माणस भाजकै भीड़ लावैं सैं, तो उस भूंडी औपरी आत्मा ताहीं न्यू कहकै धमकाया, "हे गूँगी अर बैहरी आत्मा, मै तन्नै हुक्म द्युँ सूं, उसम्ह तै लिकड़ आ, अर उसम्ह फेर कदे ना बड़ीये|" 26 फेर वा किल्की मारकै अर उसताहीं घणा मरोड़ कै, लिकड़ आई; अर बाळक मरया होया-सा होग्या, उरै ताहीं के घणे आदमी कहण लाग्गे के ओ मरग्या| 27 पर यीशु नै उसका हाथ पकड़ कै उस ताहीं ठाया, अर ओ खड़या होग्या| 28 जिब्ब ओ घरा आया, तो उसके चेल्यां नै एक्कै म्ह उसतै बुझ्झया, "हम उस ताहीं क्यांतै नीं काड सके?" 29 उसनै उनतै कह्या, "या जात, बिना प्रार्थना किसे और उपाय तै कोनी लिकड़ सकदी|"

आपणी मौत कै बारै म्ह यीशु की पुनः भविष्यवाणी

(मत्ती 17:22-23; लूका 9:43-45)

30 फेर वे ओड़ै तै चाल्ले, अर गलील म्ह होंदे होये जावै थे| ओ नीं चाहवै था के कोए जाणै, 31 क्यूँके ओ उपदेश देन्दा अर अपणे बारै म्ह उनतै कहवै था, "माणस का बेट्टा माणसां कै हाथ तै पकड़वाया जावैगा, अर वे उस ताहीं मार देवैगें, अर ओ मरण कै तीन दिन पाच्छै जिन्दा उठैगा|" 32 पर या बात उनकी समझ म्ह कोनी आई, अर वे उसतै बुझ्झण तै डरै थे|

सारया तै बड्डा कौण?

(मत्ती 18:1-5; लूका 9:46-48)

33 फेर वे कफरनहूम म्ह आये; अर घर म्ह आकै उसनै उनतै बुझ्झया, "राह म्ह थम किस बात पै बहस कररे थे?" 34 वे बोल-बाल्ले रहे, क्यूँके राह म्ह उन्नै आपस म्ह या बहस करी थी के म्हारै म्ह तै बड्डा कौण सै| 35 फेर उसनै बैठकै बारहा ताहीं बुलाया अर उनतै कह्या, "जै कोए बड्डा होणा चाहवै, तो सारया तै छोट्टा अर सारया का सेवक बणै|" 36 अर उसनै एक बाळक नै लेकै उनकै बिचाळै खड़या करया अर उस ताहीं गोद्दी म्ह लेकै उनताहीं कह्या, 37 "जो कोए मेरै नाम तै इसे बाळकां म्ह तै किसे एक नै भी अपणावै सै, ओ मन्नै अपणावै सै; अर जो कोए मन्नै अपणावै सै, ओ मन्नै नीं, बल्के मेरै खन्दाण आळे नै अपणावै सै|"

जो बिरोध म्ह नीं, ओ मेर म्ह

(लूका 9:49-50)

38 फेर युहन्ना नै उस ताहीं कह्या, "हे गुरु, हमनै एक माणस ताहीं तेरै नाम तै भूंडी औपरी आत्मां नै काडदे देख्या अर हम उसनै मना करण लाग्गे, क्यूँके ओ म्हारै पाच्छै कोनी आवै था|" 39 यीशु नै कह्या, "उस ताहीं मना मत करो; क्यूँके इसा कोए नीं जो मेरै नाम तै सामर्थ का काम करै, अर तावळ तै मन्नै भुंडा कह सकै, 40 क्यूँके जो म्हारै बिरोध म्ह नीं, ओ म्हारै कान्नी सै| 41 जो कोए एक कटोरा पाणी थमनै ज्यांतै प्यावै के थम मसीह के सो तो मै थमनै साची-साच कहूँ सूं के ओ आपणा प्रतिफळ किसे तरियां भी नीं खोवैगा|

ठोकर का कारण बनणा
(मत्ती 18:6-9; लूका 17:1-2)

42 "जो कोए इन छोट्या म्ह तै जो मेरै पै बिश्वास करै सै, किसे नै ठोकर
खुवावै तो उसकै खातर भला योए सै के एक बड्डी चाक्की का पाट उसकै गळ
म्ह लटकाया जावै अर ओ समुंदर म्ह गेरया जावै| 43 जै तेरा हाथ तन्नै ठोकर
खुवावै तो उसनै काट दे| टुंडा होकै जिन्दगी म्ह बड़ना तेरै खातर भला सै
के दो हाथ रहंदे होये नरक की आग म्ह गेरया जावै जो कदे नीं बुझै| 44 [जड़ै
उनका कीड़ा कोनी मरदा अर आग कोनी बुझदी|] 45 जै तेरा पैर तन्नै ठोकर
खुवावै तो उस ताहीं काट दे| लंगड़ा होकै जिन्दगी म्ह बड़ना तेरै खातर
भला सै के दो पैर रहंदे होये नरक की आग म्ह गेरया जावै| 46 [जड़ै उनका
कीड़ा कोनी मरदा अर आग कोनी बुझदी|] 47 जै तेरी आँख तन्नै ठोकर
खुवावै तो उसनै लिकाड़ दे| काणा होकै पणमेशर कै राज म्ह बड़ना भला सै
के दो आँख रहंदे होये तू नरक म्ह गेरया जावै| 48 जड़ै उनका कीड़ा कोनी
मरदा अर आग कोनी बुझदी| 49 क्यूँकै हरेक माणस आग तै नमकीन करया
जावैगा| 50 नूण आच्छा सै, पर जै नूण का सुवाद जांदा रहवै तो उसनै किस
तरियां नमकीन करोगे? आपणे म्ह नूण राक्खो, अर आपस म्ह मेल-मिलाप
तै रहो|"

तलाक कै बारै म्ह यीशु की शिक्षा
(मत्ती 19:1-12; लूका 16:18)

10 फेर ओ ओड़ै तै उठकै यहुदियाँ की सीम म्ह यरदन कै पार आया|
भीड़ उसकै धोरै कट्ठी होग्यी, अर आपणी रीत कै मुताबिक उन्नै
दुबारै उपदेश देण लाग्या|
2 फेर फरिसियाँ नै यीशु धोरै आकै उस ताहीं परखण खातर उसतै
बुझ्झया, "के यो ठीक सै के माणस आपणी बीरबान्नी नै छोड्डै?" 3 उसनै
उनताहीं जबाब दिया, "मूसा नै थारै ताहीं के हुक्म दिया सै?" 4 उन्नै कह्या,
"मूसा नै तो तलाक देकै अर छोडण का हुक्म दिया सै|" 5 यीशु नै उनतै
कह्या, "थारे मन कै करड़ै पण कै कारण उसनै थारै खातर यो हुक्म लिख्या|
6 पर सृष्टि की सरूआत तै पणमेशर नै नर अर नारी करकै उन ताहीं बणाया
सै| 7 इस कारण माणस आपणे माँ-पिता तै न्यारा होकै आपणी बीरबान्नी
गेल्या रहवैगा, 8 अर वे एक देही होवैगें; ज्यांतै के वे इब दो नीं पर एक देही
सै| 9 इस करकै जिस ताहीं पणमेशर नै जोड़या सै उस ताहीं माणस न्यारा
ना करै|" 10 घर म्ह चेल्यां नै उसकै कारण उसतै फेर बुझ्झया| 11 यीशु
मसीह नै उनतै कह्या, "जो कोए आपणी बीरबान्नी नै छोड़कै दुसरी तै ब्याह
करै तो ओ उस पहल्ड़ी कै बिरोध म्ह जारी करै सै; 12 अर जै बीरबान्नी
आपणे धणी नै छोड़कै दुसरे तै ब्याह करै तो वा जारी करै सै|"

बाळकां ताहीं आशरीवाद
(मत्ती 19:13-15; लूका 18:15-17)

13 फेर माणस बाळकां नै उसकै धोरै ल्याण लाग्गे के ओ उन पै हाथ धरै,
पर चेल्यां नै उन ताहीं धमकाया| 14 यीशु नै न्यू देख छोह म्ह होकै कह्या,
"बाळकां नै मेरै धोरै आण द्यो अर उन्नै मना ना करो, क्यूँकै पणमेशर का
राज्य इसा ए का सै| 15 मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं के जो कोए पणमेशर के
राज्य नै बाळक की तरियां नीं अपणावै, ओ उसम्ह कदे नीं बड़न पावैगा|
16 अर उसनै उन ताहीं गोद्दी म्ह लिया, अर उन पै हाथ धरकै उन ताहीं
आशीष दी|

अमीर माणस अर अनन्त जीवन
(मत्ती 19:16-30; लूका 18:18-30)

17 जिब्ब ओ ओड़ै तै लिकड़कै राह म्ह जावै था, तो एक माणस उसकै धोरै
भाज्दा होया आया, अर उसकै आगै घुटने टेक कै उसतै बुझ्झया, "हे उत्तम
गुरु, अनन्त जीवन का हकदार होण खातर मै के करूँ?" 18 यीशु नै उसतै
कह्या, "तू मन्नै उत्तम क्यांतै कहवै सै? कोए उत्तम कोनी, सिर्फ एक यानिके
पणमेशर| 19 तन्नै हुक्मां का तो बेराए सै : 'खून नीं करणा, जारी नीं करणा,
झूठी गवाही नीं देणा, छळ नीं करणा, चोरी नीं करणा, आपणे माँ-पिता का
आद्दर करणा' |" 20 उसनै यीशु तै कह्या, "हे गुरु, इन सारया नै मै बाळकपण
तै मान्दा आऊँ सूं|" 21 यीशु नै उसपै निगांह करकै उसतै प्रेम करया, अर
उसतै कह्या, "तेरै म्ह एक बात की कमी सै| जा, जो कीमे तेरा सै उसनै बेच
कै कन्गालां नै दे, अर तन्नै सुर्ग म्ह धन मिलैगा, अर आकै मेरै गेल्या हो ले|"
22 इस बात तै उसकै मुँह पै उदासी छाग्यी, अर ओ दुखी होंदा होया चल्या
गया, क्यूँकै ओ घणा साहूकार था|
23 यीशु नै चौगर देकै देखकै आपणे चेल्यां तै कह्या, "साहूकारां का
पणमेशर कै राज्य म्ह बड़ना घणा ओक्खा सै|" 24 चेल्ले उसकी बात तै हैरान
होये| इस पै यीशु नै उनतै दुबारै कह्या, "हे बाळको, जो धन पै भरोसा राखै
सै, उनकै खातर पणमेशर कै राज्य म्ह बड़ना किसा ओक्खा सै! 25 पणमेशर
कै राज्य म्ह साहूकार कै बड़नै तै ऊँट का सुई कै मोरै म्ह तै लिकड़ना सेल्ला
सै|" 26 वे घणे ए हैरान होकै आपस म्ह कहण लाग्गे, "तो फेर किसका उद्धार
हो सकै सै?" 27 यीशु नै उनकी ओड़ देखकै कह्या, "माणसां तै तो यो नीं हो
सकदा, पर पणमेशर तै हो सकै सै; क्यूँकै पणमेशर तै सारा कीमे हो सकै
सै|" 28 पतरस उसतै कहण लाग्या, "लखा, हम तो सारा कीमे छोड़ कै तेरै
गेल्या हो लिये सा|" 29 यीशु नै कह्या, "मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं के इसा
कोए कोनी, जिसनै मेरै अर मेरै सुसमाचार कै खातर घर या भाई-बाण या
माँ-पिता या बाळ-बच्चे आळों या खेत ताहीं छोड़ दिया हो, 30 अर इब इस टेम
सौ गुणा नीं पावै, घर, भाई-बाण, माँ-पिता या बाळ-बच्चे आळो व खेत ताहीं,
पर सताव गेल्या अर परलोक म्ह अनन्त जीवन| 31 पर घण खरे जो पहल्या
सै, पाच्छले होंगे; अर जो पाच्छले सै, वे पहल्या होंगे|"

आपणी मौत कै बारै म्ह यीशु मसीह की तीसरी भविष्यवाणी
(मत्ती 20:17-19; लूका 18:31-34)

32 वे यरूशलेम म्ह जान्दे होये राह म्ह थे, अर यीशु उनकै आगै-आगै जाण
लाग रहया था : चेल्ले हैरान थे अर जो उसकै गेल-गेल चाल्लै थे, वे डररे थे|
फेर ओ दुबारा उन बारहां नै लेकै उनतै ये बात कहण लाग्या, जो उस पै
आण आळी थीं, 33 "लखाओ, हम यरूशलेम नै जावां सा, अर माणस का
बेट्टा प्रधान याजकां अर शास्त्रियाँ कै हाथां पकड़वाया जावैगा, अर वे उसनै
मारण जोग्गा ठहरावैगें, अर गैर-जात के हाथां म्ह सौंपैगें| 34 वे उसका
मखौल करैगें, उस पै थूकैगें, उसकै कोरड़े मारैगें अर उसनै मार देवैगें, अर
तीन दिन कै पाच्छै ओ जिन्दा उठैगा|"

याकूब अर युहन्ना की बिनती
मत्ती 20:20-28)

35 फेर जब्दी के बेट्टे याकूब अर युहन्ना नै उसकै धोरै आकै कह्या, "हे गुरु,
हम चाहवां सां के जो कीमे हम तेरै तै माँगा, ओ तू म्हारै खातर करै|"
36 उसनै उनतै कह्या, "थम के चाहो सो के थारै खातर करूँ?" 37 उन्नै उसतै
कह्या, "हमनै यो दे के तेरी महिमा म्ह म्हारै म्ह तै एक तेरै सोळै अर दूसरा
तेरै ओळै बैट्ठै|" 38 यीशु नै उन ताहीं कह्या, "थम नीं जाणदे के थम के माँगो
सो? अर जो कटोरा मै पीण पै सूं, के थम पी सको सो? अर जो बपतिस्मा मै
लेण पै सूं, के थम ले सको सो?" 39 उन्नै उसतै कह्या, "म्हारै तै हो सकै सै|"
यीशु नै उनतै कह्या, "जो कटोरा मै पीण पै सूं, थम पीओगे; अर जो
बपतिस्मा मै लेण पै सूं, उसनै लेओगे| 40 पर जिन खातर त्यार करया गया
सै, उन ताहीं छोड़ और किसे नै आपणी सोळी अर आपणी ओळी ओड़
बिठाणा मेरा काम कोनी|"
41 न्यू सुण कै दसां नै याकूब अर युहन्ना ताहीं चिड़ाया| 42 तो यीशु नै उन
ताहीं धोरै बुलाकै उनतै कह्या, "थमनै बेरा सै के जो और जात के हाकिम
समझे जावैं सैं, वे उन पै राज करैं सैं; अर उनम्ह जो बड्डे सैं, उन पै हक्क
जमावैं सैं| 43 पर थारै म्ह इसा कोनी सैं, बल्के जो कोए थारै म्ह बड्डा होणा
चाहवैं ओ थारा सेवक बणै; 44 अर जो थारै म्ह प्रधान होणा चाहवैं, ओ
सारया का दास बणै| 45 क्यूँकै माणस का बेट्टा ज्यांतै कोनी आया के उसकी
सेवा-पाणी करी जावै, पर ज्यांतै आया के खुद सेवा-पाणी करै, अर घणा नै
छुड़ाण खातर आपणी ज्यान देवै|"

आंधे बरतिमाई ताहीं आंखां का दान
(मत्ती 20:29-34; लूका 18:35-43)

46 वे यरीहो म्ह आये, अर जिब्ब ओ अर उसके चेल्ले, अर एक बड्डी भीड़
यरीहो तै लिकड़ै थीं, फेर तिमाई का बेट्टा बरतिमाई, एक आन्धा भिखारी,
सड़क कै कंठारै बैठ्या था| 47 उसनै न्यू सुणकै यीशु नासरी सै, रुक्के मार-
मारकै कहण लाग्या, "हे दाऊद की ऊलाद, यीशु मेरै पै दया कर!" 48 घणाए
नै उस ताहीं धमकाया के बोल-बाल्ला रह, पर ओ और भी रुक्के मारण लाग्या,
"हे दाऊद की ऊलाद, मेरै पै दया कर!" 49 फेर यीशु नै ठहरकै कह्या,
"उसताहीं बुलाओ|" अर आदमियां नै उस आंधे ताहीं बुलाकै उसतै कह्या,
"ढेठ कर! उठ! ओ तन्नै बुलावै सै|" 50 ओ आपणा लत्ता बगाकै तोळा
उठ्या, अर यीशु कै धोरै आया| 51 इस पै यीशु नै उसतै कह्या, "तू के चाहवै
सै के मै तेरै खातर करूँ?" आंधे नै उसतै कह्या, "हे रब्बी, न्यू कर के मै
देक्खण लाग्गूँ|" 52 यीशु नै उसतै कह्या, "चल्या जा, तेरै बिश्वास नै तेरै ताहीं
चंगा करया सै|" ओ जिब्बे देखण लाग्या, अर राह म्ह उसकै गेल्या हो
लिया|

यरूशलेम म्ह विजय-प्रवेश
(मत्ती 21:1-11; लूका 19:28-40; युहन्ना 12:12-19)

11 जिब्ब वे यरूशलेम कै लोवै, जैतून पहाड़ पै बैतफगे अर बैतनिय्याह
कै धोरै आये तो उसनै आपणे चेल्यां म्ह तै दोआ ताहीं न्यू कहकै
खन्दाया, 2 "श्यामी कै गाम म्ह जाओ, अर उसम्ह पहोचदये एक गधी का
बच्चा, जिस पै कदे कोए नीं चढ़या, बन्धया होया थमनै पावैगा| उसनै खोल
ल्याओ| 3 जै थमनै कोए बुझ्झै, 'यो के करो सो?' तो कहियो, 'प्रभु नै इस तै
काम लेणा सै,' अर ओ तोळा उसनै खन्दा देवैगा|" 4 उन्नै जाकै उस बच्चे
ताहीं बाहरण दरवाजै कै धोरै आँगन म्ह जुड़या होया पाया, अर खोल्लण
लाग्गे| 5 उनम्ह तै जो ओड़ै खड़े थे, कई कहण लाग्गे, "यो के करो सो, गधी
कै बच्चे नै क्यांतै खोल्लो सो?" 6 जिसा यीशु नै कह्या था, उस्से तरियां उन्नै
कह दिया; फेर माणसां नै उन ताहीं जाण दिया| 7 उन्नै बच्चे ताहीं यीशु कै
धोरै ल्याकै उस पै आपणे लत्ते गेरे अर ओ उसपै बैठग्या| 8 फेर घणखरया
नै आपणे लत्ते राह म्ह बिछाए अर औरां नै खेत्तां म्ह तै डाळीं काट-काट कै
फैला दीं| 9 जो उसकै आगै-आगै जावै अर पाच्छै-पाच्छै चाल्लै थे, रुक्के मार-
मार कै कहन्दे जावै थे, "होशाना! धन्य सै ओ जो प्रभु कै नाम तै आवै सै!
10 म्हारै पिता दाऊद का राज जो आवै सै; धन्य सै! अकास म्ह होशाना!"
11 ओ यरूशलेम पहोचकै मन्दर म्ह आया, अर चौगरदे की सारी चिज्ञां नै
देखकै बारहां कै गेल्या बैतनिय्याह गया, क्यूँकै साँझ होग्यी थी|

अंजीर का बिना फळ आळा दरख्त
(मत्ती 21:18-19)

12 दुसरे दिन जिब्ब वे बैतनिय्याह तै लिकड़े तो उसनै भूख लाग्गी| 13 ओ
दूर तै अंजीर का हरया दरख्त देख कै लोवै गया के, के बेरा उसम्ह कीमे पा
ज्या : पर पत्त्या नै छोड़ कै कीमे नीं पाया; क्यूँकै फळ का टेम कोनी था|
14 इस पै उसनै कह्या, "इब तै पाच्छै कोए तेरा फळ नीं खावै!" अर उसके
चेल्ले सुनण लागरे थे|

मंदर तै बिपारियाँ का काड्या जाणा
(मत्ती 21:12-17; लूका 19:45-48; युहन्ना 2:13-22)

15 फेर वे यरूशलेम म्ह आये, अर ओ मन्दर म्ह गया; अर ओड़ै जो लेण-
देण करै थे उन्नै बाहरण लिकाड़ण लाग्या, सर्राफां के पीढ़े अर कबूतर बेचण
आळयां की पाटड़ी पलट द्यी, 16 अर मन्दर म्ह तै किसे ताहीं बासण लेकै
आण-जाण कोनी दिया| 17 अर उपदेश करकै उनतै कह्या, "के न्यू नीं
लिख्या सै के मेरा घर सारी जात्तां कै खातर प्रार्थना का घर कुहवावैगा? पर
थमनै इस ताहीं डाकुआं की खोह बणा दी सै|" 18 न्यू सुणकै प्रधान याजक
अर शास्त्री उसकै नास करण का मौक्का टोहण लाग्गे; क्यूँकै वे उसतै डरै थे,
ज्यांतै के सारे माणस उसकै उपदेश तै हैरान होवै थे| 19 अर हरेक दिन
साँझ होंदए ओ नगर तै बाहरण जाया करै था|

सुक्खे अंजीर कै दरख्त तै शिक्षा
(मत्ती 21:20-22)

20 फेर तड़कए नै जिब्ब वे ओड़ै कै जावै थे तो उन्नै उस अंजीर कै दरख्त
को जड़ ताहीं सुख्या होया देख्या| 21 पतरस नै वा बात याद आई, अर
उसनै उसतै कह्या, "हे रब्बी, लखा! यो अंजीर का दरख्त जिस ताहीं तन्नै
श्राप दिया था, सूख गया सै|" 22 यीशु नै उस ताहीं जबाब दिया, "पणमेशर
पै बिश्वास राक्खो| 23 मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं के जो कोए इस पहाड़ नै
कहवै, 'तू उखड़ जा, अर समुन्दर म्ह जा पड़,' अर आपणे मन म्ह शक नीं
करै, बल्के बिश्वास करै के जो कहूँ सूं ओ हो जावैगा, तो उसकै खातर ओये
होवैगा| 24 ज्यांतै मै थमनै कहूँ सू के जो कीमे थम प्रार्थना करकै माँगो, तो
बिश्वास कर ल्यो के थमनै मिलग्या, अर थारै खातर हो जावैगा| 25 अर जिब्ब
कदे थम खड़े होकै प्रार्थना करो तो जै थारै मन म्ह किसे कै कारण कीमे
बिरोध हो, तो उसनै माफ़ करो : ज्यांतै के थारा सुर्गीय पिता भी थारै अपराध
माफ़ करै| 26 [अर जै थम माफ़ ना करो तो थारा पिता भी जो सुर्ग म्ह सै,
थारा कसूर माफ़ कोनी करैगा|"]

यीशु के अधिकार पै सवाल
(मत्ती 21:23-27; लूका 20:1-8)

27 वे फेर यरूशलेम म्ह आये, अर जिब्ब ओ मन्दर म्ह टहलरया था तो
प्रधान याजक अर शास्त्री अर पुरनिए उसकै धोरै आकै बुझ्झण लाग्गे, 28 "तू
ये काम किस हक्क तै करै सै? अर यो हक्क तेरै ताहीं किसनै दिया सै के तू ये
काम करै?" 29 यीशु नै उनतै कह्या, "मै भी थारै तै एक बात बुझ्झु सूं; मन्नै
जबाब दियो तो मै थमनै बताऊँगा के ये काम किस हक्क तै करूँ सूं| 30 युहन्ना
का बपतिस्मा के सुर्ग की ओड तै था या माणसां की ओड़ तै था| मन्नै जबाब
द्यो|" 31 फेर वे आपस म्ह बहसण लाग्गे के जै हम कहवां 'सुर्ग की ओड़ तै,'
तो ओ कहवैगा, 'फेर थमनै बिश्वास क्यांतै नीं करया?' 32 अर जै हम कहवां,
'माणसां की ओड़ तै,' तो माणसां की भीड़ का भय सै, क्यूँके सारे जाणै सै के
युहन्ना साच्चीये नब्बी था| 33 आखर म्ह उन्नै यीशु ताहीं जबाब दिया, "हमनै
नीं बेरा|" यीशु नै उनतै कह्या, "मै भी थारै तै कोनी बतान्दा के ये काम किस
हक्क तै करूँ सूं|"

दुष्ट किसानां का उदाहरण
(मत्ती 21:33-46; लूका 20:9-19)

12 फेर ओ उदाहरणां म्ह उनतै बात करण लाग्या : "किसे माणस नै
दाख की बारी लगाई, अर उसकै चौगरदे नै बाड़ा बांध्या, अर रस
का कुण्ड खोद्या, अर बुरजी बनाई; अर किसानां ताहीं उसका ठेक्का देकै
प्रदेश चल्या गया| 2 फेर फळ की सम्मो म्ह उसनै किसानां कै धोरै एक
नौकर खन्दाया के किसानां तै दाख की बारी के फळां का हिस्सा लेवै| 3 पर
उन्नै उस ताहीं पकड़कै छेत्त्या अर रित्ते हाथां बोहड़ा दिया| 4 फेर उसनै एक
और नौकर ताहीं उनकै धोरै खन्दाया; उन्नै उसका सिर फोड़ दिया अर
उसकी बेईज़्ज़ती करी| 5 फेर उसनै एक और ताहीं खन्दाया; उन्नै उस ताहीं
मार दिया| फेर उसनै और घणया ताहीं खन्दाया; उनम्ह तै उन्नै कीमे तो
छेत्ते अर कीमे मार दिये| 6 इब एक ए रहग्या जो उसका प्यारा बेट्टा था;
आखर म्ह उसनै उस ताहीं भी उनकै धोरै न्यू सोच कै खन्दाया के वे मेरै बेट्टे
की इज़्ज़त करैगें| 7 पर उन किसानां नै आपस म्ह कह्या, "योए तो वारिस सै;
आओ, हम इसनै मार द्या, फेर वसीयत म्हारी हो जावैगी|" 8 अर उन्नै उस
ताहीं पकड़ कै मार दिया, अर दाख की बारी म्ह बाहरण बगा दिया|
9 "इसकरकै दाख की बारी का मालिक के करैगा? ओ आकै उन किसानां का
नास करैगा, अर दाख की बारी दुसरयां नै दे देवैगा| 10 के थमनै पवित्र ग्रन्थ
म्ह यो बचन कोनी पढ़या : 'जिस पत्थर ताहीं राजमिस्त्रियाँ नै निकम्मा
ठहराया था, ओए कुणै का सिरा होग्या; 11 यो प्रभु की ओड़ तै होया, अर
म्हारी निगांह म्ह अनोक्खा सै'|" 12 फेर उन्नै उस ताहीं पकड़ना चाहया;

क्यूँके समझगे थे के उसनै म्हारै बिरोध म्ह यो उदाहरण कह्या सै| पर वे माणसां तै डरगे, अर उसनै छोड़ कै चले गये|

कैसर ताहीं कर देणा
(मत्ती 22:15-22; लूका 20:20-26)

13 फेर उसनै उस ताहीं बात्तां म्ह उलझाण खातर कीमे फरिसियाँ अर
हेरोदियाँ ताहीं उसकै धोरै खन्दाया| 14 उन्नै आकै उसतै कह्या, “हे गुरु,
हमनै बेरा सै, के तू साच्चा सै, अर किसे की परवाह नीं करदा, क्यूँके तू
माणसां का मुँह देखकै बात कोनी करदा, पर पणमेशर की राही सच्चाई तै
बतावै सै| तो के कैसर ताहीं कर देणा सई सै या कोनी? 15 हम देवां, या नीं
देवां?” उसनै उनका कपट जाणकै उनतै कह्या, “मन्नै क्यांतै परखो सो? एक
दीनार मेरै धोरै ल्याओ, के मै उसनै देखूँ|” 16 वे लीयाए, अर उसनै उनतै
कह्या, “या छाप अर नाम किसका सै?” उन्नै कह्या, “कैसर का|” 17 यीशु नै
उनतै कह्या, “जो कैसर का सै ओ कैसर ताहीं, अर जो पणमेशर का सै
पणमेशर ताहीं द्यो|” फेर वे उसपै घणे हैरान होण लाग्गे|

पुनरुत्थान अर ब्याह
(मत्ती 22:23-33; लूका 20:27-40)

18 फेर सदुकियाँ नै भी, जो कहवै सै के मरे होया का जी उठणा सै ए
कोनी; उसकै धोरै आकै उसतै बुझ्झया, 19 “हे गुरु, मूसा नै म्हारै खातर
लिख्या सै के जै किसे का भाई बेऊलादा मर जावै अर उसकी बीरबान्नी रह
जावै, तो उसका भाई उसकी बीरबान्नी तै ब्याह कर लेवै अर आपणे भाई
खातर पीढ़ी पैदा करै| 20 सात भाई थे| पहलड़ा भाई ब्याह करकै बेऊलादा
मरग्या| 21 फेर दुसरे भाई नै उसकी बीरबान्नी तै ब्याह कर लिया अर
बेऊलादा मरग्या; अर उस्से तरियां तीसरे नै भी करया| 22 अर सात्वां कै
ऊलाद कोनी होई| सारया तै पाच्छै वा लुगाई भी मरगी| 23 आखर जिन्दा
उठण पै वा उनम्ह तै किसकी बीरबान्नी होवैगी? क्यूँके वा सात्वां की
बीरबान्नी हो ली थी|”
24 यीशु नै उनतै कह्या, “के थम इस कारण तै भूल म्ह नीं पड़े सो के थम
ना तो पवित्र ग्रन्थए नै जाणो सो, अर ना पणमेशर कै सामर्थ नै? 25 क्यूँके
जिब्ब वे मरे होया म्ह तै जिन्दा उठैगें, तो वे ना ब्याह करैगें, अर ना ब्याह म्ह
दिये जावैगें, पर सुर्ग म्ह दुतां कै जिसे होवैगें| 26 मरे होया कै जिन्दा होण कै
कारण के थमनै मूसा की किताब म्ह झाड़ी की कहानी म्ह कोनी पढ़या के
पणमेशर नै उसतै कह्या, ‘मै अब्राहम का पणमेशर, अर इसहाक का पणमेशर,
अर याकूब का पणमेशर सूं? 27 पणमेशर मरे होया का नीं बल्के जिन्दयां का
पणमेशर सै; आखर म्ह थम बड्डी भूल म्ह पड़े सो|”

सारया तै बड्डी आज्ञा
(मत्ती 22:34-40; लूका 10:25-28)

28 शास्त्रियाँ म्ह तै एक नै आकै उनताहीं बहस करदे सुणया, अर न्यू जाण
कै उसनै उन ताहीं सई ढाळ तै जबाब दिया, उसतै बुझ्झया, “सारया तै
खास हुक्म कौण-सा सै?” 29 यीशु नै उस ताहीं जबाब दिया, “सारे हुक्मां म्ह
तै यो खास सै : ‘हे इस्राएल सुण! प्रभु म्हारा पणमेशर एक ही प्रभु सै, 30 अर
तू प्रभु आपणे पणमेशर तै आपणे सारे मन तै, अर आपणे सारे प्राण तै, अर
आपणी सारी समझ तै, अर आपणी सारी शक्ति तै प्रेम राखणा|’ 31 अर
दूसरा यो सै, ‘तू आपणे पड़ोसी तै आपणे जिसा प्रेम राखणा|’ इस तै बड्डा
और कोए हुक्म कोनी|” 32 शास्त्री नै उसतै कह्या, “हे गुरु, जमा सई! तन्नै
साच्ची कही के ओ एक-ए सै, अर उस ताहीं छोड़ और कोए कोनी| 33 अर
उसतै सारे मन तै, अर सारे प्राण तै, अर सारी समझ तै, अर सारी शक्ति तै
प्रेम राखणा; अर पड़ोसी तै आपणे जिसा प्रेम राखणा, सारे होमबलीयाँ अर
बलिदानां तै बाध सै|” 34 जिब्ब यीशु नै देख्या के उसनै समझ तै जबाब
दिया, तो उसतै कह्या, “तू पणमेशर कै राज तै दूर कोनी|” अर किसे नै फेर
उसतै बुझ्झण की हिम्मत कोनी होई|

मसीह किसका बेट्टा सै?
(मत्ती 22:41-46; लूका 20:41-46)

35 फेर यीशु नै मन्दर म्ह उपदेश करदे होये न्यू कह्या, “शास्त्री किस तरियां
कहवैं सैं के मसीह दाऊद का बेट्टा सै? 36 दाऊद नै खुद ए साच्ची आत्मा म्ह
होकै कह्या सै : ‘प्रभु नै मेरै प्रभु तै कह्या, “मेरै सोळी ओड़ बैठ, जिब्ब ताहीं के
मै तेरे बैरियाँ नै तेरै पायां की पीढ़ी नीं कर द्युँ|”’ 37 दाऊद तो खुद ए उसनै
प्रभु कहवै सै, फेर ओ उसका बेट्टा किस-तरा होग्या ?” अर भीड़ के माणस
उसकी राज़ी होकै सुणै थे|

शास्त्रियाँ तै सावधान
मत्ती 23:1-36; लूका 20:45-46)

38 उसनै आपणे उपदेश म्ह उनतै कह्या, “शास्त्रियाँ तै चौकन्ने रहो, जो
लाम्बे-लाम्बे चोगे पहरे होड़ हांडै अर बजारां म्ह नमस्कार, 39 अर मन्दरां म्ह
खास-खास बैठणा अर जिमण म्ह खास-खास जंगहा भी चाहवैं सैं| 40 वे
बिधवा के घरां नै खा जावैं सैं, अर दिखावै खातर घणी वारी ताहीं प्रार्थना
करदे रहवै सै| ये घणा दण्ड पावैगें|”

कंगाल बिधवा का दान
(लूका 21:1-4)

41 ओ मन्दर कै भण्डार कै श्यामी बैठकै देक्खै था के आदमी मन्दर कै
भण्डार म्ह किस ढाळ पिस्से घालैं सैं; अर घण खरे साहुकारां नै घणाए कीमे
घालया| 42 इतनै म्ह एक कंगाल बिधवा नै आकै दो दमदियाँ, जो एक अधेले
कै बराबर होवै सै, घाल्लीं| 43 फेर उसनै आपणे चेल्यां ताहीं धोरै बुलाकै
कह्या, “मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं के मन्दर कै भण्डार म्ह घाल्लण आळयां
म्ह तै इस कंगाल बिधवा नै सारया तै बाध घाल्लया सै; 44 क्यूँके सारया नै
आपणे धन की बढ़दी म्ह तै घाल्लया सै, पर इसनै आपणी घटदी म्ह तै जो
कीमे उसका था, यानिके आपणी सारी कमाई घाल दी सै|”

मंदर कै विनाश की भविष्यवाणी
(मत्ती 24:1-2; लूका 21:5-6)

13 जिब्ब ओ मन्दर तै लिकड़ै था, तो उसकै चेल्यां म्ह तै एक नै उसतै
कह्या, “हे गुरु, लखा, किसे बड्डे-बड्डे पत्थर अर किसे सुथरे भवन
सैं!” 2 यीशु नै उनतै कह्या, “के थम ये बड्डे-बड्डे भवन देक्खो सो : उरै पत्थर
पै पत्थर भी बच्चा कोनी रहवैगा जो गेरया नीं जावैगा|”

संकट अर क्लेश
(मत्ती 24:3-14; लूका 21:7-19)

3 जिब्ब ओ जैतून कै पहाड़ पै मन्दर कै श्यामी बैठ्या था, तो पतरस अर
याकूब अर युहन्ना अर अद्रियास नै न्यारे जाकै उसतै बुझ्झया, 4 “हमनै बता
के ये बात कद होवैगी? अर जिब्ब ये सारी बात पूरी होण पै होवैगी उस टेम
का के निशान होवैगा?” 5 यीशु नै उनतै कहण लाग्या, “चौकन्ने रहो के कोए
थमनै भकावै नीं| 6 घण खरे मेरै नाम तै आकै कहवैगें, ‘मै ओए सूं!’ अर घणा
ए नै भकावैगें| 7 जिब्ब थम रोळें, अर रोळां का जिक्रा सुणो, तो घबराईयो
ना; क्यूँके इनका होणा जरूरी सै, पर उस टेम खात्मा कोनी होवैगा| 8 क्यूँके
जात पै जात, राज पै राज चढाई करैगा| हर किते हाल्लण आवैगें, अर अकाल
पड़ैगें, ये तो दुःखां की सरुआत ए होवैगी|
9 “पर थम आपणे बारै म्ह चौकन्ने रहो; क्यूँके माणस थारै ताहीं बड्डी
पंचायतां म्ह सौपैगें अर थम पंचायतां म्ह छित्तोगे, अर मेरै कारण हाकिमां
अर राजयां कै आगै खड़े करे जाओगे, ताके उन खातर गवाही होवै| 10 पर
जरूरी सै के पह्ल्या सुसमाचार सारी जात्तां म्ह प्रचार करया जावै|
11 जिब्ब वे थमनै ले जाकै सौपैगें, तो पहल्या तै फ़िक्र ना करियो इब हम के
कहवांगें; पर जो कीमे थमनै उस्से टेम बताया जावै ओए कहियो; क्यूँके
बोल्लण आळे थम कोनी सो, पर पवित्र आत्मा सै| 12 भाई नै भाई, पिता नै
बेट्टा घात खातर सौपैगें, अर बाळक माँ-पिता कै बिरोध म्ह खड़े होकै उन

ताहीं मरवां देवैगें| 13 अर मेरै नाम कै कारण सारे माणस थारै तै बैर करैगें;
पर जो आखर ताहीं धीरज धरैगा, उस्से का उद्धार होवैगा|

महासंकट-काल
(मत्ती 24:15-28; लूका 21:20-24)

14 "आखर म्ह जिब्ब थम उस उजाड़णआळी भुंडी चीज ताहीं जित सई
कोनी ओड़ै खड़ी देक्खो, (पढ़णआळा समझ लेवै) फेर जो यहूदियां म्ह सो,
वे पहाड़ां म्ह भाज जावैं; 15 जो छात पै हो, ओ आपणे घर म्ह कीमे लेण
खातर तळै नीं उत्तरैं अर ना भीत्तर जावैं; 16 अर जो खेत म्ह हो, ओ आपणा
लत्ता लेण खातर पाच्छै नीं बोहड़ैं| 17 उन दिनां म्ह जो पेट तै हो अर दूध
पिलान्दी होंगी, उनकै खातर हाय-हाय! 18 अर प्रार्थना करया करो के यो
जाड्या म्ह नीं हो| 19 क्यूँकै वे दिन इसे क्लेश के होवैगें के सृष्टी की
सरूआत तै, जो पणमेशर नै रचाई सै, इब ताहीं ना तो होये अर ना फेर कदे
होवैगें| 20 जै प्रभु उन दिनां नै नीं घटान्दा, तो कोए जीव भी कोनी बचदा; पर
उन छाँटे होया कै कारण जिन ताहीं उसनै छाटया सै, उन दिनां ताहीं
घटाया| 21 उस टेम जै कोए थारै तै कहवै, 'लखाओ, मसीह उरै सै,' या
'लखाओ, ओड़ै सै,' तो बिश्वास ना करियो; 22 क्यूँकै झूठे मसीह अर झूठे
नब्बी उठ खड़े होवैगें, अर निशान अर अनोक्खे काम दिखावैगें के जै हो सकै
तो छांटे होया नै भी भका देवैं| 23 पर थम चौकन्ने रहियो; लखाओ, मन्नै थारै
तै सारी बात पहल्या ए तै बता दी सै|

माणस के बेट्टे का पुनरागमन
(मत्ती 24:29-31; लूका 21:25-28)

24 "उन दिनां म्ह, उस क्लेश कै पाच्छै सूरज अन्धेरा हो जावैगा, अर चाँद
चाँदणा कोनी देवैगा; 25 अर अकास के तारे पड़ण लागैगें; अर अकास की
शक्ति हैलाई जांवैगीं| 26 फेर माणस कै बेट्टे नै बड्डी सामर्थ अर महिमा कै
गेल्या बादळां पै आंदे देक्खोगे| 27 उस टेम ओ आपणे दुतां नै खन्दाकै,
धरती कै इस सिरे तै अकास कै उस सिरे ताहीं, च्यारू दिशायां तै आपणे
छांटे होये माणसां नै कट्ठा करैगा|

अंजीर के दरख्त का उदाहरण
(मत्ती 24:32-35; लूका 21:29-33)

28 "अंजीर कै दरख्त तै यो उदाहरण सीक्खो : जिब्ब उसकी डाळी कोमल
हो जावै, अर पत्ते लिकड़ण लागैं सैं; तो थम जाण ल्यो सो के गर्मी का टेम
लोवै सै| 29 इस्से तरियां जिब्ब थम इन बात्तां नै होंदे देक्खो, तो जाण ल्यो
के ओ लोवै सै बल्के दरवाजए पै सै| 30 मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं के जिब्ब
ताहीं ये बात नीं हो लेंदी, जदताहीं ये पीढ़ी जान्दी नीं रहवैगें| 31 अकास अर
धरती टळ जावैगें, पर मेरी बात कदे नीं टळैगी|

जागदे रहो
(मत्ती 24:36-44)

32 "उस दिन या उस टेम कै बारै म्ह कोए नीं जाणदा, ना सुर्ग के दूत अर
ना बेट्टा; पर सिर्फ पिता| 33 लखाओ, जागदे अर प्रार्थना करदे रहो; क्यूँकै
थमनै नीं बेरा के ओ टेम कद आवैगा| 34 या उस माणस की जिसी हालत सै,
जो प्रदेश जान्दे टेम आपणा घर छोड़ जावै, अर आपणे नौकरां ताहीं हक्क देवै
: अर हरेक नै उसका काम बता देवै, अर पहरेदार ताहीं जागदे रहण का हुक्म
देवै| 35 इसकरकै जागदे रहो, क्यूँकै थमनै नीं बेरा के घर का मालिक कद
आवैगा, साँझ नै या आधी रात नै, या मुर्गे के बाँग देण के टेम या तड़कए
तड़कै नै| 36 इसा ना हो के ओ चाणचक आकै थमनै सोंदे पावै| 37 अर जो
मै थमनै कहूँ सूं, ओए सारया नै कहूँ सूं : जागदे रहो!"

यीशु कै खिलाफ षडयंत्र
(मत्ती 26:1-5; लूका 22:3-6; युहन्ना 11:45-53)

14 दो दिनां पाच्छै फसह अर अखमीरी रोट्टी का त्यौहार होण आळा
था| प्रधान याजक अर शास्त्री इस बात की टाह म्ह थे के उस ताहीं
किस ढाळ कपट तै पकड़ कै मार देवै; 2 पर वे कहवै थे, "त्यौहार कै दिन नीं,
कदे इसा ना हो के माणसां म्ह रोळा माचै|"

बैतनिय्याह म्ह यीशु का अभ्यंजन
(मत्ती 26:6-13; युहन्ना 12:1-8)

3 जिब्ब ओ बैतनिय्याह म्ह शमौन कोढ़ी कै घरा भोजन खाण बैठ्या होया
था, फेर एक लुगाई संगमरमर कै बासण म्ह जटामांसी का महंगा शुद्ध शैन्ट
लेकै आई; अर बासण तोड़ कै शैन्ट ताहीं उसकै सिर पै पलटया| 4 पर
कोए-कोए आपणे मन म्ह चीड़कै कहण लाग्गे, "इस शैन्ट क्यांतै सत्यानास
करया गया? 5 क्यूँकै यो शैन्ट तो तीन सौ दीनार तै घणी कीमत पै बेच कै
कंगालां म्ह बांडया जा सकै था|" अर उस ताहीं झिड़कण लाग्गे| 6 यीशु नै
कह्या, "उस ताहीं छोड़ द्यो; उसनै क्यांतै काल करो सो? उसनै मेरै गेल्या
भलाई करी सै| 7 कंगाल थारै गेल्या सारी हाण रहवैं सैं, अर थम जिब्ब चाहो
जद उनतै भलाई कर सको सो; पर मै थारै गेल्या सारी हाण कोनी रहूँगा|
8 जो कीमे वा कर सकी, उसनै करया; उसनै मेरै गाड्डे जाण की त्यारी म्ह
पहलए शैन्ट मेरी देही म्ह मळया सै| 9 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के सारी दुनिया
म्ह जित किते भी सुसमाचार प्रचार करया जावैगा, ओड़ै उसकै इस काम का
जिक्रा भी उसकी याद म्ह करया जावैगा|"

यहूदा का बिश्वासघात
(मत्ती 26:14-16; लूका 22:3-6)

10 फेर यहूदा इस्करियोती जो बारहा म्ह तै एक था, प्रधान याजका कै धोरै
गया के उस ताहीं उनकै हाथ पकड़वा देवै| 11 वे न्यू सुणकै राज़ी होये, उस
ताहीं रपिये देण खातर मानगें; अर ओ मौक्का टोहण लाग्या के उस ताहीं
किस्से ढाळ पकड़वा दे| 12 अखमीरी रोट्टी कै त्यौहार कै पहलड़े दिन,
जिसम्ह वे फसह का बलिदान करै थे, उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, "तू
कित जाणा चाहवै सै के हम जाकै तेरै खातर फसह खाण की त्यारी करां?"
13 उसनै आपणे चेल्यां म्ह तै दोवां ताहीं न्यू कहकै खन्दाया, "नगर म्ह
जाओ, अर एक माणस पाणी का पैण्डा ठाए होए थमनै मिलैगा, उसकै पाच्छै
हो लियो; 14 अर ओ जिस घर म्ह जावै, उस घर कै मालिक ताहीं कहणा,
'गुरु कहवै सै के मेरी बैठक जिसम्ह म्ह आपणे चेल्यां गेल्या फसह खाऊँ,
कित सै?' 15 ओ थमनै एक सजे-धजे, अर त्यार करया होड़ बड्डा चुबारा
दिखा देवैगा, ओड़ै म्हारै खातर त्यारी करो|" 16 चेल्ले लिकड़कै नगर म्ह
आये, अर जिसा उसनै उनतै कहया था, उसाए पाया; अर फसह त्यार
करया|

चेल्लां कै गेल्या फसह का अंतिम भोज
(मत्ती 26:17-25; लूका 22:7-14, 21-23; युहन्ना 13:21-30)

17 जिब्ब साँझ होई, तो ओ बारहा कै गेल्या आया| 18 जिब्ब वे बैट्ठे खाणा
खावै थे, तो यीशु नै कह्या, "मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के थारै म्ह तै एक, जो मेरै
गेल्या खाणा खाण लागरया सै, मन्नै पकड़वावैगा|" 19 उनपै उदासी छाग्यी
अर वे एक-एक करकै उसतै कहण लाग्गे, "के ओ मै सूं?" 20 उसनै उनतै
कह्या, "ओ बारहां म्ह तै एक सै, जो मेरै गेल्या थाळी म्ह हाथ घालै सै|
21 क्यूँकै माणस का बेट्टा तो, जिसा उसकै कारण लिख्या सै, जावै ए सै; पर
उस माणस पै हाय जिसकै जरिये माणस का बेट्टा पकड़वाया जावै सै! जै उस
माणस का जन्म ए नीं होंदा, तो उसकै खातर भला होंदा|"

प्रभु-भोज
(मत्ती 26:26-30; लूका 22:14-20; 1 कुरिन्थियों 11:23-25)

22 जिब्ब वे खाण ए लागरे थे, उसनै रोट्टी ली, अर आशीष माँगकै तोड़ी,
अर उन ताहीं दी, अर कह्या, "ल्यो, या मेरी देही सै|" 23 फेर उसनै कटोरा
लेकै धन्यवाद करया, अर उन ताहीं दिया; अर उन सारया नै उसम्ह तै
पीया| 24 अर उसनै उनतै कह्या, "यो वाचा का मेरा ओ लहू सै, जो घणा ए
खातर बहाया जावै सै| 25 थम नै साच्ची कहूँ सूं के दाख का रस उस दिन

ताहीं दुबारा कदे नीं पिऊँगा, जिब्ब ताहीं पणमेशर का राज म्ह नया नीं पिऊँगा|" 26 फेर वे भजन गाकै बाहरण जैतून कै पहाड़ पै गए|

पतरस के इंकार की भविष्यवाणी
(मत्ती 26:31-35; लूका 22:31-34; युहन्ना 13:36-38)

27 फेर यीशु नै उनतै कह्या, "थम सारे ठोकर खाओगे, क्यूँके लिख्या सै : 'मै रूखाले नै मारूँगा, अर भेड़ तितर-बितर हो जांवैगी|' 28 पर मै आपणे जिन्दा उठण कै बाद थारै तै पहल्या गलील जाऊँगा|" 29 पतरस नै उसतै कह्या, "जै सारे ठोकर खावै तो खावै, पर मै ठोकर कोनी खाऊँगा|" 30 यीशु नै उसतै कह्या, "मै तेरै तै साच्ची कहूँ सूं ले आज ए इस्से रात मुर्गा के दो बर बांग देण तै पहल्या, तू तीन बर मेरै तै मुकरैगा|" 31 पर उसनै और भी दाब देकै कह्या, "जै मन्नै तेरै गेल्या मरणा भी पड़ै, तौभी मै तेरा इन्कार कदे कोनी करूँगा|" इस्से तरियां और सारया नै भी कहया|

गतसमनी म्ह प्रार्थना
(मत्ती 26:36-46; लूका 22:39-46)

32 फेर वे गतसमनी नामक एक जंगहा म्ह आए, अर उसनै आपणे चेल्यां तै कह्या, "उरै बैट्ठे रहो, जिब्ब ताहीं मै प्रार्थना करूँ| 33 अर ओ पतरस अर याकूब अर युहन्ना ताहीं आपणे गेल्या ले गया; घणा ए काल अर दुखी होण लाग्या, 34 अर उनतै कह्या, "मेरा मन घणा उदास सै, उरै ताहीं के मै मरण पै सूं : थम उरै ठहरो, अर जागदे रहो|" 35 फेर ओ माड़ा आगै सरकया अर धरती पै पड़कै प्रार्थना करण लाग्या के जै हो सकै तो या घड़ी मेरै पै तै टळ जावै, 36 अर कह्या, "हे अब्बा, हे पिता, तू सारा कीमे करै सकै सै; इस कटोरे ताहीं मेरै धोरै तै हटा ले : तौभी जिसा मै चाहूँ सूं उसा नीं, पर जो तू चाहवै सै ओये हो|" 37 फेर ओ आया अर उन ताहीं सोदे पाकै पतरस तै कह्या, "हे शमौन, तू सोवै सै? के तू एक घड़ी भी कोनी जाग सक्या? 38 जागदे रहो अर प्रार्थना करदे रहो के थम हिम्तान म्ह नीं पड़ो| आत्मा तो त्यार सै, पर देही कमजोर सै|" 39 अर ओ फेर चल्या गया अर उन्ने शब्दां म्ह प्रार्थना करी| 40 फेर आकै उन ताहीं सोंदे पाया, क्यूँके उनकी आँख नींद तै भरी थीं; अर कोनी जाणै थे के उसनै के जबाब देवै| 41 फेर तीसरी बर आकै उनतै कह्या, "इब सोंदे रहो अर आराम करो, बस, टेम आण पहोच्या; लखाओ, माणस का बेट्टा पापियाँ के हाथां पकड़वाया जावै सै| 42 उठो, चाल्ला! लखाओ, मेरा पकड़वाण आळा लोवै आण पहोच्या सै|"

यीशु का धोक्खे तै पकड़वाया जाणा
(मत्ती 26:47-56; लूका 22:47-53; युहन्ना 18:3-12)

43 ओ न्यू कहवै था के यहूदा जो बारहा म्ह तै एक था, आपणे गेल्या प्रधान याजकां अर शास्त्रियाँ अर पुरनियां की ओड़ तै एक बड्डी भीड़ लेकै जिब्बे आण पहोच्या, जो तलवार अर लाट्ठी लेरी थे| 44 उसकै पकड़वाण आळे नै उन ताहीं यो पता दिया था के जिस ताहीं मै चुमूँ ओए सै, उस ताहीं पकड़कै दाऊ ढाळ ले जाणा| 45 ओ आया, अर जिब्बे उसकै धोरै जाकै बोल्या, "हे रब्बी!" अर उस ताहीं घणा चुम्या| 46 फेर उन्नै उस पै हाथ गेरकै उस ताहीं पकड़ लिया| 47 उन म्ह जो धोरै खड़े थे, एक नै तलवार खिंचकै महायाजक कै नौकर पै चलाई, अर उसका कान उड़ा दिया| 48 यीशु नै उनतै बोल्या, "के थम डाकू सोच कै मन्नै पकड़ण कै खातर तलवार अर लाट्ठी लेकै लिकड़े सो? 49 मै तो हरेक दिन मन्दर म्ह थारै गेल्या रहकै उपदेश दिया करूँ था, अर जिब्ब थमनै मेरै ताहीं कोनी पकड़या : पर न्यू ज्यांतै होया सै के पवित्र ग्रन्थ की बात पूरी होवैं|" 50 इस पै सारे चेल्ले उसनै छोड़कै भाजगे|

51 एक गाबरू आपणी उघाड़ी देही पै चाद्दर ओढ़े होड़ उसकै पाच्छै हो लिया; अर माणसां नै उस ताहीं पकड़या| 52 पर ओ चाद्दर छोड़कै उघाड़ा भाजग्या|

महासभा कै स्यामी यीशु
(मत्ती 26:57-68; लूका 22:54-55, 63-71; युहन्ना 18:13-14,19-24)

53 फेर वे यीशु ताहीं महायाजक कै धोरै लेगे; अर सारे प्रधान याजक अर पुरनिये अर शास्त्रीं उसकै उरै कट्ठे होगे| 54 पतरस दूर ए दूर उसकै पाच्छै-पाच्छै महायाजक कै आँगन कै भीत्तर ताहीं गया, अर चमच्या कै गेल्या बैठ कै आग पै सिकण लाग्या| 55 प्रधान याजक अर सारी बड्डी पंचायत यीशु ताहीं मारण कै खातर उसकै बिरोध म्ह गवाही की टोह म्ह थे, पर कोन्या मिली| 56 क्यूँके घण-खरे उसकै बिरोध म्ह झूठी गवाही देवै थे, पर उनकी गवाही एक-सी कोनी थी| 57 फेर कीमे माणसां नै उठकै उसकै बिरोध म्ह या झूठी गवाही दी, 58 "हमनै इस ताहीं कहन्दे सुणया सै, 'मै इस हाथ कै बनाए होड़ मन्दर नै गेर द्युगाँ, अर तीन दिन म्ह दूसरयां बणाऊँगा, जो हाथां तै नीं बणया हो|'" 59 इस पै भी उनकी गवाही एक-सी कोनी लिकड़ी|

60 फेर महायाजक नै बिच्चाळै खड़या होकै यीशु तै बुझ्झया, "तू कोए जबाब कोनी देंदा? ये माणस तेरै बिरोध म्ह के गवाही देवैं सैं?" 61 पर वो बोल-बाल्ला रहया, अर कीमे जबाब दिया| महायाजक नै उसतै दुबारा बुझ्झया, "के तू उस परम धन्य का बेट्टा मसीह सै?" 62 यीशु नै कह्या, "मै सूं : अर थम माणस के बेट्टे ताहीं सबतै ठाडै की सोळी ओड़ बैट्ठे, अर अकास के बादळां कै गेल्या आंदे देक्खोगे|" 63 फेर महायाजक नै आपणे लत्ते पाड़कै कह्या, "इब हमनै गवाह की और के जरूत सै?" 64 थमनै या बुराई सुणी| थारी के राय सै?" उन सारया नै कहया के यो मारण कै जोग्गा सै| 65 फेर कोए तो उसपै थूकण, अर कोए उसका मुँह ढक्कन नै, कोए उसकै घुस्से मारण, अर उसतै कहण लाग्गे, "भविष्यवाणी कर!" अर चम्मच्या नै उस ताहीं पकड़कै रैप्ट मारे|

पतरस का इंकार
(मत्ती 26:69-75; लूका 22:56-62; युहन्ना 18:15-18, 25-27)

66 जिब्ब पतरस तळै आँगन म्ह था, तो महायाजक की नौकराणियां म्ह तै एक उड़ै आई, 67 अर पतरस ताहीं आग सिक्दे देखकै उस ताहीं गौर तै देख्या अर कहण लाग्गी, "तू भी तो उस यीशु नासरी कै गेल्या था|" 68 ओ मुकरग्या, अर बोल्या, "मै ना ए जाणदा अर ना ए समझू सूं के तू के कहवै सै|" फेर ओ बाहरण देहळीया म्ह गया; अर मुर्गे नै बाँग दी| 69 वा नौकरणी उसनै देखकै उनतै जो धोरै खड़े थे, दुबारा कहण लाग्गी, "यो उनम्ह म्ह तै एक सै|" 70 पर ओ फेर मुकरग्या| माड़ी वार पाच्छै उन्नै जो धोरै खड़े थे फेर पतरस ताहीं कह्या, "पक्का तू उनम्ह तै एक सै; क्यूँके तू गलीली भी सै|" 71 फेर ओ धिक्कारण अर सूह खाण लाग्या, "मै उस माणस नै, जिसका थम जिक्रा करो सो, कोनी जाणदा|" 72 फेर जिब्बे दूसरी बर मुर्गे नै बाँग दी| पतरस ताहीं वा बात जो यीशु नै उसतै कही थी याद आई : "मुर्गे कै दो बर बाँग देण तै पहल्या तू तीन बर मेरा कारण नाटैगा|" अर ओ इस बात नै सोच कै रोण लाग्या|

पिलातुस कै स्यामी यीशु
(मत्ती 27:1-2, 11-14; लूका 23:1-4; युहन्ना 18:28-38)

15 सबेरा होंदए जिब्बे प्रधान याजकां, पुरनियां, अर शास्त्रियाँ नै बल्के सारी बड्डी पंचायत नै सलाह करकै यीशु ताहीं बंधवाया, अर उस ताहीं ले जाकै पिलातुस कै हाथां म्ह सौप्या| 2 पिलातुस नै उसतै बुझ्झया, "के तू यहूदियां का राजा सै?" उसनै उसताहीं जबाब दिया, "तू आपए कहवै सै|" 3 प्रधान याजक उस पै घणी बात्तां की दोष लावैं थे| 4 पिलातुस नै उसतै फेर बुझ्झया, "के तू कीमे जबाब कोनी देंदा, लखा, ये तेरै पै कितनी बात्तां की दोष लावैं सैं?" 5 यीशु नै फेर कीमे जबाब कोनी दिया; उरै ताहीं के पिलातुस नै घणी हैरानी होई|

मृत्यु-दण्ड की आज्ञा
(मती 27:15-26; लूका 23:13-25; युहन्ना 18:39, 19:16)

6 पिलातुस उस त्यौहार म्ह किसे एक कैदी नै जिसनै वे चाहवै थे, उनकै
खातर छोड़ दिया करै था| 7 बरअब्बा नाम का एक माणस उन रोळे
करणीयां गेल्या कैद था, जिन्नै रोळे म्ह खून करया था| 8 अर भीड़ ऊप्पर
जाकै उसतै बिनती करण लाग्गी, के जिसा तू म्हारै खातर करदा आया सै
उस्से तरियां कर| 9 पिलातुस नै उन ताहीं जबाब दिया, "के थम चाहवो सो
के मै थारै खातर यहूदियां कै राजै ताहीं छोड़ द्युँ?" 10 क्यूँकै ओ जाणै था के
प्रधान याजका नै उसताहीं चाल तै पकड़वाया था| 11 पर प्रधान याजकां नै
माणसां ताहीं उकसाया के ओ बरअब्बा नै ए उनकै खातर छोड़ दे| 12 न्यू
सुण पिलातुस नै उनतै फेर बुझ्झया, "तो जिसनै थम यहूदियां का राजा कहो
सो, उसका मै के करूँ?" 13 वे फेर रूक्के मारण लाग्गे, "उसनै क्रूस पै चढ़ा
द्यो!" 14 पिलातुस नै उनतै फेर कह्या, "क्यांतै इसम्ह के बुराई सै?" पर वे
और भी रूक्के मारण लाग्गे, "उसनै क्रूस पै चढ़ा द्यो!" 15 फेर पिलातुस नै भीड़
ताहीं राज़ी करण की चाहन्ना तै, बरअब्बा ताहीं उनकै खात्तर छोड़ दिया, अर
यीशु नै कोरड़े लुवाकै सौंप दिया के क्रूस पै चढाया जावै|

सैनिकां कै जरिये यीशु का अपमान
(मत्ती 27:27-31; युहन्ना 19:2-3)

16 सिपाही उस ताहीं कीलै कै भीत्तर कै आँगन म्ह ले गये जो प्रिटोरियुम
कुहवावै सै, अर सारी पलटन ताहीं बुलया लाये| 17 फेर उन्नै उस ताहीं
बैंजनी लत्ते पिहराए अर काण्डयाँ का मुकट गूँथकै उसकै सिर पै धरया,
18 अर न्यू कहकै उस ताहीं नमस्कार करण लाग्गे, "हे यहूदियां के राजा,
नमस्कार!" 19 वे उसकै सिर पै सरकण्डे मारदे, अर उस पै थूकदे, अर गोड्डे
टेक कै उसनै प्रणाम करदे रहे| 20 जिब्ब उन्नै उसका मखौल कर लिया, तो
उस पै तै बैंजनी लत्ते उतारकै उस्से के लत्ते पिहराए; अर फेर उसताहीं
क्रूस पै चढ़ाण कै खातर बाहरण ले गये|

यीशु का क्रूस पै चढाया जाणा
(मत्ती 27:32-44; लूका 23:26-43; युहन्ना 19:17-27)

21 सिकन्दर अर रूफुस का पिता शमौन, एक कुरेनी माणस, जो गाम तै
आवै था ओड़ै तै लिकड़या; उन्नै उस ताहीं बेगार म्ह पकड़या के उसका क्रूस
ठा लेवै| 22 वे यीशु ताहीं गुलगुता नामक जंगहा पै, जिसका मतलब खोपड़ी
की जंगहा सै, लियाए| 23 ओड़ै उस ताहीं मुर्र मिल्या होड़ दाखरस देण
लाग्गे, पर उसनै कोनी लिया| 24 फेर उन्नै उसताहीं क्रूस पै चढाया अर
उसकै लत्तया पै पर्ची गेरकै, के किसनै के मिलै, उन्नै बांड लिये| 25 अर एक
पहर दिन चढ़ आया था, जिब्ब उन्नै उस ताहीं क्रूस पै चढाया| 26 अर
उसकी खोट-चिट्ठी लिखकै उसकै ऊप्पर लगा दिया के "यहूदियां का
राजा"| 27 उन्नै उसकै गेल्या दो डाकू, एक उसकी सोळी अर एक उसकी
ओळी ओड़ क्रूस पै चढाए| 28 [फेर पवित्र ग्रन्थ का ओ बचन के ओ
आपराधियां गेल्या गिणया गया, पूरा होया|] 29 अर राह जाण आळे सिर
हल्ला-हल्लाकै अर न्यू कहकै उसकी बुराई करै थे, "वाह! मन्दर के गेरण आळे,
अर तीन दिन म्ह बनाण आळे! 30 क्रूस पै तै ऊतर कै आपणै आप नै बचा
ले|" 31 इस्से तरियां याजक भी, शास्त्रियाँ सुदा, आपस म्ह मखौल करकै
कहवै थे, "इसनै औरां ताहीं बचाया, पर आपणै ताहीं कोनी बचा सकदा|
32 इस्राएल का राजा, मसीह, इब क्रूस पै तै ऊतर आवै के हम देखकै बिश्वास
करया|" अर जो उसकै गेल्या क्रूस पै चढ़ाए गये थे, वे भी उसकी बुराई करै
थे|

यीशु का जी देणा
(मत्ती 27:45-56; लूका 23:44-49; युहन्ना 19:28-30)

33 दोफारी होण पै सारे देश म्ह अँधेरा छाग्या, अर तीसरै पहर ताहीं
रहया| 34 तीसरै पहर यीशु नै बड्डे बोल तै रूक्के मारकै कह्या, "इलोई, इलोई,
लमा शबक्तनी?" जिसका मतलब यो सै, "हे मेरे पणमेशर, हे मेरे पणमेशर,
तन्नै मेरै ताहीं क्यांतै छोड़ दिया?" 35 जो धोरै खड़े थे, उनम्ह तै कुछा नै न्यू
सुणकै कह्या, "लखाओ, ओ एलिय्याह ताहीं रूक्के मारै सै|" 36 अर एक नै
भाजकै स्पंज(स्याही चूस) ताहीं सिरके म्ह ड़बोया, अर सरकण्डे पै धरकै
उस ताहीं चुसाया अर कह्या, "ठहर जाओ, देक्खां, एलिय्याह उस ताहीं
ऊतारण खातर आवै सै के नीं|" 37 फेर यीशु नै बड्डे बोल तै किल्की मारकै
जी दे दिया| 38 अर मन्दर का पड़दा ऊप्पर तै तळैताहीं पाटकै दो टुकड़यां
म्ह होग्या| 39 जो सूबेदार उसकै श्यामी खड़या था, जिब्ब उस ताहीं इस
ढाळ किल्की मारकै जी देन्दे देख्या, तो उसनै कह्या, "साच्चए यो माणस,
पणमेशर का बेट्टा था!"

40 कई लुगाई भी दूर तै देक्खै थीं : उनम्ह मरियम मगदलीनी, छोट्टै याकूब
अर योसेस की माँ मरियम, अर सलोमी थीं| 41 जिब्ब ओ गलील म्ह था तो
ये उसकै पाच्छै हो लेवै थीं अर उसकी सेवा-बाड़ी करया करै थीं; अर दुसरी
घणीए लुगाई भी थीं, जो उसकै गेल्या यरूशलेम तै आई थीं|

यीशु का गाड्या जाणा
(मत्ती 27:57-61; लूका 23:50-56; युहन्ना 19:38-42)

42 जिब्ब साँझ होई तो ज्यांतै के त्यारी का दिन था, जो सब्त कै एक दिन
पहल्या होवै सै, 43 अरिमतिया का बासिन्दा युसूफ आया, जो बड्डी पंचायत
का मौजिज माणस था अर खुद भी पणमेशर कै राज की बाट देक्खै था| ओ
ढेठ करकै पिलातुस कै धोरै गया अर यीशु की लाश माँगी| 44 पिलातुस नै
हैरानी होई के ओ इतनी तोळी मरग्या; उसनै सूबेदार ताहीं बुलाकै बुझ्झया,
"के उस ताहीं मरे होये वार होई?" 45 जिब्ब उसनै सूबेदार कै जरिये हालत
जाण ली, तो लाश युसूफ ताहीं दुवा दी| 46 फेर उसनै मलमल की एक चाद्दर
मोल ली, अर लाश ताहीं उतारकै उस चाद्दर म्ह लपेटा, अर एक कब्र म्ह जो
चट्टान म्ह खोद राक्खी थी धरया, अर कब्र कै दरवाजे पै एक पत्थर गिरड़ा
दिया| 47 मरियम मगदलीनी अर योसेस की माँ मरियम देक्खै थी के ओ
कित धरया गया सै|

यीशु का पुनरुत्थान
(मत्ती 28:1-8; लूका 24:1-12; युहन्ना 20:1-10)

16 जिब्ब सब्त का दिन बीतग्या, तो मरियम मगदलीनी, अर याकूब की
माँ मरियम, अर सलोमी नै खसबूदार चीज मोल लीं, के आकै उस पै
मळै| 2 हफ्ते के पहलड़े दिन तड़कए तड़कै सूरज लिकड़ाए था, वे कब्र पै
आई, 3 अर आपस म्ह कहवै थीं, "म्हारै खातर कब्र के दरवाजै पै तै पत्थर
कौण गिरड़ावैगा?" 4 जिब्ब उन्नै निगांह करी, तो देख्या के पत्थर गिरड़या
होया सै— यो घणाये बड्डा थाI 5 कब्र कै भीत्तर जाके उन्नै एक गाबरू ताहीं
धोळे लत्ते पहरे होड़ सोळी ओड़ बैट्ठे देख्या, अर घणी हैरान होई| 6 उसनै
उनतै कह्या, "हैरान मतना होवो, थम यीशु नासरी नै, जो क्रूस पै चढाया गया
था, टोह्वो सो| ओ जिन्दा होग्या सै, उरै कोनी सै; लखाओ, याए वा जंगहा
सै, जित उन्नै उस ताहीं धरया था| 7 पर थम जाओ, अर उसकै चेल्यां अर
पतरस नै कहो के ओ थारै तै पहल्या गलील नै जावैगा| जिसा उसनै थारै तै
कहया था, थम ओड़ए उसनै देक्खोगे|" 8 अर वे लिकड़कै कब्र तै भाजग्यी;
क्यूँकै वे कॉम्बगी अर उनकै घबराट होगी थी; अर उन्नै किसे तै कीमे नीं
कहया, क्यूँकै वे डरै थीं|

मरियम मगदलीनी नै यीशु का दिखणा
(मत्ती 28:9-10; युहन्ना 20:11-18)

9 हफ्ते के पहलड़े दिन तड़का होंदए ओ जिन्दा होकै पहलम-पहल्या
मरियम मगदलीनी ताहीं जिसम्ह तै उसनै सात भूंडी औपरी आत्मां काड्डी
थीं, दिख्या| 10 उसनै जाकै यीशु के ढब्बीयाँ ताहीं जो दु:ख म्ह डूबरे थे अर
रोवै थे, समाचार दिया| 11 उन्नै न्यू सुणकै के ओ जिन्दा सै अर उसनै उस
ताहीं देख्या सै, बिश्वास कोनी करया|

दो चेल्यां नै यीशु का दिखणा
(लूका 24:13-35)

12 इसकै बाद ओ दुसरै रूप म्ह उनम्ह तै दोयां ताहीं जिब्ब वे गाम कान्नी
जावै थे, दिख्या| 13 उन्नै भी जाकै दुसरया ताहीं खबर दी, पर उन्नै उनका भी
बिश्वास कोनी करया|

ग्यारहां नै यीशु का दिखणा
(मत्ती 28:16-20; लूका 24:36-49; युहन्ना 20:19-23; प्रेरितां 1:6-8)

14 पिच्छै ओ उन ग्यारहां ताहीं भी, जिब्ब वे खाणा खाण बैट्ठे थे दिखया,
अर उनकै अबिश्वास अर मन कै करड़ैपण पै उलाहणा दिया, क्यूँकै जिन्नै
उसकै जिन्दा होण कै पाच्छै उस ताहीं देख्या था, इन्नै उनका बिश्वास कोनी
करया था| 15 अर उसनै उनतै कह्या, “थम सारी दुनिया म्ह जाकै सारी सृष्टि
के माणसां ताहीं सुसमाचार प्रचार करो| 16 जो बिश्वास करै अर बपतिस्मा
लेवै उस्से का उद्धार होवैगा, पर जो बिश्वास कोनी करैगा ओ दोषी ठहराया
जावैगा; 17 बिश्वास करण आळयां म्ह या निशान्नी होवैगी के वे मेरै नाम तै
औपरी आत्मायाँ नै काड्डैगें, नई-नई बोल्ली बोल्लैगें, 18 साँप नै ठा लेवैगें, अर जै
वे जहर भी पी जावै फेरभी उनका कीमे नीं बिगड़ैगा; वे बिमारां पै हाथ धरैगें,
अर वे चंगे हो जावैगें|”

यीशु का सुर्ग म्ह जाणा
(लूका 24:50-53; प्रेरितां 1:9-11)

19 प्रभु यीशु उनतै बात करण कै पाच्छै सुर्ग पै ठा लिया गया, अर पणमेशर
कै सोळी ओड़ बैठग्या| 20 अर उन्नै लिकड़कै हरेक जंगहा प्रचार करया, अर
प्रभु उनकै गेल्या काम करदा रहया, अर उन निशानियाँ कै जरिये जो गेल-
गेल होवै थी, बचन ताहीं पक्का करदा रहया|

लूका

परिचय

1 ज्यांतै के घणखरयां नै उन बात्तां का जो म्हारै बिच्चाळै घटी सैं,
इतिहास लिखण म्ह मेहनत करी सै, 2 जिसा कै उन्नै जो पहल्याए तै
इन बात्तां नै देखण आळे अर वचन के माणन आळे थे, ये सारी बात म्हारै
ताहीं पूह्चायी| 3 हे जनाब थियुफिलुस, इस करकै, मन्नै भी यो सई लाग्या
के उन सारी बात्तां का सारा हाल सरू तै आच्छी दाहूं परख कै, उन्नै नै तेरै
खात्तर लंगपतार म्ह लिखूँ 4 के तू या जाण ले के वो बात जिनकी तन्नै शिक्षा
पाई सैं वो किसी पक्की सैं।

युहन्ना के जन्म की घोषणा

5 यहूदिया कै राजा हेरोदेस कै बख्त म्ह अबिय्याह कै टोळ म्ह जकरयाह
नाम का एक याजक था, अर उसकी घरआळी हारुन की पीढ़ी की थी
जिसका नाम एलीशिबा था। 6 वे दोन्नूं पणमेशर कै स्याम्ही धर्मी थे, अर प्रभु
कै सारे हुक्म अर नियमां पै बैखोट चालण आळे थे। 7 उनकै कोए भी ऊलाद
28 ये बात कहकै ओ यरूशलेम कै कान्नी उनकै आगै-आगै चाल्या| 29 जिब्ब ओ जैतून नामका पहाड़ पै बैतफगे अर बैतनिय्याह कै धोरै पहोच्या, तो उसनै आपणे चेल्यां म्ह तै दोवां ताहीं न्यू कहकै खन्दाया, 30 “स्याम्ही के गाम म्ह जाओ; अर उसम्ह पहोचदये एक गधी का बच्चा जिसपै कोए कदे नीं बैठ्या हो, बन्धया होड़ थमनै मिलैगा, उसनै खोल कै लियाओ| 31 जै कोए थारै तै बुझ्झै के क्यातै खोल्लो सो, तो न्यू कह दियो के प्रभु नै इस ताहीं काम म्ह ल्याणा सै|” 32 जो खन्दाए गए थे, उन्नै जाकै जिसा उसनै कह्या था, उस्से तरियां पाया| 33 जिब्ब वे गधी कै बच्चे नै खोल्लै रहे थे, तो उसके मालिका नै उनतै बुझ्झया, “इस बच्चे नै क्यातै खोल्लो सो?” 34 उन्नै कह्या, “प्रभु नै इस ताहीं काम म्ह ल्याणा सै|” 35 वे उसनै यीशु धोरै लियाए, अर आपणे लत्ते उस बच्चे पै लादकै यीशु ताहीं उस पै बिठा दिया| 36 जिब्ब ओ जाण लाग रया था, तो वे आपणे लत्ते राह म्ह बिछान्दे जावै थे| 37 धोरै आंदे होये जिब्ब ओ जैतून पहाड़ की ढलाण पै पहोच्या, तो चेल्यां का सारा टोळ उन सारे सामर्थ के काम्मां कै कारण जो उन्नै देक्खे थे, राज़ी होकै ठाड्डू बोल तै पणमेशर की जय-जयकार करण लाग्गे : 38 “धन्य सै ओ राजा, जो प्रभु कै नाम तै आवै सै ! सुर्ग म्ह शान्ति अर अकास मण्डप म्ह महिमा हो !” 39 फेर भीड़ म्ह तै कीमे फरीसी उसतै कहण लाग्गे, “हे गुरु, आपणे चेल्यां नै धमका|” 40 उसनै जबाब दिया, “मै थमनै कहूँ सूं, जै ये बोल-बाल्ले रहे तो पत्थर किल्की मारण लाग ज्यागें|”

यरूशलेम कै खातर बिलाप

41 जिब्ब ओ धोरै आया तो नगर नै देखकै रोया 42 अर बोल्या, “के भला ए होन्दा के तू, हम्बै, तू ए इसे दिन म्ह ख़ुशी की बात जाणदा, पर इब वे तेरी आँखां तै ओझल होगी सैं| 43 क्यूँके वे दिन तेरै पै आवैगें के तेरे बैरी मोर्चा बाँध कै तन्नै घेर लेवैंगें, अर चौगरदे तै तन्नै दबावैंगें; 44 अर तन्नै अर तेरे बाळकां ताहीं जो तेरै म्ह सै, माट्टी म्ह मिलावैंगें, अर तेरै म्ह पत्थर पै पत्थर भी कोनी छोडैगें; क्यूँके तन्नै उस मौक्के ताहीं जिब्ब तेरै पै दया की निंगाह होई थी कोनी पिच्छाणा|”

मंदर तै व्यापारियां का काड्या जाणा

45 फेर ओ मन्दर म्ह जाकै बेचण आळयां ताहीं बाहरण लिकाड़ण लाग्या, 46 अर उनतै कह्या, “लिख्या सै, ‘मेरा घर प्रार्थना का घर होगा,’ पर थम नै इस ताहीं डाकुआ की खोह बैणा दिया|” 47 ओ हरेक दिन मन्दर म्ह उपदेश दिया करै था; अर प्रधान याजक अर शास्त्री अर माणसां के मुखिया उसका नास करण का मौक्का टोहवैं थे| 48 पर कोए जुगाड़ कोनी काड सकै थे के यो किस तरियां करां, क्यूँके सारे माणस घणे चा: तै उसकी सुणैं थे|

यीशु के अधिकार का प्रश्न

20 एक दिन इसा होया के जिब्ब यीशु मसीह मन्दर म्ह माणसां नै उपदेश देवै था अर सुसमाचार सुणावै था, तो प्रधान याजक अर शास्त्री, पुरनिया कै गेल्या धोरै आकै खड़े होये; 2 अर कहण लाग्गे, “म्हारै ताहीं बता, तू इन काम्मां नै किसकै हक्क तै करै सै, अर ओ कौण सै जिसनै तेरै ताहीं यो हक्क दिया सै?” 3 उसनै उनतै कह्या, “मै भी थारै तै एक बात बुझ्झु सूं; मन्नै बताओ| 4 युहन्ना का बपतिस्मा सुर्ग की ओड़ था या माणसां की ओड़ तै था?” 5 फेर वे आपस म्ह कहण लाग्गे, “जै हम कहवां, ‘सुर्ग की ओड़,’ तो ओ कहवैगा, ‘फेर थम नै उसका बिश्वास क्यातै नीं करया?’ 6 अर जै हम कहवां, ‘माणसां की ओड़,’ तो सारे माणस म्हारै पै पत्थर बरसावैगें, क्यूँके उन्नै साच्चे बेरा था के युहन्ना नब्बी था|” 7 आखर म्ह उन्नै जबाब दिया, “हमनै नीं बेरा के ओ किस ओड़ तै था|” 8 यीशु नै उनतै कह्या, “तो मै भी नीं बतान्दा के मै ये काम किस हक्क तै करूं सूं|”

दुष्ट किसानां का उदाहरण

9 फेर ओ माणसां तै यो उदाहरण कहण लाग्या : “किसे माणस दाख की बारी लाई, अर किसानां तै उसनै ठेका दे दिया अर घणे दिनां खातर परदेश चल्या गया| 10 जिब्ब टैम आया तो उसनै किसानां कै धोरै एक नौकर ताहीं खन्दाया के वे दाख की बारी के कीमे फळां का बान्डा उसनै देवै, पर किसानां नै उसताहीं छेतकै रित्ते हाथां बोहड़ा दिया| 11 फेर उसनै एक और नौकर ताहीं खन्दाया, अर उन्नै उसताहीं भी छेतकै अर उसकी बेइज़्ज़ती करकै रित्ते हाथां बोहड़ा दिया| 12 फेर उसनै तीसरा खन्दाया, उन्नै उस ताहीं भी घायल करकै लिकाड़ दिया| 13 फेर दाख की बारी कै मालिक नै कह्या, “मै के करूं? मै आपणे प्यारे बेट्टे नै खन्दाऊँगा, हो सकै सै वे उसकी इज़्ज़त करैं|” 14 जिब्ब किसानां नै उसताहीं देख्या तो आपस म्ह बिचार करण लाग्गे, “यो तो वारिस सै; आओ, हम इसनै मार दया के विरासत म्हारी हो जावै|” 15 अर उन्नै उसताहीं दाख की बारी तै बाहरण लिकाड़ कै मार दिया| इसकरकै दाख की बारी का मालिक उनकै गेल्या के करैगा? 16 ओ आकै उन किसानां का नास करैगा, दाख की बारी औरां नै सोपैगा|” न्यू सुणकै उन्नै कह्या, “पणमेशर करै इसा ना हो|” 17 उसनै उनकी ओड़ देखकै कह्या, “फेर यो के लिख्या सै : ‘जिस पत्थर नै राजमिस्त्रियाँ नै निकम्मा ठहराया था, ओए कुणै का सिरा होग्या| 18 जो कोए उस पत्थर पै पड़ैगा ओ चकणाचूर होज्यागा, अर जिस पै ओ पड़ैगा, उस ताहीं पीस देवैगा|

कैसर ताहीं कर देणा

19 उस्से टैम शास्त्रीयाँ अर प्रधान याजकां नै उस ताहीं पकड़णा चाहया, क्यूँके वे समझगे थे के उसनै महारै पै यो उदाहरण कह्या, पर वे आदमियाँ तै डरगे| 20 अर वे उसकी टाह म्ह लाग्गे अर भेदिए खन्दाए के धर्म का भेष धरकै उसकी कोए ना कोए बात पकड़ै, ताके उसताहीं हाकिम कै हाथ अर अधिकार म्ह सौंप दें| 21 उन्नै उसतै न्यू बुझ्झया, “हे गुरु, हमनै बेरा सै के तू ठीक कहवै अर सिखावै भी सै, अर किसे की मेर कोनी करदा, बल्के पणमेशर की राह सच्चाई तै बतावै सै| 22 के म्हारा कैसर तै कर देणा सई सै या कोनी?” 23 उसनै उनकी श्याणपत ताहीं ताड़कै उनतै कह्या, 24 “एक दीनार मन्नै दिखाओ| इस पै किसकी छाप अर नाम सै?” उन्नै कह्या, “कैसर का|” 25 उसनै उन ताहीं कह्या, “तो जो कैसर का सै, ओ कैसर नै द्यो; अर जो पणमेशर का सै, ओ पणमेशर नै द्यो|” 26 वे माणसां कै स्याम्ही इस बात म्ह उसनै पकड़ कोनी सके, बल्के उसकै जबाब तै हैरान होकै बोल-बाल्ले रहगे|

पुनरुत्थान अर ब्याह

27 फेर सदुकी जो कहवै सै के मरे होया का जिन्दा होणा सै ए कोनी उनम्ह तै कीमे नै उसकै धोरै आकै बुझ्झया, 28 “हे गुरु, मूसा नै महारै खातर यो

लिख्या सै : 'जै किस्से का भाई आपणी बीरबान्नी कै रहन्दे बेऊलादा मर जावै, तो उसका भाई उसकी बीरबान्नी तै ब्याह करले, अर आपणे भाई कै खातर पीढ़ी पैदा करै| 29 सात भाई थे, पहलड़ा भाई ब्याह करकै बेऊलादा मरग्या| 30 फेर दुसरे नै उस लुगाई तै ब्याह कर लिया, फेर ओ भी बेऊलादा मरग्या| 31 फेर तीसरे नै भी उस लुगाई तै ब्याह कर लिया| इस तरियां तै सात्तु बेऊलादे मरगे| 32 आखर म्ह वा लुगाई भी मरगी| 33 इसकरकै जिन्दा होणे पै वा उनम्ह तै किसकी बीरबान्नी होगी, क्यूँके उसनै सातूवां तै ब्याह कर लिया था|" 34 यीशु नै उनतै कह्या, "इस युग की ऊलादा म्ह ब्याह होवै सै, 35 पर जो माणस इस जोग्गे ठहरैगें के उस युग नै अर मरे होया म्ह तै जिन्दा उठण नै पा लेवै, वे ना ब्याह करैगें अर ना ब्याह म्ह दिये जावैगें| 36 वे दूबारै मरण के भी कोनी; क्यूँके वे सुर्गदुत्तां की तरियां होवैगें, अर पुनरुत्थान की ऊलाद होणे तै पणमेशर की भी ऊलाद होवैगें| 37 पर इस बात ताहीं के मरे होये जिन्दा होवै सै, मूसा नै भी झाड़ी की कहानी म्ह प्रगट करी सै के ओ प्रभु ताहीं 'अब्राहम का पणमेशर, अर इसहाक का पणमेशर अर याकूब का पणमेशर कहवै सै| 38 पणमेशर तो मुर्दा का कोनी पर जिन्दा का पणमेशर सै : क्यूँके उसकै लवै सारे जिन्दे सैं|" 39 फेर न्यू सुणकै शास्त्रीयाँ म्ह तै कीमे नै न्यू कह्या, "हे गुरु, तन्नै सई कह्या|" 40 अर उन्नै दूबारै उसतै कीमे और बुझ्झण की हिम्मत कोनी करी|

मसीह किसका बेट्टा सै?

41 फेर उसनै उनतै बुझ्झया, "मसीह नै दाऊद की ऊलाद किस तरियां कहवै सै? 42 दाऊद खुदे भजन संहिता की किताब म्ह कहवै सै : 'प्रभु नै मेरै प्रभु तै कह्या, 43 मेरै सोळै कान्नी बैठ, जिब्ब ताहीं के मै तेरे बैरियाँ तेरै पायां तळे नीं कर द्यु|' 44 दाऊद तो उसनै प्रभु कहवै सै; तो फेर ओ उसकी ऊलाद किस तरियां होया?"

शास्त्रीयां तै सावधान

45 जिब्ब सारे सुणै थे, तो उसनै आपणे चेल्यां तै कह्या, 46 शास्त्रीयाँ तै चौकन्ने रहियो, जिनताहीं लाम्बे-लाम्बे लत्ते पहरकै हांडणा आच्छा लागै सै, अर जिन्नै बजारां म्ह नमस्कार, अर आराधनालयां म्ह ख़ास बैठणा अर जिमणा म्ह ख़ास जंगहा प्यारी लागै सै| 47 वे बिधवायाँ के घर खा जावै सै, अर दिखावै खातर घणी वार ताहीं प्रार्थना करै सै : ये घणी सजा पावैगें|"

कंगाल बिधवा का दान

21 फेर उसनै निंगाह ठाकै सहुकारां ताहीं आपणा-आपणा दान भण्डार म्ह घालदे देख्या| 2 उसनै एक कंगाल बिधवा ताहीं भी उसम्ह दो दमड़ी घालदे देख्या| 3 फेर उसनै कह्या, "मै थम नै साच्ची कहूँ सूं के इस कंगाल बिधवा नै सारया तै बाध घाल्या सै| 4 क्यूँके उन सारया नै आपणी-आपणी बढती म्ह तै दान म्ह कीमे घाल्या सै, पर इसनै आपणी घटी म्ह तै आपणी सारी आमन्द्री घाल्ली सै|"

मंदर कै विनाश की भविष्यवाणी

5 जिब्ब घण-खरे माणस मन्दर कै बाबत कहरे थे के वो किसे सूथरे पत्थरां अर भेटां की चिज्रां तै समारया गया सै, तो उसनै कह्या, 6 "वे दिन आवैगें, जिनम्ह यो सारा जिन्नै थम देक्खो सो, उनम्ह तै उरै किसे पत्थर पै पत्थर भी कोनी छुटैगा जो गेरया नीं जावैगा|"

संकट अर क्लेश

7 उन्नै उसतै कह्या, "हे गुरु, यो सारा कद होवैगा? अर ये बात जिब्ब पूरी होण पै होवैगी, तो उस टैम की के निशान्नी होवैगी?" 8 उसनै कह्या, "चौकन्ने रहियो के भकाए ना जाओ, क्यूँके घण खरे मेरै नाम तै आकै कहवैगें, 'मै ओए सूं,' अर न्यू भी के, 'बख्त लवै आण पहोच्या सै,|' थम उनकै पाच्छै ना चले जाइयो| 9 जिब्ब थम रोळे अर झगड़े का जिक्रा सुणो तो घबराईयो ना, क्यूँके इनका पहल्या होणा जरूरी सै; पर उस टैम जिब्बे खात्मा कोनी होवैगा|"

10 फेर उसनै उनतै कह्या, "जात पै जात अर राज्य पै राज्य चढाई करैगा, 11 अर बड्डे-बड्डे हाल्लण आवैगें, अर जंगहा-जंगहा अकाल अर महामारियाँ पड़ैगी, अर अकास म्ह खरतनाक बात अर बड्डे-बड्डे निशान प्रगट होवैगें| 12 पर इन सारी बात्तां तै पहल्या मेरै नाम कै बाबत थमनै पकड़ैगें, अर कांल करैगें, अर पंचायतां म्ह सौंपैगें, राजाओं अर हाकिमां कै स्याम्ही ले जावैगें| 13 पर यो थारै खातर गवाही देण का मौक्का हो जावैगा| 14 इसकरकै आपणे-आपणे मन म्ह ठान ल्यो के हम पहल्या तै जबाब देण की फ़िक्र कोनी करांगें| 15 क्यूँके मै थारै ताहीं इसा बोल अर समझ द्युँगा के थारे सारे बिरोधी सामणा या खण्डन कोनी कर सकैगें| 16 थारे माँ-बाप, अर भाई, अर कुन्बा, अर ढब्बी भी थमनै पकड़वावैगें; उरै ताहीं के थारै म्ह तै कईयां नै मरवा देवैगें| 17 मेरै नाम कै बाबत सारे माणस थारै तै बैर राक्खैगें| 18 पर थारे सिर का एक बाळ भी बान्गा कोनी होवैगा| 19 आपणे धीरज तै थम आपणे जीवन नै बचाए राक्खोगे|

यरूशलेम के विनाश की भविष्यवाणी

20 "जिब्ब थम यरूशलेम की फौजां तै घिरया होया देक्खो, तो जाण लियो के उसका उजड़ जाणा लवै सै| 21 फेर जो यहुदियाँ म्ह हों पहाड़ां म्ह भाज जावैं; अर जो यरूशलेम कै भीत्तर हों वे बाहरण लिकड़ जावैं| अर जो गाम्मां म्ह हों वे उस म्ह नीं जावैं| 22 क्यूँके ये बदला लेण के इसे दिन होंगें, जिनम्ह लिक्खी होई सारी बात पूरी हो जावैगी| 23 उन दिनां म्ह जो पेट तै हों या दूध पिलान्दी होंगी, उनकै खातर हाय, हाय ! क्यूँके देश म्ह बड्डा क्लेश अर इन माणसां पै बड्डा प्रकोप होवैगा| 24 वे तलवार की कौर हो जावैगें, अर सारे देश कै माणसां म्ह कैदी होकै पहोचाये जावैगें; अर जिब्ब ताहीं और जात्तां का टैम पूरा कोनी होवै, जद ताहीं यरूशलेम और जात्तां तै रोंद्या जावैगा|

माणस के बेट्टे का पुनरागमन

25 "सूंरज, चाँद, अर तारां म्ह निशान्नी दिखैगी; अर धरती पै देश-देश के आदमिया पै संकट होगा, क्यूँके वे समुन्दर कै गरजण अर लहरां के रोळें तै घबरां जावैगें| 26 भय कै कारण अर दुनिया पै आण आळी घटनायां की बाट देखदे-देखदे माणसां कै जी म्ह जी कोनी रहवैगा, क्यूँके अकास की शक्तियाँ हलाई जावैगी| 27 फेर वे माणस के बेट्टे नै सामर्थ अर बड्डी महिमा कै गेल्या बादळा पै आंदे देखैगें| 28 जिब्ब ये बात होण लागै, तो सीधे होकै आपणे सिर ऊप्पर ठाईयो; क्यूँके थारा छुटकारा लवै होगा|"

अंजीर के दरख्त का उदाहरण

29 उसनै उन तै एक उदाहरण भी कह्या, "अंजीर के दरख्त अर सारे दरख्तां नै देक्खो| 30 ज्योंही उनम्ह कोंपले लिकड़ै सै, तो थमनै खुद बेरा लाग ज्यागा के गर्मी का टैम लवै सै| 31 इस तरियां तै जिब्ब थम ये बात होन्दे देक्खो, तो जाण ल्यो के पणमेशर का राज्य लवै सै| 32 मै थम नै साच्ची कहूँ सूं के जिब्ब ताहीं ये सारी बात नीं हो लें, जद तक इस पीढ़ी का कद्दे भी अन्त कोनी होवैगा| 33 अकास अर धरती टळ ज्यागें, पर मेरी बात कद्दे कोनी टळैगी|

जागदे रहो

34 "इसकरकै चौकन्ने रहियो, इसा ना हो के थारा मन खुमार, अर मतवालापण, अर इस जिन्दंगी की फ़िक्र तै सुस्त हो जावै, अर वो दिन थारै पै फन्दे की ढाळ चाणचक आण पड़ै| 35 क्यूँके ओ सारी धरती के सारे बासिन्दा पै इस तरियां आण पड़ैगा| 36 इसकरकै जागदे रहो अर हर टैम प्रार्थना करदे रहो के थम इन सारी आणआळी घटनायां तै बचण अर माणस के बेट्टे कै स्याम्ही खड़े होण कै जोग्गे बण सको|" 37 वो दिन म्ह मन्दर म्ह उपदेश देवै था, अर रात नै बाहरण जाकै जैतून नामक पहाड़ पै रह्या करै था; 38 अर सबेरे नै तड़कै सारे माणस उसकी सुणन की खातर मन्दर म्ह उसकै धोरै आया करै थे|

यीशु कै खिलाफ साजिस

22 अखमीरी रोट्टी का त्यौहार जो फसह कहवावैं सै, धोरै था; 2 अर
प्रधान याजक अर शास्त्री इस बात की टोह म्ह थेI के उसनै किस
तरियां मारै, पर वे माणसां ते डरैं थे|

यहूदा का बिश्वासघात

3 फेर शैतान यहूदा म्ह बडग्या ,जो इस्करियोती कहवावै अर बारह चेल्यां
म्ह गिना जावै थाI 4 उसनै जाकै प्रधान याजकां अर पहरेदार के सरदारां के
गैल्या बातचीत करयी के किस तरियां इसनै उनके हाथ पकडवावाI 5 वे
राज़ी होए, अर उस ताहीं रुपिये देण का वादा कियाI 6 वो मान ग्या अर
मोक्का टोहण लाग्या के जिब्ब भीड़ नीं हो तो उसनै उनके हाथ पकड़वा देI

चेल्यां कै गेल्या फसह का आखरी जिमणा या भोज

7 फेर अखमीरी रोट्टी के त्यौहार का दिन आया , जिसमै फसह का मेम्ना
बलि करना जरूरी थाI 8 यीशु नै पतरस अर यूहन्ना ताहीं यो कहकै भेज्या; “
जा कै म्हारै खान खात्तर फसह त्यार करोI ” 9 उन्नै उसतै बुझया, “तू कित्त
चाहवै सै के हम उसनै त्यार करां? ” 10 उसनै उन ताहीं कह्या, देक्खो, नगर
म्ह बड़तेए एक आदमी थम नै पाणी का पण्डा ठाए होए थम नै मिलैगा ;जिस
घर म्ह वो जावै थम उसके पाच्छै चले जाइयो, 11 अर उसके घर के माल्लिक
तै कहियो; गुरु तेरै तै बुझ्झै सै के वा बैड्डक कित्त सै जिस म्ह मै अपनै चेल्यां
के गैल्या फसह खाऊँ?’ 12 वो थम नै एक सजी–सजाई बड़ी अटारी दिखा
देवैगा; ओडैए त्यारी करयोI 13 उन्नै जाकै ,जिसा उसनै उन ताहीं कह्या था,
उस्से तरियां पाया अर फसह त्यार करयाI

प्रभु-भोज

14 जद वा घड़ी आग्यी, के वो प्रेरितां गैल्या खाणा जिम्मण बैठ्याI 15 अर
उसनै उन ताहीं कह्या “मन्नै बड़ी लालसा थी के दु:ख भोगण तै पहल्या यो
फसह थारै गैल्या खाऊँ। 16 क्यूँकै मै थम नै कहूँ सूं के जिब्ब ताहीं वो
पणमेशर के राज्य म्ह पूरा नीं हो जद ताहीं मै उसनै कदे नीं खाऊँगाI”
17 फेर उसनै कटोरा लेकै धन्यवाद करया अर कह्या, “इसने ल्यो अर आपस
म्ह बाँट ल्योI 18 क्यूँकै के मै थम नै कहूँ सूं के जिब्ब ताहीं पणमेशर का राज
नीं आवै तब तक मै दाख का रस इब तै कदे नीं पिऊँगा I ” 19 फेर उसनै
रोट्टी ली अर धन्यवाद करकै तोड़ी ,अर उन ताहीं या कहकै दी , “ या मेरी
देह सै जो थारै खात्तर दी जा सै : मेरी याद म्ह न्यूए करया करोI ” 20 इसै
रीति तै उसनै खाणै के पाच्छै कटोरा भी यो कहन्दे होए दिया, यो कटोरा मेरै
उस लहू म्ह जो थारै खात्तर बाह्या जा सै नई वाचा सैI 21 पर देक्खो, मेरै
पकडण आळे का हाथ मेरै गैल्या मेज पै सैI 22 क्यूँकै माणस का बेट्टा तो
जिसा उसकै खात्तर ठहराया गया सै, जावै सै, पर हाय उस आदमी पै
जिसके जरिये वो पकड़वाया जा सै! ” 23 फेर वे आपस म्ह पूच्छताछ करण
लाग्ये के म्हारै म्ह तै कोण सै, जो यो काम करैगाI

महान कौण? पर वाद-विवाद

24 उन म्ह या बहस भी होगी के उन मै तै कौण बड्डा समझा जावै सैI
25 उसनै उन ताहीं कह्या , “और जातियां के राजा उनपै प्रभुता करैं सैं; अर
जो उनपै हक जमावैं सैं वे भले कहवावैं सैं I 26 पर थम इसे ना होइओ ;
बल्के जो थारै म्ह बड़्ड़ा सै वो छोटे कै बरोब्बर अर जो प्रधान सै, वो सेवक
कै बरोब्बर बणैI 27 क्यूँकै बड्डा कौण सै ,वो जो खाणै पै बैठ्या सै, या वो जो
सेवा करै सै? के वो नीं जो ज़िम्मण बैठ्या सै? पर मै थारै बिचाळै सेवक
बरोब्बर सूं I 28 “ थम वो सों, जो मेरै परीक्षाओं म्ह लगातार मेरै गैल्या रहे;
29 अर जिस तरियां मेरै पिता ने मेरै खात्तर एक राज्य ठहराया सै, उसे
तरियां मै भी थारै खात्तर ठहराऊ सूं, 30 ताके थम मेरै राज्य म्ह मेरी मेज पै
खाओ-पिओ बल्के सिंहासनां पै बैठकै इस्राएल के बारह गोत्रां का न्याय करो
I

पतरस के इनकार की भविष्यवाणी

31 “शमौन, हे शमौन ! देख शैतान नै थारै ताहीं माँग लिया सै के गेहूँ की
ढाळ पिच्छोड़ै, 32 पर मन्नै तेरै खात्तर बिनती करी के तेरा बिश्वास कम नीं हो;
अर जिब्ब तू फिरे तो, अपने भाइयां ने मजबूत करणाI” 33 उसनै उस ताहीं
कह्या, “हे प्रभु मै, तेरै गैल्या जेल जाण, बल्के मरण नै भी त्यार सूंI” 34 उसनै
कह्या, “हे पतरस, मै तन्नै कहूँ सूं के आज मुर्गा बाँग नीं देवैगा जब ताहीं तू
तीन बर मेरा इन्कार नीं कर लेवैगा के मै तन्नै नीं जाणदाI”

बटुआ, झोळी अर तलवार

35 फेर उसनै उन ताहीं कह्या, “जिब्ब मन्नै थारै ताहीं बटुए, अर झोळी, अर
जूत्या बिना भेज्या था, तो के थम नै किसे चीज की कमी होई थी?” उन्नै
कह्या, “किसे चीज की नीं I” 36 उसनै उन तै कह्या, “पर इब जिसकै धोरै
बटुआ हो वो उसनै ले अर उसी ए झोळी, अर जिसकै धोरै तलवार नीं हो तो
वो अपने लत्ते बेच कै एक मोल लेवैI 37 क्यूँकै मै थम नै कहूँ सूं ,यो जो
लिख्या सै : ‘वो गुन्हेगार गैल्या गिना गया,’ उसका मेरै म्ह पूरा होणा जरूरी
सै; क्यूँकै मेरै बारे में लिख्यी बात पूरी होण पै सैंI” 38 उन्नै कह्या, “हे प्रभु याडै
दो तलवार सैI” उसनै उन ताहीं कह्या, भतेरी सैंI”

जैतून के पहाड़ पै यीशु की प्रार्थना

39 फेर वो बारणै लिकड कै अपनी रीत के मुताबिक जैतून कै पाहड़ पै
गया, अर चेल्ले उसकै पाच्छे हो लियेंI 40 उस जगहा पहोंच कै उसनै उन
ताहीं कह्या, “प्रार्थना करो कै थम हिम्तान म्ह ना पड़ोI” 41 अर आप उन तै
न्यारा एक डळा फेकण के बराबर जितनी दूर गया, अर घुटणै/गोड्डे टेक कै
प्रार्थना करण लाग्या, 42 “हे पिता जै तू चाहवै तो इस कटोरै नै मेरै धोरै तै
हटा ले, तो भी मेरी नीं पर तेरी मर्जी पूरी होI” 43 फेर सुर्ग तै एक दूत उसनै
दिख्या जो उसनै सामर्थ दिया करै थाI 44 वो और घणे संकट म्ह काल होकै
और भी मन तै प्रार्थना करण लाग्या; अर उसका पसीन्ना मानों लहू की बड्डी-
बड्डी बूँदां के जू धरती पै गीरै थाI 45 फेर वो प्रार्थना तै उठ्या अर अपने
चेल्यां कै धोरै आकै उन ताहीं उदासी कै मारै सोन्दे पायाI 46 अर उनतै
कह्या, “क्यूँ सोवों सों? उठो, प्रार्थना करो के थम हिम्तान म्ह ना पड़ोI”

यीशु का धोक्खे तै पकड़या जाणा

47 वो या कहण ए लाग रह्या था के एक भीड़ आई, अर उन बारह म्ह तै
एक जिसका नाम यहूदा था उसकै आग्गै-आग्गै आण लाग रह्या थाI वो यीशु
कै धोरै आया के उसनै चूम लेI 48 यीशु नै उसतै कह्या , “हे यहूदा, के तू चूमा
ले कै माणस के बेट्टा नै पकडवावै सै?” 49 उसकै साथियां नै जद देख्या के,
के होण आळा सै, तो कह्या “हे प्रभु, के हम तलवार चलावां ?” 50 अर उन म्ह
तै एक नै महायाजक कै नौकर पै तलवार चला कै उसका सोळा कान उड़ा
दियाI 51 इस पै यीशु नै कह्या, “इब बस करोI” अर उसका कान छु कै
उसताहीं ठीक करयाI 52 फेर यीशु नै प्रधान याजकां अर मंदर कै पहरेदारां
कै सरदारां अर पुरनियां तै, जो उसपै चढ़ ग्ये थे, कह्या, “के थम मन्नै डाक्कू
जान कै तलवार अर लाट्ठीयां ले कै लिकड़े सों? 53 जद मै मंदर में हर दिन
थारै गैल्या था, तो थम नै मेरै हाथ भी कोनी लाया; पर यो थारा बख्त सै,
अर अन्धकार का हक सैI”

पतरस का इन्कार

54 फेर वे उसनै पकड़के ले चाल्ले, अर महायाजक कै घर म्ह लायेI पतरस
दूरे ए दूर उसकै पाच्छै-पाच्छै चाल्लै था; 55 अर जद वे आँगन म्ह आग
सुलगाकै कड्ढे बैड्ढे, अर पतरस भी उसके बिच्चाळै बैठ ग्याI 56 फेर एक
नौकराणी उस ताहीं आग कै चाँदणै म्ह बैठ्या देखकै अर उस कान्नी ताककै
कहण लाग्यी, यो भी तो उसकै गैल्या थाI” 57 पर उसनै यो कह कै मना कर
दिया, के “हे, जनानी मै उसनै कोनी ज्यान्दाI” 58 थोड़ी हाण पाच्छै किसे
और ने उस ताहीं कह्या, “तू भी तो उन म्ह तैए सै I” पतरस नै कह्या, “हे

भाई, मै वो कोनी I" 59 कोए घंटे एकै म्ह एक और माणस पक्के बिश्वास तै
कहण लाग्या, "सई म्ह यो भी तो उसकै गैल्या था, क्यूँके यो गलीली सैI"
60 पतरस नै कह्या, "हे भाई, मै नीं जाण्दा के तू के कहवै सै!" वो या कहवैए
था के मुर्गे नै बांग देदी 61 फेर घूम कै प्रभु नै पतरस की ओड़ देख्या अर
पतरस नै प्रभु की बात याद आई जो उसनै कही थी: "आज मुर्गे कै बाँग देणं
तै पहल्या, तू तीन बर इनकार करैगा"I 62 अर वो बारणै लिकड़ कै नै फुट-
फुट कै रोयाI

यीशु का अपमान

63 जो माणस यीशु नै पकड़े होए थे, वे उसनै मखौल बणा कै पिटण लाग्गे;
64 अर उसकी आँख ढक कै उसतै बुझ्या, "भविष्यबाणी करकै बता के तेरै
किसनै मारया!" 65 अर उन्नै घणीए बुराई की बात उसकै बिरोध म्ह कहींI

महासभा कै श्यामी यीशु

66 जद दिन लिकडया तो लोगां के पुरनिए अर प्रधान याजक अर शास्त्री
कट्ठे होये, अर उस ताहीं अपनी बड्डी पंचायत म्ह ल्या कै बुझया, 67 "जै तू
मसीह सै, तो हम नै कहदे !"उसनै उन तै कहया, "जै मै थारै तै कहूँ, तो
बिश्वास कोनी करोगे; 68 अर जै बुझ्झु, तो जबाब नीं द्योगेI 69 पर इब तै
माणस का बेट्टा पणमेशर कै सोळी ओड़ बैठ्या रहवैगाI" 70 इस पै सब नै
कह्या, "तो के तू पणमेशर का बेट्टा सै?" उसनै उनतै कह्या, "थम अपनै आपे
कहो सों, क्यूँके मै सूंI" 71 "फेर उन्नै कह्या, "इब हमनै गवाही की के जुरत सै;
क्यूँके हमनै आप्पे उसकै मुँह तै सुण लिया सैI"

पिलातुस कै श्यामी यीशु

23 फेर सारी मंडळी उठ कै उसनै पिलातुस के धोरै लेग्यी I 2 वो ये
कहकै उसपै इल्जाम ल्गाण लाग्गे; "हमनै इस ताहीं माणसां नै
भकांदे, अर कैसर ने चुंगी देणं तै मना करदे, अर खुद नै मसीह, राजा कहन्दे
होए सुणयां सै I" 3 पिलातुस नै उसतै बुझया, "के तू यहूदियां 'का राजा सै?"
उसनै उस ताहीं जबाब दिया, "तू आपै कहवै सैI" 4 फेर पिलातुस नै प्रधान
याजकां तै अर माणसां तै कह्या, "मन्नै इस आदमी म्ह कोए खोट नीं पाया I"
5 पर वे और भी बिश्वास के गैल्या कहण लाग्गे, "यो गलील तै लेकै याडै ताहीं,
सारे यहूदियां नै उपदेश देके माणसां नै बहकाव सैI" 6 या सुणके पिलातुस नै
बुझया, "के यो आदमी गलीली सै?" 7 अर या जाणकै के वो हेरोदेस की
रियासत का सै, उस ताहीं हेरोदेस के धोरै खन्दा दिया, क्यूँके उन दिनां म्ह
वो भी यरूशलेम म्ह था I

हेरोदेस कै श्यामी यीशु

8 हेरोदेस यीशु नै देखकै घणा राज़ी होया, क्यूँके वो घणै दिनां तै उसनै
देखणा चाहवै था; इस खात्तर के उसके बारे म्ह सुणयां था, अर उसतै किमे
चमत्कार देखण की आस राख्यै था 9 वो उसतै भोत-सीं बात बूझता रहे, अर
उसनै उस ताहीं कोए भी जबाब नीं दियाI 10 प्रधान याजक अर शास्त्रीं खड़े
होये तन मन तै उसपै इल्जाम लगान्दे रहेI 11 फेर हेरोदेस नै अपने
सिपाहियां के गैल्या उसकी बेज्ती करके मजाक उड़ाया, अर भड़कीले लत्ते
पिराह के उस ताहीं पिलातुस के धोरै खन्दा दियाI 12 उसै दिन पिलातुस अर
हेरोदेस ढब्बी बणगे; इसतै पहल्या वे एक दूसरे के दुश्मन थे I

पिलातुस द्वारा यीशु ताहीं मौत की सजा

13 पिलातुस नै प्रधान याजकां, सरदारां अर माणसां नै बुलाके उन ताहीं
कह्या, 14 "थम इस आदमी नै माणसां का भकान आळा बताकै मेरै धोरै ल्याए
सों, अर देक्खो, मन्नै थारै स्याम्ही उसकी जाँच करी, पर जिन बात्तां का थम
उसपै इल्जाम लगाओ सों उन बात्तां के बारे म्ह मन्नै इसमे कोए भी खोट
कोनी पाया; 15 ना हेरोदेस नै, क्यूँके उसनै इस ताहीं म्हारै धोरै खन्दा दिया
सै: अर देक्खो, उसतै इसा कुछ कोनी होया के वो मौत की सजा के काबिल
ठहराया जावैI 16 इस खात्तर मै इसनै छित्वा कै छोड़ दयु सूंI" 17 [पिलातुस
त्यौहार के बख्त उनकै खात्तर एक कैदी नै छोड़ण पै मजबूर थाI] 18 फेर
सारे मिलके चिल्ला उठ्ये, "इसका काम तमाम करदे, अर म्हारै खात्तर
बरअब्बा नै छोड़ दे!" 19 वो किसै बलवै के कारण जो नगर म्ह होया था, अर
हत्या के कारण जेल म्ह गेरया ग्या था 20 पर पिलातुस ने यीशु ताहीं छोड़ण
की इच्छा तै माणसां ताहीं फेर समझाया, 21 आखर उन्नै रुक्के मारके कह्या,
"उसनै क्रूस पै चढा, क्रूस पै !" 22 उसनै तीसरी बर उन ताहीं कह्या, "क्यूँ
उसनै कौण सी बुराई करी सै? मन्नै उसमें मौत की सजा के काबिल कोए बात
कोनी पाईI इस तरियां मै इसनै छित्वा कै छोड़ देऊ सूंI" 23 पर ओ रुक्के
मार-मार के पाच्छै पड़ ग्ये के वो क्रूस पै चढाया जावै, अर उनका रुक्के मारना
तेज होग्याI 24 आखर पिलातुस ने हुक्म दिया के उनकी बिनती के मुताबिक
करया जावैI 25 उसनै उस आदमी के जो बलवे अर हत्या के कारण जेल म्ह
गेरा ग्या था, अर जिसनै वो मांगै थे, छोड़ दिया; अर यीशु नै उनकी इच्छा के
मुताबिक सौंप दियाI

यीशु का क्रूस पै चढ़ाया जाणा

26 जद ओ उसनै लेकै जावै थे, तो उन्नै एक कुरेनी नै जो गाम म्ह तै आवै
था, पकडके उसपै क्रूस लाद दिया के उसै यीशु के पाच्छै-पाच्छै ले चाल्लेI
27 माणसां की भीड़ उसकै पाच्छै-पाच्छै हो ली उन म्ह घणीए लुगाई भी थी
जो उसकै खात्तर छात्ती पीट्टै अर रोवै धोवै थी I 28 यीशु नै उनकै कानीं
मुड़के कह्या, " हे यरूशलेम की बेटियों, मेरै खात्तर ना रोओ; पर अपणे अर
आपने बाळकां के खात्तर रोओ 29 क्यूँके देक्खो, वे दिन आवैं सैं, जिन म्ह
माणस कहवैंगें, 'धन्य सैं वे जो बाँझ सैं अर वे गर्भ नीं जन्ये अर वे दुद्धी जिन्ने
दूध नीं पियायाI" 30 उस बखत 'वे पहाडां तै कहण लाग्ये के म्हारै पै आण
पडो, अर टीलां तै के ह्मनै ढक ल्योI 31 क्यूँके वे जिब हरे रुखां गैल्या इसा
करैं सैं, तो सूख्या कै गैल्या के किम्मी नीं करया ज्यागा ?" 32 वे और दो
माणसां नै भी जो भुन्डे काम करण आळे थे उसकै गैल्या मारण नै ले चाल्लेI
33 जद वे उस जगहा पोहच्चे, जिसनै खोपड़ी कहवै थे, तो उन्नै ओडै उस ताहीं
अर भुन्डे काम करण आळे ताहीं भी, एक नै सोळी अर दूसरे नै ओळी ओड़
क्रूस पै चढ़ायै I 34 फेर यीशु नै कह्या, "हे पिता इन्है माफ़ कर, क्यूँके ये नीं
जाणदे के ये के करैं सैंI" अर उन्नै पर्ची गेर कै उसके लत्ते बाट लिएI
35 माणस खड़े-खड़े देखैं थे, अर सरदार भी मजाक करकै कहवैं थे : इसनै
दुसरयां ताहीं बचाया, जै यो पणमेशर का मसीह सै, अर उसका छाटया होए
सै, तो अपनै आप नै बचा लेI" 36 सिपाही भी धोरै आकै अर सिरका देकै
उसका मजाक बणा के कहवैं थे, 37 जै तू यहूदियां का राजा सै, तो अपने
आप नै बचाले!" 38 अर उसकै ऊप्पर एक दोषपत्र भी लगा दिया : यो
यहूदियां का राजा सैI "

मन फिराण आळा भुन्डे काम करणीया

39 जो भुन्डे काम करणीये ओडै लटकाए गये थे, उन म्ह तै एक नै उसकी
बुराई करकै कह्या, " के तू मसीह कोनी? फेर आपणै आप नै अर हमनै बचा!"
40 इस पै दुसरै ने उस ताहीं धमका के कह्या, " के तू पणमेशर तै भी कोनी
डरदा? तू भी तो वाए सजा पा रया सै, 41 हम तो न्याय के मुताबिक सजा पारे
सां, क्यूँके हम आपनै काम्मां की सई सजा पारे सां, पर उसनै कोए गलत
काम नीं करयाI " 42 फेर उसनै कह्या, "हे यीशु, जद तू अपणै राज्य म्ह
आवै, तो मेरी ख्यास करियेI" 43 उसनै उस ताहीं कह्या, "मै तन्नै सच्च कहूँ सूं
के आजे तू मेरै गैल्या सुर्गलोक म्ह होगाI" 44 करीबन दोफ्फारै तै तीसरे पहर
ताहीं सारे देश म्ह अन्धेरा होया रह्या, 45 अर सूरज का चाँदणा जांदा रह्या,
अर मंदर का पर्दा बिचाळै तै पाट ग्या, 46 अर यीशु नै बड्डे जोर तै कह्या, "हे
पिता, मै अपनी आत्मा तेरै हाथां म्ह सौंप्पू सूंI" अर या कह के दम तोड
दियाI 47 सूबेदार नै जो किम्मे होया था देखकै पणमेशर की बड़ाई करी, अर
कह्या, "पक्का यो आदमी धर्मी थाI" 48 अर भीड़ जो यो देक्खण नै कट्ठी होई
थी, इस घटना ने देखकै छात्ती पीटती होई बोहड्गीI 49 पर उसकै सब जाण
पिच्छाण, अर जो लुगाईयां गलील तै उसकै गैल्या आई थी, दूर खड़ी यो सब
देखण लागरी थीI

यीशु का गाड्या जाणा

50 ओडै युसूफ नाम का बड्डी पंचायत का एक सदस्य था जो आच्छा अर
धर्मी आदमी था 51 उनकी बिचार अर उनके इस काम तै राज़ी कोनी थाI वो
यहूदियां के नगर अरिमतिया का रहण आळा अर पणमेशर के राज्य की बाट
देखण आळा थाI 52 उसनै पिलातुस के धोरै जाकै यीशु की लाश माँगी;
53 अर उस ताहीं उतार के मलमल की चादर म्ह लपेटया, अर एक कब्र म्ह
धरया, जो पत्थरां म्ह खुदी होए थी ; अर उस म्ह कोए कदे नीं राख्या ग्या
थाI 54 वो त्यारी का दिन था, अर सब्त का दिन सरू होण आळा था I
55 उन लुगाईयां नै जो उसके गैल्या गलील तै आई थी, पाच्छे-पाच्छे जाकै
उस कब्र नै देख्या, के अर यो भी के उसकी लाश किस रीति तै राख्यी गयी
सैI 56 फेर उन्नै बोहड़ के खुशबूदार चीज़ अर इत्र त्यार करया; अर सब्त के
दिन उन्नै हुक्म के मुताबिक आराम करया I

यीशु का पुनरुत्थान

24 पर हफ्ते कै पहल्ड़ै दिन तड़कै-तड़कै नै वे उन खस्बुदार चिज़्ां नै
जो उन्नै बणाई थी, ले कै कब्र पै आग्यी। 2 उन्नै पत्थर कब्र पै तै
हट्या पाया, 3 पर भीत्तर जाकै प्रभु यीशु की लाश कोनी पाई। 4 जब वे इस
बात तै हैरान होरी थी तो देक्खो दो माणस चमकते होए लत्ते पहरी होए
उनकै धोरै आण खड्ये होए। 5 जिब्ब वे डर ग्यी अर धरती की ओड मुँह
झुकाए रही तो उन्नै उन ताहीं कह्या, ''थम जिन्दै नै मरै होया म्ह क्यूँ टोह्ळो
6 वो याड़ै कोनी, पर जी उठ्या सै। याद करो कै उसनै गलील म्ह रहंदे होए
थारै तै कै कह्या था, 7 जरूरी सै कै माणस का बेट्टा पपियां कै हाथां म्ह
पकड़वाया जावै, अर क्रूस पै चढाया जावै, अर तीसरे दिन जी उठै'।'' 8 फेर
उसकी बात उसकै याद आई, 9 अर कब्र पै तै उल्टे आकै उन्नै उन ग्यारहां नै
अर, सारया ताहीं ये सब बात कहदी। 10 जिन्नै प्रेरितां तै ये बात कही वे
मरियम मगदलीनी अर योअन्ना अर याकूब की माँ मरियम अर उसकै साथ
की और भी लुगाई थी । 11 पर उसकी बात उण ताहीं कहानी-सी लाग्गी, अर
उन्नै उसका बिश्वास नीं करया । 12 फेर पतरस कब्र पै भाज्या ग्या, अर झुककै
देख्या तो सिर्फ लत्ते पड़े देक्खे, अर जो होया था उसतै अचम्भा करता होया
अपणे घरां चला ग्या I 13 उसै दिन उन म्ह तै दो माणस इम्माऊस नाम गाम
म्ह जाण लागरै थे, जो यरूशलेम तै कोई सात कोंस की दुरी पै थाI 14 वे इन
सब बात्तां पै जो होई थी, आपस म्ह बातचीत करदे जाण लागरे थे, 15 अर
जद वे आपस म्ह बात चीत अर पूछताछ करै थे तो यीशु खुद धोरै आकै
उनकै गैल्या हो लियाI 16 पर उनकी आँख न्यू बंद कर दी थी कै उसनै
पिच्छाण ना सकैI 17 उसनै उन तै बुझ्या, ''ये कै बात सै, जो थम चाल्दे-
चाल्दे आपस म्ह करो सों? ''वे उदास सें खड्ये होगे I 18 या सुण कै उन म्ह
तै किलयोपास नाम के एक माणस नै कह्या, ''के तू यरूशलेम म्ह एकला
परदेशी सै, जो नीं जाणदा के इन दिनां म्ह उस म्ह के-के होया सै?'' 19 उसनै
उन तै बुझया, “कौण सी बात? उन्नै उस ताहीं कह्या, यीशु नासरी के बारे म्ह
जो पणमेशर अर सारे माणसां कै धोरै काम अर वचन म्ह सामर्थी नब्बी था,
20 अर प्रधान याजकां अर म्हारै सरदारां नै उस ताहीं पकडवा दिया के उसतै
मोंत का हुक्म दिया जा; अर उसनै क्रूस पै चड्वाया I 21 पर हमनै उम्मीद थी
के योए इस्राएल नै छुटकारा देवैगा I इन सारी बात्तां कै सिवा इस घटना नै
होए आज तीसरा दिन सै, 22 अर म्हारै म्ह तै कई लुगाई नै भी म्हार ताहीं
उल्झन म्ह गेर दिया, जो सबेरै कब्र पै ग्यी थी; 23 अर जिब्ब उसकी लाश
कोनी पाई तो वा या कहन्दी आई के हमनै सुर्गदुतां के दर्शन पाये, जिन्नै कह्या
के वो जिन्दा सै I 24 फेर म्हारै साथियां म्ह तै कई कब्र पै ग्ये, अर जिसा
लुगाई नै कह्या था उसाए पाया; पर वो कोनी देख्याI” 25 फेर उसनै उन ताहीं
कह्या, “हे सब बावळो अर नब्बियां की सारी बात्तां पै बिश्वास करण म्ह
नासमझों! 26 कै जरूरी कोनी था कै मसीह ये दु:ख उठा कै अपनी महिमा म्ह
दाखल हो?” 27 फेर उसनै मूसा तै अर सारे नब्बियां तै सरु करकै सारे पवित्र
शास्त्रां म्ह तै अपने बारै म्ह लिक्खी बात्तां का मतलब, उन ताहीं समझा
दियाI

28 इतनै म्ह वो उस गाम कै धोरै पहोच्चे जित वे जावै थे, अर उसके ढंग तै
इसा लाग्या के वो आगै जाणा चाहवै सैI 29 पर उन्नै यो कह कै उस ताहीं
रोक्या, म्हारै गैल्या रह, क्यूँके साँझ होल्यी सै अर दिन इब घणा ढळ ग्या
सैI” फेर वो उनकै गैल्या रहण के खात्तर भीत्तर ग्याI 30 जद वो उन कै
गैल्या खाना खाण बैठ्या, तो उसनै रोट्टी लेकै धन्यवाद करया अर उस ताहीं
तोड़कै उन्नै देण लाग्याI 31 फेर उनकी आँख खुल ग्यी; अर उन्नै उस ताहीं
पिच्छाण लिया, अर वो उनकी आँखां तै ओन्झळ होग्याI 32 उन्नै आपस म्ह
कह्या, “जद वो म्हारै तै रास्ते म्ह बात करै था अर पवित्र शास्त्र का मतलब
हमनै समझावै था, तो कै म्हारै मन म्ह जोस नीं आया?” 33 वो उसै बख्त
उठके यरूशलेम म्ह चले ग्ये, अर उन ग्यारहां अर उनकै साथियां ताहीं उन्नै
कट्ठै मिलगेI 34 वो कहवै थे, प्रभु साच्चेए जी उठ्या, अर शमौन नै दिख्याI”
35 फेर उन्नै रास्ते की बात उन ताहीं बता दी अर या भी के रोट्टी तोड़दे बख्त
किस तरियां उस ताहीं पिच्छाणाI

यीशु का चेल्या ताहीं दिखणा

36 वे ये बात करये थे के ओ खुद ए उनके बिचाळै आण खड्या होया, अर
उन ताहीं कह्या, “थमनै शान्ति मिलैI'' 37 पर वे घबरागै अर डरगै, अर समझे
के हम किसे भुत नै देक्खां सां I 38 उसनै उन तै कह्या के,” क्यूँ घबराओ
सों? अर थारै मन म्ह क्यूँ बैहम हो सै? 39 मेरै हाथ-पायां ने देक्खो के मै ओए
सूंI मन्नै छु के देक्खो, क्यूंके आत्मा के हाड-माँस कोनी होंदे जिसा मेरै म्ह
देक्खो सोंI”

40 यो कहकै उसनै उन ताहीं अपनै हाथ पैर दिखाएI 41 जद खुशी के मारै
उन्नै बिश्वास कोनी होया, अर ओ अचम्भा मान्नै थे, तो उसनै उन ताहीं बुझ्या,
''के याडै थारै धोरै किम्मे खाणनै सै?'' 42 उन्नै उस ताहीं भुनी होई मच्छी का
टुकड़ा दियाI 43 उसनै लेकै उनकै आगै खायाI 44 फेर उसनै उन ताहीं
कह्या, ''ये मेरी वे बात सै, जो मन्नै थारै गैल्या रहंदे होए थारै तै कही थी के
जरूरी सै जितनी बात मूसा की व्यवस्था अर नब्बियां अर भजनां की
किताबां म्ह मेरै बारे म्ह लिक्खी सैं, सारी पूरी होंI'' 45 फेर उसनै पवित्र शास्त्र
बुझण के खात्तर उनकी बुध्दि खोल दी, 46 अर उनतै कह्या, ''यो लिख्या सै
के मसीह दु:ख ठावैगा, अर तीसरै दिन मरै होया म्ह तै जी उठैगा, 47 अर
यरूशलेम तै लेकै सारी जातां म्ह मन बदलण का अर पापां की माफी का
प्रचार, उसकै-ए नाम तै करया जावैगाI 48 थम इन सारी बात्तां के गवाह सोंI
49 अर देक्खो, जिसकी सूंह मेरै पिता नै खाई सै, मै उन्नै थारै पे उतारूँगा अर
जिब्ब तैई सुर्ग तै सामर्थ नीं पाओगे, जब ताहीं इसै नगर म्ह रुके रहो I

यीशु का स्वर्गारोहण

50 फेर ओ उन्नै बैतनिय्याह ताहीं बाहर लेग्या, अर अपणे हाथ ठाके उन
ताहीं आशीष दी; 51 अर उन्नै आशीष देंदे होए ओ उनतै न्यारा होग्या अर सुर्ग
पै उठा लियाI 52 फेर वो उसनै नमस्कार करके बड़ी खुशी तै यरूशलेम चले
गये; 53 अर वे लगातार मंदर म्ह हाज़र होकै पणमेशर की भक्ति करया करैं थेI

यूहन्ना

वचन देही की शिक्क म्ह आया

1 सबतै पहल्या शब्द था, अर शब्द पणमेशर था। 2 योए सबतै पहल्या पणमेशर कै गेल्या था। 3 सारा किमै
उसकै जरिये बण्या सै, अर जो कीमे उसकै जरिये बण्या सै उसम्ह तै कोए भी चीज उसकै बिना नीं बणी। 4 उसमै जीवन था अर ओ जीवन माणसां का चाँदणा था। 5 चाँदणा अन्धेरै म्ह चमकै सै, अर अन्धेरे नै उस ताहीं कोन्या अपणाया।

6 एक माणस पणमेशर कै ओड़ तै हाजर होया जिसका नाम युहन्ना था। 7 ओ गवाही देण खातर आया के चाँदणै की गवाही देवै, अक सारे उसकै जरिये बिश्वास ल्यावै। 8 ओ खुद तै ओ चाँदणा कोनी था, पर उस्से चाँदणै की गवाही देण खातर आया था।

9 साच्चा चाँदणा जो हरेक माणस नै चमकावै सै, दुनिया म्ह आण आळा था। 10 ओ दुनिया म्ह था, अर दुनिया उसकै जरिये जणी, अर दुनिया नै उस ताहीं ना पिच्छाणया। 11 ओ अपणै घरा आया अर उसके अपणयां नै उस ताहीं कोन्या अपणाया। 12 पर जितन्यां नै उस ताहीं अपणाया, उसनै उन ताहीं पणमेशर के ऊलाद होण का हक्क दिया यानि उन्नै जो उसकै नाम पै बिश्वास राखै सै। 13 वे ना तै लहु तै, ना देही की मर्जी तै, ना माणसां की मर्जी तै, पर पणमेशर तै जणे होए सै।

14 अर वचन देही की शिक्क म्ह आया; अर अनुग्रह अर सच्चाई तै भरकै म्हारै बिच्चाळै रहण लाग्या, अर हमनै उसकी इसी महिमा देक्खी, जिसी बाप कै ऐकलै की महिमा। 15 युहन्ना नै उसकै बारै म्ह गवाही दी, अर रूक्का मारकै बोल्या, "यो ओए सै, जिसका मन्नै जिक्रा करया के जो मेरै पाच्छै आण लागरया सै, ओ मेरतै बाध सै क्यूँके ओ मेरतै पहल्या था।" 16 अके उसकी भरपुरी म्ह तै हम सारया नै मिली यानिके अनुग्रह पै अनुग्रह। 17 ज्यातै के व्यवस्था तै मूसा तै मिले, पर अनुग्रह अर सच्चाई यीशु मसीह तै पहोच्ची। 18 पणमेशर ताहीं किसे नै कदे कोन्या देख्या, ऐकला बेट्टा जो बाप की गोद्दी म्ह सै, उस्से नै उस ताहीं दिखाया।

युहन्ना बपतिस्मा देणआळे की गवाही
(मत्ती 3:1-12; मरकुस 1:1-8; लूका 3:1-18)

19 युहन्ना की गवाही या सै, के जिब्ब यहुदियां नै यरूशलेम तै याजकां अर लेवियां नै उसतै यो बुझ्झण नै खन्दाया, "तू कौण सै?" 20 फेर उसनै यो मान लिया अर नाट्या कोनी, पर मान लिया, "मैं मसीह कोनी सूं।" 21 फेर उन्नै उसतै बुझ्झया, "तो फेर तू कौण सै? के तू एलिय्याह सै?" उसनै कहया, "मैं कोनी सूं।" "तो के तू ओ नबी सै?" उसनै जबाब दिया, "ना।" 22 फेर उन्नै उसतै बुझ्झया, "फेर तू सै कौण? ताके हम आपणे खन्दाण आळयां ताहीं जबाब देवां। तू अपणै बारै म्ह के कहवै सै?" 23 ओ बोल्या, "जिसा यशायाह नबी नै बोल्या सैः 'मैं बण म्हे एक रूक्का देवण आळे का बोल सूं, के थम प्रभु का रास्ता सीधा करो।"

24 वे फरीसियों के कान्नी तै खन्दाए होड़ थे। 25 उन्नै उसतै यो सवाल बुझ्झया, "जै तू ना मसीह सै, अर ना एलिय्याह, अर ना ओ नबी सै, तै फेर बपतिस्मा क्यांतै देवै सै?" 26 युहन्ना नै उन ताहीं जबाब दिया, "मैं तै पाणी तै बपतिस्मा दयु सूं, पर थारे बिच्चाळै एक माणस खड़या सै जिसनै थम कोनी जाणदे। 27 यानि मेरै पाच्छै आणआळा सै, जिसकी जुत्ती के फीत्ते मै खोल्लण जोग्गा कोनी।" 28 ये बात यरदन तै परली ओड़ बैतनिय्याह म्ह होई, जड़ै युहन्ना बपतिस्मा दिया करदा।

पणमेशर का मेम्ना

29 दुसरै दिन उसनै यीशु ताहीं आपणी ओड़ आन्दे देखकै बोल्या, "देक्खो, यो पणमेशर का मेमना सै जो दुनिया का पाप ठावै सै। 30 यो ओए सै जिसकै बारै म्ह मन्नै कहया था, 'एक माणस मेरै पाछै आवै सै जो मेरतै घणा काम्मल सै, ज्यातै ओ मेरतै पहल्या था। 31 मै तै उसनै पिच्छाणु कोनी था, पर इस्से खातर मैं पाणी तै बपतिस्मा देन्दा होया आया के वो इस्राएल पै दीख जावै।" 32 अर युहन्ना नै या गवाही दीः "मन्नै आत्मा ताहीं कबूतर की तरियां अकास तै उतरदे देख्या सै, अर ओ उस पै ठहरग्या। 33 मै तै उसनै पिच्छाणु कोनी था, पर जिसनै मेरैताहीं पाणी तै बपतिस्मा देण कै खात्तर खन्दाया, उस्से नै मेरैताहीं कहया, "जिस पै तू आत्मा नै उतरदे अर ठहरदे देक्खै, ओए पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा देणिया सै।" 34 अर मन्नै देख्या, अर गवाही दी सै, के योए पणमेशर का बेट्टा सै।"

यीशु के प्रथम चेल्ले

35 दूसरै दिन दुबारै युहन्ना अर उसके चेल्यां म्ह तै दो जणे खड़े होए थे, 36 अर उसनै यीशु पै जो जाण लागरया था, उसकी ओड़ लखाकै बोल्या, "देक्खो, यो पणमेशर का मेम्ना सै।" 37 जिब्बे वे दोन्नु चेल्ले उसकी न्यू सुणकै यीशु कै गेल हो लिए। 38 यीशु नै बोहड़कै उनताहीं गेल आन्दे देख्या अर उनतै बोल्या, "थम किसनै टोव्हो सो?" वे उसतै बोल्ले, "हे रब्बी यानि हे गुरू, तू कड़ै रहवै सै?" 39 ओ उनतै बोल्या, "चाल्लो, तै देख लियो।" फेर उन्नै उसकै रहण की जगहां देक्खी, अर उस दिन उसकै गेल्या रए। यो दसवें घन्टै कै करीबन था।

40 उन दोनुआ म्है तै, जो युहन्ना की बात सुणकै यीशु कै गेल्या हो लिए थे, एक तो शमौन पतरस का भाई अन्द्रियास था। 41 उसनै पहल्या अपणै सगै भाई शमौन तै फेटकै उसतै बोल्या, "हमनै ख्रिस्त यानि मसीह, मिलग्या। 42 ओ उसनै यीशु कै धोरै ल्याया। यीशु नै उसकी ओड़ लखाकै कहया, "तू युहन्ना का बेट्टा शमौन सैः तू कैफा यानिके पतरस कुआवैगा।

फिलिप्पुस अर नतनएल का बुलाया जाणा

43 दूसरै दिन यीशु का जी गलील जाण नै करया। ओ फिलिप्पुस तै फेटया अर बोल्या, "मेरे गेल्या हो ले।" 44 फिलिप्पुस, अन्द्रियास अर पतरस कै नगर बैतसैदा का रहणिया था। 45 फिलिप्पुस नतनएल तै फेटया अर उसतै बोल्या, "जिसका जिक्र मूसा नै व्यवस्थायां म्ह अर नब्बीयां नै करया सै, ओ म्हारै तै फेटगा सै! ओ युसुफ का बेट्टा, यीशु नासरी सै।" 46 नतनएल उसतै बोल्या,"के कोए काम्मल चीज भी नासरत तै लिकड़ सकै सै? फिलिप्पुस उसतै बोल्या,"चालकै देख ले। 47 यीशु नै नतनएल को आपणी ओड़ आन्दे देख कै उसकै बारै म्ह कहया, "देक्खो, यो साच्चए इस्राएली सैः इसम्ह कपट कोनी।" 48 नतनएल उसतै बोल्या, "तू मन्नै किस तरियां जाणै सै?" यीशु नै उस ताहीं जबाब दिया, "इसतै पहल्या के फिलिप्पुस नै तेरे ताहीं बुलाया, जिब्ब तू अंजीर कै दरख्त तळै था, जिब्ब मन्नै तेरैताहीं देख्या था।" 49 नतनएल नै उस ताहीं जबाब दिया, "हे रब्बी, तू पणमेशर का बेट्टा सै; तू इस्राएल का महाराजा सै।" 50 यीशु नै उस ताहीं जबाब दिया, "मन्नै जो तेरेतै कहया के मन्नै तेरैताहीं अंजीर कै दरख्त तळै देख्या, के तू इस्से ताहीं

बिश्वास करै सै? तू इसतै भी बड्डे-बड्डे काम देक्खैगा।" 51 फेर उसतै
बोल्या,"मैं तेरैतै साच्चे-साच्च कहूँ सूं, के थम सुर्ग नै खुल्या होड़ अर पणमेशर
के सुर्गदुत्तां नै माणस कै बेट्टे पै उतरदे अर ऊपरान जान्दे देक्खोगे।"

गलील के काना म्ह पहल्ला अनोक्खा काम

2 फेर तीसरै दिन गलील कै काना म्ह किसे का ब्याह था, अर यीशु की
माँ भी ओड़ए थी। 2 यीशु अर उसके चेल्ले भी उस ब्याह म्ह न्योंद
राक्खे थे। 3 जिब्ब दाखरस सापड़ग्या, फेर यीशु की माँ उसतै बोल्ली, "उनकै
धोरै दाखरस कोनी रहया।" 4 यीशु नै उसतै कहया, "हे नारी, मन्नै तेरैतै के
काम? इबे मेरा टेम कोनी आया।" 5 उसकी माँ नै नौकरां तै कहया, "जो किमै
यो थारे ताहीं कहवै, न्युए करियो। 6 ओड़ै यहूदियां ताहीं पवित्र करण कै
रिवाज के मुताबिक़ पत्थर के छः पैण्डे धरे थे, जिनम्ह दो-दो, तीन-तीन मण
पाणी आवै था। 7 यीशु नै उनतै कहया, "पैण्डां मै पाणी भर दयो। अर उन्नै वे
मुँह ताहीं भर दिए। 8 फेर उसनै उन ताहीं कहया, "इब काडकै भोज कै प्रधान
धोरै ले जाओ।" अर वे लेगे। 9 जिब्ब भोज कै प्रधान नै ओ पाणी चाख्या, जो
दाखरस बणग्या था अर नीं जाणै था के ओ कड़ै तै आया सै (पर जिन नौकरां
नै पाणी काड्या था वे जाणै थे) फेर भोज कै प्रधान नै बन्दड़े ताहीं बुलाकै
उसतै कहया, 10 "हरेक माणस पहल्या बढिया दाखरस देवै सै, अर जिब्ब
माणस पीकै छिक जावै सै, फेर हल्का देवै सै; पर तन्नै बढिया दाखरस इब
ताहीं राख राख्या सै।" 11 यीशु नै गलील कै काना म्ह आपणा यो पहल्ड़ा
कारनाम्मा दिखाकै आपणी महिमा दिखा दी अर उसके चेल्यां नै उसपै
बिश्वास करया।

12 इसकै पाच्छै ओ अर उसकी माँ अर उसके भाई अर उसके चेल्ले
कफरनहूम नै गए अर ओड़ै किमै दिन रहे।

मंदर तै व्यापारियाँ का काड्या जाणा

(मत्ती 21:12-13; मरकुस 11:15-17; लूका 19:45-46)

13 यहुदियां का फसह का त्यौहार लोवै था, अर यीशु यरूशलेम म्ह गया।
14 उसनै मन्दर म्ह बळद, भेड़ अर कबूतर नै बेच्चण आळे अर सर्राफां ताहीं
बैट्ठे होए पाया। 15 फेर उसनै जेवड़ियां का कोरड़ा बणाकै, सारी भेड्डां अर
बळदा ताहीं मन्दर तै काड दिया, अर सर्राफां के पिस्से खिन्डा दिए अर पीढ़े
पलट दिए, 16 अर कबूतर बेचणआळयां ताहीं बोल्या, "इन्हे उरै तै ले जाओ।
मेरै बाप कै घर नै धन्धे का घर ना बणाओ।" 17 फेर उसकै चेल्यां नै याद
आया के लिख्या होड़ सै, "तेरै घर की सिरड़ मनै खा ज्यागी। 18 इस पै
यहूदियां नै उसतै कहया, "तू जो इस तरियां करै सै तो म्हारैताहीं कौण-सा
निशान दिखावै सै?" 19 यीशु नै उन ताहीं जबाब दिया, "इस मन्दर ने ढा दो,
मैं इसनै तीन दिनां म्ह खड़या कर दूँगा। 20 यहूदियां नै कहया, "इस मन्दर कै
बनाण म्ह छियालिस साल लाग्गे सैं, अर के तू इसनै तीन दिनां म्ह खड़या
कर देवैगा?" 21 पर उसनै आपणी देह कै मन्दर कै बारै म्ह बोल्या था। 22 खर
म्ह जिब्ब ओ मरे होया म्ह तै जिन्दा होया जिब्ब उसकै चेल्यां नै याद आई के
उसनै यो कहया था; अर उन्नै पवित्र ग्रन्थ अर उस शब्द का जो यीशु नै
बोल्या था, बिश्वास करया।

यीशु माणस के मन नै जाणै सै

23 जिब्ब ओ यरूशलेम म्ह फसह के टेम त्यौहार म्ह था, तो घणाए नै
उसके निशान नै जो वो दिखावै था देखकै उसकै नाम पै बिश्वास करया।
24 पर यीशु नै अपणै-आप ताहीं उनकै भरोसै पै कोनी छोड्या, ज्यातै ओ
सारया नै जाणै था; 25 अर उसनै जरूत कोनी थी के माणस के बारै म्ह कोए
गवाही देवै, ज्यातै ओ खुदे जाणै था के माणस कै मन म्ह के सै?

यीशु अर नीकुदेमुस

3 फरीसियां म्ह तै नीकुदेमुस नाम का एक माणस था, जो यहूदियां का
प्रधान था। 2 उसनै रात नै यीशु के धोरै आकै उस ताहीं कहया, "हे
रब्बी, हमनै बेरा सै के तू पणमेशर की ओड़ तै गुरू बणकै आया सै; ज्यातैए
कोए इन निशान नै जिन्हे तू दिखावै सै, जै पणमेशर उसकै गेल्या ना हो, तै
कोन्या दिखा सकदा।" 3 यीशु नै उस ताहीं जबाब दिया, "मै थारै ताहीं
साच्ची-सांच कहूं सूं, जै कोए नए सिरे तै ना जण्य तै पणमेशर का राज देख नी
सकदा।" 4 नीकुदेमुस नै उस ताहीं कहया, "माणस जिब्ब बुढ़ा होज्या, तै
किस ढाळ जन्म ले सकै सै? के ओ आपणी माँ कै गर्भ म्ह दुसरी बर भीत्तर
बड़कै जन्म ले सकै सै।" 5 यीशु नै जबाब दिया, "मै तेरैतै साच्ची-सांच कहूँ सूं
; जिब्ब ताहीं कोए माणस पाणी अर आत्मा तै ना जण्य तै ओ पणमेशर के
राज्य म्ह बड़ नी सकदा। 6 ज्यातै जो देह तै जण्या सै, ओ देह सै; अर जो
आत्मा तै जण्या सै, ओ आत्मा सै। 7 हैरान ना होवै, के मन्नै तेरैतै कहया; के
थारै ताहीं नए सिरे तै जन्म लेणा जरूरी सै। 8 बाळ जितोड़ चाहवै सै उतोड़
चाल्लै सै, अर तू उसका शब्द सुणै सै, पर ना जांणदा, के वा कड़ै तै आवै सै
अर कितोड़ नै जावै सै? जो कोए आत्मा तै जण्या सै ओ इसाए सै।"
9 नीकुदेमुस नै उस ताहीं जबाब दिया; के या बात किसढाळ हो सकै सै?
10 या सुणकै यीशु नै उस ताहीं कहया, "तू इस्रालियां का गुरू होकै भी के इन
बात्तां नै कोनी समझदा?" 11 मैं तेरैतै साच्ची-साच कहूँ सूं के हम जो जाणां
सां, ओ कहवां सां, अर जिस ताहीं हमनै देख्या सै उसकी गवाही देवां सां,
अर थम म्हारी गवाही अपणांदे कोनी। 12 जिब्ब मन्नै थारैतै धरती की बात
कहीं, अर थम बिश्वास नी करदे, तै जै मै थमनै सुर्ग की बात कहूं, तै फेर
किसढाळ बिश्वास करोगे? 13 अर कोए सुर्ग पै कोनी चढ़ा, सिर्फ ओए जो सुर्ग
तै उतरा यानिके माणस का बेट्टा जो सुर्ग म्ह सै। 14 अर जिस ढाळ तै मूसा नै
बण म्ह नाग ताहीं ऊंच्चे पै चढ़ाया, उस्से ढाळ तै जरूरी सै के माणस का बेट्टा
भी ऊंच्चे पै चढ़ाया जावै। 15 ताके जो कोए उसपै बिश्वास करै उसम्ह अनन्त
जीवन पावै।

16 क्यूँके पणमेशर नै दुनिया तै इसा प्यार राख्या के उसनै आपणा एक्का
बेट्टा दे दिया, ताके जो कोए उसपै बिश्वास करै, ओ नास कोनी होवै, पर
अनन्त जीवन पावै। 17 पणमेशर नै आपणै बेट्टे ताहीं दुनिया म्ह ज्यांतै कोनी
खन्दाया, के दुनिया पै दण्ड का हुक्म देवै, पर ज्यांतै के दुनिया उसकै जरिये
उद्धार पावै। 18 उसपै बिश्वास करै सै, उस पै दण्ड का हुक्म कोन्या होन्दा,
पर जो उसपै बिश्वास नीं करदा, ओ कसूरवार बणैगा; ज्यांतै के उसनै
पणमेशर के एक्के बेट्टे कै नाम पै बिश्वास कोनी करया। 19 अर दण्ड कै हुक्म
का कारण यो सै के चान्दणा दुनिया म्ह आया सै, अर माणसां नै अन्धेरै ताहीं
चान्दणै तै घणा प्यारा जाणया क्यूँके उनके काम भुण्डे थे। 20 यूँके जो कोए
भुण्ड करै सै, ओ चान्दणै तै बैर राक्खै सै, अर चान्दणै कै धोरै कोनी आन्दा,
इसा ना हो के उसकै काम्मां म्ह तै खोट काड्या जावै। 21 पर जो सच्चाई पै
चाल्लै सै ओ चान्दणै कै धोरै आवै सै, ताके उसके काम दिखै, के ओ पणमेशर
की ओड़ तै करे होड़ सै।

यीशु कै बारै म्ह युहन्ना की गवाही

22 फेर यीशु अर उसके चेल्ले यहूदिया देश म्ह पहोच्चे; अर ओ ओड़ै उनकै
गेल्या रहकै बपतिस्मा देण लाग्या। 23 युहन्ना भी शालेम कै धोरै ऐनोन म्ह
बपतिस्मा देवै था, क्यूँके ओड़ै घणाए पाणी था, अर माणस आकै बपतिस्मा
लेवै थे— 24 युहन्ना उस टेम ताहीं जेळखाणै म्ह कैद नी करया था- 25 ओड़ै
युहन्ना के चेल्यां का किसे यहूदी गेल्या पवित्रपणै कै बारै म्ह बहस होगी।
26 अर उन्नै युहन्ना कै धोरै आकै उस ताहीं कहया, "हे रब्बी, जो माणस
यरदन कै परली ओड़ तेरी गेल्या था, अर जिसकी तन्नै गवाही दी सै; देख,
ओ बपतिस्मा देवै सै, अर सारे उसकै धोरै आवैं सैं।" 27 युहन्ना नै जबाब
दिया, "जिब्ब ताहीं माणस नै सुर्ग कान्ही तै ना दिया जावै, जद ताहीं ओ
किम्मे नी ले सकदा।" 28 थम तै खुदे मेरे गवाह सो के मन्नै कहया, "मैं मसीह
कोनी, पर उसकै आगै खन्दाया गया सूं।" 29 जिसकी बन्दड़ी सै, ओए
बन्दड़ा सै; पर बन्दड़ै का ढब्बी जो खड़या होया उसकी सुणै सै, बन्दड़ै कै
शब्द तै घणा राज़ी होवै सै; इब मेरा यो आनन्द पूरा होया सै। 30 जरूरी सै के
ओ बधै अर मैं घटूँ।

31 "जो ऊपराण तै आवै सै, ओ सारया म्ह काम्मल सै; जो धरती कान तै
आवै सै ओ धरती का सै, अर धरतीए की बात कहवै सै : जो सुर्ग कान तै
आवै सै, ओ सारया म्ह ऊपरल्ला सै। 32 जो किम्मे उसनै देख्या अर सुणया
सै, उस्से की गवाही देवै सै; अर कोए उसकी गवाही कोनी अपणान्दा।

33 जिसनै उसकी गवाही अपणाई उसनै इस बात पै छाप लगा दी के पणमेशर साच्चा सै। 34 क्यूँके जिसताहीं पणमेशर नै खन्दाया सै, ओ पणमेशर की बात कहवै सै; क्यूँके ओ आत्मा नाप-नापकै कोनी देन्दा। 35 बाप बेट्टै तै प्यार करै सै, अर उसनै सारी चीज उसकै हाथां म्ह दे दी सै। 36 जो बेट्टै पै बिश्वास करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै; पर जो बेट्टै नै कोनी मान्दा, ओ जीवन नै कोनी देक्खै, पर पणमेशर का छौह उस पै रहवै सै।

यीशु अर सामरी लुगाई

4 फेर जिब्ब प्रभु नै बेरा पाट्या के फरीसियां नै सुण्या सै के यीशु युहन्ना तै घणे चेल्ले बणावै सै अर उन्है बपतिस्मा देवै सै- 2 ऊँ तै यीशु खुद नीं बल्कि उसके चेल्ले बपतिस्मा देवै थे— 3 फेर ओ यहूदियां नै छोड़कै दुबारै गलील नै चल्या गया, 4 अर उसनै सामरिया होन्दा ओड़ जाणा जरूरी था। 5 इस करकै ओ सूखार नामक सामरिया कै एक नगर ताहीं आया, जो उस धरती कै धोरै सै जो याकूब नै आपणे बेट्टे युसुफ ताहीं दी थी। 6 अर याकूब का कुवां भी ओड़ए था। आखर म्ह यीशु रास्ते का थकया होड़ उस कुअं पै न्यूए बैठग्या। या बात छठे घण्टै कै करीबन होई।

7 इतन्नै म्ह एक सामरी लुगाई पाणी भरण आई। यीशु नै उस ताहीं कहया, "मन्नै पाणी प्या।" 8 क्यूँके उसके चेल्ले नगर म्ह खाणा मोल लेण जारे थे। 9 उस सामरी लुगाई नै उस ताहीं कहया, "तू यहूदी होकै मुझ सामरी लुगाई तै पाणी क्यांतै माँगै सै?" (क्यूँके यहूदी सामरियां कै गेल्या किस्से ढाळ का बिवार कोनी राखदे।) 10 यीशु नै जबाब दिया, "जै तू पणमेशर कै वरदान नै जाणदी, अर न्यू भी जाणदी के ओ कौण सै जो तेरैतै कहवै सै, 'मन्नै पाणी प्या, 'फेर तू उसतै माँगदी, अर ओ तन्नै जीवन का पाणी देन्दा।" 11 लुगाई नै उस ताहीं कहया, "हे प्रभु, तेरै धोरै पाणी भरण नै तै किमे सै भी कोनी, अर कुवां डून्घा सै; तै फेर ओ जीवन का पाणी तेरै धोरै कड़ै तै आया? 12 के तू म्हारै बाप याकूब तै बड्डा सै, जिसनै म्हारै ताहीं यो कुआं दिया, अर खुद भी आपणे ऊलादां, अर अपणै डान्गारां सुदा इस म्ह तै पीया?" 13 यीशु नै उसताहीं जबाब दिया, "जो कोए यो पाणी पीवैगा ओ फेर तिसाया होगा, 14 पर जो कोए उस पाणी म्ह तै पीवैगा जो मैं उस ताहीं दयुँगां ओ फेर अनन्त काल ताहीं तिसाया कोनी होवैगा, बल्के जो पाणी मैं उस ताहीं दयुँगां ओ उसम्ह एक सोत्ता बण ज्यागा जो अनन्त जीवन खातर उमड़दा रहवैगा।" 15 लुगाई नै उस ताहीं कहया, "हे प्रभु, ओ पाणी मन्नै दे ताके मैं तिसाई ना होऊँ अर ना पाणी भरण नै इतनी दूर आऊँ। 16 यीशु नै उस ताहीं कहया, "जा आपणै धणी नै याड़ै बुला ल्या।" 17 लुगाई नै जबाब दिया, "मै बिना धणी की सूं।" यीशु नै उस ताहीं कहया, "तू सई कहवै सै, 'मैं बिना धणी की सूं।' 18 क्यूँके तन्नै पाँच धणी कर लिए सै, अर जिसकै गेल्या तू इब सै ओ भी तेरा धणी कोनी। या तन्नै साच्ची-ए कही सै।" 19 लुगाई नै उस ताहीं कहया, "हे प्रभु, मन्नै लागै सै तू नब्बी सै। 20 म्हारै बापदादां नै इस्से पहाड़ पै भगति करी, अर थम कहो सो के वा जगहा जड़ै भगति करणी चहिए यरूशलेम म्ह सै।" 21 यीशु नै उस ताहीं कहया, "हे नारी, मेरी बात का भरोस्सा कर के ओ टेम आवै सै के थम ना तै इस पहाड़ पै बाप की भगति करोगे, ना यरूशलेम म्ह। 22 थम जिसनै कोनी जाणदे, उसकी भगति करो सो; अर हम जिसनै जांणा सा उसकी भगति करया सां; क्यूँके उद्धार यहूदियां म्ह तै सै। 23 पर ओ टेम आवै सै, बल्कि इब भी सै, जिसम्ह साच्चे भगत पिता की भगति आत्मा अर सच्चाई तै करैगें, क्यूँके पिता अपणै खातर इसेए भगतां नै टोहवै सै। 24 पणमेशर आत्मा सै अर जरूरी सै के उसकी भगति करण आळे आत्मा अर सच्चाई तै उसकी भगति करैं। 25 लुगाई नै उस ताहीं कहया, "मैं जांणु सूं के मसीह जो ख्रिस्त कुहावै सै, आणआळा सै; जिब्ब ओ आवैगा, फेर म्हारै ताहीं सारी बात बता देवैगा। 26 यीशु नै उस ताहीं कहया, "मैं जो तेरैतै बोल्लण लागरया सूं, ओए सूं।"

चेल्यां की वापसी

27 इतनै म्ह उसके चेल्ले आण पहोच्चे, अर हैरान होण लागगे के ओ लुगाई तै बतळावै था, फेर भी किस्से नै कोनी बुझ्झया, "तू के चाहवै सै? या क्यातै उसतै बतळावै सै?" 28 फेर लुगाई आपणा पन्डा छोड़कै नगर म्ह चली गई, अर माणसां तै कहण लागगी, 29 "आओ एक माणस नै देक्खो, जिसनै सारा किमे जो मन्नै करया मेरै तै बता दिया। कदे योए तो मसीह नीं सै?" 30 आखर म्ह वे नगर तै लिकड़कै उसकै धोरै आण लागगे। 31 इस बिच्चाळै उसके चेल्यां नै यीशु तै या बिनति करी, "हे गुरु, किमे खा ले।" 32 पर उसनै उन ताहीं कहया, "मेरै धोरै खाण खातर इसा खाणा सै जिसनै थम कोनी जाणदे।" 33 फेर चेल्यां नै आपस म्ह कहया, "के कोए उसकै खातर खाणा लेकै आया सै? 34 यीशु नै उन ताहीं कहया, "मेरा खाणा यो सै के अपणै खन्दाण आळे की मर्जी कै बैळ चाल्लुं अर उसका काम पुगाऊँ। 35 के थम कोनी कहन्दे, 'लामणीयां के इबे चार महीन्ने रहरे सैं?' देक्खो, मैं थारैताहीं कहूँ सूं, आपणी निगांह ठाकै खेत्तां कान्नी लखाओ के वे लामणी खातर पकरे सैं। 36 लमणयारे मजदूरी पावै अर अनन्त जीवन कै खातर फळ कट्ठे करै सै, ताके बोणआळा अर लमणयारे दोन्नु मिलकै आनन्द करैं। 37 क्यूँके याड़ै या कहावत सई बैठह सैः बोणआळा ओर सै अर लमणयारा ओर। 38 मन्नै थारैताहीं ओ खेत काटण खातर खन्दाया जिसम्ह थमनै मैहनत कोन्या करीः दुसरयां नै मैहनत करी अर थमनै उनकी मैहनत कै फळ म्ह बान्डा करया।"

सामरियाँ का बिश्वास करणा

39 उस नगर के घणखरे सामरियां ने उस लुगाई कै कहण तै यीशु पै बिश्वास करया; क्यूँके उसनै या गवाही दी थीः 'उसनै सारा किमे जो मन्नै करया सै, मेरै तै बता दिया, बिश्वास करया।' 40 ज्यांतै जिब्ब सामरी उसकै धोरै आए, तो उसतै बिनती करण लागगे के म्हारै याड़ै रै। आखर म्ह ओ ओड़ै दो दिन ताहीं रहया। 41 उसके शब्दां कै कारण ओर भी घणखरे माणसां नै बिश्वास करया 42 अर उस लुगाई तै कहया, "इब हम तेरे कहण तए बिश्वास कोनी करदे; क्यूँके हमनै खुदे सुण लिया, अर जाणगे सा के योए साच्चए म्ह दुनिया का उद्धार करणिया सै।

43 फेर उन दो दिनां कै पाछै ओ ओड़ै तै लिकड़कै गलील नै गया। 44 क्यूँके यीशु नै खुदे गवाही दी के नब्बी आपणे देश म्ह आद्दर मान कोनी पान्दा। 45 जिब्ब ओ गलील म्ह आया, तो गलीली राज़ी होकै उसतै फेट्टे; क्यूँके जितने काम उसनै यरूशलेम म्ह त्यौहार कै टेम करे थे, उन्नै उन सारया ताहीं देख्या था, क्यूँके वे भी त्यौहार म्ह जारे थे।

राजकर्मचारी के बेट्टे ताहीं चंगा करणा

46 फेर ओ दुबारे गलील कै काना नगर म्ह आया, जड़ै उसनै पाणी ताहीं दाखरस बणाया था। ओड़ै राजा का एक कर्मचारी था जिसका बेट्टा कफरनहूम म्ह बीमार था। 47 ओ या सुणकै के यीशु यहूदिया तै गलील म्ह आरहया सै, उसकै धोरै गया अर उसतै बिनती करण लागग्या के चालकै मेरै बेट्टै नै ठीक कर दे: क्यूँके ओ मरण आळा था। 48 यीशु नै उस ताहीं कहया, "जिब्ब ताहीं थम कारनाम्मा अर अचम्भै के काम कोनी देखदे जद ताहीं कदे भी बिश्वास कोनी करोगे।" 49 राजा कै कर्मचारी नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, मेरै बाळक की मौत होण तै पह्ल्या चाल|" 50 यीशु नै उस ताहीं कहया, "जा, तेरा बेट्टा जिन्दा सै।" उस माणस नै यीशु की कहीं होई बात का बिश्वास करया अर चल्या गया। 51 ओ रास्तए म्ह था के उसके नौकर उसतै आ फेट्टे अर कहण लाग्गे, "तेरा छोरा जिन्दा सै।" 52 उसनै उसतै बुझ्झया , "किस टेम ओ ठीक होण लागग्या?" उन्नै उस ताहीं कहया, "काल सातमैं घण्टे म्ह बुखार उतर गया।" 53 फेर बाप जाण गया के यो उस्से टेम होया जिस टेम यीशु नै उस ताहीं कहया, "तेरा बेट्टा जिन्दा सै," अर उसनै अर उसके सारे कुणबे नै बिश्वास करया। 54 यो दूसरा अचम्भै का काम था जो यीशु नै यहूदिया तै गलील म्ह आकै दिखाया।

अड़तीस साल के रोगी ताहीं चंगा करणा

5 इन बात्तां कै पाच्छै यहूदियां का एक त्यौहार होया, अर यीशु यरूशलेम नै गया। 2 यरूशलेम म्ह भेड़-बाड़ै कै धोरै एक कुण्ड सै जो इब्रानी भाषा म्ह बैतहसदा कुहवावै सै; उसके पाँच घाट सै। 3 इनम्ह घणखरे बीमार, आंधे, लंगड़े अर सुखे अंगआळे (पाणी कै हाल्लण कै आस म्ह) पड़े रहवै थे। 4 (क्यूँके खास टेम पै पणमेशर के सुर्गदूत कुण्ड म्ह ऊतरकै पाणी नै

हलाया करै थे। पाणी हालदए जो कोए पहल्या उतरदा ओए चंगा हो जान्दा चाहे उसकै कोए बीमारी क्यूँ ना हो।) 5 उड़ै एक माणस था, जो अड़तीस साल तै बीमारी म्ह पड़या था। 6 यीशु नै उस ताहीं पड़या होया देखकै अर न्यू जाणकै के ओ घणे दिनां तै इसी हाल्लत म्ह पड़या सै, उसतै बुझ्झया, "के तू चंगा होणा चाहवै सै?" 7 उस बीमार ने उस ताहीं जबाब दिया, "हे प्रभु, मेरै धोरै कोए माणस कोनी के जिब पाणी हलाया जावै, तो मन्नै कुण्ड म्ह तारै; पर मेरे पहोचदे-पहोचदे दूसरा मेरतै पहल्या उतर जावै सै।" 8 यीशु नै उस ताहीं कहया, "उठ, आपणी खाट ठा, अर हाँड-फिर।" 9 ओ माणस जिब्बे चंगा होग्या, अर आपणी खाट ठाकै हाँडण-फिरण लागग्या।

10 ओ सब्द का दिन था। ज्यांतै यहूदी उस ताहीं जो चंगा होया था, कहण लाग्गे, "आज तै सब्द का दिन सै, तेरा खाट ठाणा सई कोनी।" 11 उसनै उन ताहीं जबाब दिया, "जिसनै मेरैताहीं चंगा करया, उस्से नै मेरैताहीं कहया, 'आपणी खाट ठा अर हाँड-फिर'।" 12 उन्नै उसतै बुझ्झया, "ओ कौण माणस सै जिसनै तेरैतै कह्या, 'खाट ठा, अर हाँड-फिर'?" 13 पर जो चंगा होया था ओ कोनी जाणै था के ओ कौण सै, क्यूँके उस ठोड़ पै भीड़ होण कै कारण यीशु ओड़ै तै टहलग्या था। 14 इन बात्तां कै पाच्छै ओ यीशु नै मन्दर म्ह फेटया। यीशु नै उस ताहीं कहया, "देख, तू चंगा होग्या सै: दुबारा पाप ना करिये, इसा ना हो के इसतै कोए भारया बिप्दा तेरै पै आण पड़ै।" 15 उस माणस नै जाकै यहूदियां तै कह दिया के जिसनै मेरैताहीं चंगा करया ओ यीशु सै। 16 इस कारण यहूदी यीशु नै तंग करण लाग्गे, क्यूँके ओ इसे काम सब्द कै दिन करया करदा। 17 इस पै यीशु नै उन ताहीं कहया, "मेरा बाप इब ताहीं काम करै सै, अर मैं भी काम करूँ सूं।" 18 इस कारण यहूदी और भी घणे उसकै मारण खातर कोशिश करण लाग्गे, क्यूँके ओ ना सिर्फ सब्द कै दिन का कायदा तोड़या करदा, पर पणमेशर नै आपणा बाप कहकै खुद ताहीं पणमेशर कै बरोबर भी ठहरावै था।

बेट्टे का अधिकार

19 इसपै यीशु नै उस ताहीं कहया, "मैं थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, बेट्टा खुद तै किमे नीं कर सकदा, सिर्फ ओ जो बाप नै करदे देक्खै सै; क्यूँके जिन-जिन काम्मां नै ओ करै सै उन्नए बेट्टा भी इस्से ढ़ाळ करै सै। 20 क्यूँके बाप बेट्टे तै प्यार करै सै अर जो-जो काम ओ खुद करै सै, ओ सारे उसतै दिखावै सैः अर ओ इसतै भी बड्डे काम उसताहीं दिखावैगा, ताके थम हैरान होओ। 21 जिसा बाप मरे होया नै ठावै अर जिवांवै सै उस्से ढ़ाळ बेट्टा भी जिन्है चाहवै सै उन्है जिवांवै सै। 22 बाप किस्से का न्याय कोनी करदा, पर न्याय करण का सारा काम बेट्टे ताहीं सौंप राख्या सै, 23 के सारे माणस जिस ढ़ाळ बाप की इज्जत करैं सैं उस्से ढ़ाळ बेट्टे की भी इज्जत करैं। जो बेट्टे की इज्जत कोनी करदा, ओ बाप की, जिसनै उस ताहीं खन्दाया सै, इज्जत कोनी करदा। 24 मैं थारेतै साच्ची-सांच कहूँ सूं, जो मेरा शब्द सुणकै मेरै खन्दाए होए पै भरोस्सा करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै, अर उसपै दण्ड का हुक्म कोनी होन्दा, पर ओ मौत नै पार करकै जीवन म्ह बड़ लिया सै। 25 "मैं थारेतै साच्ची-सांच कहूँ सूं, ओ टेम आवै सै, अर इब सै, जिसम्ह मरेहोड़ पणमेशर कै बेट्टे का शब्द सुणेंगे, अर जो सुणैगे वे जिवेंगे। 26 क्यूँके जिस ढ़ाळ तै बाप खुद म्ह जीवन राखै सै, उस्से ढ़ाळ तै उसनै बेट्टे ताहीं भी यो हक्क दिया सै के खुद जीवन राखै। 27 बल्के उसनै न्याय करण का भी हक्क दिया सै, ज्यांतै के ओ माणस का बेट्टा सै। 28 इसतै हैरान मतना होओः क्यूँके ओ टेम आवै सै के जितने कब्रां म्ह सै वे उसका शब्द सुणकै लिकड़ आवेंगे। 29 जिन्नै भलाई करी सै वे जीवन कै पुनरूत्थान कै खातर जीं जावैं गें अर जिन्नै भुण्ड करी सै वे दण्ड के पुनरूत्थान कै खातर जीं जावैंगें।

यीशु के समबन्ध म्ह गवाही

30 "मैं खुद तै किमे कोनी कर सकदा, जिसा सुणु सूं, उस्से तरियां न्याय करूँ सूं, अर मेरा न्याय साच्चा सै, क्यूँके मै आपणी मर्जी कोनी पर अपणे खन्दाण आळे की मर्जी चाहूँ सूं। 31 जै मैं खुदे आपणी गवाही द्यूँ, तो मेरी गवाही साच्ची कोनी। 32 एक और सै जो मेरी गवाही देवै सै, अर मैं जांणू सूं, के मेरी जो गवाही ओ देवै सै, वा साच्ची सै। 33 थमणै युहन्ना तै बुझवाया अर उसनै सच्चाई की गवाही दी सै। 34 पर मैं अपणै बारै म्ह माणसां की गवाही कोनी चाहन्दा; फेरभी मैं ये बात ज्यांतै कहूँ सूं के थारा उद्धार हो। 35 ओ तो बळदा होया अर चमकदा होया दीवा था, अर थमणै किमे वार ताहीं उसकै चान्दणै म्ह मगण होणा भाया। 36 पर मेरै धोरै जो गवाही सै वा युहन्ना की गवाही तै बड्डी सै; क्यूँके जो काम बाप नै मेरै ताहीं निपटाण नै सौंप्यां सै यानिके योए काम जो मैं करूँ सूं, वे मेरे गवाह सैं के बाप नै मेरैताहीं खन्दाया सै। 37 अर बाप जिसनै मेरैताहीं खन्दाया सै, उस्से नै मेरी गवाही दी सै। थमनै ना कदे उसका शब्द सुण्या, अर ना उसकी शिक्ल देक्खी सै; 38 अर उसकै शब्द ताहीं मन म्ह बणाए कोनी राखदे, क्यूँके जिस ताहीं उसनै खन्दाया थम उसका भरोस्सा कोनी करदे। 39 थम पवित्र ग्रन्थ म्ह टोव्हो सो, क्यूँके समझों सो के उसम्ह अनन्त जीवन थारैताहीं मिलै सै; अर यो ओए सै जो मेरी गवाही देवै सै; 40 फेर भी थम जीवन पाण खातर मेरै धोरै आणा कोनी चाहन्दे। 41 मैं माणसां तै इज्जत कोनी चाहन्दा। 42 पर मैं थमणै जांणू सूं के थारै म्ह पणमेशर का प्रेम कोनी। 43 मैं अपणै बाप कै नाम तै आया सूं, अर थम मेरैताहीं अपणांदे कोनी; जै दुसरा कोए खुदे नाम तै आवै, तो उसनै अपणा लोगे। 44 थम जो एक-दुसरै तै इज्जत चाहो सो अर वा इज्जत जो एकलै पणमेशर की ओड़ तै सै, कोनी चाहन्दे, किसतरियां बिश्वास कर सको सो? 45 न्यू ना समझियों के मैं बाप के श्यामी थारै म्ह खोट काढ़ू सूं; थारे म्ह खोट काढणिया तो मूसा सै, जिसपै थमणै भरोस्सा राख्या सै। 46 क्यूँके जै थम मूसा पै भरोस्सा करदे, तो मेरा भी भरोस्सा करदे, ज्यांतै के उसनै मेरै बारै म्ह लिख्या सै। 47 पर जै थम उसकी लिक्खी होई बात्तां पै बिश्वास कोनी करदे, तो मेरी बात्तां पै किसतरियां बिश्वास करोगे?

पाँच हजार माणसां ताहीं खिलाणा

(मत्ती 14:13-21; मरकुस 6:30-44; लूका 9:10-17)

6 इन बात्तां कै पाच्छै यीशु गलील की झील यानिके तिबिरियास की झील कै धोरै गया। 2 अर एक बड्डी भीड़ उसकै गेल्या हो ली क्यूँके जो अचम्भै के काम ओ बीमारां पै दिखावै था वे उन्नै देख्या करै थे। 3 फेर यीशु पहाड़ पै चढ़कै आपणे चेल्यां कै गेल्या बैठग्या। 4 यहूदियां कै फसह का त्यौहार लोवै था।

5 जिब्ब यीशु नै आपणी आँख ठाकै एक बड्डी भीड़ ताहीं अपणै कान्नी आन्दे देख्या, फेर फिलिप्पुस ताहीं कहया, "हम इनकै खाणै कै खातर कड़ै तै रोट्टी मोल ल्यावां?" 6 उसनै या बात उस ताहीं आजमाण ताहीं बोल्ली, क्यूँके ओ खुदे जाणै था के ओ के करैगा। 7 फिलिप्पुस नै उस ताहीं जबाब दिया, "दो सौ दिनार की रोट्टी भी उन खातर पूरी कोनी पड़ै के उनम्ह तै हरेक नै माड़ी-माड़ी ठया जा।" 8 उसके चेल्यां म्ह तै शमौन पतरस का भाई अन्द्रियास नै उस ताहीं कहया, 9 "याड़ै एक छोरा सै जिसकै धोरै जौ की पाँच रोट्टी अर दो मच्छीं सै; पर इतने माणसां खातर वे के सैं?" 10 यीशु बोल्या, "माणसां नै बिठा दयो।" उस जगहां घणी घास थी: फेर माणस जिनम्ह आदमियां की गिनती करीबण पाँच हजार की थी, बैठगे। 11 फेर यीशु नै रोट्टी ली अर धन्यवाद करकै बैठणआळयां ताहीं बान्ड दीः अर उस्से ढ़ाळ मच्छीयां म्ह तै जितनी वे चाहवै थे, बान्ड दी। 12 जिब वे खाकै छिकगे फेर ओ चेल्यां तै बोल्या, "बचे होड़ टुकड़े कट्ठे करल्यो के किमे बगायां नीं जावै।" 13 आखर म्ह उन्नै कट्ठा करया, अर जौ की पाँच रोटियां के टुकड़यां तै जो खाणआळयां तै बची होड़ थी, बारहां छाबड़ी भरीं। 14 फेर जो अचम्भे के काम उसनै कर दिखाये उसनै वे माणस देखकै कहण लाग्गे, "ओ नब्बी जो दुनिया म्ह आणआळा था, पक्का योए सै।" 15 यीशु न्यू जाणकै के वे मन्नै राजा बनाण खातर पकड़णा चाहवै सैं, फेर पहाड़ पै एकला चल्या गया।

यीशु का पाणी पै चालणा

(मत्ती 14:22-33; मरकुस 6:45-52)

16 जिब्ब सांझ होई, तो उसके चेल्ले झील कै कन्ठारै गए, 17 अर किस्ती पै चढ़कै झील कै परली ओड़ कफरनहूम नै जाण लागगे। उस टेम अन्धेरा होग्या था, अर यीशु इब ताहीं उनकै धोरै कोनी आया था। 18 आंधी कै कारण झील म्ह झांल उड्डण लागगी। 19 जिब वे खेते-खेते तीन-चार कोस कै करीबन लिकड़गे, फेर उन्नै यीशु ताहीं झील पै चाल्दे अर किस्ती कै धोरै आन्दे

देख्या, अर डरगे। 20 पर उसनै उनतै कहया, "मैं सूं; डरो मतना।"
21 आखरम्ह वे उसनै किस्ती पै चढ़ाण नै राज़ी होए अर जिब्बए वा किस्ती
उस जगहां पै जा पहोच्ची जड़ै वे जाण लागरे थे।

लोग्गां का यीशु ताहीं टोहणा

22 दुसरै दिन उस भीड़ नै, जो झील कै परली ओड़ खड़ी थी, न्यू देख्या के
याड़ै एक नै छोड़ और कोए छोट्टी किस्ती कोनी थी; अर यीशु आपणे चेल्यां
गेल्या उस किस्ती पै कोनी चढ़या था, पर सिर्फ उसके चेल्ले ए गए थे। 23 फेर
दुसरी किस्ती तिबिरियास तै उस जगहां कै धोरै आई, जड़ै उन्नै प्रभु के
धन्यवाद करण कै पाच्छै रोट्टी खाई थी। 24 ज्यांतै जिब्ब भीड़ नै देख्या के
याड़ै ना यीशु सै अर ना उसके चेल्ले, फेर वे भी छोट्टी-छोट्टी किस्तीयां पै
चढ़कै यीशु नै टोन्दे होए कफरनहूम पहोच्चे।

यीशु जीवन की रोट्टी

25 झील कै परली ओड़ जिब्ब वे उसतै फेट्टे तो बोल्ले, "हे रब्बी, तू याड़ै कद
आया?" 26 यीशु ने उनताहीं जबाब दिया, "मैं थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं,
थम मन्नै ज्यांतै कोनी टोव्हो सो के थमणै अचम्भै के काम देक्खे, पर ज्यांतै
के थम रोट्टी खाकै छिके। 27 नाश होण आळे खाणै कै खातर मैहनत मतना
करो, पर उस खाणै खातर जो अनन्त जीवन ताहीं रहवै सै, जिसनै माणस
का बेट्टा थारैताहीं देवैगा; क्यूँके बाप यानिके परमेणशर नै उस्से पै छाप लाई
सै। 28 वे उसतै बोल्ले, "पणमेशर के काम करण खातर हम के करां?" 29 यीशु
नै उनताहीं जबाब दिया, "पणमेशर का काम यो सै के थम उसपै, जिस ताहीं
उसनै खन्दाया सै, बिश्वास करो।" 30 फेर वे उसतै बोल्ले, "फेर तू कौण सा
निशान दिखावै सै के हम उसनै देखकै तेरा बिश्वास करां? तू कौण सा काम
दिखावै सै? 31 म्हारै बापदादयां नै बण म्ह मन्ना खाया; जिसा लिख्या सै,
'उसनै उन ताहीं खाण खातर सुर्ग तै रोट्टी देई'।" 32 यीशु उनतै बोल्या, "मैं
थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के मूसा थारैताहीं वा रोट्टी सुर्ग तै कोनी दी, पर
मेरा बाप थमणै साच्ची रोट्टी सुर्ग तै देवै सै। 33 क्यूँके पणमेशर की रोट्टी वाए सै,
जो सुर्ग तै उतरकै दुनिया म्ह जिन्दगी देवै सै।" 34 फेर वे उसतै बोल्ले, "हे प्रभु,
वा रोट्टी हमनै सारीहाण दिया कर।"

35 यीशु उनतै बोल्या, "जीवन की रोट्टी मैं सूं; जो मेरै धोरै आवैगा, ओ कदे
भूक्खा कोनी रहवैगा, अर जो कोए मेरै पै बिश्वास करैगा, ओ कदे तिसाया
कोनी होवैगा। 36 पर मन्नै थारैताहीं कहया था के थमणै मेरैताहीं देख भी
लिया सै फेरभी बिश्वास कोनी करदे। 37 जो किमे बाप मन्नै देवै सै ओ सारा
कीमे मेरै धोरै आवै सै, अर जो कोए मेरै धोरै आवैगा उसनै मैं कद्देभी कोनी
लिकाडूं। 38 पर मैं आपणी मर्जी कोनी पर आपणै खन्दाण आळै की मर्जी पूरी
करण नै सुर्ग तै उतरया सूं ; 39 अर मेरै खन्दाण आळै की मर्जी या सै के जो
किमे उसनै मेरैताहीं दिया सै, उसम्ह तै मैं किमे कोनी खोऊँ, पर उसनै
आखर के दिनां म्ह दुबारै जिन्दा कर द्यूँ। 40 क्यूँके मेरै बाप की मर्जी या सै के
जो कोए बेट्टै नै देक्खै अर उसपै बिश्वास करै, ओ अनन्त जीवन पावै; अर मैं
उसनै आखर कै दिनां म्ह दुबारै जिन्दा करूंगा।"

41 इसपै यहूदी उसपै बिरड़ाण लागगे, क्यूँके उसनै कहया था, "जो रोट्टी
सुर्ग तै उतरी, वा मैं सूं।" 42 अर वे बोल्ले, "के यो युसुफ का बेट्टा यीशु कोनी,
जिसकै माँ-बाप नै हम जाणां सां? फेर ओ किस ढ़ाळ कह सकै सै के मैं सुर्ग
तै उतरया सूं?" 43 यीशु नै उन ताहीं जबाब दिया, "आपस म्ह मतना
बिरड़ाओ। 44 कोए मेरै धोरै कोनी आ सकदा जिब्ब ताहीं बाप, जिसनै
मेरैताहीं खन्दाया सै, उसनै खींच नीं लेवै; अर मैं उसनै आखर के दिनां म्ह
फेर जिन्दा करूंगा। 45 नब्बीयां के लेखां म्ह यो लिख्या सै: 'वे सारे पणमेशर
की ओड़ तै सिखाए होए होवैगें।' जिस किसे नै बाप तै सुणया अर सिख्या सै,
ओ मेरै धोरै आवै सै। 46 न्यू कोनी के किसे नै बाप ताहीं देख्या सै; पर जो
पणमेशर की ओड़ै तै सै, सिर्फ उस्से नै बाप ताहीं देख्या सै। 47 मै थारेताहीं
साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए बिश्वास करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै।
48 जीवन की रोट्टी मैं सूं। 49 थारे बापदादयां नै बण म्ह मन्ना खाया अर मरगे।
50 या वा रोट्टी सै जो सुर्ग तै उतरै सै ताके माणस उसम्ह तै खावै अर ना मरै।
51 जीवन की रोट्टी जो सुर्ग तै उतरी सै, मैं सूं। जै कोए इस रोट्टी म्ह तै खावै,
तो सारीहाण जिन्दा रहवैगा; अर जो रोट्टी मैं दुनिया कै जीवन खातर दयुँगा,
ओ मेरा मांस सै।

52 इसपै यहूदी न्यू कहकै आपस म्ह रोळां करण लागगे, "यो माणस किस
ढ़ाळ हमनै आपणा मांस खाण नै दे सकै सै?" 53 यीशु नै उन ताहीं कहया, "मै
थारेताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जिब्ब ताहीं थम माणस कै बेट्टे का मांस ना
खाओ, अर उसका लहू ना पियो, थारै म्ह जीवन कोनी। 54 जो मेरा मांस
खावै अर मेरा लहू पीवै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै; अर आखर के दिनां
म्ह मैं उसनै दुबारै जिन्दा कर दयुंगा। 55 क्यूँके मेरा मांस सई म्ह खाण की
चीज सै, अर मेरा लहू सई म्ह पीवण की चीज सै। 56 जो मेरा मांस खावै अर
मेरा लहू पीवै सै ओ मेरै म्ह डटया रहवै सै, अर मैं उसम्ह। 57 जिसा जिन्दै
बाप नै मेरैताहीं खन्दाया सै, अर मैं बाप कै कारण जिन्दा सूं, उस्से ढ़ाळ ओ
भी जो मन्नै खावैगा मेरै कारण जिन्दा रहवैगा। 58 जो रोट्टी सुर्ग तै उतरी सै
याए सै, उस रोट्टी बरगी कोनी जो बापदादयां नै खाई अर मरगे; जो कोए या
रोट्टी खावैगा, ओ कदे ताहीं जिन्दा रहवैगा।" 59 ये बात उसनै कफरनहूम कै
एक आराधनालय म्ह उपदेश देन्दे टेम कहीं।

अनन्त जीवन के बचन

60 उसके चेल्यां म्ह तै घणखरा नै या सुणकै कहया, "या करड़ी बात सैं;
इसनै कौण सुण सकै सैं?" 61 यीशु नै आपणै मन म्ह न्यू जाणकै के मेरे चेल्ले
आपस म्ह इस बात पै बिरड़ावै सैं, उन ताहीं बुझ्झया, "के इस बात तै
थारैताहीं ठेस लागै सै?" 62 जै थम माणस कै बेट्टै नै जड़ै ओ पहल्या था,
ओड़ए ऊप्पर जान्दे देक्खोगे, तो के होगा? 63 आत्मा तो जिन्दगी देण आळी
सै, देह तै किम्मे फैयदा कोनी; जो बात मन्नै थारेतै कहीं सै वे आत्मा सैं, अर
जीवन भी सैं। 64 पर थारैम्ह तै किमे इसे सै जो बिश्वास कोनी करदे। क्यूँके
यीशु पहल्या तैए जाणै था के जो बिश्वास नीं करदे, वे कौण सैं; अर कौण
मेरैताहीं पकड़वावैगा। 65 अर ओ बोल्या, "ज्यांतै मन्नै थारैताहीं कहया था के
जिब्ब ताहीं किसे नै बाप की ओड़ तै यो बरदान ना मिलै तब ताहीं ओ मेरै
धोरै कोनी आ सकदा।

पतरस का बिश्वास

66 इसपै उसकै चेल्यां म्ह तै घणखरे उल्टे पलटगे अर उसकै पाच्छै उसकै
गेल्या कोनी चाल्ले। 67 फेर यीशु नै उन बारहां तै कहया, "के थम भी चले
जाणां चाहो सो?" 68 शमौन पतरस नै उसताहीं जबाब दिया, "हे प्रभु, हम
किसकै धोरै जावां? अनन्त जीवन की बात तो तेरैए धोरै सैं, 69 अर हमनै
बिश्वास करया अर जाणगे सै के पणमेशर का पवित्र माणस तूए सै।" 70 यीशु
नै उन ताहीं जबाब दिया, "के मन्नै थम बारहां ताहीं कोन्या छांटया? फेरभी
थारै म्ह तै एक माणस शैतान सै।" 71 यो उसनै शमौन इस्करियोती के बेट्टै
यहूदा कै बारै म्ह कहया था, क्यूँके ओए जो बारहां म्ह तै एक था, उस ताहीं
पकड़वाने नै था।

यीशु अर उसके भाई

7 इन बात्तां कै पाच्छै यीशु गलील म्ह हान्डदा रहया; क्यूँके यहूदी
उसताहीं मारण खातर कोशिश करण लागरे थे, ज्यांतै ओ यहूदियां म्ह
हान्डणा कोनी चाहवै था। 2 यहूदियां का मण्डपां (झुगियां) का त्यौहार लोवै
था। 3 ज्यांतै उसके भाईयां नै उसताहीं कहया, "याड़ै तै यहूदियां नै जा, के
जो कोए काम तू करै सै उन्नै तेरे चेल्ले ओड़ै भी देक्खै। 4 क्यूँके इसा कोए
कोनी होगा जो मश्शुर होणा चाहवै, अर लुह्क कै काम करै। जै तू यो काम
करै सै, तो खुद नै दुनिया पै प्रगट कर।" 5 क्यूँके उसके भाई भी उसपै
बिश्वास कोनी करैं थे। 6 फेर यीशु उनतै बोल्या, "मेरा टेम इबे ताहीं कोनी
आया, पर थारै खातर सारा टेम सैं। 7 दुनिया थारै तै बैर कोनी कर सकदी,
पर वा मेरै तै बैर करै सै क्यूँके मैं उसकै बिरोध म्ह या गवाही दयुँ सूं के उसके
काम भुन्डे सैं। 8 थम त्यौहार म्ह जाओ, मैं इबे इस त्यौहार म्ह कोनी जान्दा,
क्यूँके इबे मेरा टेम पूरा कोनी होया।" 9 ओ उनतै ये बात कहकै गलील म्ह
रहग्या।

झोंपड़ीयां के त्यौहार म्ह यीशु

10 पर जिब्ब उसके भाई त्यौहार म्ह जा लिए तो ओ खुद भी, प्रगट म्ह नीं
पर मान्नो गुप्ती तै गया। 11 यहूदी त्यौहार म्ह उन्नै न्यू कहकै टोव्हण लाग गे,
“ओ कड़ै सै?” 12 अर माणसां म्ह उसकै बाबत लुह्क-लुह्ककै घणखरी बात
होई: किमे कहवै थे, “ओ काम्मल माणस सै।“ अर किमे कहवै थे, “ना, ओ
माणसां नै बहकावै सै।“ 13 फेरभी यहूदियां कै डर कै मारे कोए माणस उसकै
बारै म्ह खुलकै कोनी बोल्लै था।

त्यौहार म्ह यीशु का उपदेश

14 जिब्ब त्यौहार के आधे दिन बीतगे; फेर यीशु मन्दर म्ह जाकै उपदेश
देण लागग्या। 15 फेर यहूदियां नै हैरान होकै कह्या, “इसनै बिना पढ़े विद्या
किसतरियां आगी?” 16 यीशु नै उन्नै तै जबाब दिया, “मेरा उपदेश मेरा कोनी,
पर मेरे खन्दाण आळै का सै। 17 जै कोए उसकी मर्जी पै चालणा चाहवै, तो
ओ इस उपदेश कै बारै म्ह जाणैगा के यो पणमेशर की ओड़ तै सै या मै
आपणी ओड़ तै कहूँ सूं। 18 जो आपणी ओड़ तै किमे कहवै सै, ओ खुद की
बड़ाई चाहवै सै, पर जो अपणै खन्दाण आळै की बड़ाई चाहवै सै ओए साच्चा
सै, अर उसम्ह अधर्म कोनी। 19 के मूसा नै थारैताहीं व्यवस्था कोनी दिये?
फेरभी थारैम्ह तै कोए नियम-कायदा पै कोनी चाल्दा। थम मन्नै क्यातै मारणा
चाहो सो?” 20 माणसां नै जबाब दिया, “तेरे म्ह भुन्डी औपरी आत्मा सै! कौण
तन्नै मारणा चाहवै सै?” 21 यीशु नै उन्नै ताहीं जबाब दिया, “मन्नै एक काम
करया, अर थम सारे अचम्भा करो सो। 22 इस्से खातर मूसा नै थारैताहीं
खतन्नै का हुक्म दिया सै(न्यू नीं के यो मूसा की कान्नी तै सै पर बापदादयां तै
लाग लागरी सै) अर थम सब्द कै दिन माणस का खतना करो सो। 23 जिब्ब
सब्द कै दिन माणस का खतना करया जावै सै ताके मूसा कै नियम-कायदा
का हुक्म नीं टळै। फेर थम मेरै पै क्यांतै छोह करो सो के मन्नै सब्द कै दिन
एक माणस ताहीं सई ढ़ाळ चंगा करया। 24 मुँह देख्या न्याय मतना करो, पर
सई-सई न्याय करो।”

के यीशु ए मसीह सै

25 फेर किमे यरूशलेम म्ह रहणआळे बोल्ले, “के यो ओए कोनी जिसताहीं
मारण की कोशिश करण लागरे सै?” 26 पर लखाओ, ओ तै सरेआम बात करै
सै अर कोए उसतै किम्मे कोनी कहन्दा। के सरदारां नै सांच्ये बेरा पाटग्या सै
के योए मसीह सै? 27 इसकै बारै म्ह हमनै बेरा सै यो कितका सै; पर मसीह
जिब्ब आवैगा तो कोए कोनी जांणै के ओ कितका सै।” 28 फेर यीशु नै मन्दर
म्ह उपदेश देन्दे होए रूक्का मारकै कहया, “थम मन्नै जाणो सो, अर न्यू भी
जांणो सो के मैं कितका सूं। मैं तै खुद कोनी आया, पर मेरा खन्दाण आळा
साच्चा सै, उसनै थम कोनी जांणदे। 29 मैं उसनै जांणू सूं, क्यूँके मैं उसकै
कान्नी तै सूं, अर उस्से नै मेरैताहीं खन्दाया सै।” 30 इसपै उन्नै उसताहीं
पकड़णा चाहया, फेरभी किस्से नै उसकै हाथ कोनी लाया क्यूँके उसका टेम
इबताहीं कोनी आया था। 31 फेर भी भीड़ म्ह तै घणखरे माणसां नै उसपै
बिश्वास करया, अर बोल्ले, “मसीह जिब्ब आवैगा तो के इसतै घणे अचम्भै के
काम दिखावैगा जो इसनै दिखाए?”

यीशु ताहीं पकड़न की कोशिश

32 फरीसियां नै माणसां ताहीं उसकै बारै म्ह या बात लुह्क-लुह्ककै
कहन्दे सुणया; अर प्रधान याजकां अर फरीसियां नै उसताहीं पकड़ण कै
खातर सिपाही खन्दाए। 33 इसपै यीशु बोल्या, “मैं माड़ी वार ताहीं और थारै
गेल्या सूं, फेर आपणै खन्दाण आळै धोरै चल्या जांऊँगा। 34 3थम मन्नै
टोव्होगे, पर कोनी पाओगे; अर जड़ै मैं सूं, ओड़ै थम कोनी आ सकदे।”
35 इसपै यहूदियां नै आपस म्ह कहया, “यो कड़ै जावैगा के हम इसनै कोनी
टोह सकदे? के ओ उनकै धोरै चल्या जावैगा, जो यूनानियां म्ह खिन्डकै रहवै
सै, अर यूनानियां ताहीं भी उपदेश देवैगा? 36 या के बात सै जो उसनै बोल्ली
सै, के थम मन्नै टोहवों गे, पर कोनी पाओगे; अर जड़ै मैं सूं, ओड़ै थम नीं आ
सकदे।”

जीवन-जल की नदियाँ

37 त्यौहार कै आखर दिन, जो ख़ास दिन सै, यीशु खड़या होया अर रूक्का
देकै बोल्या, “जै कोए तिसाया हो तो मेरै धोरै आवै अर पीवै। 38 जो कोए मेरै
पै बिश्वास करैगा, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह आया सै, ‘उसकै हृदय म्ह तै जीवन
कै पाणी की नदीं बह लिकड़ैगी’।” 39 उसनै यो शब्द पवित्र आत्मा कै बारै म्ह
कहया, जो बिश्वास करण आळयां नै मिलणआळी थी; क्यूँके इब ताहीं आत्मा
कोनी उतरया था; क्यूँके यीशु इब ताहीं आपणी महिमा ताहीं कोनी पहोचया
था। 40 फेर भीड़ म्ह तै किसे-किसे नै या बात सुणकै कहया, “सांच्ये योए ओ
नब्बी सै।” 41 दूसरयां नै कहया, “यो मसीह सै।” पर किमे बोल्ले, “क्यातै?” के
मसीह गलील म्ह आवैगा? 42 के पवित्र ग्रन्थ यो कोनी आया के मसीह दाऊद
की पीढ़ी तै अर बैतलहम गाम तै आवैगा, जड़ै दाऊद रहवै था? 43 आखर म्ह
उसकै कारण माणसां म्ह फूट पड़ी। 44 उनम्ह तै किमे उसताहीं पकड़णा
चाहवै थे, पर किस्से नै उसकै हाथ कोनी लाया।

यहूदी अगुवां का अबिश्वास

45 फेर सिपाही प्रधान याजकां अर फरीसियां कै धोरै बोहड़ आए; उन्नै
उनताहीं कहया, “थम उसनै क्यातै नीं ल्याए?” 46 सिपाहियां नै जबाब दिया,
“किसे माणस नै कदे भी इसी बात कोनी करीं।” 47 फरीसियां नै उनताहीं
जबाब दिया, “के थम भी भळोई म्ह आ गे? 48 के सरदारां या फरीसियां म्ह तै
किसे नै भी उसपै बिश्वास करया सै? 49 पर ये माणस जो व्यवस्था कोनी
जाणदे, सरापित सै।” 50 नीकुदेमुस नै, जो पहल्या उसकै धोरै आया था अर
उन म्ह तै एक था, उनताहीं बोल्या, 51 “के म्हारे व्यवस्था किसे माणस नै,
जिब्ब ताहीं पहल्या उसकी सुणकै जाण ना लेवै के ओ के करै सै, कसूरवार
मान्नै सै?” 52 उन्नै उस ताहीं जबाब दिया, “के तू भी गलील का सै? टोह अर
लखा के गलील तै कोए नब्बी कोनी प्रगट होवै। 53 फेर सारे कोए आपणै-
आपणै घरां चले गए।

जार लुगाई ताहीं माफ़ी

8 पर यीशु जैतून कै पहाड़ पै गया। 2 तड़कैए ओ फेर मन्दर म्ह आया;
सारे माणस उसकै धोरै आए अर ओ बैठकै उन्नै उपदेश देण लाग्या।
3 फेर शास्त्री अर फरीसी एक लुगाई नै ल्याए जो जारी म्ह पकड़ी होड़ थी,
अर उसनै बिच्चाळै खड़या करकै यीशु ताहीं कहया, 4 “हे गुरू, या लुगाई जारी
करदी पकड़ी गई सै। 5 नियम कायदयां म्ह मूसा नै म्हारै ताहीं हुक्म दिया सै
के इसी लुगाई पै पत्थर बरसाओ। आखर म्ह तू इस लुगाई कै बारै म्ह के
कहवै सै?” 6 उन्नै उसताहीं परखण खातर या बात कहीं ताके उसपै खोट
काड्डणै नै कोए बात पावै। पर यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै लिक्खण
लाग्या। 7 जिब्ब वे उसताहीं बुझदे रहे, फेर उसनै सीधा होकै उनताहीं
कहया, “थारै म्ह जो पापी ना हो, ओए पहल्या उसनै पत्थर मारै|” 8 फेर
यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै लिक्खण लाग्या। 9 पर वे या सुणकै
बड्डया तै लेकै छोट्या ताहीं, एक-एक करकै लिकड़गे अर यीशु ऐकला
रहग्या, अर वा लुगाई ओड़ै-ए बिच्चाळै खड़ी रहगी। 10 यीशु नै सीधा होकै उस
ताहीं कहया, “हे नारी, वे कित गए? के किसे नै तेरै पै दण्ड का हुक्म कोनी
दिया?” 11 वा बोल्ली, “हे प्रभु, किस्से नै नीं। यीशु बोल्या, “मैं भी तेरै पै दण्ड
का हुक्म कोनी देन्दा; जा, अर जा, दुबारा पाप ना करिए।”]

यीशु जगत का चाँदणा

12 यीशु नै दुबारै माणसां तै कहया, “दुनिया का चाँदणा मैं सूं; जो कोए मेरै
गेल्या लाग लेगा ओ अन्धेरै म्ह कोनी चाल्लैगा, पर जीवन का चाँदणा पावैगा।”
13 फरीसियां नै उसताहीं कहया, “तू आपणी गवाही खुद देवै सै, तेरी गवाही
सई कोनी।” 14 यीशु नै उनताहीं जबाब दिया, “भलाए मैं आपणी गवाही खुद
देऊँ सूं, फेर भी मेरी गवाही सई सै, क्यूँके मैं जांणू सूं के मैं कित तै आया सूं,
अर कितोड़ जाऊँ सूं? पर थम कोनी जाणदे के मैं कित तै आऊँ सूं या
कितोड़ जाऊँ सूं। 15 थम देह कै बळ न्याय करो सो; मैं किसे का न्याय कोनी
करदा। 16 अर जै मैं न्याय करूं भी तै मेरा न्याय साच्चा सै; क्यूँके मैं एकला

कोनी, पर मैं सूं, अर बाप सै जिसनै मेरैताहीं खन्दाया। 17 थारे नियम-
कायदयां म्ह भी लिख्या सै के दो जणयां की गवाही मिलकै सई होवै सै;
18 एक तै मैं खुद आपणी गवाही दयुँ सूं, अर दुसरा बाप मेरी गवाही देवै सै,
जिसनै मेरैताहीं खन्दाया।" 19 उन्नै उसताहीं कहया, "तेरा बाप कित सै? यीशु
नै जबाब दिया," ना थम मन्नै जांणो सो, ना मेरै बाप नै, जै मन्नै जांणदे तै मेरै
बाप नै भी जांणदे। 20 ये बात उसनै मन्दर म्ह उपदेश देन्दे होए भण्डार कोठै
म्ह बोल्ली, अर किस्से नै उसताहीं कोनी पकड़या, क्यूँके उसका टेम इब ताहीं
कोनी आया था।

अपणे बारै म्ह यीशु का कथन

21 उसनै फेर उनताहीं कहया, "मैं जाऊँ सूं, अर थम मन्नै टोहवोगें अर
आपणै पाप म्ह मरोगे; जड़ै मैं जाऊँ सूं, ओड़ै थम नीं आ सकदे|" 22 इसपै
यहूदियां नै कहया, "के ओ खुद नै मार देवैगा, जो कहवै सै, 'जड़ै मैं जाऊँ सूं,
ओड़ै थम नीं आ सकदे'?" 23 उसनै उसताहीं कहया, "थम नीचै के सो, अर
मैं ऊप्पर का सूं; थम इस दुनिया सो, मैं दुनिया का कोनी। 24 ज्यांतै मन्नै
थारैताहीं कहया के थम आपणै पापां म्ह मरोगे, क्यूँके जै थम बिश्वास नीं
करोगे कै मैं ओए सूं, तो आपणे पापां म्ह मरोगे।" 25 उन्नै उसताहीं कहया, "तू
कौण सै?" यीशु उनतै बोल्या, "ओए सूं, जो सरू तै थारैतै कहन्दा आया सूं।
26 थारै बारै म्ह मन्नै घणाए किमे बोल्लणा अर फैसला करणा सै; पर मेरा
खन्दाणआळा साच्चा सै, अर जो मन्नै उसतै सुणया सै ओए दुनिया तै कहूँ सूं।
27 वे न्यू नीं समझै के म्हारै तै बाप कै बारै म्ह कहवै सै। 28 फेर यीशु बोल्या,
"जिब्ब थम माणस कै बेट्टै नै ऊँचै पै चढ़ाओगे, जिब्ब जाणोगे के मैं ओए सूं;
मैं खुद तै किमे कोनी करदा पर जिसतरियां मेरै बाप नै मेरैताहीं सिखाया
उस्से ढ़ाळ ये बात कहूँ सूं। 29 मेरा खन्दाण आळा मेरै गेल्या सै, उसनै
मेरैताहीं एकला कोनी छोडया क्यूँके मै सारी हाण वै ए काम करूँ सूं, जिसतै
ओ राज़ी होवै सै।" 30 ओ ये बात कहणे लागरया था के घणखरयां नै उसपै
बिश्वास करया।

सच थारै ताहीं आजाद करैगा

31 फेर यीशु नै उन यहूदियां तै जिन्नै उसपै बिश्वास करया था, बोल्या, "जै
थम मेरै शब्द म्ह बणे रहोगे, तो साच-ए मेरे चेल्ले ठहरोगे। 32 थम सच नै
जाणोगे अर सच थमनै आजाद करैगा। 33 उन्नै उसताहीं जबाब दिया, "हम तै
अब्राहम की पीढ़ी के सा, कदे किसे के गुलाम कोनी बणे। फेर तू किसतरा
कहवै सै के थम आजाद हो जाओगे?"
34 यीशु नै उनताहीं जबाब दिया, "मैं थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए
पाप करै से ओ पाप का गुलाम सै। 35 गुलाम सारी हाण घर म्ह कोनी रहन्दा,
बेट्टा सारी हाण घरा रहवै सै| 36 ज्यांतै जै बेट्टा थमनै आजाद करैगा, तो
साच्ये थम आजाद हो जाओगें| 37 मैं जांणू सूं, के थम अब्राहम की पीढ़ी के
सो; फेरभी मेरा शब्द थारै मन म्ह जगहां कोनी पान्दा, ज्यांतै थम मन्नै मारणा
चाहो सो। 38 मैं ओए कहूँ सूं, जो मन्नै आपणै बाप कै हाड़ै देख्या सै; अर थम
ओए करदे रहो सो जो थमणै आपणै बाप तै सुणया सै।"
39 उन्नै उसताहीं जबाब दिया, "म्हारा बाप तो अब्राहम सै। यीशु उनतै
बोल्या," जै थम अब्राहम के ऊलाद होन्दे, तो अब्राहम जिसे काम करदे।
40 पर इब थम मेरै जिसे माणस नै मारणा चाहो सो, जिसनै थारैताहीं ओ
साच्चा शब्द बताया जो पणमेशर तै सुणया; इसतरियां तो अब्राहम नै कोनी
करया था। 41 थम आपणै बाप कै जिसे काम करो सो।" उन्नै उसताहीं कहया,
"हम जारी तै कोनी जणे, म्हारा एक बाप सै यानिके पणमेशर।" 42 यीशु उनतै
बोल्या, "जै पणमेशर थारा बाप होन्दा, तो थम मेरैतै प्यार राखदे; क्यूँके मैं
पणमेशर म्ह तै लिकड़ कै आया सूं। मैं खुद तै कोनी आया, पर उस्से नै
मेरैताहीं खन्दाया। 43 थम मेरी बात क्यांतै नीं समझदे? ज्यांतै के थम मेरा
शब्द सुण नीं सकदे। 44 थम आपणै बाप शैतान कान तै सो अर आपणै बाप
की मर्जी पूरा करणा चाहो सो। ओ तै सरू तैए खून्नी सै अर सच पै टिक्याए
कोनी रहया, क्यूँके सच उसम्ह सैए कोनी। जिब्ब ओ झूठ बोल्लै सै, तो आपणै
सुभा तैए बोल्लै सै; क्यूँके ओ झूठा सै बल्के झूठ का बाप सै। 45 पर मैं जो सच
बोल्लू सूं, इस्से करकै थम मेरा बिश्वास कोनी करदे। 46 थारै म्ह तै कौण मन्नै
पापी ठहरावै सै? जै मैं सच बोल्लू सूं, तो थम मेरा बिश्वास क्यांतै नीं करदे?
47 जो पणमेशर कान्नी तै होवै सै, ओ पणमेशर की बात सुणै सै; अर थम
ज्यांतै कोनी सुणदे के पणमेशर की ओड़ तै कोनी सो।"

यीशु अर अब्राहम

48 न्यू सुण यहूदियां नै उसताहीं कहया, "के हम सई कोनी कहन्दे के तू
सामरी सै, अर तेरै म्ह भुन्डी औपरी आत्मा सै?" 49 यीशु नै जबाब दिया,
"मेरै म्ह भुन्डी औपरी आत्मा कोनी; पर मैं आपणै बाप की इज्जत करूँ सूं,
अर थम मेरी बेइज्जती करो सो। 50 पर मैं आपणा मान-सम्माण कोनी
चाहन्दा; हम्बै, एक सै जो चाहवै सै अर न्याय करै सै। 51 मैं थमनै साच्ची-साच
कहूँ सूं, के जै कोए माणस मेरे शब्दां पै चाल्लैगा, तो ओ अनन्त काल ताहीं
मौत नै कोनी देक्खैगा। 52 यहूदियां नै उसताहीं कहया, "इब हम जाणगे के
तेरै म्ह भुन्डी औपरी आत्मा सै। अब्राहम मरग्या अर नब्बी भी मरग्ये सै; अर
तू कहवै सै, 'जै कोए मेरे शब्दां पै चाल्लैगा तै ओ अनन्त काल ताहीं मौत का
सुवाद कोनी चाखैगा।' 53 म्हारा बाप अब्राहम तै मरग्या। के तू उसतै भी बड्डा
सै? अर नब्बी भी मरग्ये। तू अपणै आपै नै के मान्नै सै?" 54 यीशु नै जबाब
दिया, "जै मैं खुद आपणी महिमा करूँ, तो मेरी महिमा किमे कोनी; पर मेरी
महिमा करणआळा मेरा बाप सै, जिसनै थम कहो सो के ओ थारा पणमेशर
सै। 55 थमनै तै उसताहीं कोनी जांणया: पर मैं उसताहीं जांणू सूं। जै मैं कहूँ
के मैं उसताहीं कोनी जांणदा, तो मैं थारी ढ़ाळ झूठा ठहरूँगा; पर मैं उसताहीं
जांणू अर उसके शब्दां पै चाल्लू सूं। 56 थारा बाप अब्राहम मेरा दिन देक्खण
की आस म्ह घणा मगन था; अर उसनै देख्या अर आनन्द करया।"
57 यहूदियां नै उसताहीं कहया, "इब ताहीं तू पचास साल का कोनी, फेरभी
तन्नै अब्राहम ताहीं देख्या सै?" 58 यीशु उनतै बोल्या, "मैं थमणै साच्ची-साच
कहूँ सूं, के पहल्या इसकै के अब्राहम पैदा होया, मैं सूं।" 59 फेर उन्नै उसताहीं
मारण खातर पत्थर ठाए, पर यीशु लुह्ककै मन्दर तै लिकड़ग्या।

जन्म के आंधे ताहीं दृष्टिदान

9 फेर जान्दे होए उसनै एक माणस ताहीं देख्या जो जन्म तै आंधा था।
2 उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, "हे गुरू, किसनै पाप करया था के
यो आंधा जण्या, इस माणस नै या इसकै माँ-बाप नै?" 3 यीशु नै जबाब दिया,
"ना तै इसनै पाप करया था, ना इसके माँ-बाप नै, पर यो ज्यांतै होया के
पणमेशर के काम उस म्ह को दिक्खै। 4 जिसनै मेरैताहीं खन्दाया सै, हमनै
उसके काम दिन-ए-दिन म्ह करणा जरूरी सै; वा रात आणआळी सै जिसम्ह
कोए काम नीं कर सकदा। 5 जिब्ब ताहीं मैं दुनिया म्ह सूं, जद ताहीं दुनिया
का चान्दणा सूं।" 6 न्यू कहकै उसनै धरती पै थूक्या, अर उस थूक तै माट्टी
सान्नी, अर वा माट्टी उस आंधै की आँखां पै लाकै| 7 उसतै बोल्या, "जा,
शीलोह कै कुण्ड म्ह धो ले" (शीलोह का मतलब खन्दाया होया सै)। उसनै
जाकै धोया, देखदा होया बोहड़ आया। 8 फेर पड़ौसी अर जिन्नै पहल्या
उसताहीं भीख माँगदे देख्या था, कहण लाग्गे, "के यो ओए नीं, जो बैठ्या
भीख माँगया करै था?" 9 किमे माणस बोल्ले, "यो ओए सै," दूसरे बोल्ले,
"कोनी, पर उसकै जिसा सै।" उसनै कहया, "मैं ओए सूं।" 10 फेर वे उसतै
बुझ्झण लाग्गे, "तेरी आँख किसतरियां खुलगी?" 11 उसनै जबाब दिया, "यीशु
नामक एक माणस नै माट्टी सान्नी, अर मेरी आँखां पै लाकै मेरैताहीं बोल्या,
'जा, शीलोह म्ह जाकै धो ले, बस फेर के था मै गया अर धोया अर देक्खण
लाग्या।" 12 उन्नै उसतै बुझ्झया, "ओ कित सै?" वो बोल्या, "मैं कोनी
जांणदा।"

फरिसियाँ द्वारा चंगाई की जाँच-पड़ताल

13 माणस उसनै जो आंधा था फरीसियां कै धोरै लीआए। 14 जिस दिन
यीशु नै माट्टी सानकै उसकी आँख खोल्ली थीं, ओ सब्द का दिन था। 15 फेर
फरीसियां नै भी उसतै बुझ्झया के उसकी आँख किसढ़ाळ खुलगी। उसनै
उनताहीं कहया, "उसनै मेरी आँखां पै माट्टी लाई, फेर मन्नै धो लिया, अर इब
देक्खूँ सूं।" 16 इसपै किमे फरीसी कहण लाग्गे, "यो माणस पणमेशर की ओड़
तै कोनी, क्यूँके ओ सब्द कै दिन नै कोनी मान्दा। दूसरें बोल्ले, "पापी माणस

इसे कारनाम्मे किसढ़ाळ दिखा सकै सै?" आखर म्ह उनम्ह फूट पड़गी।
17 उन्नै उस आंधै तै फेर कहया, "उसनै जो तेरी आँख खोल्ली सै। तू उसकै
बारै म्ह के कहवै सै?" उसनै कहया, "ओ नब्बी सै।"
18 पर यहूदियां नै बिश्वास कोनी होया के ओ आन्धा था अर इब देक्खै सै
जिब्ब ताहीं उन्नै उसकै, जिसकी आँख खुलगी थी, माँ-बाप नै बुलाकै
19 उनतै नीं बुझ्झया, "के यो थारा बेट्टा सै, जिसनै थम कहया करदे के
आन्धा जण्या था? फेर इब ओ किसतरियां देक्खै सै?" 20 उसकै माँ-बाप नै
जबाब दिया, "हम तै जांणा सा के यो म्हारा बेट्टा सै, अर आन्धा जण्या था;
21 पर न्यू कोनी जाणदे के इब किसतरियां देक्खै सै, अर ना न्यू जाणदे के
किसनै इसकी आँख खोल्ली। ओ श्याणा सै, उस्से तै बुझ ल्यो; ओ आपणै
बारै म्ह खुद कह देवैगा।" 22 ये बात उसकै माँ-बाप नै ज्यांतै कहीं क्यूँकै वे
यहूदियां तै डरै थे, क्यूँकै यहूदीयां नै एक्का कर लिया था के जै कोए कहवै के
ओ मसीह सै, तो आराधनालय तै लिकाड़या जावै। 23 इस्से कारण उसकै
माँ-बाप नै कहया, "ओ श्याणा सै, उस्से तै बुझल्यो।"
24 फेर उन्नै उस माणस ताहीं जो आन्धा था, दूसरी बर बुलाकै उसतै
कहया, "पणमेशर की भजन कर। हम जांणां सां के ओ माणस पापी सै।"
25 उसनै जबाब दिया, "मैं नीं जांणदा के ओ पापी सै के नीं; मैं एक बात जांणू
सूं, के मैं आन्धा था अर इब देक्खूँ सूं।" 26 उन्नै उसताहीं दुबारै कहया,
"उसनै तेरै गेल्या के करया? अर किस ढ़ाळ तेरी आँख खोल्ली?" 27 उसनै
उसताहीं कहया, "मन्नै तै थारैताहीं कह लिया, अर थम नै कोनी सुणया; इब
दूसरी बर क्यांतै सुणना चाहवो सो? के थम भी उसके चेल्ले होणा चाहवो
सो?" 28 फेर वे उसतै भुन्डा-आच्छा कहकै बोल्ले, "तूए उसका चेल्ला सै, हम
तै मूसा के चेल्ले सां। 29 हम जांणा सा के पणमेशर नै मूसा तै बात करी; पर
इस माणस नै कोनी जांणदे के कितका सै।" 30 उसनै उसताहीं जबाब दिया,
"या तै अचम्भै की बात सै के थम नीं जांणदे के ओ कितका सै, फेरभी उसनै
मेरी आँख खोल दीं। 31 हम जांणां सां के पणमेशर पापियां की कोनी सुणदा,
पर जै कोए पणमेशर का भगत हो अर उसकी मर्जी पै चाल्दा हो, तो ओ
उसकी सुणै सै। 32 दुनिया कै सरूआत तै यो कदे सुणनै म्ह कोनी आया के
किसे न जन्म तै आन्धै की आँख खोल्ली हों। 33 जै यो माणस पणमेशर कै
कान तै नीं होन्दा, तै किमे भी कोनी कर सकदा।" 34 उन्नै उसताहीं जबाब
दिया, "तू तै जमांए पापां तै जन्मा सै, तू हमनै के सिखावै सै?" अर उन्नै
उसताहीं बाहरणै लिकाड़ दिया।

आत्मिक अन्धापण

35 यीशु नै सुणया के उन्नै उसताहीं बाहरणै लिकाड़ दिया सै, अर जिब्ब
उसतै फेटया तै बोल्या, "के तू पणमेशर कै बेट्टै पै बिश्वास करै सै?" 36 उसनै
जबाब दिया, "हे प्रभु, ओ कौण सै, के मैं उसपै बिश्वास करूँ?" 37 यीशु नै
उसताहीं कहया, "तन्नै उसताहीं देख्या भी सै, अर जो तेरै गेल्या बात कररया
सै, यो ओए सै।" 38 उसनै कहया, "हे प्रभु, मैं बिश्वास करूँ सूं।" अर उस
ताहीं मुद्दा पड़कै प्रणाम करया। 39 फेर यीशु बोल्या, "मैं इस दुनिया म्ह न्याय
खातर आया सूं, ताके जो कोनी देखदे वे देक्खै, अर जो देक्खे वे आन्धे हो
ज्यावै।" 40 जो फरीसी उसकै गेल्या थे उन्नै या बात सुणकै उसताहीं कहया,
"के हम भी आन्धे सां?" 41 यीशु नै उनताहीं कहया, "जै थम आन्धे होन्दे तै
पापी कोनी ठहरदे, पर इब कहो सो के हम देख्या सा, ज्यांतै थारा पाप
बणया रहै सैं।"

चरवाहा अर भेड्डां का उदाहरण

10 "मैं थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए दरवाजै तै रेवड़ म्ह नीं
बड़दा, पर किसे दूसरै कान तै चढ़ जावै सै, ओ चोर अर डाकू सै।
2 पर जो दरवाजै तै भीत्तर बड़ै सै ओ भेड्डां का पाळी सै। 3 उस खातर
द्वारपाल दरवाजा खोल देवै सै, अर भेड़ उसका बोल सुणै सैं, अर ओ
आपणी उन भेड्डां के नाम ले लेकै बुलावै सै अर बाहरणै ले जावै सै। 4 जिब्ब
ओ आपणी सारी भेड्डां नै बाहरणै काड लेवै सै, तो उनकै आगै-आगै चाल्लै सै,
अर भेड़ उसकै गेल-गेल हो ले सैं, क्यूँके वे उसका बोल पिच्छाणै सैं। 5 पर वे
बिगान्ने कै गेल्या कोनी जान्दी, पर उसतै भाजैगी, क्यूँके वे बिगान्ने का बोल
कोनी पिच्छाणदी।" 6 यीशु नै उनताहीं यो उदाहरण कहया, पर वे कोनी
समझे के ये के बात सैं जो ओ म्हारै ताहीं कहवै सै।

यीशु आच्छा चरवाहा

7 फेर यीशु नै उनताहीं दुबारै कहया, "मैं थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं,
भेड्डां का दरवाजा मैं सूं। 8 जितने मेरै तै पहल्या आए वे सारे चोर अर डाकू
सैं, पर भेड्डां नै उनकी एक नीं सुणी। 9 दरवाजा मैं सूं; जै कोए मेरै जरिये
भीत्तर बड़ै सै, तो उद्धार पावैगा, अर भीत्तर बाहर आण-जाण लागज्या गा
अर चारा पावैगा। 10 चोर किसे और काम खातर कोनी पर सिर्फ चोरी करण
अर घात करण अर नुकसाण करण नै आवै सै; मैं ज्यांतै आया के वे जिन्दगी
पावै अर भोत-ए घणी पावै। 11 काम्मल पाळी मैं सूं; काम्मल पाळी भेड्डां कै
खातर आपणी ज्यान देवै सै। 12 मजदूर जो ना पाळी सै अर ना भेड्डां का
मालिक सै, भेड़िए नै आन्दे देखकै भेड्डां नै छोड़कै भाज जावै सै; अर भेड़िया
उन्नै पकड़ै अर खिन्ड-मिन्ड कर देवै सै। 13 ओ ज्यांतै भाज जावै सै के ओ
मजदूर सै, उसनै भेड्डां की फिक्र कोनी। 14 काम्मल चरवाहा मैं सूं; मैं आपणी
भेड्डां नै जांणू सूं, अर मेरी भेड़ मन्नै जांणै सैं। 15 जिसढ़ाळ बाप मन्नै जांणै सै
अर मैं बाप नै जांणू सूं --अर मैं भेड्डां खातर आपणी ज्यान द्युं सूं। 16 मेरी और
भी भेड़ सै, जो इस रेवड़ की कोनी। मन्नै उनताहीं भी ल्याणा जरूरी सै। वे
मेरा बोल सुणैगी, फेर एकए रेवड़ अर एकए पाळी होगा। 17 बाप ज्यांतै मेरै तै
प्यार राक्खै सै के मैं आपणी ज्यान द्युँ सूं, के उसनै दुबारै ले लूँ। 18 कोए
उसनै मेरै तै खोसदा कोनी, बल्के मैं उसनै खुदे दयुँ सूं। मन्नै उसकै देण का
भी हक्क सै, अर उसताहीं दुबारा लेण का भी हक्क सै: यो हुक्म मेरै बाप नै
मेरैताहीं दिया सै।" 19 इन बात्तां कै कारण यहूदियां म्ह दुबारै फूट पड़ी।
20 उन म्ह तै घणखरे कहण लागगे, "उसम्ह भूंडी औपरी आत्मा सै, अर ओ
बावळा सै; उसकी क्यांतै सुणो सो?" 21 दुसरे माणसां नै कहया, "ये बात इसे
माणस की कोनी जिसम्ह भूंडी औपरी आत्मा हो। के भूंडी औपरी आत्मा
आन्धयां की आँखां नै खोल सकै सै?"

यहुदियाँ का अबिश्वास

22 यरूशलेम म्ह मुहरत का त्यौहार मणाया जारया था; अर जाडयां का
मौसम था। 23 यीशु मन्दर म्ह सुलैमान कै ओसारे म्ह हान्डण लागरया था।
24 फेर यहूदियां नै उसताहीं आ घेरया अर बुझ्झया, "तू म्हारै मन नै कद
ताहीं दुबिधा म्ह गेरे राक्खै गा? जै तू मसीह सै, तो म्हारै तै सई-सई कह दे।"
25 यीशु नै उनताहीं जबाब दिया, "मन्नै थारैतै कह दिया पर थम बिश्वास
करदेए कोनी। जो काम मैं आपणै बाप कै नाम तै करूँ सूं, वैए मेरे गवाह सैं,
26 पर थम ज्यांतै बिश्वास कोनी करदे क्यूँके मेरी भेड्डां म्ह तै कोनी सो।
27 मेरी भेड़ मेरा बोल सुणै सैं; मैं उन्नै जांणू सूं, अर वे मेरै गेल-गेल चाल्लै सैं
28 अर मैं उनताहीं अनन्त जीवन दयुँ सूं। वे कददे बरबाद कोनी होवैगीं, अर
कोए उन्नै मेरै हाथ तै खोस नीं सकदा| 29 मेरा बाप, जिसनै उनताहीं मेरै तै
दिया सै, सारया तै बड्डा सै अर कोए उन्नै बाप कै हाथां तै खोस कोनी
सकदा। 30 मैं अर बाप एक सै।"
31 यहूदियां नै उस पै पत्थर बरसाण नै दुबारै पत्थर ठाए। 32 इस पै यीशु नै
उनताहीं कहया, "मन्नै थारैतै आपणै बाप की कान तै घणे भले काम दिखाए
सैं; उन म्ह तै कौण सै काम खातर थम मेरै पै पत्थर बरसाओ सो?"
33 यहूदियां नै उसताहीं जबाब दिया, "भले काम खातर हम तेरै पै पत्थर
कोनी बरसान्दे पर पणमेशर की बुराई करण कै कारण; अर ज्यांतै के तू
माणस होकै खुद नै पणमेशर बणावै सै|" 34 यीशु नै उनताहीं जबाब दिया,
"के थारे व्यवस्था म्ह कोनी लिख्या सै, 'मन्नै कहया, थम ईश्वर सो'? 35 जै
उसनै उनताहीं ईश्वर कहया जिनकै धोरै पणमेशर का शब्द पहोचयां (अर
सुच्चै ग्रन्थ की बात झूठ नीं हो सकदी), 36 तो जिसताहीं बाप नै पवित्र ठहराकै
दुनिया म्ह खन्दाया सै, थम उसताहीं कहो सो, 'तू बुराई करै सै, ज्यांतै के
मन्नै कहया, 'मैं पणमेशर का बेट्टा सूं'? 37 जै मैं आपणै बाप के काम कोनी
करदा, तो मेरा बिश्वास ना करो। 38 पर जै मैं करूँ सूं, तो चाहे मेरा बिश्वास ना
भी करो, पर उन काम्मां का तो बिश्वास करो, ताके थम जाणो अर समझो के

बाप मेरै म्ह सै अर मैं बाप म्ह सूं।" 39 फेर उन्नै दुबारै उसताहीं पकड़ण की
कोशिश करी पर ओ उनके हाथां तै लिकड़ग्या।
40 दुबारै ओ यरदन कै परली ओड़ै उस जगहां पै चल्या गया, जड़ै यूहन्ना
पहल्या बपतिस्मा दिया करै था, अर ओड़ैए रहया। 41 घणखरे माणस उसकै
धोरै आकै कहवै थे, "यूहन्ना नै तो कोए निशान कोनी दिखाया, पर जो किमे
यूहन्ना नै इसकै बारै म्ह कहया था, ओ सारा कीमे साच्ची था।" 42 अर ओड़ै
घणाए नै यीशु पै बिश्वास करया।

लाजर की मौत

11 मरियम अर उसकी बेब्बे मार्था के गाम बैतनिय्याह का लाजर
नामका एक माणस बीमार था 2 या वाए मरियम थी जिसनै प्रभु पै
इत्र गेरकै उसके पायां ताहीं बाळां तै पुन्जयां था, इस्से का भाई लाजर बीमार
था। 3 इसकरकै उसकी बाणां नै उस ताहीं कुहवा भेज्या, "हे प्रभु, लखा,
जिस तै तू प्रेम करै सै, ओ बीमार सै।" 4 न्यू सुणके यीशु न्यू बोल्या, "या
बीमारी मरण की कोनी; पर पणमेशर की महिमा खातर सै, के उसकै द्वारा
पणमेशर कै बेटै की महिमा होवै।" 5 यीशु मार्था अर उसकी बेब्बे अर लाजर
तै प्रेम राखै था। 6 फेर भी जिब्ब उसने सुणया के ओ बीमार सै, तो जिस
ठोड़ पै ओ था, ओड़ै दो दिन और रुकग्या 7 7 फेर उसनै चेल्यां ताहीं कह्या,
"आओ, हम फेर यहूदिया नै चाल्लां।" 8 चेल्यां नै उसताहीं कह्या, "हे गुरु, इब
तो यहूदी तेरै पै पत्थर बरसाणां चाहवै थे, अर के तू फेर भी उड़ै जावै सै?"
9 यीशु नै जबाब दिया, "के दिन के बारहा घण्टे कोनी होंदे? जै कोए दिन म्ह
चाल्लै तो ठोकर कोनी खान्दा, क्यूँके इस दुनिया का उजाळा देक्खै सै। 10 पर
जै कोए रात म्ह चाल्लै तो ठोकर खावै सै, क्यूँके उसम्ह उजाळा कोनी।"
11 उसनै ये बात कहीं, अर इसके पाच्छै उनताहीं कहण लाग्या, "के म्हारा
ढब्बी लाजर सुत्या सै, पर मैं उसनै जगाण जाऊँ सूं।" 12 फेर चेल्यां नै
उसताहीं कह्या, "हे प्रभु, जै ओ सुत्या सै तो ओ चंगा हो ज्यागा।" 13 यीशु नै
तो उसकी मौत कै बाबत कह्या था; पर उन्नै सोच्या के उसनै नींद तै सोण कै
बाबत कह्या। 14 फेर यीशु नै उनताहीं सुथरी-ढाळ कह दिया, "लाजर मर
लिया सै, 15 अर मै थारै बाबत राज़ी सूं, के मै उड़ै कोनी था जिसपै थम
बिश्वास करो, पर इब आओ, हम उसकै धोरै चाल्लां।" 16 फेर थोमा नै जो
दिद्युस कुह्लावै सै, आपणै गेल्या के चेल्यां ताहीं कह्या, "आओ, हम भी उसकै
गेल्या मरण नै चाल्लां।"

यीशु पुनरुत्थान अर जीवन

17 उड़ै पहोच्चे पाच्छै यीशु नै न्यू बेरया पाट्या के लाजर नै कब्र म्ह धरे चार
दिन हो लिए सैं। 18 बैतनिय्याह यरूशलेम कै धोरै कोए दो कोस की दुरी पै
था, 19 घणखरे यहूदी मार्था अर मरियम कै धोरै उनकै भाई की मौत कै बाबत
दीलासा देण नै आरे थे। 20 जिब मार्था नै यीशु कै आणै की खबर सुणी तो
उसतै फेटण नै गई, पर मरियम घराए बैठीं रही। 21 मार्था नै यीशु ताहीं कह्या,
"हे प्रभु, जै तू आड़ै होंदा, तो मेरा भाई कदे नी मरदा। 22 अर इब भी मन्नै बेरा
सै जो कीमे तू पणमेशर तै माँगैगा, पणमेशर तन्नै देवैगा।" 23 यीशु नै उनताहीं
कह्या, "तेरा भाई जीं ज्यागा।" 24 मार्था नै उसताहीं कह्या, "मन्नै बेरा सै के
आखर के दिन म्ह पुनरुत्थान के टेम ओ जीं ज्यागा।" 25 यीशु नै उसताहीं
कह्या, "पुनरुत्थान अर जीवन मैए सूं, जो कोए मेरै पै बिश्वास करैगा ओ जै
मर भी जावै फेर भी जिवैगा, 26 अर जो कोए जीवै सै अर ओ मेरै पै बिश्वास
करै सै, ओ अनन्तकाल ताहीं कोनी मरैगा। के तू इस बात पै बिश्वास करै सै।"
27 उस नै उनताहीं कह्या, "हम्बै, हे प्रभु, मै बिश्वास करूं सूं, के पणमेशर का
बेट्टा मसीह जो दुनिया म्ह आणआळा था, ओ तूए सै।"

यीशु रोया

28 न्यू कहकै वा चली गयी, अर आपणी बेब्बे मरियम ताहीं बुलाकै चुपकदे-
सी कह्या, "गुरु याड़ैए सै अर तन्नै बुलावै सै।" 29 न्यू सुण दए वा जिब्बे उठकै
उसकै धोरै आई। 30 यीशु इबे गाम म्ह कोनी पहोच्या था पर उस्से ठोड़ था
जड़ै मार्था उसतै फेट्टी थी। 31 फेर जो यहूदी उसकै गेल्या घर म्ह थे अर
उसताहीं दीलासा देवै थे, न्यू देखकै के मरियम जिब्बे उठकै बारणै चली गयी
सै न्यू समझे के वा कब्र पै रोण नै जावै सै तो उसकै पाच्छै हो लिये। 32 जिब्ब
मरियम उड़ै गई जड़ै यीशु था, तो उसनै देखदए उसकै पायां म्ह पड़कै कह्या,
"हे प्रभु, जै तू आड़ै होन्दा फेर मेरा भाई कोनी मरदाI" 33 जिब्ब यीशु नै जो
उसकै गेल्या आये थे, रोंदे होए देख्या, तो आत्मा म्ह घणाए दुखी अर माड़े
मन का होग्या, 34 अर कह्या, "थमनै उसताहीं कित धर राख्या सै?" उन्नै
उसताहीं कह्या, "हे प्रभु, चालकै देख लेI" 35 यीशु रोण लाग्याI 36 फेर यहूदी
कहण लाग्गे, "लखाओ, ओ उनतै कितना प्यार राखै थाI" 37 पर उनम्ह तै
कीमे नै कह्या, "के यो जिसनै आंध्या की आंख खोलदी, न्यू भी कर सक्या
के यो माणस नीं मरदा?"

लाजर का जिन्दा करणा

38 यीशु मन म्हए फेर घणाए दुखी होकै कब्र पै आयाI वा एक गुफा थी अर
एक पत्थर उस पै धरया थाI 39 यीशु नै कह्या, "पत्थर हटादोI" लाजर की
बेब्बे मार्था उसनै कहण लाग्गी, "हे प्रभु, उस म्ह तै इब तै सिड़ान्ध आवै सै,
क्यूँके उसनै मरे चार दिन हो लिए सैंI" 40 यीशु नै उनताहीं कह्या, "के मन्नै
तेरैतै कोनी कह्या था के जै तू बिश्वास करैगी, तो पणमेशर की महिमा नै
देक्खैगीI" 41 फेर उन्नै पत्थर ताहीं हटायाI यीशु नै नजर ठाकै कह्या, "हे
पिता, मै तेरा धन्यवाद करूँ सूं, के तन्नै मेरी सुण ली सैI 42 अर मन्नै बेरा था
के तू सारी हाण मेरी सुणै सै, पर जो भीड़ आसै-पासै खड़ी सै, उनकै बाबत
मन्नै कह्या, ताके वे बिश्वास करै, के तन्नै मेरैताहीं खन्दाया सैI" 43 न्यू कहकै
ठाड्डू आवाज म्ह रूक्का मारया, "हे लाजर, लिकड़ आI" 44 जो मर लिया था
ओ कफन तै हाथ पैर बंदे होड़ लिकड़ आया, अर उसकै मुह पै अँगोछा
लिपटरया थाI यीशु नै उनताहीं कह्या, "उसनै खोलदो अर जाणदोI"

यीशु कै बिरुद्ध साजिस

(मत्ती 26:1-5; मरकुस 14:1-2; लूका 22:1-2)

45 फेर जो यहूदी मरियम धोरै आरे थे अर उसका यो कारनाम्मा देख्या
था, उनम्ह तै घणखरयां नै उसपै बिश्वास करयाI 46 पर उनम्ह तै कईया नै
फरिसियाँ धोरै जाकै यीशु के कारनाम्मां की खबर दीI 47 ज्यांतै प्रधान
याजकां अर फरिसियाँ नै बड्डी पंचायत करी, अर कह्या, "हम करां के सां? यो
माणस तो घणे कारनाम्मे दिखावै सैI 48 जै हम उसनै न्यूए छोड़दया, फेर
सारे उसपै बिश्वास करैगें, अर रोमी आकै म्हारी जगहां अर जात दोनुवां पै
कब्जा कर लेवैगेंI" 49 फेर उनम्ह तै काइफा नामका एक माणस नै जो उस
साल का महायाजक था, उनताहीं कह्या, "थमनै कीमे नीं बेरा! 50 अर ना न्यू
समझो सो के थारै खातर यो ठीक सै के म्हारै माणसां खातर एक आदमी
मरै, अर ना न्यू के सारी जात का नास ना होI" 51 पर बात उसनै आपणी
ओड़ तै कोण्या कहीं, पर उस साल का महायाजक होण तै भविष्यवाणी
करी, के यीशु उस जात खातर मरैगा; 52 अर ना सिर्फ उस्से जात खातर
बल्के ज्यांतै के पणमेशर की खिंड-मींड उलाद्दां नै एक करदेI 53 आखर म्ह
उस्से दिन तै वे उसताहीं मारण खातर साज़स रचाण लाग्गेI

54 ज्यांतै यीशु उस टेम तै यहूदिया म्ह घाट दिक्खण लागग्या, पर उड़ै तै,
बण कै लोवै लागण आळे प्रदेश कै इफ्राईम नामक एक नगर कान्नी चल्या
गया; अर आपणै चेल्यां गेलै उड़ैए रहण लाग्याI 55 यहूदिया का फसह का
त्योहार लोवै था, अर घणैए माणस फसह तै पहल्या गाम्मां म्ह तै यरूशलम
नै गए, के खुद नै पवित्र करैI 56 आखर म्ह वे यीशु नै टोहण लाग्गे अर मन्दर
म्ह खड़े होकै आपस म्ह बतलाण लाग्गे, "थम के सोच्चो सो? के ओ त्योहार
म्ह कोनी आवैगा?" 57 अर प्रधान याजकां अर फरिसियाँ नै हुक्म दे राख्या
था के जै कोए न्यू जाणै के यीशु कित सै बतावै, ताके वे उसनै पकड़ लेI

यीशु के पायां पै शैंट गेरणा

(मत्ती 26:6-13; मरकुस 14:3-9)

12 फेर यीशु फसह तै छ: दिन पहल्या बैतनिय्याह आया जित लाजर
था, जिस ताहीं यीशु नै मरयां होड़ म्ह तै जिन्दा करया थाI 2 उड़ै
उन्नै उसकै खातर खाणा पकाया; अर मार्था सेवा करण लागरी थी, अर
लाजर उन म्ह तै एक था जो उसकै गेल्या खाणा खाण नै बैट्ठे थेI 3 फेर

मरियम नै जटामांसी का आधा सेर घणा मंहगा शैंट लेकै यीशु के पायां पै गेरया, अर आपणे बांळां तै उसके पैर पूंजे; अर शैंट की खसबू तै घर खसबुदार होग्याI 4 पर उसके चेल्यां म्ह तै यहूदा इस्करियोती नामका एक चेल्ला जो उसताहीं पकड़वाणा चाहवै था, कहण लाग्या, 5 "यो शैंट तीन सौ दीनार म्ह बेचकै कंगालां ताहीं क्यातै कोनी दिया गया?" 6 उसनै या बात ज्यातै कोनी कहीं के उसनै कंगालां की फिक्र थी बल्के ज्यांतै के ओ चोर था, अर उसकै धोरै पिस्या का झोळा रह्या करै था अर उस म्ह जो कीमे गेरा जांदा, ओ काड लेवै थाI 7 यीशु नै कह्या, "उसनै रहण दोI उस ताहीं मेरै गाड्डे जाण के दिन खातर राखण द्यो| 8 क्यूँके कंगाल तो थारै गेल्या सारीहाण रहवै सै, पर मैं थारै गेल्या सारीहाण कोनी रहूँगाI"

यीशु कै बिरुद्ध साजिस

9 जिब्ब यहूदिया की बड्डीए भीड़ नै बेरा लागग्या के ओ उड़ै सै, तो वे ना सिर्फ यीशु कै बाबत आये पर ज्यांतै भी के लाजर नै देक्खै, जिसताहीं यीशु मसीह नै मरयां होड़ म्ह तै जिन्दा करया थाI 10 फेर प्रधान याजकां नै लाजर ताहीं भी मारण की सलाह करीI 11 क्यूँके उसकै बाबत घणखरे यहूदी चले गये अर यीशु पै बिश्वास करयाI

यरूशलेम म्ह विजय-प्रवेश

(मत्ती 21:1-11; मरकुस 11:1-11; लूका 19:28-40)

12 दुसरै दिन घणखरे माणसां नै जो त्यौहार म्ह आरे थे न्यू सुणया के यीशु यरूशलेम म्ह आ रया सैI 13 ज्यांतै उन्नै खजूर की डाळीं लीं अर उसतै फेट्टण नै लिकड़े, अर रूक्के मारण लाग्गे, "होशाना! धन्य इस्राएल का राजा, जो प्रभु कै नाम तै आवै सैI" 14 जिब्ब यीशु नै एक गधे का एक बच्चा मिल्या, फेर ओ उसपै बैठग्या, 15 जिसा लिख्या सै, "हे सिय्योन की बेट्टी, मतना डरै; लखा, तेरा राजा गधे के बच्चे पै चढ़ा होड़ चाल्या आवै सैI" 16 उसके चेल्ले यें बात पहल्या कोनी समझे थे, पर जिब्ब यीशु की महिमा दिक्खी फेर उनकै याद आया के यें बात उसकै बाबत लिक्खी होड़ थी अर माणसां नै उसकै गेल्या न्यूए बिवार करया थाI 17 फेर भीड़ के उन माणसां नै गवाही दी, जो उस टेम उसकै गेल्या थे, जिब्ब उसनै लाजर ताहीं कब्र म्ह तै बुलाकै मरयां होया म्ह तै जिन्दा करया थाI 18 ज्यांतै माणस उसतै फेट्टण नै आरे थे क्यूँके उन्नै सुणया था के उसनै यो अचम्भै का कारनाम्मा करया थाI 19 फेर फरिसियाँ नै आपस म्ह कह्या, "सोच्चो कै तो देक्खो, के थारे तै कीमे भी कोनी बणदाI लखाओ, दुनिया उसकै गेल हो ली सैI"

युनानियाँ का यीशु ताहीं टोहणा

20 जो माणस उस त्यौहार म्ह भगति करण नै आये थे उन म्ह तै कीमे यूनानी थेI 21 उन्नै गलील कै बैतसैदा का बासिन्दे फिलिप्पुस कै धोरै आकै उसतै बिनती करी, "श्रीमान्, हम यीशु तै फेटणा चाहवां साI" 22 फिलिप्पुस नै आकै अन्द्रियास तै कह्या, फेर अन्द्रियास अर फिलिप्पुस नै जाकै यीशु ताहीं कह्याI 23 इसपै यीशु नै उनताहीं कह्या, "ओ टेम आग्या सै के माणस के बेट्टे की महिमा होI 24 मै थारै तै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जिब्ब ताहीं गिहूँ का दाणा धरती म्ह पड़कै मर नीं जांदा, ओ एकला रहवै सै; पर जिब्ब मर ज्यावै सै, तो घणा फळ ल्यावै सैI 25 जो आपणै जीं नै प्यारा जाणै सै, ओ उसनै खो देवै सै; अर जो इस दुनिया म्ह आपणै जीं नै प्यारा कोनी जांणदा, ओ अनन्तजीवन ताहीं उसकी रूखाली करैगाI 26 जै कोए मेरी सेवा करै, तो मेरै गेल्या हो ले; अर जड़ै मै सूं, उड़ै मेरा सेवक भी होवैगाI जै कोए मेरी सेवा करै, तो बाप उसकी ईज्जत करैगाI

क्रूस की मौत का इशारा

27 "इब मेरा जीं कांल सैI ज्यांतै इब मै के कहूँ? 'हे पिता, मन्नै इस घड़ी तै बचा?" पर मै इस्से कारण इस घड़ी नै पहोच्या सूंI 28 हे पिता जी, आपणै नाम की महिमा करI" फेर या आकाशबाणी होई, "मन्नै उसकी महिमा करी सै, अर फेर भी करूँगाI" 29 फेर जो माणस खड़े होए सुणरे थे उन्नै कह्या के बादळ गरज्याI दुसरयां नै कह्या, "कोए सुर्गदुत उसतै बोल्याI" 30 इसपै यीशु नै कह्या, "यो शब्द मेरै खातर कोनी, पर थारै खातर आया सैI 31 इब इस दुनिया का न्याय होवै सै, इब इस दुनिया का सरदार काड्या जावैगा; 32 अर मैं जै धरती पै तै ऊँच्चे पै चढ़ाया जाऊँगा, तो सारया नै आपणै कान्नी खिच्चुगांI" 33 न्यू कहकै उसनै यो बता दिया के ओ किस ढाळ की मौत तै मरैगाI 34 इसपै माणसां नै उसताहीं कह्या, "हमनै नियम-कायदा की या बात सुणी सै के मसीह सारी हाण रहवै गा, फेर तू क्यातै कह्वै सै के माणस का बेट्टा ऊंच्चे पै चढ़ाया जांणा जरूरी सै? यो माणस का बेट्टा कौण सै?" 35 यीशु नै उनताहीं कह्या, "चाँदणा इब माड़ी वार ताहीं थारै बिचाळै सैI जिब्ब ताहीं चाँदणा थारै गेल्या सै जद ताहीं चाल्दे रहो, इसा ना हो के अँधेरा थारै ताहीं घेर लेवै; जो अँधेरे म्ह चाल्लै सै ओ कोनी जांणदा के कड़ै जावै सैI 36 जिब्ब ताहीं चाँदणा थारै गेल्या सै, चाँदणै पै बिश्वास राक्खो ताके थम चांदणै की उलाद बणोI"

यहुदियाँ का अबिश्वास म्ह बणे रहणा

ये बात कहकै यीशु बिगगा अर उनतै लुक्या रह्याI 37 यीशु मसीह नै उनकै श्यामी इतने कारनाम्में दिखाए, फेरभी उन्नै उसपै बिश्वास कोनी करया; 38 ताके यशायाह नब्बी का शब्द पूरा हो जो उसनै कह्या: "हे प्रभु, म्हारी खबर का किसनै बिश्वास करया सै? अर प्रभु की हाथां का हान्गा किस नै दिख्या सै?" 39 इस बाबत वे बिश्वास कोनी कर सके, क्यूँके यशायाह नै न्यू भी कह्या सै : 40 "उसनै उनकी आँख आंधी, अर उनके मन करड़े कर दिए सैं; कदे इसा ना हो के वे आँखां तै देक्खै, अर मन तै समझै, अर पलटै, अर मै उन्नै चंगा करूंI" 41 यशायाह नै ये बात ज्यांतै कहीं के उसनै उसकी महिमा देक्खी, अर उसनै उसकै बाबत बात करीI 42 फेरभी सरदारां म्ह तै घणाए नै उस पै बिश्वास करया, पर फरिसिया कै कारण खुलकै कोनी मान्नै थे, कदे इसा ना हो के वे आराधनालय म्ह तै लिकाड़े जावै : 43 क्यूँके माणसां की ओड़ तै बड़ाई उन्नै पणमेशर की ओड़ तै बड़ाई की बरोबरी म्ह घणी प्यारी लागै थीI

यीशु के बचन : न्याय का आधार

44 यीशु नै रूक्का मारकै कह्या, "जो मेरै पै बिश्वास करै सै, ओ मेरै पै नीं बल्के मेरै खन्दानआळै पै बिश्वास करै सैI 45 अर जो मन्नै देक्खै सै, ओ मेरै खन्दानआळै नै देक्खै सैI 46 मै दुनिया म्ह चाँदणा बण कै आया सूं, ताके जो कोए मेरै पै बिश्वास करै ओ अँधेरे म्ह कोनी रहवैI 47 जै कोए मेरी बात सुणकै कोनी मान्नै, तो मै उसनै कसूरवार कोनी ठहरान्दा; क्यूँके मै दुनिया ताहीं कसूरवार ठहराण खातर कोनी, पर दुनिया का उद्धार करण खातर आया सूंI 48 जो मन्नै खामखाँ समझै सै अर मेरी बात कोनी अपणावै सै उसताहीं दोषी ठहराण आळा तो एके सै: यानिके जो शब्द मन्नै कह्या सै, ओए पाछलै दिन म्ह उसताहीं कसूरवार ठहरावै गाI 49 क्यूँके मन्नै आपणै कान्नी तै बात कोनी करी; पर बाप जिसनै मेरै ताहीं खन्दाया सै उसनै मेरैताहीं हुक्म दिया सै के, के- के कहूँ अर के, के बोल्लूँ? 50 अर मन्नै बेरा सै के उसका हुक्म अनन्तजीवन सैI ज्यांतै मै जो कीमे बोल्लूँ सूं, ओ जिसा बाप नै मेरै ताहीं कह्या सै उसाए बोल्लूँ सूंI"

यीशु का चेल्यां के पैर धोणा

13 फसह कै त्योहार तै पहल्या, जिब यीशु नै बेरा लागग्या के मेरा ओ टेम आ लिया सै के दुनिया छोड़कै बाप कै घरा जाऊँ, तो आपणै माणसां तै जो दुनिया म्ह थे जिसा प्यार ओ राख्या करदा, आखर ताहीं उसाए प्यार राख्दा रह्याI 2 जिब्ब शैतान शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती कै दिल म्ह न्यू घाल ग्या था के उसताहीं पकड़वाऊँ, खाणै कै टेम 3 यीशु नै, न्यू बेरा लागग्या के बाप नै सारा कीमे मेरै बस म्ह कर दिया सै अर मै पणमेशर कै धोरै तै आया सूं, अर पणमेशर कै धोरै जाऊँ सूंI 4 खाणै पै तै उठ कै आपणै ऊपरले लत्ते उतार दिये, अँगोछा लेकै आपणी कमर पै कै बांध्याI 5 फेर बास्सण म्ह पाणी भरकै चेल्यां के पैर धोये अर जो अँगोछा कमर पै बांध राख्या था उस्से तै पुन्जण लागग्याI 6 जिब्ब ओ शमौन पतरस कै धोरै आया, फेर पतरस नै उसताहीं कह्या, "हे प्रभु, के तू मेरे पैर धोवै सै?" 7 यीशु

नै उसताहीं जबाब दिया, “जो मै करूं सूं, तन्नै इबे कोनी बेरा, पर इसकै पाच्छै समझैगाI” 8 पतरस नै उसताहीं कह्या, “तू मेरे पैर कोनी धोण पावैगाI” न्यू सुणकै यीशु नै उसताहीं कह्या, “जै मै तन्नै ना धोऊँ, तो मेरै गेल्या तेरा कीमे भी सीर कोनीI” 9 शमौन पतरस नै उसताहीं कह्या, “हे प्रभु, फेर मेरे पैरए नीं बल्के मेरे हाथ अर सिर भी धोदेI” 10 यीशु नै उसताहीं कह्या, “जो न्हा लिया हो उसताहीं पैर कै सिवाय और कीमे धोण की आंट कोनी, पर ओ जमाए शुद्ध सै; अर थम शुद्ध सो, पर सारे-के-सारे कोनीI” 11 ओ तो आपणे पकड़ाण आळे नै जाणै था ज्यांतै उसनै कह्या, “थम सारे-के-सारे शुद्ध कोनीI”

12 जिब्ब उसनै पैर धो लिये, अर आपणे लत्ते पहरकै फेर बैठग्या, तो उनताहीं कहणै लागग्या, “के थम समझे के मन्नै थारै गेल्या के करया? 13 थम मन्नै गुरु अर प्रभु कहो सो, अर सई कहो सो, क्यूँके मै ओए सूं। 14 जिब्ब मन्नै गुरु अर प्रभु होकै थारै पैर धोए, तो थमनै भी एक-दुसरै के पैर धोणे चाहियेI 15 क्यूँके मन्नै थारैताहीं नमून्ना करकै दिखाया सै के जिसा मन्नै थारै गेल्या करया सै, थम भी उसाए करया करोI 16 मै थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, नौकर आपणै मालिक तै बड्डा कोनी, अर ना खन्दाया होया आपणे खन्दाण आळे तैI 17 थमनै ये बात बेरा सै, जै उनपै चाल्लो तो धन्य सोI 18 मै थम सारया कै बाबत कोनी कहंदा; जिनताहीं मन्नै छांट लिया सै, उन्नै मै जांणु सूं; पर न्यू ज्यांतै के पवित्र ग्रन्थ का यो शब्द पूरा हो, ‘जो मेरी रोट्टी खावै सै, उसनै मेरै पै लात ठाई।’ 19 इब मै उसकै होण तै पहल्याए थमनै बता द्युँ सूं, के जब न्यू हो जावै तो थम बिश्वास करियो के मै ओए सूं। 20 मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो मेरे खन्दाए होड़ नै अपणावै सै, ओ मन्नै अपणावै सै; अर जो मन्नै अपणावै सै, ओ मेरे खन्दाण आळे नै अपणावै सैI”

बिश्वासघात कै कान्नी इशारा

(मत्ती 26:20-25; मरकुस 14:17-21; लूका 22:21-23)

21 ये बात कहकै यीशु आत्मा म्ह दुखी होया अर या गवाही दी, “मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के थारै म्ह तै एक मन्नै पकड़वावै गाI” 22 चेल्ले शक सुब्हा तै के ओ किसकै बाबत कहवै सै, एक-दुसरे कै कान्ही लखाण लागगेI 23 उसके चेल्यां म्ह तै एक जिसताहीं यीशु प्रेम राखै था, यीशु की छाती की कान्नी कोड्डा होया बैठ्या थाI 24 शमौन पतरस नै उसकै कान इशारा करकै उसताहीं बुझ्झया, “बता तो, ओ किसकै बाबत कहवै सै?” 25 फेर उसनै उससे ढाळ यीशु की छाती कै कान्नी कोड्डे होकै उसताहीं बुझ्झया, “हे प्रभु, ओ कौण सै?” यीशु नै जबाब दिया, “जिसताहीं मै यो रोट्टी का टुकड़ा डुबोकै द्युगां ओए सैI” 26 अर उसनै टुकड़ा डुबोकै शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती ताहीं दियाI 27 टुकड़ा लेनदए शैतान उसम्ह बड़ग्याI फेर यीशु नै उसताहीं कह्या, “जो तू करै सै, तोळा करI” 28 पर बैठण आळयां म्ह तै किस्से नै कोनी बेरा लागग्या के उसनै या बात उसतै क्यातै कहींI 29 यहूदा कै धोरै थैली रह्या करै थी, ज्यांतै किसे-किसे नै समझा के यीशु उसताहीं कहवै सै के जो कीमे हमनै त्यौहार खातर चाहवै ओ मोल लिया, या न्यू के कंगालां नै कीमे देI 30 आखर म्ह ओ टुकड़ा लेकै जिबे बाहरण लिकड़ग्या; अर रात का टेम थाI

नई आज्ञा

31 जिब्ब ओ बाहरण लिकड़ग्या तो यीशु नै कह्या, “इब माणस के बेट्टे की महिमा होई सै, अर पणमेशर की महिमा उसम्ह होई सै; 32 [जै उसम्ह पणमेशर की महिमा होई सै] तो पणमेशर भी आपणे म्ह उसकी महिमा करैगाI 33 हे बाळको, मै और माड़ी वार थारै धोरै सूं : फेर थम मन्नै टोह्होगे, अर जिसा मन्नै यहूदियां ताहीं कह्या, “जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै थम कोनी आ सकदे, न्यू इब मै थारैताहीं भी कहूँ सूंI 34 मै थमनै नया हुक्म द्यु सूं, के एक दुसरे तै प्यार राखियो; जिसा मन्नै थारैतै प्यार राख्या सै, उसाए थम भी एक दुसरे तै प्यार राक्खोI 35 जै आपस म्ह प्यार राक्खोगे, तो इसतै सारया नै बेरा पाट्टैगा के थम मेरे चेल्ले सोI”

पतरस के इन्कार का इशारा

(मत्ती 26:31-35; मरकुस 14:27-31; लूका 22:31-34)

36 शमौन पतरस नै उसताहीं कह्या, “हे प्रभु, तू कित जा सै?” यीशु नै जबाब दिया, “जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै तू इबे मेरै पाच्छै कोनी आ सकदा; पर इसकै बाद मेरै गेल्या आवैगाI” 37 पतरस नै उसताहीं कह्या, “हे प्रभु, इबे मै तेरै पाच्छै क्यातै नीं आ सकदा? मै तो तेरी खातर आपणी ज्यान भी दे द्युंगाI” 38 यीशु नै जबाब दिया, “के तू मेरी खातर आपणी ज्यान दे देवैगा? मै तेरैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, के मुर्गा बांग कोनी देवै गा जिब्ब ताहीं तू तीन बर मेरै बाबत नाट नीं लेनदाI

पणमेशर तक पोच्चण का रास्ता

21 जिब्ब वे घणे दिन ताहीं भूखे रह लिये, तो पौलुस नै उनकै बिच्चाळै खड़े
होकै कह्या, "हे माणसो, चहिये था के थम मेरी बात मानकै क्रेते तै ना जहाज
खोल्दे अर ना या मुसीबत आन्दी अर ना यो नुकसान ठान्दे| 22 पर इब मै
थमनै समझाऊँ सूं के धीरज राक्खो, क्यूँके थम म्ह तै किसे की ज्यान का
नुकसान कोनी होवैगा, पर सिर्फ जहाज की| 23 क्यूँके पणमेशर जिसका मै
सूं, अर जिसकी सेवा करूँ सूं, उसके सुर्गदुत नै आज रात मेरै धोरै आकै
कह्या, 24 'हे पौलुस, डरै मतना ! तन्नै कैसर कै श्यामी खड़्या होणा जरूर
सै| देख, पणमेशर नै सारया ताहीं जो तेरै गेल्या सफर करै सै, तेरै ताहीं
दिया सै|' 25 ज्यांतै, हे भले माणसो, सब्र करो; क्यूँके मै पणमेशर का बिश्वास
करूँ सूं, के जिसा मेरै तै कहया गया सै, उसा ए होगा| 26 पर म्हारै ताहीं
किसे टाप्पू पै जा टिकणा होगा|"

जहाज का टूटणा

27 जिब्ब चौदहवीं रात आई, अर हम अद्रिया समुन्दर म्ह भटकदे होये
हाँडरे थे, तो आधी रात कै लवै मल्लाहां नै अंदाजे तै जाणया के हम किसे देश
कै लोवै पहोच रहे सां| 28 थाह लेण पै उन्नै बीस पुरसा डून्घा पाया, अर
थोड़ा आगै बढ़कै दुबारा थाह लेई तो पन्द्रह पुरसा पाया| 29 फेर पथरीली
जंगहा तै टकराण कै डर तै उन्नै जहाज की पिछली सैड चार लंगर गेरे, अर
सबेरे होण की चाह करदे रहे| 30 पर जिब्ब मल्लाह जहाज पै तै भाजणा चाहवैं
थे, अर गलही तै लंगर गेरण कै बहाणै डोंगी समुन्दर म्ह उतार दी; 31 तो
पौलुस नै सूबेदार अर सिपाहियां तै कह्या, "जै ये जहाज पै नीं रहें, तो थम भी
कोनी बच सकदे|" 32 फेर सिपाहियां नै जोड़े काटकै डोंगी गेर दी|

33 जिब्ब सबेरे होण पै था, फेर पौलुस नै न्यू कहकै, सारया ताहीं खाणा
खाण कै खातर समझाया, "आज चौदहां दिन होये के थम आस देखदे-देखदे
भूखे रहे, अर कीमे खाणा कोनी खाया| 34 ज्यांतै थारै तै समझाऊँ सूं के
कीमे खा ल्यो, जिसतै थारा बचाव होवै; क्यूँके थारै म्ह तै किसे का सिर का
एक बाल भी कोनी गिरैगा|" 35 न्यू कहकै उसनै रोट्टी लेकै सारया कै श्यामी
पणमेशर का धन्यवाद करया अर तोड़कै खाण लाग्या| 36 फेर वे सारया नै
धीरज बंधा कै खाणा खुवाण लाग्गे| 37 हम सारे मिलकै जहाज पै दो सौ
छिहत्तर जणे थे| 38 जिब्ब वे खाणा खा कै छिक लिये, तो गेहूँ ताहीं समुन्दर
म्ह बगा कै जहाज हल्का करण लाग्गे|

39 जिब्ब दिन लिकड़्या तो उन्नै उस देश ताहीं कोनी पिच्छाणा, पर एक
खाड़ी देक्खी जिसका कंठारा चौरस था, अर बिचार करया के जै हो सकै तो
इस्से पै जहाज नै टिकावै| 40 फेर उन्नै लंगरा ताहीं खोलकै समुन्दर म्ह छोड़
दिया अर उस्से टेम पतवारां के बन्धन खोल दिये, अर बाळ कै श्यामी
आगला पाल चढ़ाकै कंठारै कै कान्नी चाल्ले| 41 पर दो समुन्दर के संगम की
जंगहा [पड़कै उन्नै जहाज ताहीं टिकाया, अर गलही तो धक्का खाकै पड़ गी
अर टळ नीं सकी; पर पिछली सैड लहरा तै टूटण लाग्गी| 42 फेर सिपाहियां
का यो बिचार होया के कैदीयां ताहीं मार देवैं, इसा ना हो के कोए तैर कै
लिकड़ भाज्जै| 43 पर सूबेदार नै पौलुस ताहीं बचाण की मर्जी तै उन ताहीं
इस बिचार तै रोक्या अर न्यू कहया, के जो तैर सकैं सैं, पहल्या छलाँग
मारकै कंठारै लिकड़ जावैं; 44 अर बाकी कोए पटड़ा पै, अर कोए जहाज की
दूसरी चीज कै सहारै लिकड़ जावैं| इस तरियां तै सारे धरती पै बच लिकड़े|

माल्टा द्वीप म्ह पौलुस

28 जिब्ब हम बच लिकड़े, तो बेरा लाग्या के यो द्वीप माल्टा कुहवावै
सै| 2 ओड़ै के बासिन्दयां नै म्हारै पै अनोक्खी दया करी; क्यूँके मीह
बरसण कै कारण ठण्ड थी, ज्यांतै आग सुलगाकै हम सारया ताहीं ठहराया|
3 जिब्ब पौलुस नै लाकड़ीयाँ का बरोटा कट्ठा करकै आग पै धरया, तो एक
साँप आँच पाकै लिकड़्या अर उसकै हाथ तै लिपट गया| 4 जिब्ब उन
बासिन्दयां नै साँप ताहीं उसकै हाथ तै लिपटे होड़ देख्या, तो आपस म्ह
कह्या, "साच्चए यो माणस खूनी सै के यधपि समुन्दर तै बचग्या, तौभी न्याय
नै जिन्दा कोनी रहण दिया|" 5 फेर उसनै साँप ताहीं आग म्ह झटक दिया,
अर उस ताहीं कीमे नुकसान कोनी पहोच्या| 6 पर वे बाट देखै थे के ओ सूज
जावैगा या चाणचक पड़कै मर जावैगा, पर जिब्ब वे घणी वार ताहीं देखदे रहे
अर देख्या के उसका कीमे भी कोनी बिगड़्या, तो आपना बिचार बदलकै
कह्या, "यो तो कोए देवता सै|"

7 उस जंगहा कै ओरै-धोरै उस टाप्पू कै प्रधान पुबलियुस की धरती थी|
उसनै म्हारै ताहीं आपणे घरा ले जाकै तीन दिन ढब्बी की ढाळ सेवा-बाड़ी
करी| 8 पुबलियुस का बाप ताप-बुखार अर बवासीर तै बीमार पड़्या था|
आखर म्ह पौलुस नै उसकै धोरै घर म्ह जाकै प्रार्थना करी अर उस पै हाथ
धरकै उस ताहीं चंगा करया| 9 जिब्ब इसा होया तो उस द्वीप के बाकी बीमार
आये अर चंगे करे गये| 10 उन्नै म्हारा घणा आदर-मान करया, अर जिब्ब हम
चाल्लण लाग्गे तो जो कीमे म्हारै खातर जरूरी था, जहाज पै धर दिया|

माल्टा द्वीप तै रोम कै कान्नी

11 तीन महीने कै पाच्छै हम सिकन्दरिया कै एक जहाज पै चल लिकड़े, जो
उस द्वीप म्ह पुरै जाड्डै रह्या था, अर जिसका निशान दियुसकूरी था|
12 सुरकूसा म्ह लंगर गेरकै हम तीन दिन टिके रहे| 13 ओड़ै तै हम घूमकै
रेगियुम म्ह आये; अर एक दिन कै पाच्छै दक्षिणी बाळ चाल्ली, फेर हम दुसरे
दिन पुतियुली म्ह आये| 14 ओड़ै हमनै भाई फेट्टे, उनकै कहणे तै हम उनकै
उरै सात दिन ताहीं रहे; अर इस तरियां तै हम रोम नै चाल्ले| 15 ओड़ै तै भाई
म्हारी खबर सुणकै अप्पियुस कै चौक अर तीन-सराए ताहीं म्हारै तै फेटण नै
लिकड़ आये, जिन्नै देखकै पौलुस नै पणमेशर का धन्यवाद करया अर धीरज
बांधया| 16 जिब्ब हम रोम म्ह पहोच्चे, तो पौलुस ताहीं एक सिपाही कै गेल्या
जो उसकी रूखाळी करै था, एकल्ले रहण का हुक्म मिलग्या|

रोम म्ह पौलुस

17 तीन दिन कै पाच्छै उसनै यहूदियां कै खास माणसां ताहीं बुलाया, अर
जिब्ब वे कट्ठे होये तो उनतै कह्या, "हे भाईयो, मन्नै आपणे माणसां कै या
बाप-दाद्या कै बीवारां कै बिरोध म्ह कीमे भी कोनी करया, तौभी कैदी बणाकै
यरूशलेम तै रोमियाँ कै हाथां सौंपया गया| 18 उन्नै मेरै ताहीं जाँच कै छोड़
देणा चाहया, क्यूँके मेरै म्ह मौत कै जोग्गा कोए कसूर कोनी था| 19 पर जिब्ब
यहूदी इसकै बिरोध म्ह बोल्लण लाग्गे, तो मन्नै कैसर की दुहाई देणी पड़ी : यो
नीं के मन्नै आपणे माणसां पै कोई तोहमन्द लाणी थी| 20 ज्यांतै मन्नै थारै
ताहीं बुलाया सै के थारै तै फेट्टू अर बतळाऊँ; क्यूँके इस्राएल की आस कै
खातर मै इस बेल तै जुड़्या होड़ सूं|" 21 उन्नै उसतै कह्या, "ना हम नै तेरै
बारै म्ह यहूदियां तै चिट्ठी पाई, अर ना भाईयां म्ह तै किसे नै आकै तेरै बारै
म्ह कीमे बताया अर ना भूंडा कहया| 22 पर तेरा बिचार के सै? ओए हम तेरै
तै सुणना चाहवां सां, क्यूँके हमनै बेरा सै के हरेक जंगहा इस मत कै बिरोध
म्ह माणस बात करै सै|"

23 फेर उन्नै उसकै खातर एक दिन ठहराया, अर घणे माणस उसकै उरै
कट्ठे होये, अर ओ पणमेशर कै राज्य की गवाही देंदा होया, अर मूसा के
व्यवस्था अर नब्बीयाँ की किताबां तै यीशु कै बारै म्ह समझा-समझाकै सबेरे

तै साँझ ताहीं वर्णन करदा रहया| 24 फेर कुछां नै उन बात्तां ताहीं मान
लिया, अर कुछां नै बिश्वास कोनी करया| 25 जिब्ब वे आपस म्ह एक मत
कोनी होये, तो पौलुस की इस बात कै कहण पै चाल्ले गये : "पवित्र आत्मा नै
यशायाह नब्बी कै जरिये थारै बाप-दाद्या तै सई ए कहया, 26 'जाकै इन
माणसां तै कह, के सुणदे तो रहोगे, पर ना समझोगे, देख्दे तो रहोगे, पर ना
बूझ्झोगे; 27 क्यूँके इन माणसां का मन मोट्टा अर उनके कान भारया हो गये
सैं, अर उन्नै आपणी आँख मूंद ली सै, इसा ना हो के वे कदे आँखां तै देखै
अर कान्ना तै सुणै अर मन तै समझै अर पलटै, अर मै उन ताहीं चंगा करूँ|'
28 आखर म्ह थम जाणो सो के पणमेशर कै इस उद्धार की कहानी गैर-जात्तां
कै धोरै खन्दाई गयी सै, अर वे सुणैगें|" 29 जिब्ब उसनै न्यू कहया तो यहूदी
आपस म्ह घणे बहस करण लाग्गे अर ओड़ै तै चले गये| 30 ओ पुरे दो साल
आपणे भाड़ै कै घर म्ह रहया, 31 अर जो उसकै धोरै आवै थे, उन सारया तै
फेटदा रहया अर बे रोक-टोक घणा निडर होकै पणमेशर कै राज्य का प्रचार
करदा अर प्रभु यीशु मसीह की बात सिखान्दा रहया|

रोमियों

अभिवादन

1 पौलुस की ओड़ तै जो यीशु मसीह का दास सै, अर प्रेरित होण कै
खातर बुलाया गया, अर पणमेशर कै उस सुसमाचार कै खातर न्यारा
करया गया सै 2 जिसकी उसनै पहल्या ए तै आपणे नब्बियाँ कै जरिये पवित्र
ग्रन्थ म्ह, 3 आपणे बेट्टे म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै बारै म्ह प्रण करया था; ओ
देही कै भाव तै तो दाऊद की पीढ़ी तै पैदा होया 4 अर पवित्र आत्मा कै भाव
तै मरे होया म्ह तै जिन्दा उठण कै कारण सामर्थ कै गेल्या पणमेशर का बेट्टा
ठहराया सै| 5 उसकै जरिये हमनै अनुग्रह अर प्रेरिताई मिली के उसकै नाम
कै कारण सारी जात्तां के माणस बिश्वास करकै उसकी मान्नै, 6 जिनम्ह थम
भी यीशु मसीह कै होण कै खातर बुलाए गये सो|
7 उन सारया के नाम जो रोम म्ह पणमेशर के प्यारे सै अर पवित्र होण कै
खातर बुलाए गये सै : म्हारै पिता पणमेशर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै
थारै ताहीं अनुग्रह अर शान्ति मिलदी रहवै|

धन्यवाद की प्रार्थना

8 पहल्या मै थम सारया कै खातर यीशु मसीह कै जरिये आपणे पणमेशर
का धन्यवाद करूँ सूं, क्यूँके थारे बिश्वास का जिक्रा साब्ती दुनिया म्ह होरया
सै| 9 पणमेशर जिसकी सेवा मै आपणी आत्मा तै उसकै बेट्टे के सुसमाचार
कै बारै म्ह करूँ सूं, ओए मेरा गवाह सै के मै थमनै किस तरियां सारी हाण
याद दुवान्दा रहूँ सूं, 10 अर सारी हाण आपणी प्रार्थनायाँ म्ह बिनती करूँ सूं
के किस तरियां तै इब भी थारै धोरै आण की मेरा सफर पणमेशर की मर्जी तै
सफल होवै| 11 क्यूँके मै थारै तै फेटण का चाव करूँ सूं के मै थमनै कोए
आत्मिक वरदान द्युं जिसतै थम पक्के हो जाओ; 12 अर्थात् यो के जिब्ब मै थारै
बिच्चाळै होऊँ, तो हम उस बिश्वास कै जरिये जो मेरै म्ह अर थारै म्ह सै, एक-
दुसरे तै उत्साह मिल्लै| 13 हे भाईयों, मै नीं चाहन्दा के थम इसतै अनजाण
रहो के मन्नै बार-बार थारै धोरै आणा चाहया, के जिसा मन्नै दूसरी गैर-जात्तां
म्ह फळ मिल्या, उस्से तरियां ए थारै म्ह भी मिलै, पर इब ताहीं रोक्या गया|
14 अर गैर-भाषायाँ का, मै युनानियाँ अर समझदारां अर बेअक्कां का कर्जदार
सूं| 15 आखर म्ह मै थमनै भी जो रोम म्ह रहो सो, सुसमाचार सुनाण नै जमां
त्यार सूं|

सुसमाचार की सामर्थ

16 क्यूँके मै सुसमाचार तै कोनी सरमान्दा, ज्यांतै के ओ हरेक बिश्वास
करण आळया कै खातर, पहल्या तै यहूदी फेर यूनानी कै खातर, उद्धार कै
खातर पणमेशर की सामर्थ सै| 17 क्यूँके उसम्ह पणमेशर की धार्मिकता
बिश्वास तै अर बिश्वास कै खातर प्रगट होवै सै; जिस तरियां लिख्या सै,
“बिश्वास तै धर्मी माणस जिन्दा रहवैगा|”

माणस जात का पाप

18 पणमेशर का छोह तो उन माणसां की सारी अभगती अर अधर्म पै सुर्ग तै
प्रगट होवै सै, जो साच नै अधर्म तै दाब्बे राखै सै| 19 ज्यांतै के पणमेशर कै
बाबत का ज्ञान उनकै मनां म्ह प्रगट सै क्यूँके पणमेशर नै उन पै प्रगट करया
सै| 20 उसके अनदेक्खे गुण, यानिके उसकी घणी पुराणी सामर्थ अर
पणमेशरत्व, दुनिया कै बनाण कै टेम तै उसके काम्मां कै जरिये देखण म्ह
आवै सै, उरै ताहीं के उन पै जबाब कोनी दिया गया| 21 इस कारण के
पणमेशर ताहीं जाणे पाच्छै भी उन्नै पणमेशर कै लायक बड़ाई अर धन्यवाद
कोनी करया, पर खाम-खां बिचार करण लाग्गे, उरै ताहीं के उनका बोळा मन
अन्धेरा होग्या| 22 वे आपणे-आप ताहीं श्याणे मानकै बेअक्कू बणगे, 23 अर
अविनाशी पणमेशर की महिमा नै नाशवान माणस, अर पन्छियाँ, अर
चौपायाँ, अर रेंगण आळे जानवरां की मूर्ति की समानता म्ह बदल दिया|
24 इस करकै पणमेशर नै उन ताहीं उनकै इन ताहीं अभिलाषायां कै
मुताबिक अशुद्धता कै खातर छोड़ दिया के वे आपस म्ह आपणी देही का
अनादर करै| 25 क्यूँके उन्नै पणमेशर की सच्चाई ताहीं बदलकै झूठ बणा
दिया, अर सृष्टि की उपासना अर सेवा करी, ना के उस सृजनहार की जो
सारी हाण धन्य सै! आमीन| 26 ज्यांतै पणमेशर नै उन ताहीं नीच कामनायां
कै बस म्ह छोड़ दिया, उरै ताहीं के उनकी लुगाईयाँ नै भी सीधा-सा बीवार
ताहीं उसतै जो स्वभाव कै खिलाफ सै, बदल दिया| 27 उस्से तरियां ए
माणस भी लुगाईयाँ कै गेल्या सीधा-सा बीवार छोड़कै आपस म्ह कामातुर
होकै जळण लाग्गे, अर माणसां नै माणसां कै गेल्या बेशर्मी के काम करकै
आपणे बहम का सई फळ पाया|
28 जिब्ब उन्नै पणमेशर ताहीं पिछाणना कोनी चाहया, तो पणमेशर नै भी
उन ताहीं उनकै निकम्मे मन पै छोड़ दिया के वे भुन्डे काम करैं| 29 ज्यांतै वे
सारै ढाळ के अधर्म, अर दुष्टता, अर लालच, अर बैर-भाव तै भरगे; अर डाह,
अर हत्या, अर रोळै, अर छळ, अर ईर्षा तै जमां भरगे, अर चुगलखोर,
30 बदनाम करण आळे, घमण्डी, पणमेशर तै नफरत करण आळे, दुसरयां की
बेईज्ज्ती करण आळे, घमण्डी, डींगमार, भुंडी-भुंडी बात्तां कै बनाण आळे, माँ-
बाप का हुक्म ना मानण आळे, 31 बावळे, बिश्वासघाती, मायारहित अर
निर्दयी होग्ये| 32 वे तो पणमेशर की या विधि जाणै सै के इसे-इसे काम करण
आळे मौत के दण्ड कै जोग्गे सैं, फेरभी ना सिर्फ आप ए इसे काम करै सै
बल्के करण आळयां तै राज़ी भी होवैं सैं|

पणमेशर न्याय

2 आखर म्ह हे तोहमन्द लाणआळे, तू कोए क्यूँ ना हो; तू जबाब कोनी
दे सकदा; क्यूँके जिस बात म्ह तू दुसरयां पै तोहमन्द लावै सै उस्से
बात म्ह आपणे आप नै भी कसूरवार ठहरावै सै आप ए वे काम करै सै|
2 हमनै बेरा सै के इसे-इसे काम करण आळयां पै पणमेशर की ओड़ तै सई-
सई सजा का हुक्म होवै सै| 3 हे माणस, तू जो इसे-इसे काम करणीयाँ पै
तोहमन्द लावै सै अर खुद वैए काम करै सै; के न्यू समझै सै के तू पणमेशर
की सजा कै हुक्म तै बच जावैगा? 4 के तू उसकी दया, अर सहनशीलता, अर
धीरजरूपी धन ताहीं तुच्छ जाणै सै? के न्यू नीं समझदा के पणमेशर की दया
तेरै म्ह मन-फिराव नै सिखावै सै? 5 पर तू आपणी करड़ेपण अर जिद्दी मन कै
कारण उसकै छोह कै दिन कै खातर, जिसम्ह पणमेशर का साच्चा न्याय प्रगट
होवैगा, आपणे खातर छोह कमाण लागरया सै| 6 ओ हरेक नै उसकै काम कै
मुताबिक बदला देवैगा : 7 जो आच्छे काम म्ह पक्का बणकै महिमा, अर आदर,
अर अमरता की टोह म्ह सैं, उन ताहीं ओ अनन्त जीवन देवैगा; 8 पर जो
ऊत सै अर साच्च नै कोनी मान्दे, बल्के अधर्म नै मान्नैं सैं, उन पै छोह अर
कोप पड़ैगा| 9 अर क्लेश अर संकट हरेक माणस कै प्राण पै जो भुंडा करैं सैं
आवैगा, पहल्या यहूदी पै फेर यूनानी पै; 10 पर महिमा अर आदर अर
कल्याण हरेक नै मिलैगा, जो भला करै सै, पहल्या यहूदी ताहीं फेर यूनानी
ताहीं| 11 क्यूँके पणमेशर किसे की मेर कोनी लेन्दा|
12 ज्यांतै जिन्नै बिना व्यवस्था पाए पाप करया, वे बिना व्यवस्था कै नाश
भी होवैंगें; अर जिन्नै व्यवस्था पाकै पाप करया, उनकी सजा व्यवस्था कै

मुताबिक होवैंगी; 13 (क्यूँके पणमेशर कै उरै व्यवस्था कै सुनण आळे धर्मी
कोनी, पर व्यवस्था पै चाल्लण आळे धर्मी ठहराए जावैगें| 14 फेर जिब्ब गैर-
जात माणस जिनकै धोरै व्यवस्था कोनी, स्वभाव ए तै व्यवस्था की बात्तां पै
चाल्लै सैं, तो व्यवस्था उनकै धोरै ना होण पै भी वे आपणे खातर आप ए
व्यवस्था सैं| 15 वे व्यवस्था की बात आपणे-आपणे दिलां म्ह लिक्खी होई
दिखावैं सैं अर उनके विवेक भी गवाही देवैं सैं, अर उनके बिचार आपस म्ह
तोहमन्द लांदे या उन ताहीं बेकसूर ठहरावैं सैं;) 16 जिस दिन पणमेशर मेरै
सुसमाचार कै मुताबिक यीशु मसीह कै जरिये माणसां की लुक्ही होई बात्तां
का न्याय करैगा|

यहूदी अर व्यवस्था

17 जै तू यहूदी कुहवावै सै, अर व्यवस्था पै भरोसा राखै सै, अर पणमेशर
कै बारै म्ह घमण्ड करै सै, 18 अर उसकी मर्जी जाणै अर व्यवस्था की शिक्षा
पाकै घणी बढ़िया-बढ़िया बात्तां नै प्रिय जाणै सै; 19 अर आपणे पै भरोसा
राखै सै के आंध्या का अगुवा, अर अँधेरे म्ह पड़े होया का चाँदणा, 20 अर
बेअक्कां का सिखाणआळा; अर बाळका उपदेशक सूं; अर ज्ञान, अर सच का
नमून्ना, जो व्यवस्था म्ह सै, मन्नै मिल्या सै| 21 आखर म्ह के तू जो दूसरयां
नै सिखावै सै, आपणे आप नै कोनी सिखान्दा? के तू चोरी ना करण का
उपदेश देवै सै, आप ए चोरी करै सै? 22 तू जो कहवै सै, "जारी ना करियो,"
के आप ए जारी करै सै? तू जो मूर्तियाँ तै नफरत करै सै, के आप ए मन्दरां नै
लूटै सै? 23 तू जो व्यवस्था कै बाबत घमण्ड करै सै, के व्यवस्था नै नीं मानकै
पणमेशर का अनादर करै सै? 24 "क्यूँके थारै कारण गैर-जात्तां म्ह पणमेशर
नाम की बुराई करी जावै सै," जिसा लिख्या भी सै|

25 जै तू व्यवस्था पै चाल्लै तो खतने तै फैयदा तो सै, पर जै तू व्यवस्था नै
नीं मान्नै तो तेरा खतना बिन खतना की हालत बरगा सै| 26 ज्यांतै जै
खतनारहित माणस व्यवस्था की विधियाँ नै मान्या करै, तो के उसकी बिन
खतना की दशा खतने कै बराबर कोनी गिणी जावैगी? 27 अर जो माणस देही
तौर पै बिना खतना के रहया, जै ओ व्यवस्था नै पुगावै, तो के तन्नै जो लेख
पाण अर खतना करे जाण पै भी व्यवस्था नै कोण्या मांदा, कसूरवार कोनी
ठहरावैगा? 28 क्यूँके यहूदी ओ कोनी जो प्रगट म्ह यहूदी सै; अर ना ओ
खतना सै जो प्रगट म्ह सै अर देही म्ह सै| 29 पर यहूदी ओए सै जो मन म्ह
सै; अर खतना ओए सै जो ह्रदय का अर आत्मा म्ह सै, ना के लेख का :
इस्यां की बड़ाई माणसां की ओड़ तै कोनी, पर पणमेशर कै कान्नी तै होवै सै|

3 आखर यहूदी की के बड़ाई या खतने का के फैयदा? 2 हर तरियां तै
घणा कुछे| पहल्या तो न्यू के पणमेशर के बचन उन ताहीं सौंपे गये|
3 जै कीमे बिश्वासघाती लिकड़ै भी तो के होया? के उनकै बिश्वासघाती होण तै
पणमेशर की सच्चाई बेकार ठहरैगी? 4 कद्दे भी नीं! बल्के पणमेशर साच्चा अर
हरेक माणस झूठा ठहरै, जिसा लिख्या सै, "जिसतै तू आपणी बात्तां म्ह धर्मी
ठहरै अर न्याय करदे टेम तू जीत पावै|" 5 इसकरकै जै म्हारा अधर्म
पणमेशर की धार्मिकता ठहरा देवै सै, तो हम के कहवां? के न्यू कहवा के
पणमेशर जो छोह करै सै जुल्मी सै? (न्यू तो मै माणस की रीत पै कहूँ सूं)|
6 कद्दे भी नीं! नीं तो पणमेशर किस तरियां दुनिया का न्याय करैगा? 7 जै मेरै
झूठ कै कारण पणमेशर की सच्चाई उसकी महिमा कै खातर, घणी करकै
प्रगट होई तो फेर क्यांतै पापी की ढाळ मै सजा कै जोग्गा मान्या जाऊँ सूं?
8 "हम क्यांतै बुराई नीं करां के भलाई लिकड़ै?" जिब के म्हारै पै याए
तोहमन्द लाई भी जा सै, अर कीमे कहवै सैं के इनका योए कहणा सै| पर
इस्यां का कसूरवार ठहराणा सई सै|

कोए धर्मी कोनी

9 तो फेर के होया? के हम उनतै आच्छे सां? कद्दे भी नीं; क्यूँके हम
यहुदियाँ अर युनानियाँ दोनवां पै या तोहमन्द ला चुके सां के वे सारे के सारे
पाप कै बस म्ह सै| 10 जिसा लिख्या सै : "कोए धर्मी कोनी, एक भी कोनी|
11 कोए श्याणा कोनी; कोए पणमेशर का टोहणआळा कोनी| 12 सारे भटक गे
सैं, सारे के सारे निकम्मे बण गे सैं; कोए भलाई करण आळा कोनी, एक भी
नीं| 13 उनका गळ खुली होई कब्र सै, उन्नै आपणी जीभ ताहीं छल किया सै,
उनकै होठां म्ह साँपां का जहर सै| 14 उनका मुँह श्राप अर कड़वैपण तै
भरया सैं| 15 उनके पाँ लहू बहाण ताहीं फुर्तीले सैं, 16 उनकी राहयां म्ह नास
अर क्लेश सैं, 17 उन्नै ख़ुशी आनन्द का रास्ता कोनी जाणया| 18 उनकी
आँखां कै श्यामी पणमेशर का डर कोनी|" 19 हमनै बेरा सै के व्यवस्था जो
कीमे कहवै सै उन्ने तै कहवैं सैं, जो व्यवस्था कै अधीन सैं; ज्यांतै के हरेक
मुँह बन्द करया जावै अर सारी दुनिया पणमेशर की सजा कै जोग्गी ठहरै;
20 क्यूँके व्यवस्था के काम्मां तै कोए जीव उसकै श्यामी धर्मी कोनी ठहरैगा,
ज्यांतै के व्यवस्था कै जरिये पाप की पीच्छाण होवै सै|

बिश्वास के जरिये धार्मिकता

21 पर इब व्यवस्था तै न्यारा पणमेशर की वा धार्मिकता दिक्खी सै,
जिसकी गवाही व्यवस्था अर नब्बी देवैं सैं, 22 यानिके पणमेशर की वा
धार्मिकता जो यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै सारे बिश्वास करण आळा कै
खातर सै| क्यूँके कीमे भेद कोनी; 23 ज्यांतै के सारया नै पाप करया सै अर
पणमेशर की महिमा तै दूर सै, 24 पर उसकै अनुग्रह तै उस छुटकारै कै जरिये
जो मसीह यीशु म्ह सै, फ्री म्ह धर्मी ठहराए जावै सै| 25 उस ताहीं पणमेशर नै
उसकै लहू कै कारण एक इसा पछतावा ठहराया, जो बिश्वास करण तै
कामचलाऊ होवै सै, के जो पाप पहल्या करे गये अर जिन पै पणमेशर नै
आपणे सब्र कै कारण ख्यास कोनी करी| उनकै बाबत ओ आपणी धार्मिकता
दिखावैं| 26 बल्के इस्से टेम उसकी धार्मिकता दिखै के जिसतै ओ आप ए
धर्मी ठहरै, अर जो यीशु पै बिश्वास करै उसका भी धर्मी ठहराणआळा हो|
27 तो घमण्ड करणा कित रहया? उसकी तो जंगहा ए कोनी| कौण-से
व्यवस्था कै कारण तै? के कर्मा के व्यवस्था तै? ना, बल्के बिश्वास कै
व्यवस्था कै कारण| 28 इसकरकै हम इस नतीजै पै पहोच्चे सा के माणस
व्यवस्था के काम्मां तै न्यारा ए, बिश्वास कै जरिये धर्मी ठहरै सै| 29 के
पणमेशर सिर्फ यहुदियाँ ए का सै? के गैर-जात्तां का कोनी? हम्बै, गैर-जात्तां
का भी सै| 30 क्यूँके एक ए पणमेशर सै, जो खतनाआळयां नै बिश्वास तै अर
बिन-खतनाआळयां ताहीं भी बिश्वास कै जरिये धर्मी ठहरावैगा| 31 तो के हम
व्यवस्था ताहीं बिश्वास कै जरिये खाम-खां ठहरावै सै? कद्दे भी नीं! बल्के
व्यवस्था ताहीं पक्का करै सै|

अब्राहम का उदाहरण

4 इसकरकै हम के कहवां म्हारै देही के बाप अब्राहम नै के मिल्या?
2 क्यूँके जै अब्राहम काम्मां तै धर्मी ठहराया जान्दा, तो उसनै घमण्ड
करण की जंगहा होन्दी, पर पणमेशर कै लोवै नीं| 3 पवित्रग्रन्थ के कहवै सै?
न्यू के "अब्राहम नै पणमेशर पै बिश्वास करया, अर यो उसकै खातर
धार्मिकता गिणया गया|" 4 काम करण आळे की मजदूरी देणा दान कोनी,
पर हक्क समझया जावै सै| 5 पर जो काम नीं करदा बल्के भगतिहीन कै धर्मी
ठहराण आळे पै बिश्वास करै सै, उसका बिश्वास उसकै खातर धार्मिकता
गिणया जावै सै| 6 जिसनै पणमेशर बिना कर्मा कै धर्मी ठहरावै सै, उस ताहीं
दाउद भी धन्य कहवै सै : 7 "धन्य सै, वे जिनके अधर्म माफ़ होए, अर पाप
ढक्के गये| 8 धन्य सै ओ माणस जिस ताहीं पणमेशर पापी नीं ठहरावै|" 9 तो
यो धन्य कहणा, के खतना आळयां ए कै खातर सै या बिना खतना आळयां
कै खातर भी? हम न्यू कहवां सां, "अब्राहम कै खातर उसका बिश्वास
धार्मिकता गिणया गया|" 10 तो ओ किस तरियां गिणया गया? खतने की
हालत म्ह या बिना खतने की हालत म्ह? खतने की हालत म्ह कोनी पर
बिना खतने की हालत म्ह| 11 उसनै खतने का निशान पाया के उस बिश्वास
की धार्मिकता पै छाप छोडै जो उसनै बिना खतने की हालत म्ह राख्या था,
जिसतै ओ उन सारया का बाप ठहरै जो बिना खतने की हालत म्ह बिश्वास
राखै सै ताके वे भी धर्मी ठहरैं; 12 अर उन खतना करे होया का बाप हो, जो
ना सिर्फ खतना करे होये सै, पर म्हारै बाप अब्राहम कै उस बिश्वास की लीक
पै भी चाल्लैं सैं जो उसनै बिन खतने की हालत म्ह करया था|

बिश्वास कै द्वारा प्रतिज्ञा का मिलणा

13 क्यूँकै यो प्रण के ओ दुनिया का वारिस होगा, ना अब्राहम ताहीं ना
उसकै वंश ताहीं व्यवस्था कै जरिये दी गई थी, पर बिश्वास नै धार्मिकता कै
जरिये मिली| 14 क्यूँकै जै व्यवस्था आळे वारिस सैं, तो बिश्वास खाम-खां
अर प्रण बेफळ लिकड़या| 15 व्यवस्था तो छोह पैदा करै सै, अर जित
व्यवस्था कोनी ओड़ै उसका लाँघणा भी कोनी|
16 इस्से कारण प्रण बिश्वास पै टिकया होया सै के अनुग्रह की रीत पै हो, के
ओ उसके वंशजा कै खातर पक्के हो, ना के सिर्फ उसकै खातर जो व्यवस्था
आळा सै बल्के उनकै खातर भी जो अब्राहम कै जिसा बिश्वास आळे सै; ओए
तो हम सारया का बाप सै,---- 17 जिसा लिख्या सै, "मन्नै तेरै ताहीं घणी-ए
जात्तां का पिता ठहराया सै"---- उस पणमेशर कै श्यामी जिस पै उसनै
बिश्वास करया, अर जो मरे होया नै जिन्दा करै सै, अर जो बात सै ए नीं
उनका नाम इसा लेवै सै के मान्नो वे सैं| 18 उसनै निराशा म्ह भी आस
राखकै बिश्वास करया, ज्यांतै के उस बचन कै मुताबिक के "तेरी पीढ़ी इसी
होगी," ओ घणी ए जात्तां का बाप होवै| 19 ओ जो एक सौ साल का था,
आपणे मरी होई सी देही अर सारा के कोख गर्भ की मरी होई सी हालत
जाणकै भी बिश्वास म्ह कमजोर कोनी होया, 20 अर ना अबिश्वासी होकै
पणमेशर कै प्रण पै शक करया, पर बिश्वास म्ह पक्का होकै पणमेशर की महिमा
करी; 21 अर पक्के तौर पै जाणयां के जिस बात का उसनै प्रण करया सै, ओ
उसनै पूरा करण म्ह भी समर्थ सै| 22 इस कारण यो उसकै खातर धार्मिकता
गिणया गया| 23 अर यो बचन, "बिश्वास उसकै खातर धार्मिकता गिणया
गया," ना सिर्फ उसकै खातर लिख्या गया, 24 बल्के म्हारै खातर भी जिनकै
खातर बिश्वास धार्मिकता गिणया जावैगा, यानिके म्हारै खातर, जो उस पै
बिश्वास करैं सैं जिसनै म्हारै प्रभु यीशु ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया|
25 ओ म्हारै अपराधा कै खातर पकड़वाया गया, अर म्हारै धर्मी ठहरण कै
खातर जिन्दा करया गया|

पणमेशर तै मेल

5 आखर म्ह जिब्ब हम बिश्वास तै धर्मी ठहरे, तो आपणे प्रभु यीशु मसीह
कै जरिये पणमेशर कै गेल्या मेल राक्खां, 2 जिसकै जरिये बिश्वास कै
कारण उस अनुग्रह तक जिसम्ह हम बणे सां, म्हारी पहोच भी होई, अर
पणमेशर की महिमा की आस पै घमण्ड करां| 3 सिर्फ योए नीं, बल्के हम
क्लेशां म्ह भी घमण्ड करां, न्यू जाणकै के क्लेश तै धीरज, 4 धीरज तै खरया
लिकड़णा, अर खरे लिकड़ण तै आस पैदा होवै सै; 5 अर आस तै सरम
कोनी आन्दी, क्यूँकै पवित्र आत्मा जो म्हारै ताहीं दिया गया सै उसकै जरिये
पणमेशर का प्रेम म्हारै मन म्ह गेरया गया सै| 6 क्यूँकै जिब्ब हम कमजोर ए
थे, तो मसीह सई टेम पै भगतिहिनां कै खातर मरया| 7 किसे धर्मी माणस कै
खातर कोए मरै, यो तो ओक्खा सै; पर हो सकै सै किसे भले माणस कै
खातर कोए मरण की भी हिम्मत करै| 8 पर पणमेशर हम पै आपणे प्रेम की
भलाई इस तरियां तै प्रगट करै सै के जिब्ब हम पापी ए थे जिब्बे मसीह म्हारै
खातर मरया| 9 आखर जिब्ब के हम इब उसकै लहू कै कारण धर्मी ठहरे, तो
उसकै जरिये पणमेशर कै छोह तै क्यांतै नीं बचांगें? 10 क्यूँकै बैरी होण की
हालत म्ह उसकै बेट्टे की मौत कै जरिये म्हारा मेळ पणमेशर कै गेल्या होया,
तो फेर मेळ हो जाण पै उसकै जीवन कै कारण हम उद्धार क्यांतै नीं पावांगें?
11 सिर्फ योए नीं, पर हम आपणे प्रभु यीशु मसीह कै जरिये, जिसकै जरिये
म्हारा मेळ होया सै, पणमेशर म्ह आनंदित होवां सां|

आदम द्वारा मौत - मसीह द्वारा

12 ज्यांतै जिसा एक माणस कै जरिये पाप दुनिया म्ह आया, अर पाप कै
जरिये मौत आई, अर इस तरियां तै मौत सारे माणसां म्ह फैलग्यी, क्यूँकै
सारया नै पाप करया| 13 व्यवस्था कै दिए जाण ताहीं पाप दुनिया म्ह तो था,
पर जित व्यवस्था कोनी ओड़ै पाप गिणया कोनी जान्दा| 14 फेरभी आदम तै
लेकै मूसा ताहीं मौत नै उन माणसां पै भी राज्य करया, जिन्नै उस आदम, जो
उस आणआळे का निशान सै, के अपराध कै तरियां पाप नीं करया| 15 पर
जिसी अपराध की हालत सै, उस्से तरियां अनुग्रह अर उसका जो दान एक
माणस कै, यानिके यीशु मसीह कै, अनुग्रह तै होया घण-खरे माणसां पै जरुर
ए घणा होया| 16 जिसा एक माणस कै पाप करण का फळ होया, उस्से
तरियां ए दान की दशा कोनी, क्यूँकै एक ए कारण सजा कै हुक्म फैसला
होया, पर घण-खरे अपराधां कै कारण इसा वरदान पैदा होया के माणस धर्मी
ठहरे| 17 क्यूँकै जिब्ब एक माणस कै अपराध कै कारण मौत नै उस एक ए कै
जरिये राज्य करया, तो जो माणस अनुग्रह अर धर्मरूपी वरदान घणा ए घणा
पावै सै वे एक माणस कै, यानिके यीशु मसीह कै जरिये जरुर ए अनन्त
जीवन म्ह राज्य करैगें|
18 ज्यांतै जिसा एक अपराध सारे माणसां कै खातर सजा का कारण होया,
उस्से तरियां ए एक धर्म का काम भी सारे माणसां कै खातर जीवन कै निमित
धर्मी ठहराए जाण का कारण होया| 19 क्यूँकै जिसा एक माणस कै हुक्म ना
मानण तै घणे माणस पापी ठहरे, उस्से तरियां ए एक माणस कै हुक्म मानण
तै घणे माणस धर्मी ठहरैंगें| 20 व्यवस्था बिच्चाळै म्ह आ गी के अपराध घणे
होवै, पर जित पाप घणा होया ओड़ै अनुग्रह उसतै भी घणा होया, 21 के
जिसा पाप नै मौत फैलान्दे होए राज्य करया, उस्से तरियां ए म्हारै प्रभु यीशु
मसीह कै जरिये अनुग्रह भी अनन्त जीवन कै खातर धर्मी ठहरान्दे होए राज्य
करै|

पाप कै खातर मरे होए : मसीह म्ह जिन्दे

6 तो हम के कहवां? के हम पाप करदे रह्वां के अनुग्रह घणा होवै? 2 कद्दे
भी नीं! हम जिब्ब पाप कै खातर मरग्ये तो फेर आगै नै उसम्ह किस
तरियां जीवन बितावां? 3 के थमनै कोनी बेरा के हम सारे जिन्नै मसीह यीशु
का बपतिस्मा लिया, उसकी मौत का बपतिस्मा लिया| 4 आखर म्ह उस
मौत का बपतिस्मा पाण तै हम उसकै गेल्या गाड्डे गये, ताके जिस तरियां
मसीह पिता की महिमा कै जरिये मरे होया म्ह तै जिन्दा करया गया, उस्से
तरियां ए हम भी नये जीवन की सी चाल चाल्लां|
5 क्यूँकै जै हम उसकी मौत की बराबरी म्ह उसकै गेल्या जुट गये सै, तो
पक्के तौर पै उसकै जिन्दा उठण की बराबरी म्ह भी जुट जावांगें| 6 हमनै बेरा
सै के म्हारा पुराणा माणस-पण उसकै गेल्या क्रूस पै चढाया गया ताके पाप
की देही बेकार हो जावै, अर हम आगै नै पाप की गुलामी म्ह नीं रह्वां| 7 क्यूँकै
जो मर लिया, ओ पाप तै छुटकै धर्मी ठहरया| 8 इसकरकै जै हम मसीह कै
गेल्या मर गे, तो म्हारा बिश्वास यो सै के उसकै गेल्या जीवांगें भी| 9 क्यूँकै न्यू
बेरा सै के मसीह मरे होया म्ह तै जिन्दा उठकै दुबारा मरण का कोनी; उस पै
फेर मौत का राज कोनी होवै| 10 क्यूँकै ओ जो मर गया तो पाप कै खातर
एक ए बर मर गया; पर जो जिन्दा सै तो पणमेशर कै खातर जिन्दा सै|
11 इस्से तरियां थम भी आपणे आप ताहीं पाप कै खातर तो मरया होड़, पर
पणमेशर कै खातर मसीह यीशु म्ह जिन्दा समझो| 12 इसकरकै पाप थारी
नाश होण आळी देही म्ह राज नीं करै, के थम उसकी लालसायां कै कब्जे म्ह
रहो; 13 अर ना आपणे अंगां ताहीं अधर्म कै हथियार होण कै खातर पाप नै
सौंपो, पर आपणे आप ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या होया जाणकै
पणमेशर नै सौंपो, अर आपणे अंगां नै धर्म के हथियार होण कै खातर
पणमेशर ताहीं सौंपो| 14 फेर थारै पै पाप का राज कोनी होवैगा, क्यूँकै थम
व्यवस्था कै कब्जे म्ह कोनी बल्के अनुग्रह कै कब्जे म्ह सो|

धार्मिकता के दास

15 तो के होया? के हम ज्यांतै पाप करां के हम व्यवस्था का कब्जे म्ह
कोनी बल्के अनुग्रह कै कब्जे म्ह सां? कद्दे भी नीं! 16 के थमनै नीं बेरा के
जिस का हुक्म मानण कै खातर थम आपणे आप ताहीं गुलामां कै तरियां
सौंप देवो सो उस्से के गुलाम सो : चाहे पाप के, जिसका अन्त मौत सै, चाहे
हुकमां के, जिसका अन्त धार्मिकता सै? 17 पर पणमेशर का धन्यवाद हो के
थम जो पाप के गुलाम थे इब मन तै उस उपदेश के मानण आळे होग्ये,
जिसकै साँचे म्ह ढाळे गये थे, 18 अर पाप तै छुटाये जाकै धर्म के गुलाम
होग्ये| 19 मै थारी देही की कमजोरी कै कारण माणसां की रीत पै कहूँ सूं|
जिस तरियां तै थमनै आपणे अंगां ताहीं भुन्डे काम कै खातर अशुद्धता अर

भुन्डे काम के गुलाम करकै सौंपया था, उस्से तरियां तै इब आपणे अंगां नै पवित्रता कै खातर धर्म के गुलाम करकै सौंप द्यो|
20 जिब्ब थम पाप के गुलाम थे, तो धर्म की ओड़ तै आजाद थे| 21 आखर म्ह जिन बात्तां तै इब थम सरमाओ सो, उनतै उस टेम थम के फळ पाओ थे? क्यूँके उनका अन्त तो मौत सै| 22 पर इब पाप तै आजाद होकै अर पणमेशर के गुलाम बणकै थमनै फळ मिल्या जिसतै पवित्रता मिलै सै, अर उसका अन्त अनन्त जीवन सै| 23 क्यूँके पाप की मजदूरी तो मौत सै, पर पणमेशर का वरदान म्हारै प्रभु मसीह यीशु म्ह अनन्त जीवन सै|

शादीशुदा जीवन का उदाहरण

7 हे भाईयो, के थमनै नीं बेरा----मै व्यवस्था के जानण आळयां तै कहूँ सूं----के जिब्ब ताहीं माणस जिन्दा रहवै सै, जद ताहीं उस पै व्यवस्था का राज रहवै सै? 2 क्यूँके ब्याता लुगाई व्यवस्था कै मुताबिक आपणे धणी कै जिन्दे जी उस तै बन्धी सै, पर जै धणी मर ज्या, तो वा धणी के व्यवस्था तै छुट गी| 3 ज्यांतै जै धणी कै जिन्दे जी वा किसे दुसरे माणस की हो जावै, तो जार कुहवावैगी, पर जै धणी मर ज्या, तो वा उस व्यवस्था तै छुट गी, उरै ताहीं के जै किसे दुसरे माणस की हो जावै तौभी जार कोनी ठहरैगी| 4 उस्से तरियां ए हे मेरे भाईयो, थम भी मसीह की देही कै जरिये व्यवस्था कै खातर मरे होए बण गे, के उस दुसरे के हो जाओ, जो मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या : ताके हम पणमेशर कै खातर फळ ल्यावां| 5 क्यूँके जिब्ब हम देही म्ह थे, तो पापां की मर्जी जो व्यवस्था कै जरिये थीं, मौत का फळ पैदा करण कै खातर म्हारै अंगां म्ह काम करै थीं| 6 पर जिस कै बन्धन म्ह हम थे उसकै खातर मरकै, इब व्यवस्था तै इसे छुट गे, के लेख की पुराणी रीत पै नीं, बल्के आत्मा की नयी रीत पै सेवा करां सां|

व्यवस्था अर पाप

7 तो हम के कह्वां? के व्यवस्था पाप सै? कद्दे भी नीं! बल्के बिना व्यवस्था के मै पाप नै कोनी पिच्छाणदा : व्यवस्था जै नीं कहन्दे, के लालच मतना करै तो मै लालच नै कोनी जाणदा| 8 पर पाप नै मौक्का पाकै हुक्म कै जरिये मेरै म्ह सारी तरियां का लालच पैदा करया, क्यूँके बिना व्यवस्था पाप मुर्दा सै| 9 मै तो व्यवस्था बिना पहल्या जिन्दा था, पर जिब्ब हुक्म आया, तो पाप जिन्दा होग्या, अर मै मरग्या| 10 अर योए हुक्म जो जीवन कै खातर था, मेरै खातर मौत का कारण ठहरया| 11 क्यूँके पाप नै मौक्का पाकै हुक्म कै जरिये मेरै ताहीं भकाया, अर उस्से कै जरिये मेरै ताहीं मार भी दिया| 12 ज्यांतै व्यवस्था पवित्र सै, अर हुक्म भी सई अर आच्छे सै| 13 तो के ओ जो आच्छा था, मेरै खातर मौत ठहरया? कद्दे भी नीं! पर पाप उस आच्छी चीज कै जरिये मेरै खातर मौत पैदा करण आळा होया के उसका पाप होणा प्रगट होवै, अर हुक्म कै जरिये पाप घणा ए पापमय ठहरे|

माणस का अन्तर्धन्ध

14 हमनै बेरा सै के व्यवस्था तो आत्मिक सै, पर मै देही अर पाप के हाथ बिक्या होया सूं| 15 जो मै करूँ सूं उस ताहीं कोनी जाणदा; क्यूँके जो मै चाहूँ सूं ओ नीं करया करदा, पर जिस तै मन्नै नफरत आवै सै ओए करै सूं| 16 जै जो मै नीं चाहन्दा ओए करूँ सूं, तो मै मान ल्यूं सूं के व्यवस्था भले सै| 17 तो इसी हालत म्ह उसका करणआळा मै कोनी, बल्के पाप सै जो मेरै म्ह बस्या होया सै| 18 क्यूँके मन्नै बेरा सै के मेरै म्ह यानिके मेरी देही म्ह कोए आच्छी चीज वास कोनी करदी| मेरा जी तो करै सै, पर भले काम मेरै म्ह बणदे कोनी| 19 क्यूँके जिस आच्छे काम करण नै मेरा जी करै सै, ओ तो कोनी करदा, पर जो बुराई करणा नीं चाहन्दा, ओए करया करूँ सूं| 20 आखर म्ह जै मै ओए करूँ सूं जो नीं चाहन्दा, तो उसका करणआळा मै कोनी रहया, पर पाप जो मेरै म्ह बस्या होया सै|
21 इस तरियां तै मै ये व्यवस्था पाऊँ सूं के जिब्ब भलाई करणा चाहूँ सूं, तो बुराई मेरै धोरै आवै सै| 22 क्यूँके मै भीतरी माणस-पण तै तो पणमेशर के व्यवस्था तै घणा राज़ी रहूँ सूं| 23 पर मन्नै आपणे अंगां म्ह दुसरे ढाळ के व्यवस्था दिखै सै, जो मेरी समझ के व्यवस्था तै लड़ै सै अर मन्नै पाप के व्यवस्था कै बन्धन म्ह गेरै सै जो मेरे अंगां म्ह सै| 24 मै किसा नरभाग माणस सूं! मन्नै इस मौत की देही तै कौण छुटावैगा? 25 म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै जरिये पणमेशर का धन्यवाद होवै| ज्यांतै मै आप समझ तै तो पणमेशर के व्यवस्था का, पर देही तै पाप के व्यवस्था नै खाऊँ सूं|

पवित्र आत्मा कै द्वारा जीवन

8 आखर म्ह इब जो मसीह यीशु म्ह सैं, उन पै सजा का हुक्म कोनी| [क्यूँके वे देही कै मुताबिक नीं बल्के आत्मा कै मुताबिक चाल्लैं सैं|]
2 क्यूँके जीवन की आत्मा के व्यवस्था नै मसीह यीशु म्ह मेरै ताहीं पाप के अर मौत के व्यवस्था तै आजाद कर दिया| 3 क्यूँके जो काम व्यवस्था देही कै कारण कमजोर होकै नीं कर सके, उस ताहीं पणमेशर नै करया, यानिके आपणै ए बेट्टे ताहीं पापमय देही की बराबरी म्ह अर पापबलि होण कै खातर खन्दाकै, देही म्ह पाप पै सजा का हुक्म दिया| 4 ज्यांतै के व्यवस्था की बिधि म्हारै म्ह जो देही कै मुताबिक नीं बल्के आत्मा कै मुताबिक चाल्लैं सैं, पूरी करी जावै| 5 क्यूँके देही आळे माणस देही की बात्तां पै मन लावैं सैं; पर आध्यात्मिक आत्मा की बात्तां पै मन लगावैं सैं| 6 देही पै मन लाणा तो मौत सै, पर आत्मा पै मन लाणा जीवन अर शान्ति सै; 7 क्यूँके देही पै मन लाणा तो पणमेशर तै बैर राखणा सै, क्यूँके ना तो पणमेशर के व्यवस्था कै अधीन सै अर ना हो सकै सै; 8 अर जो देही हालत म्ह सै, वे पणमेशर नै राज़ी कोनी कर सकदे|
9 पर जिब्ब के पणमेशर का आत्मा थारै म्ह बसै सै, तो थम देही तौर पै कोनी पर आत्मिक तौर पै सो| जै किसे म्ह मसीह का आत्मा कोनी तो ओ पणमेशर का माणस कोनी| 10 जै मसीह थारै म्ह सै, तो देही पाप कै कारण मरी होई सै; पर आत्मा धर्म कै कारण जिन्दी सै| 11 जै उस्से का आत्मा जिसनै यीशु ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, थारै म्ह बस्या होया सै; तो जिसनै मसीह ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, ओ थारी नाश होण आळी देहियाँ नै भी आपणे आत्मा कै जरिये जो थारै म्ह बस्या होया सै; जिन्दा करैगा|
12 इसकरकै हे भाईयो, हम देही के कर्जदार कोनी के देही कै मुताबिक दिन कांट्टां, 13 क्यूँके जै थम देही कै मुताबिक दिन काट्टोगे तो मरोगे जै आत्मा तै देही के काम्मां नै मारोगे तो जिन्दे रहोगे| 14 ज्यांतै के जितने माणस पणमेशर के आत्मा के चलाए चाल्लैं सैं, वै ए पणमेशर के बेट्टे सैं| 15 क्यूँके थमनै गुलामी की आत्मा कोनी मिल्ली के फेर डरण लाग्गा, पर गोद लेण आळे की आत्मा मिली सै, जिसतै हम हे अब्बा, हे पिता कहकै बोल्लां सां|
16 आत्मा आप ए म्हारी आत्मा कै गेल्या गवाही देवै सै, के हम पणमेशर की ऊलाद सां; 17 अर जै ऊलाद सां तो वारिस भी, बल्के पणमेशर के वारिस अर मसीह कै संगी वारिस सां, के जिब्ब हम उसकै गेल्या दुःख ठावां तो उसकै गेल्या महिमा भी पाँवां|

आण आळे बख्त म्ह दिक्खण आळी महिमा

18 क्यूँके मै समझूँ सूं के इस बख्त के दुःख अर क्लेश उस महिमा कै श्यामी, जो म्हारै पै प्रगट होण आळी सै, कीमे भी कोनी सै| 19 क्यूँके सृष्टि घणी उम्मींद भरी निगांह तै पणमेशर के बेट्यां कै प्रगट होण की बाट देखण लागरी सै| 20 क्यूँके सृष्टि आपणी मर्जी तै नीं पर अधीन करण आळे की ओड़ तै, खाम-खा के अधीन इस उम्मींद तै करी गई 21 के सृष्टि भी आप ए विनाश की गुलामी तै छुटकारा पाकै, पणमेशर की ऊलादां की महिमा की आजादी पावैगी| 22 क्यूँके हमनै बेरा सै के सारी सृष्टि इब ताहीं मिलकै रिंगदी अर दर्दां म्ह पड़ी होई तड़फै सै; 23 अर सिर्फ ओए नीं पर हम भी जिनकै धोरै आत्मा का पहल्ला फळ सै, आप ए आपणे म्ह रिंगां सां; अर गोद लिए होण की, यानिके आपणी देही कै छुटकारे की बाट देखैं सैं| 24 इस उम्मींद कै जरिये म्हारा उद्धार होया सै; पर जिस चीज की उम्मींद करी जावै सै, जिब्ब ओ देखण म्ह आवै तो फेर उम्मींद कित रही? क्यूँके जिस चीज नै कोए देख रहया सै उसकी उम्मींद के करैगा? 25 पर जिस चीज नै हम नीं देखदे, जै उसकी उम्मींद राक्खां सां, तो धीरज तै उसकी बाट भी देक्खां सां|

26 इस्से तरियां तै आत्मा भी म्हारी कमजोरी म्ह मदद करै सै : क्यूँके हमनै
नीं बेरा के प्रार्थना किस तरियां तै करणी चहिये, पर आत्मा आप ए इसी आहें
भर-भरकै, जो ब्यान तै बाहरण सै, म्हारै खातर बिनती करै सै; 27 अर मनां
कै जाँचणआळे नै बेरा सै के आत्मा की मनसा के सै? क्यूँके ओ पवित्र
माणसां कै खातर पणमेशर की मर्जी कै मुताबिक बिनती करै सै|
28 हमनै बेरा सै के जो माणस पणमेशर तै प्रेम राखै सै, उनकै खातर सारी
बात मिलकै भलाई ए नै पैदा करैं सैं; यानिके उन्नै कै खातर जो उसकी मर्जी
कै मुताबिक बुलाए होड़ सैं| 29 क्यूँके जिन ताहीं उसनै पहल्या तै जाण
लिया सै उन ताहीं पहल्या तै ठहराया भी सै के उसकै बेट्टे कै हुबहू शक्ल म्ह
हों, ताके ओ घणे भाईयां म्ह पहल्ड़ा यानि जेठा ठहरै| 30 फेर जिन ताहीं
उसनै पहल्या तै ठहराया, उन ताहीं बुलाया भी; अर जिन ताहीं बुलाया, उन
ताहीं धर्मी भी ठहराया सैं; अर जिन ताहीं धर्मी ठहराया, उन ताहीं महिमा भी
देई सै|

पणमेशर का प्रेम

31 आखर म्ह हम इन बात्तां कै बारै म्ह के कहवां? जै पणमेशर म्हारी
कान्नी सै, म्हारा बिरोधी कौण हो सकै सै? 32 जिसनै आपणे खुद कै बेट्टे ताहीं
भी कोनी छोड्या, पर उस ताहीं म्हारे सारया कै खातर दे दिया, ओ उसकै
गेल्या हमनै और सारा कीमे क्यांतै नीं देवैगा? 33 पणमेशर के छांटे होया पै
तोहमन्द कौण लावैगा? पणमेशर ए सै जो उन ताहीं धर्मी ठहराण आळा सै|
34 फेर कौण सै जो सजा का हुक्म देवैगा? मसीह ए सै जो मरग्या बल्के मुर्दा
म्ह तै जिन्दा भी उठ्या, अर पणमेशर कै सोळी ओड़ सै, अर म्हारै खातर
बिनती भी करै सै| 35 कौण हमनै मसीह कै प्रेम तै न्यारा करैगा? के क्लेश, या
संकट, या रोळा, या अकाल, या नंगाई, या जोखम, या तलवार? 36 जिसा
लिख्या सै, "तेरै खातर हम दिन भर घात करे जावां सां; हम मारण जोग्गी
भेडडां की तरियां गिणे गये सां|" 37 पर इन सारी बात्तां म्ह हम उसकै जरिये
जिसनै म्हारै तै प्रेम करया सै, जयन्त तै भी बाध सै| 38 क्यूँके मन्नै पक्के तौर
पै बेरा सै के ना मौत, ना जिन्दगी, ना सुर्गदुत, ना प्रधानताएँ, ना इब आळा
बख्त, ना आण आळा बख्त, ना सामर्थ, ना ऊँचाई, 39 ना डून्घाई, अर ना
कोए और सृष्टि हमनै पणमेशर कै प्रेम तै जो म्हारै प्रभु मसीह यीशु म्ह सै,
न्यारा कर सकैगी|

पणमेशर अर उसके छाँटे होए माणस

9 मै मसीह म्ह साच्ची कहूँ सूं, मै झूठ कोनी बोल्दा अर मेरा विवेक भी
पवित्र आत्मा म्ह गवाही देवै सै 2 के मन्नै घणा दु:ख सै, अर मेरा मन
सारी हाण दुख्दा रहवै सै, 3 क्यूँके मै उरै ताहीं चाहूँ था के आपणे भाईयां कै
खातर जो देही कै भाव तै मेरै कुन्बे आळे सैं, खुद ए मसीह तै श्रापित हो
जान्दा| 4 वे इस्राएली सै, अर गोद लिये होड़ का हक्क अर महिमा अर वाचाएँ
अर व्यवस्था अर उपासना अर प्रतिज्ञाएँ उन्ने की सै| 5 बड्डे-बूढ़े भी उन्ने के
सैं, अर मसीह भी देही कै भाव तै उन्ने म्ह तै होया| सारया कै ऊप्पर परम
पणमेशर युगानयुग धन्य हो| आमीन|
6 पर न्यू कोनी के पणमेशर का बचन टळ गया, ज्यांतै के जो इस्राएल के
वंशज सैं, वे सारे इस्राएली कोनी; 7 अर ना अब्राहम की पीढ़ी होण कै कारण
सारे उसकी ऊलाद ठहरे, पर (लिख्या सै) "इसहाक ए तै तेरी पीढ़ी
कुहवावैगी|" 8 यानिके देही की ऊलाद पणमेशर की ऊलाद कोनी, पर प्रण
की ऊलाद बंश गिणे जावै सै| 9 क्यूँके प्रण का बचन यो सै : "मै इस टेम कै
मुताबिक आऊँगा, अर सारा कै बेट्टा होवैगा|" 10 अर सिर्फ योए नीं, पर
जिब्ब रिबका भी एक तै यानिके म्हारै बाप इसहाक तै पेट तै थी, 11 अर इब
ताहीं ना तो बाळक पैदा होए थे, अर ना उन्नै कीमे आच्छा या भुंडा करया
था; इसकरकै के पणमेशर की मनसा जो उसकै छाँट लेण कै मुताबिक सै,
कर्मा कै कारण नीं पर बुलाण आळे कै कारण सै, बणी रहवै : 12 उसनै कह्या,
"जेठा छोटळै का गुलाम होवैगा|" 13 जिसा लिख्या सै, "मन्नै याकूब तै प्रेम
करया, पर एसाव ताहीं दुपारा जाणया|"
14 ज्यांतै हम के कहवां? के पणमेशर कै उरै जुल्म सै? कद्दे भी नीं|
15 क्यूँके ओ मूसा तै कहवै सै, "मै जिस किसे पै दया करणा भला उस पै दया
करूँगा, अर जिस किसे पै तरस खाणा चाहूँ उस्से पै तरस खाऊँगा|"
16 आखर या ना तो चाहण आळे की, ना भाजण आळे की, पर दया करण
आळे पणमेशर की बात सै| 17 क्यूँके पवित्रग्रन्थ म्ह फिरौन तै कहया गया,
"मन्नै तेरै ताहीं ज्यां ए तै खड़या करया सै के तेरै म्ह आपणी सामर्थ दिखाऊँ,
अर मेरै नाम का प्रचार सारी धरती पै होवै|" 18 इसकरकै ओ जिस पै चाहवै
सै उस पै दया करै सै, अर जिस ताहीं चाहवै सै उस ताहीं करड़ा कर देवै सै|

पणमेशर का छो अर उसकी दया

19 आखर म्ह तू मेरै तै कहवैगा, "ओ फेर क्यांतै तोहमन्द लावै सै? कौण
उसकी मर्जी का सामणा करै सै?" 20 हे माणस, भला तू कौण सै जो पणमेशर
का सामणा करै सै? के गढ़ी होई चीज गढ़ण आळे तै कह सकै सै, "तन्नै मेरै
ताहीं इसा क्यांतै बणाया सै?" 21 के कुम्हार ताहीं माट्टी पै हक्क कोनी के एक
ए लोंदे म्ह तै एक बासण आद्दर कै खातर, अर दुसरे ताहीं अनाद्दर कै खातर
बणावै? 22 तो इसम्ह कौण सी हैरानी की बात सै के पणमेशर नै आपणा छोह
दिखाण अर आपणी सामर्थ प्रगट करण की मर्जी तै छोह के बासणा की, जो
विनाश कै खातर त्यार करे गये थे, घणे धीरज तै सही; 23 अर दया के
बासणा पै, जिन ताहीं उसनै महिमा कै खातर पहल्या-ए तै त्यार करया,
अपणे महिमा के धन ताहीं प्रगट करण की मर्जी करी? 24 यानिके म्हारै पै
जिन ताहीं उसनै ना सिर्फ यहुदियाँ म्ह तै, बल्के गैर-जात्तां म्ह तै भी
बुलाया| 25 जिसा ओ होशे की किताब म्ह भी कहवै सै, "जो मेरी प्रजा कोनी
थी, उन ताहीं मै आपणी प्रजा कहूँगा; अर जो प्यारी नीं थी, उस ताहीं प्यारी
कहूँगा| 26 अर इसा होगा के जिस जंगहा म्ह उनतै न्यू कहया गया था के थम
मेरी प्रजा कोनी सो, उस्से जंगहा वे जिन्दे पणमेशर की ऊलाद कुहवावैगी|"
27 अर यशायाह इस्राएल कै बारै म्ह रूक्का मारकै कहवै सै, "चाहे इस्राएल की
ऊलादां की गिणती समुन्दर के बालू कै बराबर हो, तौभी उनम्ह तै थोड़े ए
बचैंगें| 28 क्यूँके प्रभु आपणा बचन धरती पै पूरा करकै, धार्मिकता तै तावळा-
ए उस ताहीं सिद्ध करैगा|" 29 जिसा यशायाह नै पहल्या भी कहया था, "जै
सेनाओं का प्रभु म्हारै खातर कीमे वंश नीं छोड़दा, तो हम सदोम के जिसे हो
जान्दे, अर अमोरा के जिसे ठहरदे|"

इस्राएल का अबिश्वास

30 आखर म्ह हम के कहवां? यो के गैर-जात्तां नै जो धार्मिकता की टोह
कोनी करै थे, धार्मिकता पाई यानिके उस धार्मिकता ताहीं जो बिश्वास तै सै;
31 पर इस्राएली, जो धर्म के व्यवस्था की टोह करैं थे उस व्यवस्था ताहीं
कोनी पहोच्चे| 32 किस खातर? इसकरकै के वे बिश्वास तै नीं, पर मान्नो कर्मा
तै उसकी टोह करैं थे| उन्नै उस ठोकर कै पत्थर पै ठोकर खाई, 33 जिसा
लिख्या सै, "देक्खो, मै सिय्योन म्ह एक ठेस लाग्गण का पत्थर, अर ठोकर
खाण की चट्टान राखूँ सूं, अर जो उस पै बिश्वास करैगा ओ सर्मिन्दा कोनी
होवैगा|"
10 हे भाईयो, मेरै मन की इच्छा अर उनकै खातर पणमेशर तै मेरी
प्रार्थना सै के वे उद्धार पावैं| 2 क्यूँके मै उनकी गवाही द्यूँ सूं के उन
ताहीं पणमेशर कै खातर धुन रहवै सै, पर समझदारी कै गेल्या नीं| 3 क्यूँके वे
पणमेशर की धार्मिकता तै अनजाण होकै, अर आपणी धार्मिकता पक्की करण
की कोशिश करकै, पणमेशर की धार्मिकता कै अधीन ना होए| 4 क्यूँके हरेक
बिश्वास करण आळे कै खातर धार्मिकता कै कारण मसीह व्यवस्था का अन्त
सै|

उद्धार सारया कै खातर

5 क्यूँके मूसा नै न्यू लिख्या सै के जो माणस उस धार्मिकता पै जो
व्यवस्था तै सै, चाल्लै सै, ओ उस्से तै जिन्दा रहवैगा| 6 पर जो धार्मिकता
बिश्वास तै सै, वा न्यू कहवै सै, "तू आपणे मन म्ह न्यू ना कहणा के सुर्ग पै
कौण चढ़ैगा?" (यानिके मसीह ताहीं उतार लाण कै खातर!) 7 या "पाताळ म्ह
कौण उतरैगा?" (यानिके मसीह ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा ऊपपर लाण कै
खातर!) 8 पर वा के कहवै सै? न्यू के "बचन तेरै लोवै सै, तेरै मुँह म्ह अर तेरै
मन म्ह सै," यो ओए बिश्वास का बचन सै, जो हम प्रचार करां सां, 9 के जै तू

आपणे मुँह तै यीशु नै प्रभु जाणकै अंगीकार करै, अर आपणे मन तै बिश्वास करै के पणमेशर नै उस ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, तो तू पक्का उद्धार पावैगा| 10 क्यूँके धार्मिकता कै खातर मन तै बिश्वास करया जावै सै, अर उद्धार कै खातर मुँह तै अंगीकार करया जावै सै| 11 क्यूँके पवित्रग्रन्थ न्यू कहवै सै, "जो कोए उस पै बिश्वास करैगा ओ शर्मिन्दा कोनी होवैगा|" 12 यहुदियाँ अर युनानियाँ म्ह कीमे फर्क कोनी, ज्यांतै के ओ सारया का प्रभु सै अर आपणे सारे नाम लेण आळयां कै खातर उदार सै| 13 क्यूँके, "जो कोए प्रभु का नाम लेवैगा, ओ उद्धार पावैगा|"

14 फेर जिस पै उन्नै बिश्वास कोनी करया, वे उसका नाम किस तरियां लेवैं? अर जिसकै बाबत सुणया नीं उस किस तरियां बिश्वास करैं? अर प्रचारक बिना किस तरियां सुणैं? 15 अर जै खन्दाए ना जावैं, तो किस तरियां प्रचार करैं? जिसा लिख्या सै, "उनके पाँव कितने सुहाने सैं, जो आच्छी बात्तां का सुसमाचार सुणावैं सैं|" 16 पर सारया नै उस सुसमाचार पै कान कोनी लाया : यशायाह कहवै सै, "हे प्रभु, किसनै म्हारै समाचार पै बिश्वास करया सै?" 17 आखर म्ह बिश्वास सुनण तै अर सुनणा मसीह कै बचन तै होवै सै| 18 पर मै कहूँ सूं, के उन्नै कोनी सुणया? सुणया तै जरूर सै; क्यूँके लिख्या सै, उनके बोल साब्ती धरती पै, अर उनके बचन दुनिया के कुणे ताहीं पहोच गे सैं|" 19 मै फेर कहूँ सूं, के इस्राएली कोनी जाणै थे? पहल्या तो मूसा कहवै सै, "मै उनकै जरिये जो जान्दी कोनी, थारै मन म्ह जळण पैदा करूँगा; मै एक मूढ़ जात कै जरिये रीस दुवाऊँगा|" 20 फेर यशायाह घणी हिम्मत कै गेल्या कहवै सै, "जो मन्नै नीं टोहवैं थे, उन्नै मेरै ताहीं पा लिया; अर जो मन्नै बुझ्झै भी कोनी थे, उन पै मै प्रगट होग्या|" 21 पर इस्राएल कै बारै म्ह ओ न्यू कहवै सै, "मै सारा दिन आपणे हाथ एक हुक्म ना मानण आळी अर रोळा करण आळी प्रजा कै कान्नी पसारे रहया|"

इस्राएल पै पणमेशर की दया

11 ज्यांतै मै कहूँ सूं, के पणमेशर नै आपणी प्रजा ताहीं छोड़ दिया? कद्दे भी नीं! मै भी तो इस्राएली सूं; मैं अब्राहम की पीढी अर बिन्यामीन कै गोत्र म्ह तै सूं| 2 पणमेशर नै आपणी उस प्रजा ताहीं कोनी छोड्या, जिस ताहीं उसनै पहल्या ए तै जाणया| के थमनै नीं बेरा के पवित्रग्रन्थ एलिय्याह कै बारै म्ह के कहवै सै, के ओ इस्राएल कै बिरोध म्ह पणमेशर तै बिनती करै सै?" 3 "हे प्रभु, उन्नै तेरे नब्बियाँ ताहीं मार दिया, अर तेरी वेदियाँ ताहीं गेर दिया सै; अर मै ए एक्का बच्या सूं, अर वे मेरी ज्यान के भी खोज़ी सैं|" 4 पर पणमेशर तै उसनै के जबाब मिल्या? "मन्नै आपणे खातर सात हजार माणसां ताहीं राख राख्या सै, जिन्नै बाअल देवता कै आगै गोड्डे कोनी टेक्के सैं|" 5 ठीक इस्से तरियां तै इस टेम भी, अनुग्रह तै छाँटे होये कीमे माणस बचरे सै| 6 जै यो अनुग्रह तै होया सै, तो फेर कर्मां तै नीं; नीं तो अनुग्रह फेर अनुग्रह कोनी रहया|

7 ज्यांतै निचोड़ के लिकड़या? न्यू के इस्राएली जिसकी टोह म्ह थे, ओ उन ताहीं नीं मिल्या; पर छाँटे होया नै मिल्या, अर बचे होड़ माणस करड़े करे गये| 8 जिसा लिख्या सै, "पणमेशर नै उन ताहीं आज कै दिन ताहीं भारया नींद म्ह गेर राख्या सै, अर इसी आँख दिन जो नीं देखै अर इसे कान जो ना सुणै|" 9 अर दाऊद कहवै सै, "उनका खाणा उनकै खातर जाळ अर फन्दा, अर ठोकर अर सजा का कारण हो जावै| 10 उनकी आँखां पै अन्धेरा छा जावै ताके ना देखैं, अर तू सारी हाण उनकी पीठ ताहीं झुकाए राख|" 11 आखर म्ह कहूँ सूं के उन्नै ज्यांतै ठोकर खाई के पड़ज्या? कद्दे भी नीं! पर उनकै पड़ण कै कारण गैर-जात्तां ताहीं उद्धार मिल्या, के उन ताहीं जळण होवै| 12 ज्यांतै जै उनका पड़णा दुनिया कै खातर धन अर उनकी घटी गैर-जात्तां कै खातर सम्पत्ति का कारण होया, तो उनकी भरपूरी तै के कीमे कोनी होवैगा|

गैर-जात्तां का उद्धार : कलम लाण का उदाहरण

13 मै थम गैर-जात्तां तै ये बात कहूँ सूं| जिब्ब के मै गैर-जातां कै खातर प्रेरित सूं, तो मै आपणी सेवा की बड़ाई करूँ सूं, 14 ताके किसे तरियां तै मै आपणे कुन्बे आळयां म्ह जळण पैदा करवाकै उन म्ह तै एक-आधै का उद्धार कराऊँ| 15 क्यूँके जिब्ब उनका छोड़ दिया जाणा दुनिया कै मिलाप का कारण होया, तो के उनका अपणाया जाणा मरे होया म्ह तै जिन्दा उठण कै बराबर कोनी होवैगा? 16 जिब्ब भेंट का पहल्ड़ा पेड़ा पवित्र ठहरया, तो पूरा गुन्द्या होया चून भी पवित्र सै; अर जिब्ब जड़ पवित्र ठहरी, तो डाळीं भी इसी ए सैं|

17 पर जै कीमे डाळीं तोड़ दी गईं, अर तू जंगळी जैतून होकै उनम्ह साटया गया, अर जैतून की जड़ की चिकणाई का हिस्सेदार होया सै, 18 तो डाळीं पै घमण्ड ना करियो; अर जै तू घमण्ड करै तो जाण राख के तू जड़ नै कोनी पर जड़ तन्नै सम्भाळै सै| 19 फेर तू कहवैगा, "डाळीं ज्यांतै तोड़ी गईं के मै साटया जाऊँ|" 20 सई सै वे तो अबिश्वास कै कारण तोड़ी गई, पर तू बिश्वास तै बणया रहवै सै ज्यांतै घमण्डी ना होवै, पर भय मान, 21 क्यूँके जिब्ब पणमेशर नै सीधे तौर पै डाळीयां ताहीं कोनी छोड्या तो तन्नै भी कोनी छोड्डैगा| 22 ज्यांतै पणमेशर की कृपा अर करड़ेपण नै देख! जो पड़ लिए उन पै करड़ेपण, पर तेरै पै कृपा, जै तू उसम्ह बणया रहवै, नीं तो तू भी काट दिया जावैगा| 23 वे भी जै अबिश्वास म्ह नीं रहें, तो साट्टे जावैंगें; क्यूँके पणमेशर उन ताहीं फेर साट सकै सै| 24 क्यूँके जै तू उस जैतून तै, जो सुभाह तै जंगळी सै, काट्या गया अर सुभाह कै खिलाफ आच्छे जैतून म्ह साट्या गया, तो ये जो सीधे तौर की डाळीयां सै, आपणे ए जैतून म्ह क्यांतै नीं साट्टे जावैंगें|

साब्ते इस्राएल का उद्धार

25 हे भाईयो, कद्दे इसा ना हो के थम आपणे आप ताहीं श्याणे समझ ल्यो; ज्यांतै मै नीं चाहन्दा के थम इस फर्क तै अनजाण रहो के जिब्ब ताहीं गैर-जात्तां पूरी तरियां तै बड़ नीं कर लेवैं, जिद ताहीं इस्राएल इस एक हिस्सा इसा ए करड़ा रहवैगा| 26 अर इस तरियां तै सारा इस्राएल उद्धार पावैगा| जिसा लिख्या सै, "छुटाण आळा सिय्योन तै आवैगा, अर अभगती नै याकूब तै दूर करैगा; 27 अर उनकै गेल्या मेरी याए वाच्चा होगी, जिब्ब के मै उनकै पापां ताहीं दूर कर द्यूँगा|" 28 सुसमाचार कै मतलब तै तो थारै खातर वे पणमेशर के बैरी सै, पर छाँट लिये पाच्छै कै मतलब तै वे बाप-दाद्या कै कारण प्यारे सै| 29 क्यूँके पणमेशर अपणे वरदान्नां तै, अर बुलाहट तै कदे भी पाच्छै कोनी हटदा| 30 क्यूँके जिसा थम नै पहल्या पणमेशर का हुक्म कोनी माणया, पर इब भी उनके हुक्म न मानण तै थारै पै दया होई; 31 उस्से तरियां ए उन्नै भी इब हुक्म कोनी माणया, के थारै पै दया होवै सै इसतै उन पै भी दया होवै| 32 क्यूँके पणमेशर नै सारया के हुक्म ना मानण का कैदी बणा कै राख्या, ताके ओ सारया पै दया करै|

पणमेशर की स्तुति

33 आहा! पणमेशर का धन अर समझ अर ज्ञान के गम्भीर सै! उसके बिचार किस ढाळ के अथाह, अर उसकी राह किस ढाळ की अगम सै!
34 "प्रभु की बुद्धि ताहीं किसनै जाणया? या उसका मंत्री कौण होया? 35 या किसनै पहल्या उस ताहीं कीमे दिया सै जिसका बदला उस ताहीं दिया जावै?" 36 क्यूँके उस्से कै कान्नी तै, अर उस्से कै जरिये, अर उस्से कै खातर सारा कीमे सै| उसकी महिमा युगानुयुग होन्दी रहवै : आमीन|

पणमेशर की सेवा का जीवन

12 ज्यांतै हे भाईयो, मै थारै तै पणमेशर की दया याद दुवाकै बिनती करूँ सूं के आपणे देहियाँ ताहीं जिन्दा, अर पवित्र, अर पणमेशर ताहीं भान्दा होया बलिदान करकै चढ़ाओ| याए थारी आत्मिक सेवा सै| 2 इस दुनिया के बरगे ना बणो; पर थारे दीमाग के नये हो जाण तै थारा चाल-चलण भी बदलदा जावै, जिसतै थम पणमेशर की भली, अर भान्दी, अर सिद्ध मर्जी अनुभव तै बेरा पाड़ सको|

3 क्यूँके मै उस अनुग्रह कै कारण जो मेरै ताहीं मिल्या सै, थारै म्ह तै हरेक तै कहूँ सूं के जिसा समझणा चहिये उसतै बढ़कै कोए भी आपणे आप नै ना समझै; पर जिसा पणमेशर नै हरेक नै बिश्वास परिमाण कै मुताबिक बांड दिया सै, उस्से तरियां ए आच्छी बुद्धि कै गेल्या आपणे ताहीं समझै| 4 क्यूँके

जिसा म्हारी एक देही म्ह घण-ए अंग सै, अर सारे अंगां का एके सा काम कोनी; 5 उस्से तरियां ए हम जो घणे सां, मसीह म्ह एक देही होकै आपस म्ह एक दुसरे के अंग सां| 6 जिब्ब के उस अनुग्रह कै मुताबिक जो म्हारै ताहीं दिया गया सै, हमनै न्यारे-न्यारे वरदान मिले सै, तो जिस ताहीं भविष्यवाणी का दान मिल्या हो, ओ बिश्वास कै परिमाण कै मुताबिक भविष्यवाणी करै; 7 जै सेवा करण का दान मिल्या हो, तो सेवा म्ह लाग्या रहवै; जै कोए सिखाणआळा हो, तो सिखाण म्ह लाग्या रहवै; 8 जो उपदेशक हो, ओ उपदेश देण म्ह लाग्या रहवै; दान देणआळा उदारता तै देवै; जो अगुवाई करै, ओ जोश तै करै; जो दया करै, ओ ख़ुशी तै करै|

9 प्रेम म्ह कपट नीं होणा चहिये; बुराई तै नफरत करो; भलाई म्ह लाग्गे रहो| 10 भाईचारे कै प्रेम तै एक दुसरे तै प्यार राक्खो; आपस म्ह आद्दर करण म्ह एक दुसरे तै आगै चाल्लो| 11 कोशिश करण म्ह आळसी ना होवो; आत्मिक ख़ुशी तै भरे रहो; प्रभु की सेवा करदे रहो| 12 आशा म्ह खुश रहो; क्लेश म्ह डटे रहो; प्रार्थना म्ह सारी हाण लाग्गे रहो| 13 पवित्र माणसां ताहीं जो कीमे जरूरी हो, उसम्ह उनकी मदद करो; सेवा-बाड़ी करण म्ह लाग्गे रहो|

14 आपणे सताण आळयां ताहीं आशीष द्यो; आशीष दो श्राप ना द्यो| 15 आनन्द करण आळयां कै गेल्या आनन्द करो, अर रोणआळयां कै गेल्या रोओ| 16 आपस म्ह एक सा मन राक्खो; घमण्डी ना होवो, पर कमजोरां कै गेल्या संगति राक्खो; आपणी नजर म्ह अकलमंद ना होवो| 17 बुराई कै बदलै किसे तै बुराई ना करो; जो बात सारे माणसां कै लोवै आच्छी सै, उनकी फ़िक्र करया करो| 18 जित ताहीं हो सकै, थम लगन तै सारे माणसां कै गेल्या मेल-मिलाप राक्खो| 19 हे प्रियो, बदला ना लेणा, पर पणमेशर कै छोह नै मौक्का द्यो, क्यूँकै लिख्या सै, "बदला लेणा मेरा काम सै, प्रभु कहवै सै मै ए बदला द्यूँगा|" 20 पर "जै तेरा बैरी भूक्खा हो तो उस ताहीं खाणा खुवा, जै तिसाया हो तो उस ताहीं पाणी पिला; क्यूँकै इसा करण तै तू उसकै सिर पै आग के अंगांरयां का ढेर लगावैगा|" 21 बुराई तै ना हारो, पर भलाई तै बुराई नै जीत ल्यो|

राज्य के प्रति कर्तव्य

13 हरेक माणस शासन करण आळे अधिकारियां कै अधीन रहवै, क्यूँकै कोए अधिकार इसा नीं जो पणमेशर को ओड़ तै ना हो; अर जो अधिकार सैं, वे पणमेशर के ठहराए होए सैं| 2 ज्यांतै जो कोए अधिकार का बिरोध करै सै, ओ पणमेशर की विधि का सामणा करै सै, अर सामणा करण आळे सजा पावैंगें| 3 क्यूँकै हाकिम आच्छे काम के नीं, पर भुन्डे काम कै खातर डर का कारण सैं; आखर जै तू हाकिम तै बिना डरे रहणा चाहवै सै, आच्छा काम कर, अर उसकी ओड़ तै तेरी बड़ाई होगी; 4 क्यूँकै ओ तेरी भलाई कै खातर पणमेशर का सेवक सै| परन्तु जै तू बुराई करै, तो डर, क्यूँकै ओ तलवार खाम-खां कोनी लेरया; अर पणमेशर का सेवक सै के उसकै छोह कै मुताबिक भुन्डे काम करण आळे ताहीं सजा देवै| 5 ज्यांतै अधीन रहणा ना सिर्फ उस छोह कै डर तै जरूरी सै, बल्के विवेक भी गवाही देवै सै| 6 ज्यांतै टैक्स भी द्यो क्यूँकै शासन करण आळे पणमेशर के सेवक सै अर सारी हाण इस्से काम म्ह लाग्गे रहवैं सैं| 7 ज्यांतै हरेक का हक्क चुकाया करो; जिस ताहीं टैक्स चहिये, उस ताहीं टैक्स देओ; जिस ताहीं महसूल चहिये, उस ताहीं महसूल देओ; जिस तै डरणा चहिये, उस तै डरो; जिसका आद्दर-मान करणा चहिये, उसका आद्दर-मान करो|

एक-दुसरै कै प्रति कर्तव्य

8 आपस म्ह प्रेम नै छोड़ और किसे बात म्ह किसे के कर्जवान ना होओ; क्यूँकै जो दुसरे तै प्रेम राखै सै, उस्से नै व्यवस्था पूरा करया सै| 9 क्यूँकै यो के, "जारी नीं करणा, खून नीं करणा, चोरी नीं करणा, लालच नीं करणा," अर इन्नै छोड़ और कोए भी हुक्म हो तो सारया का निचोड़ इस बात म्ह पाया जावै सै, 'अपणे पड़ोसी तै अपणे जिसा प्रेम राख|" 10 प्रेम पड़ोसी की कीमे बुराई कोनी करदा, ज्यांतै प्रेम राखणा व्यवस्था ताहीं पूरा करणा सै|

11 बख्त नै पिच्छाण कै इसा ए करो, ज्यांतै के इब थारै खातर नींद तै जाग उठण की घड़ी आण पहोच्ची सै; क्यूँकै जिस बख्त हम नै बिश्वास करया था, उस बख्त के बिचार तै इब म्हारा उद्धार लोवै सै| 12 रात घणी बीतग्यी सै, अर दिन लिकड़ण आळा सै; ज्यांतै हम अन्धकार के काम्मां नै त्याग कै चाँदणै के हथियार बाँध लेवां| 13 जिसा दिन नै शोभा देवै सै, उस ए हम सीधी चाल चाल्ला, ना के भूंडा चाल-चलण, अर दारूबाजी म्ह, ना जारी अर लुचपण म्ह, अर ना रोळे अर डाह म्ह| 14 बल्के प्रभु यीशु मसीह ताहीं पहर ल्यो, अर देही की अभिलाषायां नै पूरा करण का उपाय ना करो|

अपणै भाई पै दोष मतना लाओ

14 जो बिश्वास म्ह कमजोर सै, उस ताहीं आपणी संगति म्ह ले ल्यो, पर उसकी शंकायां पै बहस करण कै खातर नीं| 2 एक नै बिश्वास सै के सारा कीमे खाणा सई सै, पर जो बिश्वास म्ह कमजोर सै ओ साग पात ए खावै सै| 3 खाणआळा ना खाणआळे ताहीं तुच्छ ना जाणै, अर ना खाणआळा खाणआळै पै दोष लावै; क्यूँकै पणमेशर नै उस ताहीं अपणाया सै| 4 तू कौण सै जो दुसरे कै सेवक पै दोष लावै सै? उसका स्थिर रहणा या पड़ जाणा उसकै मालिक ए तै सम्बन्ध राखै सै; बल्के ओ स्थिर ए कर दिया जावैगा, क्यूँकै प्रभु उस ताहीं स्थिर राख सकै सै|

5 कोए तो एक दिन नै दुसरे तै बाध मान्नै सै, अर कोए सारे दिनां नै एक जिसा जाणै सै; हरेक अपणै ए मन म्ह पक्का कर लेवै| 6 जो किसे दिन नै मान्नै सै, ओ प्रभु कै खातर मान्नै सै| जो खावै सै, ओ प्रभु कै खातर खावै सै, क्यूँकै ओ पणमेशर का धन्यवाद करै सै, अर जो नीं खान्दा, ओ प्रभु कै खातर नीं खान्दा अर पणमेशर का धन्यवाद करै सै| 7 क्यूँकै म्हारै म्ह तै ना तो कोए अपणे खातर जिन्दा सै अर ना कोए अपणे खातर मरै सै| 8 जै हम जिवां सां, तो प्रभु कै खातर जिवां सां; अर जै मरां सां, तो प्रभु कै खातर ए मरां सां; आखर म्ह जिवां या मरां, हम प्रभु ए के सां| 9 क्यूँकै मसीह इसे खातर मरया अर जिन्दा भी उठ्या के ओ मरे होया अर जिन्दया का, दोनुआं का प्रभु होवै|

हम उसा ए बयान करां सां, अर इस म्ह माणसां नै नीं, पर पणमेशर ताहीं जो
म्हारै मनां नै जाँचै सै, राज़ी करां सां| 5 क्यूँके थमनै बेरा सै के हम ना तो
कदे चापलूसी की बात करां थे, अर ना लोभ कै खातर बहाना करां थे,
पणमेशर गवाह सै; 6 अर हालांकि हम मसीह के प्रेरित होण कै कारण थारै पै
बोझ गेर सकां थे, तौभी हम माणसां तै आद्दर कोनी चाहवां थे, अर ना थारै
तै, ना और किसे तै| 7 पर जिस तरियां माँ अपणे बाळकां का पालण-पोषण
करै सै, उसे तरियां ए हमनै भी थारै बिच्चाळै रहकै कोमलता दिखाई सै; 8 अर
उसे तरियां ए हम थारी चाहनां करदे होए, ना सिर्फ पणमेशर का सुसमाचार,
पर आपणा-आपणा प्राण भी थारै ताहीं देण नै त्यार थे, ज्यांतै के थम म्हारे
प्यारे हो गये थे|
9 क्यूँके, हे भाईयो, थम म्हारी मेहनत अर दर्द नै याद राक्खो सो; हमनै
ज्यांतै दिन-रात काम धन्धा करदे होए थारै म्ह पणमेशर का सुसमाचार
प्रचार करया के थारै म्ह तै किसे पै बोझ ना होवै| 10 थम आप ए गवाह सो,
अर पणमेशर भी गवाह सै के थम बिश्वासीयां कै बिच्चाळै म्हारा बीवार किसा
पवित्र अर धार्मिक अर बेकसूर रऐ| 11 थमनै बेरा सै के जिसा पिता अपणे
बाळकां कै गेल्या बीवार करै सै, उसा तरियां ए हम भी थारै म्ह तै हरेक ताहीं
उपदेश करदे, अर शान्ति देन्दे, अर समझावां थे 12 के थारा चाल-चलण
पणमेशर कै जोग्गा हो, जो थमनै अपणे राज्य अर महिमा म्ह बुलावै सै|
13 ज्यांतै हम भी पणमेशर का धन्यवाद सारी हाण करां सां के जिब्ब म्हारै
जरिये पणमेशर के सुसमाचार का बचन थारै धोरै पहोच्या, तो थम नै उस
ताहीं माणसां का नीं पर पणमेशर का बचन समझकै (अर साच ए इसा सै)
अपणाया; अर ओ थम बिश्वासीयां म्ह जो बिश्वास राक्खो सो, असरदार सै|
14 ज्यांतै थम, हे भाईयो, पणमेशर नै उन कलसियायां कै जीसी चाल चाल्लण
लाग्गे जो यहूदिया म्ह मसीह यीशु म्ह सैं, क्यूँके थमनै भी अपणे माणसां तै
उसा ए दुःख पाया जिसा उन्नै यहूदियां तै पाया था, 15 जिन्नै प्रभु यीशु ताहीं
अर नब्बियाँ ताहीं मार दिया अर म्हारै ताहीं भी सताया, अर पणमेशर उन तै
राज़ी कोनी, अर वे सारे माणसां का बिरोध करैं सैं, 16 अर वे गैर-जात्तां म्ह
उनकै उद्धार कै खातर बात करण तै हमनै रोकैं सैं के वे सारी हाण अपणे
पापां का नपुआ भरदे रह्वैं; पर उन पै पणमेशर का भयानक प्रकोप आण
पहोच्या सै|

कलीसिया तै फेट्ण की अभिलाषा

17 हे भाईयो, जिब्ब हम माड़ी वार कै खातर, मन म्ह नीं बल्के सई म्ह,
थारै तै न्यारे हो गे थे, तो हमनै घणी चाहना कै गेल्या थारा मुँह देखण कै
खातर और भी घणी कोशिश करी| 18 ज्यांतै हमनै (यानिके मुझ पौलुस नै)
एक बर नीं बल्के दो बर थारै धोरै आणा चाहया, पर शैतान हमनै रोक्के
रहया| 19 भला म्हारी उम्मींद या आनन्द या बड़ाई का मुकुट के सै? के म्हारै
प्रभु यीशु कै श्यामी उसकै आण का बख्त थम ए नीं होगे? 20 म्हारी बड़ाई
अर आनन्द थमे सो|

तीमुथियुस का खन्दाया जाणा

3 ज्यांतै जिब्ब म्हारै तै और ना रहया गया, तो हमनै यो ठहराया के
एथेन्स म्ह ऐकले रह जावां| 2 अर हमनै तीमुथियुस ताहीं जो मसीह
कै सुसमाचार म्ह म्हारा भाई, अर पणमेशर का सेवक सै, इसकरकै खन्दाया,
के ओ थमनै स्थिर करै; अर थारै बिश्वास कै बारै म्ह थमनै समझावै| 3 के
कोए इन क्लेशां कै कारण डगमगा नीं जावै; क्यूँके थम आप जाणो सो, के
हम इन ए कै खातर ठहराए गये सां| 4 क्यूँके पहल्या भी, जिब्ब हम थारै उरै
थे, तो थारै तै कहया करां थे, के हमनै क्लेश उठाणे पड़ैगें, अर इसा ए होया
सै, अर थम जाणो भी सो| 5 इस कारण जिब्ब मेरै तै और ना रहया गया, तो
थारै बिश्वास का हाल जानण कै खातर खन्दाया, के कद्दे इसा ना होवै, के
परीक्षा करण आळे नै थारी परीक्षा करी हो, अर म्हारी मेहनत बेकार हो गयी
हो|

तीमुथियुस द्वारा समाचार मिलणा

6 पर इब्बे तीमुथियुस नै जो थारै धोरै तै म्हारै उरै आकै थारै बिश्वास अर
प्रेम का सुसमाचार सुणाया अर इस बात ताहीं भी सुणाया, के थम सारी हाण
प्रेम कै गेल्या म्हारै ताहीं याद करो सो, अर म्हारै देखण की चाहना राक्खो
सो, जिसा हम भी थमनै देखण की| 7 ज्यांतै हे भाईयो, हमनै आपणी सारे
दुःख अर क्लेश म्ह थारै बिश्वास तै थारै बारै म्ह शान्ति पाई| 8 क्यूँके इब जै
थम प्रभु म्ह पक्के रहो तो हम जिन्दे सां| 9 अर जिसा आनन्द हमनै थारै
कारण अपणे पणमेशर कै श्यामी सै, उसकै बदलै थारै बारै म्ह हम किस

तरियां तै पणमेशर का धन्यवाद करां? 10 हम दिन-रात घणी ए प्रार्थना करदे
रहवां सां, के थारा मुँह देक्खां, अर थारै बिश्वास की कमी पूरी करां|
11 इब म्हारा पणमेशर अर पिता आप ए अर म्हारा प्रभु यीशु, थारै उरै
आण कै खातर म्हारी अगुवाई करै| 12 अर प्रभु इसा करै, के जिसा हम थारै
तै प्रेम राक्खां सां; उस्से तरियां ए थारा प्रेम भी आपस म्ह, अर सारे माणसां
कै गेल्या बधै, अर बढोत्तरी करदा जावै| 13 ताके ओ थारे मनां नै इसा स्थिर
करै के जिब म्हारा प्रभु यीशु अपणे सारे पवित्र लोगां कै गेल आवै, तो वे म्हारे
पणमेशर अर पिता कै श्यामी पवित्रता म्ह बेकसूर ठहरैं|

जीवन जो पणमेशर ताहीं राज़ी करो

4 ज्यांतै हे भाईयो, हम थारै तै बिनती करां सां अर थारै तै प्रभु यीशु म्ह
समझावां सां के जिसा थम नै म्हारै तै लायक चाल चालणा अर
पणमेशर ताहीं राज़ी करणा सिख्या सै, अर जिसा थम चाल्लो भी सो, उस्से
तरियां ए और भी बधदे जाओ| 2 क्यूँके थमनै बेरा सै के हमनै प्रभु यीशु की
ओड़ तै थारै ताहीं कौण-कौण सी आज्ञा पहोचाई| 3 क्यूँके पणमेशर की मर्जी
या सै के थम पवित्र बणो: यानिके जारी तै बचे रहो, 4 अर थारै म्ह तै हरेक
पवित्रता अर आद्दर कै गेल्या आपणी बीरबान्नी नै पाणा जाणै, 5 अर यो काम
अभिलाषा तै नीं, अर ना उन जात्तां कै तरियां, जो पणमेशर नै कोनी
जाणदी, 6 के इस बात म्ह कोए आपणे भाई नै ना ठगै, अर ना उस पै दाँव
चलावै, क्यूँके प्रभु इन सारी बात्तां का पलटा लेणआळा सै; जिसा के हमनै
पहल्या ए थारै तै कहया अर चिताया भी था| 7 क्यूँके पणमेशर नै म्हारै ताहीं
अशुद्ध होण कै खातर नीं, पर पवित्र होण कै खातर बुलाया सै| 8 इस कारण
जो इस नै तुच्छ जाणै सै, ओ माणस नै नीं पर पणमेशर नै तुच्छ जाणै सै, जो
आपणा पवित्र आत्मा थारै ताहीं देवै सै|
9 पर भाई-चारे के प्रेम कै बारै म्ह यो जरूरी नीं के मै थारै धोरै कीमे
लिक्खूँ, क्यूँके आपस म्ह प्रेम राखणा थमनै आप ए पणमेशर तै सिख्या सै;
10 अर सारे मकिदुनिया के सारे भाईयां कै गेल्या इसा करो भी सो| पर हे
भाईयो, हम थमनै समझावां सां के और भी बधदे जाओ, 11 अर जीसी हमनै
थारै ताहीं आज्ञा देई सै, उस्से तरियां ए बोल-बाल्ले रहण अर आपणा-आपणा
काम-काज करण अर आपणे-आपणे हाथां तै कमाण की कोशिश करो;
12 ताके बाहरणआळयां तै आद्दर पाओ, अर किसे चीज की कमी ना होवै|

यीशु का पुनरागमन

13 हे भाईयो, हम नीं चाहन्दे के थम उनकै बारै म्ह जो सोवैं सैं, अनजाण
रहो; इसा ना हो के थम दुसरयां कै बरगे दु:ख करो जिन्नै आस नीं| 14 क्यूँके
जै हम बिश्वास करां सां के यीशु मरया अर जिन्दा भी उठ्या, तो उस्से तरियां
ए पणमेशर उन्नै भी जो यीशु म्ह सो गये सैं, उस्से कै गेल्या ले आवैगा|
15 क्यूँके हम प्रभु कै बचन कै मुताबिक थारै तै न्यू कहवां सां के हम जो जिन्दे
सां अर प्रभु कै आण ताहीं बचे रहवांगें, सोए होया तै कद्दे आगै नीं बढ़ांगें|
16 क्यूँके प्रभु आप ए सुर्ग तै उतरैगा; उस बख्त ललकार, अर प्रधान दूत का
बोल सुणाई देवैगा, अर पणमेशर की तुरही फूँकी जावैगी; अर जो मसीह म्ह
मरे सै, वे पहल्या जिन्दे उठैगें| 17 फेर हम जो जिन्दे अर बचे रहवागें उनकै
गेल्या बादळां पै ठा लिए जावांगें के हवा म्ह प्रभु तै मिला; अर इस तरियां तै
हम हमेशा कै खातर प्रभु कै गेल्या रहवांगें| 18 इस तरियां इन बात्तां तै एक-
दुसरे ताहीं शान्ति दिया करो|

पुनरागमन कै खातर त्यार रहणा

5 पर हे भाइयो, इसकी आट कोनी, के बख्तां अर कालां कै बारै म्ह थारै
धोरै कीमे लिख्या जावै| 2 क्यूँके थम आप सई जाणो सो के जिसा
रात नै चोर आवै सै, उस्से तरियां ए प्रभु का दिन आणआळा सै| 3 जिब्ब
माणस कहँदे होंगे, "राज़ी-ख़ुशी सां, अर कीमे डर कोनी," तो उन पै चाणचक
विनाश आण पड़ैगा, जिस ढाळ गर्भवती पै दर्द; अर वे किस्से तरियां तै नीं
बचैंगें| 4 पर हे भाइयो, थम तो अन्धकार म्ह नीं सो के ओ दिन थारै पै चोर
की ढाळ आण पड़े| 5 क्यूँके थम सारे चाँदणै की ऊलाद अर दिन की
ऊलाद सो; हम ना रात के सां, ना अन्धकार के सां| 6 ज्यांतै हम दुसरयां
की तरियां सोन्दे ना रहवां, पर जागदे अर चौकन्ने रहवां| 7 क्यूँके जो सोवैं
सैं, वे रात ए नै सोवैं सैं, अर जो मतवाले होवैं सैं वे रात ए नै मतवाले होवैं
सैं| 8 पर हम जो दिन के सां, बिश्वास अर प्रेम की झिलम पहरकै अर उद्धार
की आस का टोप पहरकै होशियार रहवां| 9 क्यूँके पणमेशर नै म्हारै ताहीं
छोह कै खातर नीं, पर ज्यांतै ठहराया सै के हम अपणे प्रभु यीशु मसीह कै
जरिये उद्धार पावां| 10 ओ म्हारै खातर इस कारण मरया के हम चाहे जागदे
हों चाहे सोन्दे हों, सारे मिलकै उस्से कै गेल्या जिवां| 11 इस कारण एक
दुसरे ताहीं तसल्ली द्यो अर एक दुसरे की बढोत्तरी का कारण बणो, जिसा के
थम करो भी सो|

कलीसिया ताहीं उपदेश

12 हे भाइयो, हम थारै तै बिनती करां सां के जो थारै म्ह मेहनत करैं सैं,
अर प्रभु म्ह थारे अगुवे सैं, अर थमनै शिक्षा देवैं सैं, उनका आद्दर करो|
13 अर उनकै काम कै कारण प्रेम कै गेल्या उन ताहीं घणा ए आद्दर कै जोग्गे
समझो| आपस म्ह मेल-मिलाप तै रहो| 14 हे भाइयो, हम थमनै समझावां
सां के जो सई चाल नीं चाल्दे उन ताहीं समझाओ, डरपोकां ताहीं हिम्मत
द्यो, कमजोरां ताहीं सम्भाळो, सारया की ओड़ सहनशीलता दिखाओ|
15 सावधान! कोए किसे तै बुराई कै बदलै बुराई ना करै; पर सारी हाण भलाई
करण पै त्यार रहवै, आपस म्ह अर सारया तै भी भलाई ए की कोशिश करो|
16 सारी हाण राज़ी रहो| 17 लगातार प्रार्थना म्ह लाग्गे रहो| 18 हरेक बात म्ह
धन्यवाद करो; क्यूँके थारै खातर मसीह यीशु म्ह पणमेशर की याए मर्जी सै|
19 आत्मा ताहीं ना बुझाओ| 20 भविष्यवाणीयां नै तुच्छ ना जाणो| 21 सारी
बात्तां ताहीं परखो; जो आच्छी सै उसनै थाम्बे राक्खो| 22 सारी ढाळ की
बुराई तै बचे रहो|

आशरिवाद

23 शान्ति का पणमेशर आप ए थमनै पूरी तरियां तै पवित्र करै; अर थारी
आत्मा अर प्राण अर देही म्हारै प्रभु यीशु कै आण ताहीं पुरे-पुरे अर बेकसूर
सुरक्षित रहवैं| 24 थारा बुलाणआळा साच्चा सै, अर ओ इसा ए करैगा| 25 हे
भाइयो, म्हारै खातर प्रार्थना करो| 26 सारे भाईयां नै पवित्र चुम्मे तै नमस्कार
करो| 27 मै थारै ताहीं प्रभु की सोह देऊँ सूं के या चिट्ठी सारे भाईयां नै पढ़कै
सुणाई जावै| 28 म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारै पै होंदा रहवै|

2 थिस्सलुनीकियों

अभिवादन

1 पौलुस अर सिलवानुस अर तीमुथियुस की ओड़ तै थिस्सलुनिकियां
की कलीसिया के नाम, जो म्हारै पिता पणमेशर अर प्रभु यीशु मसीह
म्ह सै| 2 म्हारै पिता पणमेशर अर प्रभु यीशु मसीह तै थमनै अनुग्रह अर
शान्ति मिलदी रहवै|

न्याय का दिन

3 हे भाईयो, थारै बारै म्ह हमनै हरेक बख्त पणमेशर का धन्यवाद करणा
चहिये, अर यो सई भी सै ज्यांतै के थारा बिश्वास घणा बधदा जावै सै, अर
थम सारया का प्रेम आपस म्ह घणा ए होंदा जावै सै| 4 उरै ताहीं के हम आप
पणमेशर की कलीसिया म्ह थारै बारै म्ह घमण्ड करां सां, के जितने रोळे अर
क्लेश थम सहो सो, उन सारया म्ह थारा धीरज अर बिश्वास दीक्खै सै|
5 यो पणमेशर कै साच्चे न्याय का साफ़ सबूत सै; के थम पणमेशर के राज्य
के जोग्गे ठहरो, जिस कै खातर थम दुःख भी ठाओ सो| 6 क्यूँके पणमेशर कै
लवै यो न्याय सै, के जो थमनै क्लेश देवैं सैं, उन्नै बदलै म्ह क्लेश दे| 7 अर
थमनै जो क्लेश पाओ सो, म्हारै गेल चैन दे; उस बख्त जिब्ब के प्रभु यीशु
अपणे सामर्थी दूत्तां कै गेल, धधकती होई आग म्ह सुर्ग तै दिखैगा, 8 अर जो
पणमेशर नै नीं पिच्छाणदे, अर म्हारै प्रभु यीशु कै सुसमाचार ताहीं नीं मांदे
उन तै पलटा लेवैगा| 9 वे प्रभु कै श्यामी तै, अर उसकी शक्ति कै तेज तै दूर
होकै अनन्त विनाश का दण्ड पावैंगें| 10 न्यू उस दिन होवैगा, जिब्ब ओ
अपणे पवित्र माणसां म्ह महिमा पाण, अर सारे बिश्वास करण आळयां म्ह
हैरानी का कारण होण नै आवैगा; क्यूँके थमनै म्हारी गवाही का बिश्वास
करया| 11 ज्यांतै हम सारी हाण थारै बारै म्ह प्रार्थना भी करां सां, के म्हारा
पणमेशर थारै ताहीं इस बुलाहट के जोग्गा समझै, अर भलाई की हरेक मर्जी,
अर बिश्वास के हरेक काम ताहीं सामर्थ्य सुदा पूरा करै| 12 ताके म्हारे
पणमेशर अर प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह के मुताबिक म्हारे प्रभु यीशु मसीह
का नाम थारै म्ह महिमा पावै, अर थम उसम्ह|

पाप का पुरुष यानिके विनाश का बेट्टा

2 हे भाइयो, इब हम अपणे प्रभु यीशु मसीह कै आण, अर उसकै धोरै
अपणे कट्ठे होण कै बारै म्ह थारै तै बिनती करां सां| 2 के किसे आत्मा,
या बचन, या चिट्ठी कै जरिये, जो के मान्नो म्हारी ओड़ तै हो, न्यू समझकै के
प्रभु का दिन आण पहोच्या सै, थारा मन चाणचक अस्थिर ना हो जावै अर
ना घबराओ| 3 किसे तरियां तै किसे कै धोक्खे म्ह ना आणा, क्यूँके ओ दिन
नीं आवैगा जिब्ब ताहीं धर्म का त्याग ना हो लेवै, अर ओ पाप का माणस
यानिके विनाश का बेट्टा दिख नीं जावै| 4 जो बिरोध करै सै, अर हरेक तै जो
ईश्वर या पूज्य कुहवावै सै, अपणे आप ताहीं बड्डा ठहरावै सै, उरै ताहीं के ओ
पणमेशर के मन्दर म्ह बैठकै अपणे आप ताहीं ईश्वर ठहरावै सै| 5 के थारै
ताहीं याद कोनी के जिब्ब म्ह थारै उरै था, तो थारै तै ये बात कहया करूँ
था? 6 थमनै उस चीज का बेरा सै, जो उस ताहीं इबे रोक रहा सै के ओ
अपणे ए बख्त म्ह दिख जावै| 7 क्यूँके अधर्म का भेद इब भी काम करदा
जावै सै, पर इब्बे एक रोकणआळा सै, अर जिब्ब ताहीं ओ दूर ना हो जावै ओ
रोक्के रहवैगा| 8 फेर ओ अधर्मी दिख जावैगा, जिस ताहीं प्रभु यीशु अपणे मुँह
की फूँक तै मार देवैगा, अर अपणे आण कै तेज तै भस्म करैगा| 9 उस
अधर्मी का आणा शैतान कै काम कै मुताबिक सारी ढाळ की झूठी सामर्थ,
अर निशान, अर अनोक्खे काम कै गेल्या, 10 अर नाश होणआळयां कै खातर
अधर्म के सारे ढाळ के धोक्खे कै गेल्या होगा; क्यूँके उन्नै सच तै प्यार कोनी
करया जिस तै उनका उद्धार होंदा| 11 इस्से कारण पणमेशर उन म्ह एक
भटका देणआळी सामर्थ नै खन्दावैगा के वे झूठ का बिश्वास करैं, 12 ताके
जितने माणस सच का बिश्वास नीं करदे, बल्के अधर्म तै राज़ी रहवैं सैं, वे
सारे दण्ड पावैंगें|

दृढ बणे रहो

13 हे भाइयो, अर प्रभु के प्यारे माणसो, चहिये के हम थारै बारै म्ह सारी
हाण पणमेशर का धन्यवाद करदे रहवां, क्यूँके पणमेशर नै सरूआत तै थारै
ताहीं छांट लिया के आत्मा कै जरिये पवित्र बणकै, अर सच का बिश्वास
करकै उद्धार पाओ, 14 जिस कै खातर उसनै थारै ताहीं म्हारै सुसमाचार कै
जरिये बुलाया, के थम म्हारै प्रभु यीशु मसीह की महिमा नै पाओ| 15 ज्यांतै
हे भाइयो, स्थिर रहो; अर जो-जो बात थम नै चाहे बचन या चिट्ठी कै जरिये
म्हारै तै सीक्खी सैं, उन्नै थाम्बे राक्खो|
16 म्हारा प्रभु यीशु मसीह आप ए, अर म्हारा पिता पणमेशर, जिस नै म्हारै
तै प्रेम राख्या अर अनुग्रह तै अनन्त शान्ति अर घणी बढ़िया उम्मींद देई सै,
17 थारे मनां म्ह शान्ति दे अर थमनै हरेक आच्छे काम अर बचन म्ह मजबूत
करै|

प्रार्थना करण का अनुरोध

3 आखर म्ह, हे भाइयो, म्हारै खातर प्रार्थना करया करो के प्रभु का
बचन इसा तावळा फैलै अर महिमा पावै, जिसा थारै म्ह होया, 2 अर
हम आड्डे अर भुन्डे माणसां तै बचे रहवां क्यूँके हरेक म्ह बिश्वास नीं| 3 पर
प्रभु साच्चा सै; ओ थारै ताहीं मजबूती तै स्थिर करैगा अर उस दुष्ट तै बचाए
राक्खैगा| 4 हमनै प्रभु म्ह थारै ऊप्पर भरोस्सा सै के जो-जो हुक्म हम थारै
तै देवां सां, उन्नै थम मान्नो सो, अर मांदे भी रहोगे| 5 पणमेशर कै प्रेम अर
मसीह के धीरज की ओड़ प्रभु थारे मन की अगुवाई करै|

काम करण का उत्तरदायित्व

6 हे भाइयो, हम थारै ताहीं अपणे प्रभु यीशु मसीह कै नाम तै आज्ञा देवां
सां के थम हरेक इसे भाई तै न्यारे रहो जो गलत चाल चाल्लै अर जो शिक्षा
उसनै म्हारै तै पाई उसकै मुताबिक नीं करदा| 7 क्यूँके थमनै आप बेरा सै के
किस तरियां तै म्हारै जीसी चाल चालणी चहिये, क्यूँके हम थारै बिच्चाळै
गलत चाल नीं चाल्ले, 8 अर किसे की रोट्टी मुफ्त म्ह कोनी खाई; मेहनत अर
कष्ट तै दिन-रात काम-धन्धा करां थे के थारै म्ह तै किसे पै बोझ ना बणा|
9 न्यू नीं के हमनै हक्क कोनी, पर ज्यांतै के अपणे आप ताहीं थारै खातर
आच्छा नमून्ना ठहरावां के थम म्हारै जीसी चाल चाल्लो| 10 क्यूँके जिब्ब हम
थारै उरै थे, जिद भी यो हुक्म थारै ताहीं देवां थे के जै कोए काम करणा ना
चाहवै तो खाण भी ना पावै| 11 हम सुणां सां के कीमे माणस थारै बिच्चाळै
गलत चाल चाल्लैं सैं, अर कीमे काम नीं करदे पर दुसरयां कै काम म्ह हाथ गेरैं
सैं| 12 इसा ताहीं हम प्रभु यीशु मसीह म्ह हुक्म देवां अर समझावां सां के
बोल-बाल्ले काम करकै आपणी ए रोट्टी खाया करैं| 13 थम, हे भाइयो, भलाई
करण म्ह हिम्मत ना छोड़ियो| 14 जै कोए म्हारी इस चिट्ठी की बात नै कोनी
मान्नै तो उस पै निगांह राक्खो, अर उसकी संगति ना करो, जिस तै ओ

सर्मिन्दा होवै| 15 तौभी उस ताहीं बैरी मतना समझो, पर भाई जाणकै सोद्दी
दुवाओ|

आखरी नमस्कार

16 इब प्रभु जो शान्ति का सोत्ता सै आप ए थारै ताहीं सारी हाण अर हरेक
ढाळ तै शान्ति देवै| प्रभु थम सारया कै गेल्या रहवै| 17 मै, पौलुस, अपणे
हाथ तै नमस्कार लिक्खूँ सूं| हरेक चिट्ठी म्ह मेरा योए निशान सै; मै इस्से
ढाळ तै लिक्खूँ सूं| 18 म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थम सारया पै होंदा
रहवै|

1 तीमुथियुस

अभिवादन

1 पौलुस की ओड़ तै जो म्हारै उद्धारकर्ता पणमेशर अर म्हारी उम्मींद
का आधार मसीह यीशु की आज्ञा तै मसीह यीशु का प्रेरित सै,
2 तीमुथियुस कै नाम जो बिश्वास म्ह मेरा साच्चा बाळक सै: पिता पणमेशर,
अर म्हारै प्रभु मसीह यीशु की ओड़ तै तन्नै अनुग्रह अर दया अर शान्ति
मिलदी रहवै|

झुट्ठे मास्टरां कै बिरुद्ध चेतावनी

3 जिस तरियां मन्नै मकिदुनिया नै जान्दे बख्त तेरै ताहीं समझाया था, के
इफिसुस म्ह रहकै कीमे माणसां ताहीं हुक्म दे के दुसरे ढाळ की शिक्षा ना दें,
4 अर उन कहानियां अर अनन्त वंशावलियां पै मन ना लावै, जिन तै रोळे
पैदा होवै सै, अर पणमेशर के उस इन्तजाम कै मुताबिक नीं, जो बिश्वास कै
आसरै पै सै| उस्से तरियां ए दुबारा भी कहूँ सूं| 5 आज्ञा का निचोड़ यो सै
के शुद्ध मन अर आच्छे विवेक, अर बिना कपट बिश्वास तै प्रेम पैदा हो| 6 इन
ताहीं छोड़कै कितने माणस बकवाद की ओड़ भटकगे सैं, 7 अर व्यस्थापक
तो होणा चाहवैं सैं, पर जो बात कहवैं अर जिन ताहीं मजबूती तै बोल्लैं सैं, उन
ताहीं समझदे भी कोनी| 8 पर हमनै बेरा सै के जै कोए व्यवस्था नै सई ढाळ
काम म्ह ल्यावै तो वे भले सैं| 9 न्यू जाणकै के व्यवस्था धर्मी माणस कै
खातर नीं पर अधर्मियाँ, निरकुंशां, भगतिहिनां, पापीयां, अपवित्र अर अशुद्ध
माणसां, माँ-बाप के मारणीयां, खून्नीयां, 10 जारी करणीयें, माणसां गेल भुन्डे
काम करणीयें, माणस के बेचण आळे, झूठ बोल्लण आळे, अर झूठी सोह खाण
आळे, अर इनकै अलावा खरे उपदेश के सारे बिरोधियाँ कै खातर ठहराई गई
सै| 11 याए परमधन्य पणमेशर की महिमा कै उस सुसमाचार कै मुताबिक सै,
जो मेरै ताहीं सौंप्या गया सै|

अनुग्रह कै खातर धन्यवाद

12 मै अपणे प्रभु मसीह यीशु का जिसनै मेरै ताहीं सामर्थ देई सै, धन्यवाद
करूँ सूं के उसनै मेरै ताहीं बिश्वास जोग्गा समझकै आपणी सेवा कै खातर
ठहराया| 13 मै तो पहल्या बुराई करण आळा, अर सताण आळा, अर अन्धेर
करण आळा था; तौभी मेरै पै दया होई, क्यूँके मन्नै अबिश्वास की हालत म्ह
बिन समझे बुझ्झे ये काम करे थे| 14 अर म्हारै प्रभु का अनुग्रह उस बिश्वास
अर प्रेम कै गेल्या जो मसीह यीशु म्ह सै, भोत-ए घणा होवै| 15 या बात साच्ची
अर हरेक तरियां तै मानण जोग्गी सै के मसीह यीशु पापियाँ का उद्धार करण
कै खातर दुनिया म्ह आया, जिनम्ह सारया तै बड्डा मै सूं| 16 पर मेरै पै ज्यांतै
दया होई के मुझ सारया तै बड्डे पापी म्ह यीशु मसीह आपणी पूरी
सहनशीलता दिखावै, के जो माणस उस पै अनन्त जीवन कै खातर बिश्वास
करैंगें उनकै खातर मै एक बढ़िया नमून्ना बणु| 17 इब पुराणा राजा यानिके
अविनाशी, अनदेक्खे, ऐकले पणमेशर का आद्दर अर महिमा युगानुयुग होंदी
रहवै| आमीन| 18 हे बेट्टे तीमुथियुस, उन भविष्यवाणीयां कै मुताबिक जो
पहल्या तेरै बारै म्ह करी गई थीं, मै या आज्ञा सौंपू सूं के तू उनकै मुताबिक
आच्छी लड़ाई नै लड़दे रह, 19 अर बिश्वास अर उस आच्छे विवेक नै थाम्बे
राख, जिस ताहीं दूर करण कै कारण कितन्यां का बिश्वास रूपी जहाज डूब
गया| 20 उन्ने म्ह हुमिनयुस अर सिकंदर सै, जिन ताहीं मन्नै शैतान ताहीं सौंप
दिया सै के वे पणमेशर की बुराई करणा ना सिक्खै|

आराधना सम्बन्धी निर्देश

2 इब मै सारया तै पहल्या यो आग्रह करूँ सूं, के बिनती, प्रार्थना,
निवेदन, अर धन्यवाद सारे माणसां कै खातर करे जावैं| 2 राजायां अर
सारे ऊँच्चे ओद्दे आळयां कै खातर ज्यांतै के हम आराम अर चैन कै गेल्या
सारी भगति अर गंभीरता तै जीवन बितावां| 3 यो म्हारै उद्धार करणीये
पणमेशर नै आच्छा लागै अर भावै भी सै, 4 जो यो चाहवै सै के सारे माणसां
का उद्धार होवै, अर वे सच ताहीं सई ढाळ तै पिच्छाण लेवैं| 5 क्यूँके
पणमेशर एक ए सै, अर पणमेशर अर माणसां कै बिच्चाळै भी एक ए बिच्चोला
सै, यानिके मसीह यीशु जो माणस सै| 6 जिसनै अपणे आप ताहीं सारया कै
छुटकारै कै दाम म्ह दे दिया, अर उसकी गवाही सई बख्त पै दी गई| 7 मै
साच्ची कहूँ सूं, झूठ नीं बोल्दा, के मै इस्से मक्सद तै प्रचारक अर प्रेरित अर
गैर-जात्तां कै खातर बिश्वास अर सच का उपदेशक ठहराया गया|
8 ज्यांतै मै चाहूँ सूं के हरेक जंगहा माणस, बिना छोह अर बहस कै पवित्र
हाथां नै ठाकै प्रार्थना करया करैं| 9 उस्से तरियां ए लुगाईं भी संकोच अर
संयम कै गेल्या सुहावने लत्त्या तै अपणे आप ताहीं सँवारैं; ना के बाळ गूँथण
अर सोन्ने अर मोतियाँ अर घणे मंहगे लत्त्या तै, 10 पर भले काम्मां तै, क्यूँके
पणमेशर की भगति करणआळी लुगाईयां कै खातर योए सई भी सै| 11 लुगाई
नै बोल-बाल्ली रहकै पूरी अधीनता तै सिखणा चहिये| 12 मै कहूँ सूं के लुगाई
ना उपदेश करै अर ना माणस पै हुक्म चलावै, पर बोल-बाल्ली रहवैं| 13 क्यूँके
आदम पहल्या, उसकै पाच्छै हव्वा बणाई गई; 14 आदम भकाया नीं गया, पर
लुगाई भकाई म्ह आकै अपराधिनी होई| 15 तौभी लुगाई बाळक पैदा करण
कै द्वारा उद्धार पावैगीं, जै वे संयम सुदा बिश्वास, प्रेम, अर पवित्रता म्ह स्थिर
रहवैं|

कलीसिया म्ह अध्यक्ष (बिशप)

3 या बात सच्ची सै के जो प्रधान होणा चाहवै सै, तो वो भले काम की
चाह करै सै| 2 या जरूरी सै के प्रधान बेकसूर, अर एक ए बीरबान्नी
का धणी, संयमी, सुशील, सभ्य, मेहमान का आद्दर-सत्कार करणीया, अर
सिखाण म्ह सई हो| 3 दारूबाज या छेतण-पीटण आळा ना हो, बल्के नरम
हो, अर ना रोळा करण आळा, अर ना धन का लोभ्भी हो| 4 अपणे घर का
आच्छा इन्तजाम करण आळा हो, अर अपणे बाळ-बच्यां नै सारी गम्भीरता
तै अधीन राख्दा हो| 5 जिब्ब कोए अपणे घर ए का इन्तजाम करणा ना
जाणदा हो, तो पणमेशर की कलीसिया की रुखाळी किस ढाळ करैगा? 6 फेर
यो के नया चेल्ला ना हो, इसा ना हो के घमण्ड करकै शैतान कै बरगी सजा
भुगतै| 7 अर बाहरणआळयां म्ह भी उसका आच्छा नाम हो, इसा ना हो के
बदनाम होकै शैतान कै फंदै म्ह फँस जावै|

कलीसिया म्ह सेवक (डिकन)

8 उस्से तरियां ए सेवकां नै भी गम्भीर होणा चहिये, दोगले, दारूबाज अर
नीच कमाई के लोभ्भी ना हो; 9 पर बिश्वास के भेद नै शुद्ध विवेक तै सुरक्षित
राखैं| 10 अर ये भी पहल्या परखे जावैं, फेर जै बेकसूर लिकड़ै तो सेवक का
काम करैं| 11 इस्से तरियां तै लुगाईयां नै भी गम्भीर होणा चहिये; तोहमन्द
लाण आळी ना हों, पर सचेत अर सारी बात्तां म्ह बिश्वास जोग्गी हों|
12 सेवक एक ए बीरबान्नी के धणी हों अर बाळ-बच्यां अर अपणे घरां का
आच्छा इन्तजाम करणा जाणदे हों| 13 क्यूँके जो सेवक का काम आच्छी

ढाळ तै कर सकै सै, वे अपणे खातर आच्छा ओद्दा अर उस बिश्वास म्ह जो मसीह यीशु पै सै, घणी हिम्मत पावै सै|

महान रहस्य

14 मै तेरै धोरै तावळा आण की आस राखण पै भी ये बात तेरै तै ज्यांतै
लिक्खूँ सूं, 15 के जै मेरै आण म्ह वार हो, तो तू जाण ले के पणमेशर के कुन्बे
म्ह जो जिन्दे पणमेशर की कलीसिया सै अर जो सच का खम्भा अर नींव सै,
उसम्ह किस ढाळ बीवार करणा चहिये| 16 इसम्ह शक कोनी के भगति का
भेद गम्भीर सै, अर्थात्, ओ जो देही म्ह प्रगट होया, आत्मा म्ह धर्मी ठहरया,
सुर्गदुत्तां नै दिख्या, गैर-जात्तां म्ह उसका प्रचार होया, अर महिमा म्ह ऊप्पर
ठाया गया|

झुट्ठे मास्टर

4 पर आत्मा साफ तौर पै कहवै सै के आण-आळे बख्तां म्ह कितने
माणस भरमाणआळी आत्मायां, अर भूंडी औपरी आत्मायां की
शिक्षायां पै मन लाकै बिश्वास तै भटक जावैगें| 2 यो उन झूठे माणसां कै
कपट कै कारण होवैगा, जिनका विवेक मान्नो बळदे होए लोहे तै दाग्या गया
हो, 3 जो ब्याह करण तै रोकैंगें, अर खाण की कीमे चीज़ां तै परै रहण का
हुक्म देवैंगें, जिन्नै पणमेशर नै ज्यांतै बणाया के बिश्वासी अर सच के
पिच्छानण आळे उन ताहीं धन्यवाद कै गेल्या खावैं| 4 क्यूँके पणमेशर की
बणाई होड़ हरेक चीज आच्छी सै, अर कोए चीज ना अपनाण कै जोग्गी
कोनी; पर यो के धन्यवाद कै गेल्या खाई जावैं| 5 क्यूँके पणमेशर के बचन
अर प्रार्थना कै जरिये शुद्ध हो जावै सै|

मसीह यीशु का आच्छा सेवक

6 जै तू भाइयां नै इन बात्तां की सोद्दी दुवान्दा रहवैगा, तो मसीह यीशु का
बढ़िया सेवक ठहरैगा; अर बिश्वास अर उस बढ़िया उपदेश की बात्तां तै, जो
तू मान्दा आया सै, तेरा पालण-पोषण होन्दा रहवैगा| 7 पर अशुद्ध अर
बूढीयां कै जीसी कहानीयां तै न्यारा रह; अर भगति की साधना कर| 8 क्यूँके
देही की साधना तै माड़ा सा फैयदा होवै सै, पर भगति सारी बात्तां कै खातर
फैयदेमन्द सै, क्यूँके इस बख्त अर आणआळे जीवन की भी प्रतिज्ञा इस्से कै
खातर सै| 9 या बात साच्ची अर हरेक ढाळ तै मानण जोग्गी सै| 10 क्यूँके हम
मेहनत अर कोशिश इस्से खातर करां सां के म्हारी आस उस जिन्दे पणमेशर
पै सै, जो सारे माणसां का अर अपणे खुद करकै बिश्वासीयां का उद्धार
करणीया सै|

11 इन बात्तां का हुक्म दे अर सिखान्दा रह| 12 कोए तेरी जवानी ताहीं
तुच्छ ना समझण पावै; पर बचन, अर चाल-चलण, अर प्रेम, अर बिश्वास,
अर पवित्रता म्ह बिश्वासीयां कै खातर बढ़िया नमून्ना बण जा| 13 जिब्ब ताहीं
मै नीं जाऊँ, जिद ताहीं पढ़ण अर उपदेश देण अर सिखाण म्ह लौलीन रह|
14 उस वरदान कै बारै म्ह, जो तेरै म्ह सै, अर भविष्यवाणी कै जरिये प्राचीनां
के हाथ धरदे बख्त तन्नै मिल्या था, निश्चिन्त मतना रह| 15 इन बात्तां नै
सोच्दा रह अर इन्नै म्ह आपणा ध्यान लाये रह, ताके तेरी बढोत्तरी सारया पै
दिख जावै| 16 आपणी अर आपणे उपदेश की चौक्सी राख| इन बात्तां पै
स्थिर रह, क्यूँके इसा करदा रहवैगा तो तू अपणे अर आपणे सुनण आळयां
कै खातर भी उद्धार का कारण होगा|

बिश्वासियाँ कै प्रति जिम्मेदारी

5 किसे बूढ़े ताहीं ना धमका, पर उस ताहीं बाप जाणकै समझा दे, अर
गाबरूआं नै भाई जाणकै; 2 बूढी लुगाईयां नै माँ जाणकै, अर गाबरू
लुगाईयां नै पूरी पवित्रता तै बाण जाणकै समझा दे|

3 उन बिधवायां का, जो साच्च-ए बिधवा सै, आद्दर कर| 4 जै किसे बिधवा
के बाळक या नाती-पोत्ते हों, तो वे पहल्या अपणै ए कुन्बे कै गेल्या भगति का
सलूक करणा, अर आपणे माँ-बाप आदि नै उनका हक्क देणा सीक्खें, क्यूँके
यो पणमेशर नै भावै सै| 5 जो साच्च-ए बिधवा सै, अर उसका कोए नीं, वा
पणमेशर पै आस राक्खै सै, अर दिन-रात बिनती अर प्रार्थना म्ह लौलीन
रहवै सै; 6 पर जो भोगविलास म्ह पड़गी, वा जिन्दे जी मर गी सै| 7 इन
बात्तां का भी हुक्म दिया कर ताके वे बेकसूर रहवैं| 8 पर जै कोए आपणा की
अर खुद करकै अपणे कुन्बे की फ़िक्र ना करै, तो ओ बिश्वास तै मुकर गया सै
अर अबिश्वासी तै भी भूंडा बण गया सै|

9 उस्से बिधवा का नाम लिख्या जावै तो साठ साल तै घाट की ना हो, अर
एक ए धणी की बीरबान्नी रही हों, 10 अर भले काम म्ह आच्छी नाम्मी रही हो;
जिस नै बाळकां का पालण-पोषण करया हो; मेहमानां की सेवा करी हो,
पवित्र माणसां के पाँव धोये हों, दुखियां की मदद करी हो, अर हरेक भले
काम म्ह मन लाया हो| 11 पर गाबरू बिधवायां कै नाम ना लिखणा, क्यूँके
जिब्ब वे मसीह का बिरोध करकै सुख-विलास म्ह पड़ जावैं सैं तो ब्याह
करणा चाहवैं सैं, 12 अर कसूरवार ठहरैं सैं, क्यूँके उन्नै अपणे पहल्ड़े बिश्वास
ताहीं छोड़ दिया सै| 13 इसकै गेल्या ए गेल्या वे घर-घर हांड कै आलसी
होणा सिक्खैं सैं, अर सिर्फ आलसी नीं पर बकबक करदी रहै अर दुसरयां कै
काम म्ह हाथ भी गेरदी रह सैं अर गलत बात बोल्लैं सैं| 14 ज्यांतै मै न्यू चाहूँ
सूं के जवान बिधवां ब्याह करै, अर बाळक जामै अर घर-बार सम्भालैं, अर
किसे बिरोधी नै बदनाम करण का मौक्का ना देवैं| 15 क्यूँके घण-खरी तो
बहककै शैतान कै पाच्छै हो ली सैं| 16 जै किसे बिश्वासिनी कै उरै बिधवां हों,
तो वै ए उनकी मदद करैं के कलीसिया पै बोझ ना हो, ताके वा उनकी मदद
कर सकै जो साच्च-ए बिधवां सैं|

17 जो प्राचीन आच्छा इन्तजाम करैं सैं, ख़ास करकै वे जो बचन सुनाण
सिखाण म्ह मेहनत करैं सैं, दुगणे आद्दर कै जोग्गे समझे जावैं| 18 क्यूँके
पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "दाँवणआळै बैल्द का मुँह नीं बाँधणा," क्यूँके "मजदूर
आपणी मजदूरी का हक्कदार सै|" 19 कोए तोहमन्द किसे प्राचीन पै लाई जावै
तो बिना दो या तीन गवाहां के उस ताहीं मतना सुण| 20 पाप करणआळयां
नै सारया कै श्यामी समझा दे, ताके और माणस भी, डरैं| 21 पणमेशर, अर
मसीह यीशु अर छांटे होड़ सुर्गदुत्तां नै हाजर जाणकै मै तन्नै चेतावनी देऊँ सूं
के तू मन खोलकै इन बात्तां ताहीं मान्या कर, अर कोए काम मेर तै ना करै|
22 किसे पै तावळी-सी हाथ ना धरणा, अर दुसरयां कै पापां म्ह हिस्सेदार ना
होणा; अपणे आप ताहीं पवित्र बणाए राख|

23 आगलै बख्त म्ह सिर्फ पाणी ए का पीण आळा ना रह, पर अपणे पेट के
अर अपणे बार-बार बीमार होण कै कारण माड़ा-माड़ा दाखरस भी काम म्ह
लाया कर| 24 कीमे माणसां के पाप दिख जावै सै अर न्याय कै खातर
पहल्या तै पहोच जावैं सैं, पर कुछां के पाच्छै तै आवैं सैं| 25 उस्से तरियां-ए
कीमे भले काम भी प्रगट होवैं सैं; अर जो इसे नीं होंदे, वे भी लुह्क नीं
सकदे|

6 जितने दास कै जुए कै तळै सैं, वे अपणे-अपणे मालिक ताहीं घणे
आद्दर कै जोग्गा जाणैं, ताके पणमेशर के नाम अर उपदेश की बुराई ना
होवै| 2 जिनके मालिक बिश्वासी सैं उन्नै वे भाई होण कै कारण तुच्छ ना
जाणैं, बल्के उनकी और भी सेवा करैं, क्यूँके इस तै फैयदा ठाणआळे
बिश्वासी अर प्रेमी सैं| इन बात्तां का उपदेश करया कर समझान्दा रह|

झुट्ठी शिक्षा अर धन का लालच

3 जै कोए और ए ढाळ का उपदेश देवै सै अर खरी बात्तां नै, यानिके म्हारै
प्रभु यीशु मसीह की बात्तां नै अर उस उपदेश नै नीं मान्दा, जो भगति कै
मुताबिक सै, 4 तो ओ घमण्डी होग्या, अर कीमे नीं जाणदा; बल्के उस ताहीं
बहस अर शब्दां पै तर्क करण की बीमारी सै, जिस तै डाह, अर रोळे, अर
बुराई की बात, भुन्डे-भुन्डे शक, 5 अर उन माणसां म्ह बेकार रगड़े-झगड़े
पैदा होवैं सैं जिनकी बुद्धि बिगड़ गी सैं, अर वे सच तै दूर हो गये सैं, जो
समझैं सैं के भगति कमाई का दरवाजा सै| 6 पर संतोष सुदा भगति बड्डी
कमाई सै| 7 क्यूँके ना हम दुनिया म्ह कीमे लाए सां अर ना कीमे ले जा सकां
सां| 8 जै म्हारै धोरै खाण अर पहरण नै हो, तो इन्नै पै संतोष करणा चहिये|
9 पर जो साहूकार होणा चाहवैं सैं, वे इसी परीक्षा अर फंदे अर घण-खरी
बेकार अर नुकसान करण आळी लालसाओं म्ह फंसैं सैं, जो माणसां नै
बिगाड़ देवै सै अर विनाश कै समुन्दर म्ह डुबा देवै सै| 10 क्यूँके रपिया का
लोभ सारे ढाळ की बुराई की जड़ सै, जिस नै पाण की कोशिश करदे होए

घण-खरया नै बिश्वास तै भटककै अपणे आप ताहीं कई ढाळ के दुखां तै छळणी कर लिया सैं|

तीमुथियुस ताहीं व्यक्तिगत निर्देश

11 पर हे पणमेशर के माणस, तू इन बात्तां तै भाज, अर धर्म, बिश्वास, प्रेम, धीरज, अर नम्रता का पिच्छा कर| 12 बिश्वास की आच्छी कुश्ती लड़; अर उस अनन्त जीवन नै धर ले, जिसकै खातर तू बुलाया गया अर घणे गवाहां कै श्यामी आच्छा अंगीकार करया था| 13 मै तेरै ताहीं पणमेशर नै, जो सारया नै जिन्दा राक्खै सै, अर मसीह यीशु नै गवाह करकै जिसनै पुन्तियुस पिलातुस कै श्यामी आच्छा अंगीकार करया, यो आज्ञा देऊँ सूं 14 के तू म्हारै प्रभु यीशु मसीह के प्रगट हो जाण तक इस आज्ञा नै निष्कलंक अर बेकसूर राख, 15 जिस ताहीं ओ सई बख्त पै दिखावैगा, जो परमधन्य अर ऐकला अधिपति अर राजाओं का राजा अर प्रभुओं का प्रभु सै, 16 अर अमरता सिर्फ उस्से की सै, अर ओ अगम्य चाँदणै म्ह रहवै सै, अर ना उस ताहीं किसे माणस नै देख्या अर ना कद्दे भी देख सकै सै| उस की प्रतिष्ठा अर राज्य युगानुयुग रहवैगा| आमीन|

17 इस दुनिया के साहूकारां नै आज्ञा दे के वे घमण्डी ना हों अर चंचल धन पै आस ना धरैं, पर पणमेशर पै जो म्हारै सुख कै खातर सारा कीमे घणा आब्ल तै देवै सै| 18 वे भलाई करैं, अर भले काम्मां म्ह धनी बणैं, अर उदार अर मदद देण म्ह त्यार हों, 19 अर आगै कै खातर एक आच्छी नींव गेरो के साच्चे जीवन नै बस म्ह कर लें| 20 हे तीमुथियुस, इस धरोहर की रूखाळी कर, अर जिस ज्ञान नै ज्ञान कहणा ए भूल सै, उसकै अशुद्ध बकवाद अर बिरोध की बात्तां तै परै रह| 21 कितने इस ज्ञान का अंगीकार करकै बिश्वास तै भटक गे सैं| थारै पै अनुग्रह होंदा रहवै|

2 तीमुथियुस

अभिवादन

1 पौलुस की ओड़ तै जो, उस जीवन की प्रतिज्ञा के मुताबिक़ जो मसीह
यीशु म्ह सै, पणमेशर की मर्जी तै मसीह यीशु का प्रेरित सै, 2 प्यारे बेट्टे
तीमुथियुस कै नाम: पणमेशर पिता अर म्हारै प्रभु मसीह यीशु की ओड़ तै
तन्नै अनुग्रह अर दया अर शान्ति मिलदी रहवै|

धन्यवाद अर बढ़ावा

3 जिस पणमेशर की सेवा मै अपणे बाप-दाद्यां की रीत पै शुद्ध विवेक तै
करूँ सूं, उसका धन्यवाद हो के मै आपणी प्रार्थनायां म्ह तन्नै सारी हाण याद
करूँ सूं, 4 अर तेरे आँसूयां की सुधि कर-करकै दिन-रात तेरै तै फेटण की
लालसा राक्खूँ सूं के आनन्द तै भर जाऊँ| 5 मन्नै तेरे उस बिना कपट
बिश्वास की सुधि आवै सै, जो पहल्या तेरी नान्नी लोइस अर तेरी माँ यूनिके
म्ह था, अर मन्नै पक्का लाग्गै सै के तेरै म्ह भी सै| 6 इस्से कारण मै तन्नै सोद्दी
दुवाऊँ सूं के तू पणमेशर कै उस वरदान नै जो मेरै हाथ धरण कै जरिये तन्नै
मिल्या सै प्रज्वलित कर दे| 7 क्यूँके पणमेशर नै म्हारै ताही भय की नीं पर
सामर्थ अर प्रेम अर संयम की आत्मा दी सै|
8 इसकरकै म्हारै प्रभु की गवाही तै, अर मेरै तै जो उसका कैदी सूं,
सर्मिन्दा ना हो, पर उस पणमेशर की सामर्थ कै मुताबिक़ सुसमाचार कै
खातर मेरै गेल्या दुःख ठा 9 जिसनै म्हारा उद्धार करया अर पवित्र बुलाहट तै
बुलाया, अर यो म्हारै काम्मां कै मुताबिक नीं; पर उसकै मक्सद अर उस
सनातन तै म्हारै पै होया सै, 10 पर इब म्हारै उद्धारकर्ता मसीह यीशु कै दिख
जाण कै द्वारा चाँदणा होया, जिसनै मौत का नास करया अर जीवन अर
अमरता ताही उस सुसमाचार कै जरिये चाँदणै म्ह दिखा दिया| 11 जिसकै
खातर मै प्रचारक, अर प्रेरित, अर उपदेशक भी ठहरया| 12 इस कारण मै
इन दुःखां नै भी ठाऊँ सूं, पर सर्मान्दा कोनी, क्यूँके मै उस ताही जिस पै मन्नै
बिश्वास करया सै, जांणु सूं; अर मन्नै पक्का लाग्गै सै के ओ मेरी अमानत की
उस दिन ताही रूखाळी कर सकै सै| 13 जो खरी बात तन्नै मेरै तै सुणी सै,
उन ताही उस बिश्वास अर प्रेम कै गेल, जो मसीह यीशु म्ह सै, आपणा बढ़िया
नमूना बणाकै राख| 14 अर पवित्र आत्मा कै जरिये जो म्हारै म्ह बस्या होया
सै, इस बढ़िया अमानत की रूखाळी कर| 15 तन्नै बेरा सै के आसियाआळे
सारे मेरै तै पलट गये सैं जिन म्ह फूगिलुस अर हिरमुगिनेस सैं|
16 उनेसिफुरुस कै कुन्बे पै प्रभु दया करै, क्यूँके उसनै घणी बर मेरै जी ताही
शीळा करया अर मेरी जंजीरां तै सर्मिन्दा कोनी होया| 17 पर जिब्ब ओ रोम
म्ह आया, तो घणी कोशिश तै टोह कै मेरै तै भेंट करी----
18 प्रभु करै के उस दिन उस पै प्रभु की दया हो---अर जो-जो सेवा उसनै
इफिसुस म्ह की सैं उन ताही भी तू सुथरी-ढाळ जाणै सै|

मसीह यीशु का स्वामीभगत सैनिक

2 ज्यांतै हे मेरे बेट्टे, तू उस अनुग्रह तै जो मसीह यीशु म्ह सै, ठाड्डा हो
जा, 2 अर ये बात तन्नै घणे गवाहां कै श्यामी मेरै तै सुणी सैं, उन्नै
बिश्वासी माणसां नै सौंप दे; जो दुसरयां नै भी सिखाण कै जोग्गे हों| 3 मसीह
यीशु के आच्छे योद्धा कै बरगे मेरै गेल दुःख ठा| 4 जिब्ब कोए योद्धा लड़ाई पै
जावै सै, तो ज्यांतै के अपणे भर्ती करण आळै नै राज़ी करै, अपणे आप नै
दुनिया के काम्मां म्ह नीं फँसान्दा| 5 फेर अखाड़े म्ह लड़णआळा जै तैरीकै
कै मुताबिक नीं लड़ै तो मुकुट नीं पान्दा| 6 जो किसान मेहनत करै सै, फळ
का अंश पहल्या उसनै मिलणा चहिये| 7 जो मै कहूँ सूं उस पै गौर कर, अर
प्रभु तन्नै सारी बात्तां की समझ देवैगा| 8 यीशु मसीह नै याद राख, जो
दाऊद की पीढ़ी तै पैदा होया अर मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या, अर यो मेरे
सुसमाचार कै मुताबिक़ सै| 9 जिसकै खातर मै भुन्डे काम करणीये की ढाळ
दुःख ठाऊँ सूं, उरै ताही के कैद भी सूं; पर पणमेशर का बचन कैद कोनी|
10 इस कारण मै छाँटे होए माणसां कै खातर सारा कीमे सहूँ सूं, के वे भी उस
उद्धार नै जो मसीह यीशु म्ह सैं अनन्त महिमा कै गेल पावैं| 11 या बात साच्ची
सै, के जै हम उसकै गेल्या मर गे सां, तो उसकै गेल्या जीवांगें भी; 12 जै हम
धीरज तै सहन्दे रहवांगें, तो उसकै गेल्या राज्य भी करांगें; जै हम उसनै
मानण तै नाटांगें, तो ओ भी म्हारै बाबत नाटैगा; 13 जै हम अबिश्वासी भी हों,
तौभी ओ बिश्वास जोग्गा बणा रहवै सै, क्यूँके ओ आप आपणा इन्कार कोनी
कर सकदा|

उत्तम कारीगर

14 इन बात्तां की सोद्दी उन्नै दुवा अर प्रभु कै श्यामी चिता दे के शब्दां पै
बहस-बाजी ना करया कर, जिन तै कीमे फैयदा कोनी होन्दा बल्के
सूनणआळे बिगड़ जावैं सैं| 15 अपणे आप नै पणमेशर का अपनाण जोग्गा
अर इसा काम करणीया ठहराण की कोशिश कर, जो सर्मिन्दा होण नीं पावै,
अर जो सच कै बचन नै सई ढाळ तै काम म्ह लान्दा हो| 16 पर अशुद्ध
बकवाद तै बच्या रह, क्यूँके इसे माणस और भी अभगति म्ह बधदे जावैंगें,
17 अर उनका बचन सड़े घांव की ढाळ फैलदा जावैगा| हुमिनयुस अर
फिलेतुस उन्ने म्ह तै सैं, 18 जो न्यू कहकै के पुनरुत्थान हो लिया सै सच तै
भटक गे सैं, अर कितन्यां के बिश्वास नै उल्ट-पुल्ट कर देवैं सैं| 19 तौभी
पणमेशर की पक्की नींव बणी रहवै सै, अर उस पै या छाप लागरी सै: "प्रभु
अपणयां ताही पिच्छाणै सै," अर "जो कोए प्रभु का नाम लेवै सै, ओ अधर्म तै
बच्या रहवै|"
20 बड्डे घर म्ह ना सिर्फ सोन्ने-चाँदी ए के, पर काट अर माट्टी के बासण भी
होवै सै; कोए-कोए आद्दर, अर कोए-कोए अनादर कै खातर| 21 जै कोए
अपणे आप नै इनतै शुद्ध करैगा, तो ओ आद्दर का बासण अर पवित्र ठहरैगा;
अर मालिक कै काम आवैगा, अर हरेक भले काम कै खातर त्यार होगा|
22 गाबरूपण की अभिलाषाओं तै भाज, अर जो शुद्ध मन तै प्रभु का नाम लेवैं
सैं उनकै गेल धर्म, अर बिश्वास, अर प्रेम, अर मेल-मिलाप का पिच्छा कर|
23 पर बावळापण अर अशिक्षा के बहसां तै न्यारा रह, क्यूँके तन्नै बेरा सै के
इनतै रोळे पैदा होवैं सैं| 24 प्रभु के दास नै रोळे करणीया नीं होणा चहिये, पर
ओ सारया कै गेल्या कोमल अर शिक्षा म्ह निपुण अर सहनशील हो| 25 ओ
बीरोधियां नै नम्रता तै समझावै, के जाणै पणमेशर उन्नै मन फिराव का मन दे
के वे भी सच नै पिच्छाणैं, 26 अर इसके द्वारा उसकी मर्जी पूरी करण कै
खातर सोद्दी म्ह होकै शैतान के फन्दे तै छुट जाएँ|

आखरी दिनां म्ह अधर्म

3 पर न्यू याद राख के आखर के दिनां म्ह ओख्खे टेम भी आवैंगें|
2 क्यूँके माणस स्वार्थी, लोभ्भी, डींगमार, अभिमानी, बुराई करण
आळा, माँ-बाप का हुक्म टाळण आळे, कृतघ्न, अपवित्र, 3 मायारहित,
निर्दयी, क्षमारहित, तोहमन्द लाण आळे, असंयमी, करड़े, भले के बैरी,
4 बिश्वासघाती, ढीठ, घमण्डी, अर पणमेशर के नीं बल्के सुखविलास ए के
चाहण आळे होंगें| 5 वे भगति का भेष तो धरेंगें, पर उसकी ताकत नै नीं

मानैंगें; इसा तै परै रहणा| 6 इन्ने म्ह तै वे माणस सै जो घरां म्ह दबे पाँ बड़ जावैं सैं, अर उन छिछोरी लुगाइयाँ ताही बस म्ह कर लेवैं सैं, जो पापां तै दबी अर हरेक ढाळ की अभिलाषायां कै बस म्ह सैं, 7 अर सारी हाण सिख्दी तो रहवैं सैं पर सच की पिच्छाण ताही कद्दे नीं पहोचदी| 8 जिस तरियां यत्रेस अर यम्ब्रेस नै मूसा का बिरोध करया था, उस्से तरियां ए ये भी सच का बिरोध करैं सैं; ये इसे माणस सै, जिनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गी सैं अर वे बिश्वास कै बारै म्ह निकम्मे सैं| 9 पर वे इसतै आगै नीं बढ़ सकदे, क्यूँके जिस तरियां उनकी अज्ञानता सारे माणसां पै दिखगी थी, उस्से तरियां ए इनकी भी हो जावैंगी|

तीमुथियुस ताहीं ख़ास निर्देश

10 पर तन्नै उपदेश, चाल-चलण, मनसा, बिश्वास, सहनशीलता, प्रेम, धीरज, अर सताए जाण, अर दुःख ठाण म्ह मेरा साथ दिया; 11 अर इसे दुःखां म्ह भी जो अन्ताकिया अर इकुनियुस अर लुस्त्रा म्ह मेरै पै आण पड़े थे, अर दुसरे दुःखां म्ह भी जो मन्नै ठाए सैं; पर प्रभु नै मेरै ताहीं उस सारया तै छुटा लिया| 12 पर जितने मसीह यीशु म्ह भगति कै गेल्या जीवन बिताणा चाहवैं सैं वे सारे सताए जावैंगें; 13 पर दुष्ट अर भकाण आळे धोक्खा देन्दे होए अर धोक्खा खांदे होए, बिगड़दे चले जावैंगें| 14 पर तू उन बात्तां पै जो तन्नै सीक्खी सैं अर बिश्वास करया सै, न्यू जाणकै मजबूत बणा रह के तन्नै उन ताहीं किन माणसां तै सिख्या सै, 15 अर बाळकपण तै पवित्रग्रन्थ तेरा जाणया होया सै जो तन्नै मसीह पै बिश्वास करण तै उद्धार मिलण कै कारण श्याणा बणा सकै सै| 16 साब्ता पवित्रग्रन्थ पणमेशर की सीख तै रच्या गया अर उपदेश, अर समझाण, अर सुधारण, अर धार्मिकता की शिक्षा कै खातर फैयदेमन्द सै, 17 ताके पणमेशर का जन सिद्ध बणै, अर हरेक भले काम करण कै खातर त्यार हो जाए|

4 पणमेशर अर मसीह यीशु नै गवाह करकै, जो जिन्दे अर मरे होया का न्याय करैगा, अर उसकै दीख जाण अर राज्य की सोद्दी दुवाकै मै तन्नै हुक्म देऊँ सूं 2 के बचन का प्रचार कर, बख्त अर बेबख्त त्यार रह, सारी ढाळ की सहनशीलता शिक्षा कै गेल्या उलाहणा दे अर धमका अर समझा| 3 क्यूँके इसा बख्त आवैगा जिब्ब माणस खरया उपदेश नीं सह सकैगें, पर कानां की खाज कै कारण आपणी अभिलाषायां कै मुताबिक़ अपणे खातर घणे उपदेशक कट्ठे कर लेवैंगें, 4 अर वे अपणे कान सच तै फेर कै कथा-कहानीयां पै लावैंगें| 5 पर तू सारी बात्तां म्ह चौकन्ना रह, दुःख ठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, अर आपणी सेवा नै पूरी कर|

6 क्यूँके इब मै अर्घ की ढाळ उंडेला जाऊँ सूं, अर मेरे कूच का बख्त आण पहोच्या सै| 7 मै आच्छी कुश्ती लड़ चुक्या सूं, मन्नै आपणी दौड़ पूरी कर ली सै, मन्नै बिश्वास की रूखाळी करी सै| 8 आण आळे बख्त म्ह मेरै खातर धर्म का मुकुट धरया होया सै, जिस प्रभु, जो धर्मी अर न्यायी सैं, मेरै ताही उस दिन देवैगा, अर मन्नै ए नीं बल्के उन सारया ताही भी जो उसकै दीख जाण नै प्यारा जाणैं सैं|

व्यक्तिगत संदेश

9 मेरै धोरै तावळा आंण की कोशिश कर| 10 क्यूँके देमास नै इस दुनिया ताही प्यारा जाणकै मेरै ताही छोड़ दिया सै, अर थिस्सलुनीके नै चल्या गया सै| क्रेसकेंस गलातिया की ओड़ तीतुस दलमतिया नै चल्या गया सै| 11 सिर्फ लूका मेरै गेल्या सै| मरकुस नै लेकै चल्या आ; क्यूँके सेवा कै खातर ओ मेरै घणा काम का सै| 12 तुखिकुस नै मन्नै इफिसुस खन्दाया सै| 13 जो बागा मै त्रोआस म्ह करपुस कै उरै छोड़ आया सूं, जिब्ब तू आवै तो उस ताहीं अर किताब खास करकै चर्मपत्रां नै लेंदे आणा| 14 सिकन्दर ठठेरे नै मेरै गेल्या घणी ए बुराइयाँ करी सैं; प्रभु उस ताहीं उसकै काम्मां कै मुताबिक़ बदला देवैगा| 15 तू भी उस तै चौकन्ना रह, क्यूँके उसनै म्हारी बात्तां का घणा ए बिरोध करया सै| 16 मेरे पहल्ड़े प्रतिवाद कै बख्त किसे नै भी मेरा साथ नीं दिया, बल्के सारया नै मेरै ताहीं छोड़ दिया था| भला हो के इसका उन नै लेक्खा देणा ना पड़ै| 17 पर प्रभु मेरा गेल-मददगार रहया अर मेरै ताहीं सामर्थ देई, ताके मेरै जरिये पूरा-पूरा प्रचार हो अर सारे गैर-जात्तां आळे सुण लें; अर मै तो शेर कै मुंह म्ह तै छुटाया गया| 18 अर प्रभु मन्नै हरेक भुन्डे काम तै छुटवावैगा, अर अपणे सुर्गीय राज्य म्ह उद्धार करकै सही-सलामत पहोचावैगा| उस्से की महिमा युगानुयुग होन्दी रहवै| आमीन|

आखरी अभिवादन

19 प्रीस्का अर अक्विला नै अर उनेसिफुरुस कै कुन्बे नै नमस्कार| 20 इरास्तुस कुरिन्थुस म्ह रह गया, अर त्रुफिमुस ताही मन्नै मीलेतुस म्ह बीमार छोड्या सै| 21 जाड्डे तै पहल्या चले आण की कोशिश कर| यूबूलुस, अर पूदेंस, अर लीनुस अर क्लौदीया, अर सारे भाईयां का तन्नै नमस्कार| 22 प्रभु तेरी आत्मा कै गेल रहवै| थारै पै अनुग्रह होंदा रहवै|

तीतुस

अभिवादन

1 पौलुस की ओड़ तै जो पणमेशर का दास अर यीशु मसीह का प्रेरित
सै, पणमेशर के छाट्टे होए माणसां के बिश्वास अर उस सच की
पिच्छाण कै मुताबिक जो भक्ति कै मुताबिक सै, 2 उस अनन्त जीवन की
आश पै जिसका प्रण पणमेशर नै, जो झूठ बोल न्ही सकदा सनातन तै करी
सै, 3 पर ठीक बखत पै अपणे वचन नै उस प्रचार के जरिये दिखाया, जो
म्हारे उध्दारकर्ता पणमेशर के हुक्म के मुताबिक मेरै ताही सौप्पा गयाI
4 तीतुस कै नाम जो बिश्वास की साज्झीदारी के बिचार तै मेरा सच्चा बेट्टा सै:
पणमेशर पिता अर म्हारे उध्दारकर्ता मसीह यीशु की ओड़ तै तन्नै अनुग्रह
अर शान्ति मिल्दी रहवैI

क्रेते म्ह तीतुस का काम

5 मैं इस करकै तन्नै क्रेते म्ह छोड़ आया था के तू बाकी बातां नै सुधारै, अर
मेरै हुक्म कै मुताबिक नगर-नगर प्रचीनां नै नियुक्त करैI 6 जो बेकसूर अर एकै
बीर का धणी हो, जिनके बाळक बिश्वासी हो, अर उन म्ह लुचपन अर
निरंकुशता का दोष ना होI 7 क्यूँके अध्यक्ष नै पणमेशर का भण्डारी होण के
कारण बेकसूर होणा चाहिए; ना जिद्दी, ना गुसेल, ना पियक्कड़, ना मारपीट
करण आळा, ना नीच कमाई का लोभी हो, 8 पर मेहमान का आदर करण
आळा, भलाई का चाह्क आळा, अपणे आपै म्ह रहण आळा, न्याकारी, पवित्र
अर अपणे मन नै काबू राखण आळा हो; 9 अर वो बिश्वास लायक वचन पै जो
धर्म के उपदेश कै मुताबिक सै, डट्या रहवै के खरी शिक्षा तै उपदेश दे सकै
अर विरोधिया का मुँह भी बन्द कर सकैI 10 क्यूँके भोत से माणस निरंकुश,
बकवादीअर धोखा देण आळे सै; खास करकै खतना आळा म्ह तैI 11 इनका
मुँह बन्द करना चाहिएI ये माणस नीच कमाई के खात्तर गलत बात सिखाके
घर के घर खराब करदे सैI 12 उन्नै म्ह तै एक जण्यै नै, जो उन्नै का नब्बी सै,
कह्या सै, "क्रेती माणस सदा झूठे, उत डांगर, अर आलसी पेटू हो सैI" 13 या
गवाही सच सै, इस करकै उन्नै सकताई तै चेतावनी दिया कर के वे बिश्वास
म्ह पक्के होज्या, 14 अर यहूदिया की कथा कहानिया अर माणसां के हुक्म पै
मन ना लगावै, जो सच तै भटक जावै सैI 15 शुध्द माणसां कै खात्तर सारी
चीज शुध्द सै, पर अशुध्द अर अबिश्वासी कै खात्तर किम्मे भी शुध्द कोन्या,
बल्के उनकी बुध्दि अर विवेक दोनु अशुध्द सैI 16 वे कह्वै सै के हम पणमेशर
नै जाणा सां, पर आपणे कामां तै नाट्टै सै; क्यूँके वे ओच्छे अर हुक्म ना
मानण आळे सै, अर किसे आच्छे काम कै लायक कोन्याI

आचरण कै खात्तर खरी शिक्षा

2 पर तू इसी बात कह्या कर जो खरै उपदेश कै लायक सैI 2 यानी के
बूढ़े माणस शान्त गम्भीर अर संयमी हो, अर उनका बिश्वास, प्रेम अर
थावस पक्का होI 3 इस ढाळ बूढी बिरबनियां का चाल चालन पवित्र माणसां
की तरियां हो; वे लाच्छंण लगान आळी अर पियक्कड़ न्ही हो, पर आच्छी
बात सिखान आळी होIT 4 ताके वे जवान बिरबनियां नै चेतावनी देंदी रहवै
के अपणे धणी अर बाळकां तै मोह राखै; 5 अर संयमी पतिव्रता घर का
कामकाज कारण आळी, भली अर अपणै धणी कै अधीन रहण आळी हो,
ताके वचन की निन्दा ना होण पावैI 6 इसे तरियां जवान माणसां नै समझाया
कर के संयमी होI 7 सारी बातां म्ह अपणे आप नै भले कामां की मिसाल
बणाI तेरै उपदेश म्ह सफाई घम्भीरता, 8 अर इसी खराई पाई जावै के कोए
उसणै बुरा ना कह सकै, जिसतै विरोधी म्हारै पै कोए दोष ना लगान का
मौका पाकै शर्मिन्दा हो जावैI 9 नौक्करां नै समझा के अपणे-अपणे माल्लिक कै
कहये म्ह रहवै, अर सारी बातां म्ह उसणै राज़ी राख्खै, अर उल्ट कै जवाब
ना दे; 10 चोरी चलाकी ना करै, पर सारी ढाळ तै पुरे बिश्वासी लिकड़ै के वे
सारी बातां म्ह म्हारे उध्दारकर्ता पणमेशर के उपदेश की शान बढ़ावैI
11 क्यूँके पणमेशर का वो अनुग्रह दिखै सै, जो सारे माणसां का उध्दार का
कारण सै, 12 अर हमनै चेतावनी देवै सै के अभक्ति अर संसार की मोह तै मन
बदल कै इस युग म्ह संयम, धर्म अर भक्ति तै जीवन बितावा; 13 अर उस
धन्य आश की यानी अपणे महान् पणमेशर अर उध्दारकर्ता यीशु मसीह की
महिमा के प्रगट होण की बाट देखते रह्वाI 14 जिसनै अपणे आप ताहि म्हारे
खात्तर दे दिया के हमनै हरेक ढाळ के अधर्म तै छुड़ा ले, अर शुध्द करकै
अपणे खात्तर एक इसी जाति बणा ले जो भले-भले कामां म्ह सारया तै तेज
होI 15 पुरै हक कै गैल या बात कह्वै, अर समझा अर सीखता रहI कोए तन्नै
हीण न्ही जाणन पावैI

मसीही चाल-चलन

3 माणसां नै सुधि दुआ के हकीमां अर अधिकारियां कै अधीन रहवै, अर
उनका हुक्म मानै, अर हरेक भले काम खात्तर तैयार रहवै, 2 किसे नै
बदनाम ना करै, झगड़ालू ना हो; पर कोमल सुभाव के हो, अर सारे माणसां
कै गैल बड़ी नरमाई के गैल रहवैI 3 क्यूँके हम भी पह्ल्या बेअक्ल, हुक्म ना
माणन आळे, अर भ्रम म्ह पड़े होए अर न्यारी-न्यारी ढाळ की चाहना अर
सुखभोगण की गुलामी म्ह थे, अर बैरभाव अर डाह करण म्ह जीवन गुजरा
थे, अर घृणित थे, अर एक दूसरे तै बैर राख्खां थेI 4 पर जब म्हारे
उध्दारकर्ता पणमेशर की कृपा अर माणसां पै उसका प्रेम दिख्या, 5 तो उसनै
म्हारा उध्दार करया, अर यो धर्म के कामां कै खात्तर न्ही, जो हमनै आप
करे, पर अपणी दया के मुताबिक नये जन्म के नाहण अर पवित्र आत्मा के
म्हारे नया बणान के जरिये होयाI 6 जिस ताहि उसणै म्हारे उध्दारकर्ता यीशु
मसीह के जरिये म्हारै पै भोत ए घणा उंडेल दियाI 7 जिस तै हम उसकी
मेहरबान्नी तै धर्मी बणा, अनन्त जीवन की आश के मुताबिक वारिस बणाI
8 या बात सच सै, अर में चाहू सू के तू इन बातां के बारें म्ह मजबूती तै बोल्लै
इस करकै के जिन नै पणमेशर पै बिश्वास करया सै, वे भले-भले कामां म्ह
लाग्गे रहण का ध्यान राखैI ये बात भली अर माणसां के फायदे की सैI 9 पर
बेवकूफी के विवादों, अर पीढियां, विरोध अर झगड़ा तै जो नियमां के बारें म्ह
हो, बचा रहवै; क्यूँके वे बिना फळ के अर बेकार सैI 10 किसे पाखंडी नै एक
दो बार समझा-बुझा कै उसतै न्यारा रह, 11 या जाणकै के इसा माणस भटक
ग्या सै, अर अपणे आप नै कसूरवार बणा कै पाप करै सै

Iव्यक्तिगत निर्देश अर अभिवादन

12 जिब्ब मै तेरै धोरै अर तिमास या तुखिकुस नै भेज़ूँ तो मेरै धोरै
निकुपुलिस आण की कोशिश करिये, क्यूँके मन्नै ओड़ै ए जाड्डा लिकाड़ण का
मन बणाया सैI 13 जेनास प्रबन्ध करणीया अर अपुल्लोस नै जत्न करकै आगै
खिन्दा दे, अर देख उन्नै किस्से चीज की कमी ना होण दिएI 14 म्हारे माणस
भी जरूरतां नै पूरा करण कै खात्तर आच्छे कामां म्ह लाग्गे रहणा सीखै ताके
बिना फळ न्ही रहवैI 15 मेरै सारे साथियां का तेरै ताही नमस्कारI जो बिश्वास
कै कारण म्हारै तै प्रेम राख्खै सै, उन्नै नमस्कारI थारै सारा पै मेहरबान्नी होंदी
रहवैI

फिलेमोन

अभिवादन

1 पौलुस की ओड़ तै जो मसीह यीशु का कैदी सै, अर भाई तीमुथियुस
की ओड़ तै म्हारे गैल काम करणीया प्यारे फिलोमोन, 2 अर बहन
अफफिया, अर म्हारे साथी योध्दा अरखिप्पुस अर फिलोमोन के घर की
कलीसिया कै नाम: 3 म्हारे पिता पणमेशर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै
अनुग्रह अर शान्ति थमनै मिलती रहवैI
4 फिलेमोन का प्रेम अर बिश्वास 4 मैं सारी हाण पणमेशर का धन्यवाद
करूँ सूं, अर अपणी प्रार्थनायां म्ह भी तन्नै याद करूँ सूं, 5 क्यूँके मैं तेरै उस
प्यार अर बिश्वास की चर्चा सुणु सूं, जो सारे पवित्र माणसा के गैल अर प्रभु
यीशु पै सैI 6 मैं प्रार्थना करूँ सूं के बिश्वास म्ह तेरा साझेदार होणा, थारी
सारी भलाई की पिच्छाण म्ह, मसीह कै खात्तर असरदार होI 7 क्यूँके हे
भाई, मन्नै तेरै प्यार तै घणा सुख अर शान्ति मिली सै, इस खात्तर के तेरै
जरिये पवित्र माणसा के मन हरे-भरे होगे सैI

उनेसिमुस कै खात्तर निवेदन

8 इस करकै फेर भी मन्नै मसीह म्ह बड़ी हिम्मत सै के जो बात ठीक सै,
उसका हुक्म तेरै तै द्युI 9 तो भी मुझ बूढ़े पौलुस नै जो इब मसीह यीशु कै
खात्तर कैदी सै, यो और भी बेरा पाट्या के और भी प्यार तै बिनती करूँI
10 मैं अपणे बाळक उनेसिमुस कै खात्तर जो मेरै तै मेरी कैद म्ह जन्मा सै, तेरै
तै बिनती करूँ सूंI 11 वो तो पैहला तेरै किम्मे काम का ना था, पर इब तेरै
अर मेरै दोनुआ कै बड्डे काम का सैI 12 उस्से नै यानी जो मेरै दिल का टुकड़ा
सै, मन्नै तेरै धोरै भेज दियाI 13 उसनै मैं आपणे ऐ धोरै राखणा चाहूँ था के वो
तेरी ओड़ तै इस कैद म्ह जो सुसमाचार के कारण सै, मेरी सेवा करेI 14 पर
मन्नै तेरी इच्छा बगैर किम्मे भी नही करणा चाह्या, के तेरी या दया दाब तै न्ही
पर मोज तै होI 15 क्यूँके के जाण वो तेरै तै कई दिन खात्तर इस्से कारण
न्यारा होया हो के सदा तेरै धोरै रहवैI 16 पर इब तै दास की तरियां न्ही बल्के
दास तै भी बढ़िया, यानी भाई कै बरोबर रहवै, जो मेरा तो खास प्यारा सै ऐ,
पर इब देह म्ह अर प्रभु म्ह भी, तेरा भी खास प्यारा होI 17 आखर जै तू मन्नै
अपणा साझेदार समझै सै, तो उसनै इस ढाळ अपणा ले जिसा मन्नैI 18 जै
उसनै तेरा किम्मे भी नुकसान करया सै, या उस म्ह तेरा किम्मे लिकड़ सै,
तो मेरै नाम पै लिख लेI 19 मैं पौलुस अपणे हाथ तै लिखूँ सू के मैं आप भर
द्युगां; अर उस ताहि कहण की किम्मे जुरत कोणी के मेरा कर्ज जो तेरै पै सै
वो तू ऐ सैI 20 हे भाई, यो सुख मन्नै प्रभु म्ह तेरी ओड़ तै मिलैI मसीह म्ह मेरै
जी नै हरा भरा कर देI 21 मैं तेरै ताबेदार होण का भरोसा राख कै तेरै तै लिखूँ
सू, अर या जाणू सू के जो किम्मे मैं कहूँ सू, तू उसतै घणा बढ़ कै करैगाI
22 अर या भी कै मेरै खात्तर रुकण की जगहां तैयार राखैI मन्नै आश सै के
थारी प्रार्थनायां कै जरिये मैं थारै ताहि दे दिया जाऊँगाI

आखरी अभिवादन

23 इपफ्रास, जो मसीह म्ह मेरै गैल कैदी सै, 24 अर मरकुस अर
अरिस्तखुर्स अर देमास अर लूका जो मेरे गैल काम करणये सै, इनका तेरै
तैई नमस्कारI 25 म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारी आत्मा पै होंदा
रहवैI आमीनI

इब्रानियों

अभिवादन

1 पह्ल्ड़े युग म्ह पणमेशर नै पिता-दाद्या तै माड़ा-माड़ा करकै अर कई-
कई ढाळ तै नब्बियाँ के जरिये बात कर, 2 इन आखरी के दिनां म्ह
म्हारै तै बेट्टे के जरिये बात करीं, जिस ताहीं उसनै सारी चीज़ां का वारिस
ठहराया अर उस्से कै जरिये उसनै सारी सृष्टि ताहीं बणाया| 3 ओ उसकी
महिमा का चाँदणा अर उसके तत्व की छाप सै, अर सारी चीज़ां नै आपणी
सामर्थ के बचन तै सम्भाळै सै| ओ पापां नै धोकै ऊँची जंगहा पै महामहीमन्
कै सोळी ओड़ जा बैठ्या; 4 अर सुर्गदुत्तां तै उतना ए बढ़िया ठहरया, जितना
उसनै बड्डे ओद्दे का वारिस होकै बढ़िया नाम पाया|

क्रेते म्ह तीतुस का काम

5 क्यूँके सुर्गदुत्तां म्ह तै उसनै कद किसे तै कहया, “तू मेरा बेट्टा सै, आज
तू मेरै तै पैदा होया?” अर फेर यो के, “मै उसका पिता होऊँगा, अर ओ मेरा
बेट्टा होवैगा?” 6 अर जिब्ब पह्ल्ड़े जेट्ठे ताहीं दुनिया म्ह दुबारा लावै सै, तो
कह्वै सै, “पणमेशर के सारे सुर्गदुत उस ताहीं मुद्दे पड़कै प्रणाम करैं|” 7 अर
सुर्गदुत्तां कै बारै म्ह न्यू कहवै सै, “ओ अपणे दुत्तां ताहीं हवा, अर अपणे
सेवकां नै भड़कदी होई आग बणावै सै|” 8 पर बेट्टे कै बारै म्ह कहवै सै, “हे
पणमेशर, तेरा सिंहासन युगायुग रहवैगा : तेरै राज्य का राजदण्ड न्याय का
राजदण्ड सै| 9 तन्नै धर्म तै प्यार अर अधर्म तै बैर राख्या; इस कारण
पणमेशर, तेरै पणमेशर नै, तेरै ढब्बियाँ तै बढ़कै ख़ुशी आळे तेल तै तेरा
अभिषेक करया|” 10 अर यो के, “हे प्रभु, सरूआत म्ह तन्नै धरती की नींव
बणाई, अर सुर्ग तेरै हाथां की कारीगरी सै| 11 वे तो नाश हो जावैंगें, पर तू
बणया रहवैगा, अर वे सारे लत्ते की ढाळ पुराणे हो जावैंगें, 12 अर तू उन
ताहीं चाद्दर की तरियां लपेटैगा, अर वे लत्ते की ढाळ बदल जावैगें : पर तू
ओए सै अर तेरे साल्लां का अन्त कोनी होवैगा|” 13 अर सुर्गदुत्तां म्ह तै उसनै
किस तै कद कहया, “तू मेरै सोळी ओड़ बैठ, जिब्ब ताहीं के मै तेरे बैरियाँ नै
तेरै पायां कै तळै की पीढ़ी ना कर द्यूँ?” 14 के वे सारे सेवा-बाड़ी करणआळी
आत्मां कोनी, जो उद्धार पाणआळयां कै खातर सेवा करण नै खन्दाई जावैं
सैं?

आचरण कै खातर खरी शिक्षा

2 इस कारण चहिये के हम उन बात्तां पै जो हमनै सुणी सैं, और भी मन
लावां, इसा ना हो के बहककै उन तै दूर चले जावां| 2 क्यूँके जो बचन
सुर्गदुत्तां कै जरिये कहया गया था| जिब्ब ओ स्थिर रहया अर हरेक अपराध
अर आज्ञा ना मानण का सई-सई बदला मिल्या, 3 तो हम माणस इसे बड्डे
उद्धार तै बेपरवाह रहकै किस तरियां बच सकां सां? जिसकां जिक्रा पहल्म-
पहल्या प्रभु के जरिये होया, अर सुनणआळयां के जरिये हमनै इसकां पक्का
यकीन होया| 4 अर गेल्या ए पणमेशर भी आपणी मर्जी कै मुताबिक निशान्नां,
अर अनोक्खे काम्मां, अर कई ढाळ के सामर्थ के काम्मां, अर पवित्र आत्मा
के वरदान्नां के बांडण के जरिये इसकी गवाही देंदा रहया| 5 उसनै उस
आणआळी दुनिया ताहीं जिसकां जिक्रा हम करण लागरे सां, सुर्गदुत्तां कै
अधीन नीं करया| 6 बल्के किसे नै कदे या गवाही देई सै, “माणस के सै के तू
उसकी सुध लेवै सै? या माणस का बेट्टा के सै के तू उसकी फ़िक्र करै सै?
7 तन्नै उस ताहीं सुर्गदुत्तां तै कीमे घाट करया; तन्नै उस पै महिमा अर आद्दर
का मुकुट धरया, अर उस ताहीं अपणे हाथां के काम्मां पै हक्क दिया| 8 तन्नै
सारा कीमे उसकै पायां कै तळै कर दिया|” इसकरकै जिब्ब के सारा कीमे
उसकै अधीन कर दिया, तो उसनै कीमे भी कोनी धर राख्या जो उसकै
अधीन ना हो| पर हम इब ताहीं सारा कीमे उसकै अधीन कोनी देख्दे|
9 पर हम यीशु ताहीं जो सुर्गदुत्तां तै कीमे ए घाट करया गया था, मौत का
दुःख ठाण कै कारण महिमा अर आद्दर का मुकुट पहरे होये देक्खां सां, ताके
पणमेशर के अनुग्रह तै ओ हरेक माणस कै खातर मौत का सुवाद चाखै|
10 क्यूँके जिसकै खातर सारा कीमे सै अर जिसकै जरिये सारा कीमे सै, उस
ताहीं योए आच्छा लाग्या के जिब्ब ओ घण-ए बेट्टा की महिमा म्ह पहोचाया
जावै, तो उनकै उद्धार के कर्ता ताहीं दुःख ठाण कै जरिये सिद्ध करै|
11 क्यूँके पवित्र करणआळा अर जो पवित्र करे जावैं सैं, सारे एक ए जड़ तै सैं;
इस्से कारण ओ उन ताहीं भाई कहण तै कोनी सर्मान्दा| 12 ओ कहवै सै, “मै
तेरा नाम आपणे भाईयां ताहीं सुणाऊँगा; पंचायत कै बिच्चाळै मै तेरा भजन
गाऊँगा|” 13 अर फेर ओ के, “मै उस पै भरोस्सा राखूँगा|” अर फेर यो के,
“लखा, मै उन छोरया सेत्ती जिस ताहीं पणमेशर नै मेरै ताहीं दिए|”
14 ज्यांतै जिब्ब के छोरे मांस अर लहू के साझ्झी सै, तो आप भी उनकै बरगा
उनका गेल-साझ्झी होग्या, ताके मौत के जरिये उस ताहीं जिसनै मौत पै
शक्ति मिली थी, यानिके शैतान ताहीं निकम्मा कर दे; 15 अर जितने मौत कै
डर के मारे जिन्दगी भर दासता म्ह फँसरे थे, उन ताहीं छुटा ले| 16 क्यूँके
ओ तो सुर्गदुत्तां ताहीं नीं बल्के अब्राहम की पीढ़ी नै सम्भाळै सै| 17 इस
कारण उस ताहीं चहिये था, के सारी बात्तां म्ह अपणे भाईयां के बरगे बणै;
जिसतै ओ उन बात्तां म्ह जो पणमेशर तै रिश्ता राखैं सैं, एक दयालु अर
बिश्वास जोग्गा महायाजक बणै ताके माणसां के पापां कै खातर पछतावा करै|
18 क्यूँके जिब्ब उसनै हिम्तान की हालत म्ह दुःख ठाया, तो ओ उनकी भी
मदद कर सकै सै जिनका हिम्तान होवैं सैं|

मसीही चाल-चलन

3 ज्यांतै हे पवित्र भाईयो, थम जो सुर्गीय बुलाहट म्ह साझ्झी सो, उस
प्रेरित अर महायाजक यीशु पै जिस ताहीं हम अंगीकार करां सां,
ख्याश करो| 2 ओ अपणे तैनात करण आळे कै खातर बिश्वास जोग्गा था,
जिसा मूसा भी पणमेशर के सारे घर म्ह था| 3 क्यूँके यीशु मुसा तै इतना
बढ़कै महिमा कै जोग्गा समझया गया सै, जितना के घर का बनाण आळा घर
तै बढ़कै आददर-मान राखै सै| 4 क्यूँके हरेक घर का कोए ना कोए बनाण
आळा होवै सै, पर जिसनै सारा कीमे बणाया ओ पणमेशर सै| 5 मुसा तो
पणमेशर के सारे घर म्ह सेवक की तरियां बिश्वास जोग्गा रहया के जिन बात्तां
का वर्णन होण आळा था, उनकी गवाही देवै| 6 पर मसीह बेट्टे की तरियां
पणमेशर कै घर का अधिकारी सै; अर उसका घर हम सां, जै हम हिम्मत पै
अर आपणी आस के घमण्ड पै आखर ताहीं पक्के तौर पै डटया रहवां|
7 आखर म्ह जिसा पवित्र आत्मा कहवै सै, “जै आज थम उसका शब्द सुणो,
8 तो अपणे मन ताहीं करड़ा ना करो, जिसा के खुन्दक दुवाण के बख्त अर
